पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 14 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –28 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया!
■ क्रिकेट, कोहली और बाजार
पृष्ठ 6

■ अमेरिका ने की ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा
■ गाजा में नाकाबंदी के कारण 57 बच्चों की भूख से मौत : डब्ल्यूएचओ
पृष्ठ 7

कोहली के संन्यास से इंग्लैंड को बड़ा फायदा होगा : मोईन
पृष्ठ 8

### विदेश मंत्रालय ने किया साफ

# कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं



- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक दिन पहले मध्यस्थता की बात कही थी
- भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे मामला
- पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा

**नई दिल्ली**, 13 मई (एजेंसियां)। भारत ने मंगलवार को साफ किया कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का श्रेय लेने के दावों को भी नकार दिया।

**चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

**ये पाकिस्तान की मजबूरी थी**

विदेश मंत्रालय ने ये भी बताया कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच बातचीत के बाद संघर्ष विराम पर सहमति बनी थी। पाकिस्तान की ओर से इस बातचीत के लिए अनुरोध उसी दिन किया गया था। भारत ने साफ किया कि ये पाकिस्तान की मजबूरी थी, क्योंकि उसी दिन सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरफोर्स के ठिकानों पर अत्यधिक हमले किए थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये भारतीय सेना की ताकत थी, जिसने पाकिस्तान को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए मजबूर कर दिया।

**हमारा निशाना आतंकी ठिकाने थे**

ऑपरेशन सिंदूर में कई जगहों को पाकिस्तान में नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान ने भारतीय सेना की क्षमता देखी। पाकिस्तान के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा। हमारा टारगेट आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर थे। 9 मई की रात पाकिस्तान का हमला हमने फेल किया। वहां के एयरबेस ध्वस्त होने के बाद पाकिस्तान ने डीजीएमओ लेवल की बातचीत की पेशकश की। पाकिस्तान में हुए हमले की सैटेलाइट पिक्चर मौजूद हैं। ये आपके हर सवाल का जवाब देंगी। पाकिस्तान ने हर जंग हारने के बाद ढोल बजाया है। यह उनकी पुरानी आदत है।

## हर आतंकी हमले का जवाब देंगे: मोदी



**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।'

# केन्द्रीय मंत्री ने 51 हजार पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी

### अब कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सबके बनेंगे पक्के मकान : शिवराज



**अंबिकापुर**, 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अम्बिकापुर में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल हुए। सरगुजा संभाग के मुख्यालय अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को उनके पूर्ण हो चुके आवास की चाबी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दी। केन्द्रीय मंत्री ने आवास का निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों के आवास का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के नवनिर्मित 51 हजार आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी करवाया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया तथा अमृत सरोवर पोर्टल का शुभारंभ किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नया सर्वे हो रहा है और जिनके कच्चे मकान हैं, उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### साय कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 14 मई को सवेरे 11.30 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित होगी।

### ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अस्थायी रूप से स्थगित करने के प्रधानमंत्री के बयान पर सवाल किया और कहा कि पहले कभी नहीं सुना कि सैन्य कार्रवाई कभी अस्थाई रूप से रोकी जाती है। अगर 'ऑपरेशन सिंदूर' अमेरिका के दबाव में स्थगित किया गया है तो ये बातें साफ होनी चाहिए।

### कश्मीर के शोपियां में लश्कर चीफ समेत तीन आतंकी ढेर

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख दो अन्य आतंकवादियों के साथ मारा गया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

### सेवानिवृत्ति के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लूंगा: संजीव खन्ना

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि वह रिटायर के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में अपनी पारी जारी रखेंगे।

### संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया।

### बर्खास्तगी मामला

## हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को किया निरस्त



- सहकारी बैंक के बर्खास्त कर्मचारियों का पक्ष सुनने का आदेश

**बिलासपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। हाईकोर्ट की डबल बैंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के 106 कर्मियों की बर्खास्तगी के मामले में बैंक की अपील आंशिक रूप से स्वीकार की है। कोर्ट ने सहकारी बैंक की अपील पर सिंगल बेंच के आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें सहकारी बैंक के कर्मचारियों की बर्खास्तगी को गलत ठहराते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को यह आदेश दिया है कि वह निकाले गए कर्मचारियों का पक्ष जानने के बाद ही यह तय करे कि उन्हें नौकरी पर रखना है या बर्खास्त करना है। बता दें कि वर्ष 2016 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने 106 लोगों को नियुक्ति दी थी, जिन्हें बाद में बर्खास्त कर दिया गया था। इस मामले में 29 कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई को चुनौती दी। जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के संबंधित कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर दिया था। कोर्ट ने माना कि कर्मचारियों का पक्ष जाने बिना ही उन्हें बर्खास्त ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### कांस्टेबल को ट्रैक्टर से कुचलने का मामला

## हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी

बलरामपुर के लिब्रा घाट पर अवैध रेत खनन रोकने गई वन और पुलिस की संयुक्त टीम पर हुए हमले में आरक्षक शिवभजन सिंह की मौत हो गई। इस गंभीर मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने आज मामले की सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब अवैध खनन पर रोक के लिए पहले से निर्देश जारी हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, यह बेहद गंभीर स्थिति है। स्टेट अफेयर्स की हालत चिंताजनक है। वहीं ये भी कहा कि इस तरह की घटना का दोहराव नहीं होना चाहिए। मामले में 9 जून को अगली सुनवाई तय की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## तलाक के बाद भी एक ही घर में रहेंगे पति-पत्नी

**हाईकोर्ट ने 6 बिंदुओं पर दी सहमति**

छत्तीसगढ़ में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आपसी विवाद में तलाक के बाद भी पति-पत्नी एक ही घर में रहेंगे। कोर्ट में सुनवाई से पहले दोनों ने आपस में समझौता किया। कोर्ट ने पति को घर के ग्राउंड फ्लोर और पत्नी को फर्स्ट फ्लोर में रहने की सहमति दी है। यह मामला दुर्ग जिले का है।

फैमिली कोर्ट के तलाक के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की पहल के बाद पति-पत्नी ने सुलह का रास्ता अपनाया है। उनके बीच 6 बिंदुओं पर सहमति बनी है, जिसके मुताबिक उन्हें घर के खर्च में बराबर का हिस्सा देना होगा। गवाहों की मौजूदगी में ये एग्रीमेंट कराया गया। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा है कि ऐसा तलाक के आदेश को रद्द करने और विवाह में एकता और संबंधों में स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए किया गया है। दरअसल, दुर्ग निवासी महिला और उसके पति के बीच आपसी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सीबीएसई में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

### 10वीं में 95 प्रतिशत व 12वीं में 91 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण

**नई दिल्ली**, 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमश: 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं- दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## 18 तहसीलदारों और अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारियों को डिप्टी कलेक्टर पद पर किया गया प्रमोट

**रायपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक सेवा में बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश के 18 तहसीलदारों और अधीक्षक भू-अभिलेख अधिकारियों को राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नत कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया है। सभी अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु. 56,100-रु.1,77,500) में अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है।

# पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 21 की मौत





**अमृतसर**, 13 मई (एजेंसियां)। पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 21 हो गई है। जबकि, 9 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई ? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

**10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा**–वहीं, दोपहर को मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मजीठा पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। मान ने कहा है कि यह दुखदायी और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जहरीली शराब पीने से अब तक 21 के करीब लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा- जिस गांव में हम खड़े हैं, 5-6 मौतें इसी गांव की हैं। ये मौतें नहीं, बल्कि मर्डर हैं।

शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने मंगलवार को मजीठा में जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना को 'सरकारी हत्या' करार दिया और केन्द्र सरकार से घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबाआई) से जांच करवाने की मांग की। श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि यह घटना सरकार की आपराधिक लापरवाही और ड्रग माफिया के साथ सांठगांठ का नतीजा है, जिसने पंजाब को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने किया चुनाव प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श




- अब तक 4,719 सर्वदलीय बैठकों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि हुए शामिल

**रायपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने आज राष्ट्रीय जनता पार्टी (नेशनल पीपल्स पार्टी) के अध्यक्ष कॉनराड संगमा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल से निर्वाचन आयोग के कार्यालय में मुलाकात की।

भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों और 3,879 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठकें आयोजित की गईं, इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

गौरतलब है कि विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित संवाद किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा करना है। इस पहल का एक उद्देश्य यह भी है कि सभी हितधारकों के साथ मिलकर मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है। यह भी उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने इसी कड़ी में कुछ दिनों पूर्व बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष कु. मायावती (6 मई), भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा (8 मई) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एम. ए. बेबी (10 मई) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की थी।

## नक्सलियों ने की मारूडबाका सोसायटी संचालक की हत्या



**बीजापुर**, 13 मई (देशबन्धु)। नक्सलियों ने की कायराना करतूत, मारूडबाका सोसायटी संचालक नागा भण्डारी पिता उर्रा भण्डारी की कुल्हाड़ी से मारकर की। नागा भण्डारी सामाजिक कार्यक्रम मे शामिल होने लिंगापुर गये हुए थे, जहां देर रात करीबन 11.30 बजे अज्ञात माओवादियों के द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने की सूचना थाना मे प्राप्त हुई है।

सूचना पर थाना उसूर द्वारा मृतक के शव का मौके पर पंचनामा कार्यवाही, शव के पीएम उपरान्त मृतक के शव को ससम्मान परिजनों को सुपुर्द किया गया है, शेष वैधानिक कार्यवाही थाना उसूर के द्वारा की जा रही है। यह भी सूचना मिली है कि थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कंचाल एंव मीनागटटा के कुछ ग्रामीणों की माओवादियों के द्वारा हत्या कर दी गई है। सूचना की तस्दीकी कराई जा रही है। तस्दीकी उपरान्त विस्तृत जानकारी से अवगत कराया जायेगा।

## नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के दावों में विरोधाभास : भूपेश



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पदों से इस्तीफा दे

**रायपुर**, 13 मई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के दावों में विरोधाभास है इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। नक्सलियों के खिलाफ हर लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का खुला और बिना शर्त समर्थन है। पर नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। श्री बघेल रायपुर में अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं जिससे संदेह पैदा हो गया है।

श्री बघेल ने कहा कि 8 मई को रात में घटना घटित हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है और ऐसी कोई संख्या नहीं है, यह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### हालात — आपदाओं के कारण लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी

# भारत में 54 लाख लोगों का हुआ विस्थापन

- पिछले 12 वर्षों में है सबसे बड़ा आंकड़ा
- बाढ़ की वजह से सबसे अधिक विस्थापन

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसियां)। भारत में साल 2024 में बाढ़, तूफान और अन्य आपदाओं के कारण 54 लाख लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा, जो 12 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।**

*रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में हिंसा के कारण केवल 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 की तुलन में कम हैं, जब मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। मणिपुर में घरों को जलाने सहित अन्य हिंसक घटनाओं के कारण 2024 में 1,000 लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा।*

*इसमें बताया गया है कि भारत में दो-तिहाई विस्थापन बाढ़ की वजह से हुए। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, मिट्टी का कटाव और बांध व तटबंधों की देखभाल की कमी को विस्थापन के बड़े कारण बताया गया है। असम में साल 2024 में 25 लाख लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ, जो कि पिछले एक दशक की सबसे खौफनाक बाढ़ का नतीजा था। तूफानों के कारण 16 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। इसमें बड़े चक्रवात भी शामिल हैं।*

***चक्रवात की वजह 10 लाख लोगों ने छोड़े घर***

*चक्रवात 'दाना' अक्तूबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में बना था, जिसने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 10 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर किया। इनमें ज्यादातर लोग मौसम विभाग की चेतावनियों के बाद पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिए गए थे। इसके तहत राज्य सरकारों ने स्कूल बंद किए, हजारों राहत शिविर बनाए गए और लाखों लोगों को स्थानांतरित किया गया।*

*पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'रेमल' से 2.08 लाख लोग विस्थापित हुए। यह चक्रवात 24 मई 2024 को बंगाल की खाड़ी में बना था। जैसे ही रेमल उत्तर की ओर बढ़ा, इसने ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों को उफान पर ला दिया, जिससे असम में करीब 3.38 लाख लोग विस्थापित हुए।*

*त्रिपुरा ने 2024 में पिछले 40 वर्षों की सबसे खराब मानसून बारिश झेली। भारी बारिश के कारण अगस्त के मध्य में 2,000 से ज्यादा जगहों पर भूस्खलन हुए, जिससे 3.15 लाख लोगों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी। सड़कों के बंद हो जाने से राहत सामग्री पहुंचाने में भी परेशानी हुई।*

# देश

**उवाच**

तनाव बढ़ने के दौरान सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत बंकरों के निर्माण का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। हम संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले अपने लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बंकरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे।

**-उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 29.0 |
| मुंबई | 33.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# महिलाओं के आगे आने से सामाजिक व आर्थिक विकास सभव : जगदीप धनखड़

■ **मेघालय के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को किया संबोधित**

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है। धनखड़ ने मंगलवार को यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश में विकास की प्रक्रिया पिछले एक दशक से चल रही है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने पिछले एक दशक में अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और महिला



**किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है : जगदीप धनखड़**

विकास, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में ऐसे मील के पत्थर हासिल किए हैं, जिनसे दुनिया ईर्ष्या करती है।

**हमारी आदिवासी संस्कृति शानदार**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति शानदार है। यह हमारी संपदा है। धनखड़ ने कहा कि 1990 के दशक में केंद्र सरकार ने 'लुक ईस्ट' नीति शुरू की थी। धनखड़ ने राज्य की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि किसी राज्य की अर्थव्यवस्था सकल राज्य घरेलू उत्पाद से निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि मेघालय में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की तथा केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर दूरदर्शी नेतृत्व को इसका श्रेय दिया।

मेघालय के समावेशी विकास के महत्व पर उप राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य में पर्यटन, खनन, आईटी तथा सेवा क्षेत्र में अपार प्रतिभा और अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए मानव संसाधन विकसित किया जाना चाहिए। इसमें महिलाएं आगे आती हैं तो सामाजिक विकास और आर्थिक विकास संतुलित होता है। धनखड़ ने कहा कि 90 के दशक में, यानी लगभग तीन दशक पहले सरकार की नीति 'लुक ईस्ट' थी। मोदी ने इस नीति को 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' के रूप में परिवर्तित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मेघालय में पर्यटन, खनन, आईटी और सेवाओं के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की।

इस विशेष अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी और एसएचजी प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य-जमीनी स्तर पर कार्यरत महिला समूहों से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और प्रेरणाएं जानना था, ताकि नीतिगत निर्णयों में उन्हें सम्मिलित किया जा सके।

## संस्कृति, व संभावनाओं का संगम उत्तरपूर्व भारत : उपराष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर-पूर्व भारत को राष्ट्र का रत्न बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र केवल भौगोलिक रूप से नहीं, बल्कि संस्कृतिक रूप से भी अत्यंत समृद्ध है। उत्तर-पूर्व की जनजातीय संस्कृति अत्यंत भव्य है। यह हमारी विरासत है, हमारी संपदा है। हमें इसे संरक्षित ही नहीं, बल्कि गर्व के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मेघालय को प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर राज्य बताते हुए पर्यटन, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में इसकी बड़ी संभावनाओं की ओर संकेत किया। उपराष्ट्रपति ने राज्य की आर्थिक प्रगति की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मेघालय जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य ने 13 प्रतिशत वार्षिक सकल राज्य घरेलू उत्पाद वृद्धि दर हासिल की है जो अत्यंत सराहनीय है।

## सार संक्षेप

### नौशेरा में नियंत्रण रेखा के पास मिले गोले को किया निष्क्रिय

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नौशेरा तहसील में नियंत्रण रेखा के पास मिले बिना फटे गोले को सुरक्षाबलों ने सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमा पर प्रभावित इलाकों को साफ करते समय सुरक्षा बलों को सीमावर्ती गांव में बिना फटा गोला मिला जिसे मौके पर सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया।

### आंध्र में सड़क दुर्घटना में चार मजदूरों की मौत

**नरसारावपेट।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिला के शिवपुरम गांव में दो वाहनों की भिड़ंत से खेतों में काम करने वाले चार मजदूरों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई, जब सात मजदूर पपीते की फसल काटने के लिए जा रहे थे। तभी एक मिनी-बस और लॉरी की भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में पगडाला सुब्बम्मा, रमना रेड्डी, बोट्टू अंकम्मा और बोट्टू रमनजी की मौके पर मौत हो गई तथा मिनी-बस चालक कादिरी नागेश्वर राव, पगडाला शिवम्मा, कन्नेबोइना नागलक्ष्मी घायल हो गए। घायलों को विनुकोंडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महाराष्ट्र में दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित

**पुणे।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएचएसबीएसएचएसई) ने मंगलपवार को दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए। राज्य के सभी नौ क्षेत्रीय बोर्डों- पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, मुंबई, कोल्हापुर, अमरावती, नासिक, लातूर और कोंकण का परिणाम 94.10 प्रतिशत रहा है जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.71 प्रतिशत कम है। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत हालांकि लड़कों की तुलना में 3.83 प्रतिशत अधिक रहा। सभी संभागों में कोंकण संभाग सबसे अधिक 98.82 प्रतिशत परिणाम के साथ शीर्ष पर रहा जबकि नागपुर संभाग सबसे कम 90.78 प्रतिशत परिणाम के साथ सबसे नीचे रहा।

### केरल के मुलियाथोड से दो शक्तिशाली बम बरामद

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में पनुर के निकट मुलियाथोड में पुलिस ने मंगलवार को दो शक्तिशाली स्टील बम बरामद किए। पुलिस के अनुसार, स्टील बम एक नारियल के बागान से बरामद किए गए, जिन्हें प्लास्टिक की बाल्टी में नारियल के पेड़ के नीचे झाड़ियों में छिपा कर रखा गया था और दोपहर में बम निरोधक दस्ते ने उन्हें निष्क्रिय कर दिया।

## किश्तवाड़ में बोतलों, डिब्बों में पेट्रोल, डीजल की बिक्री पर प्रतिबंध

**जम्मू,** 13 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में प्रशासन ने बोतलों और डिब्बों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। किश्तवाड़ के उपायुक्त (जिला मजिस्ट्रेट) राजेश कुमार शवन ने एक आदेश में कहा कि यह उनके संज्ञान में लाया गया है कि पेट्रोल पंप और ईंधन स्टेशन कथित तौर पर डिब्बों, बोतलों आदि में लोगों को पेट्रोल और डीजल बेच रहे हैं, जो आम जनता के जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। जबकि, ऐसी प्रथाएं न केवल अवैध हैं, बल्कि आग लगने और गंभीर खतरा भी पैदा करती हैं और पेट्रोल पंपों से डिब्बों, बोतलों या किसी अन्य खुले कंटेनर में पेट्रोल और डीजल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने की जरूरत है। उन्होंने एक आदेश में कहा कि बीएनएसएस, 2023 की धारा 163 के तहत मुझे दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं जिला किश्तवाड़ के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में डिब्बे, बोतलों या किसी अन्य कंटेनर में पेट्रोल और डीजल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता हूं। उन्होंने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या फिर पेट्रोल पम्प मालिक के साथ कानून के संबंधित प्रावधान के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और अगले आदेश तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, किश्तवाड़ को इस आदेश का अक्षरशः सख्ती से अनुपालन और प्रवर्तन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है। चूंकि नोटिस सभी संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से नहीं दिया जा सकता है, इसलिए यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है।



■ **आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतेगा प्रशासन**

## श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बहाल

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौता होने और क्षेत्रीय तनाव में कमी आने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर छह दिनों बाद मंगलवार को उड़ान संचालन बहाल हो गया। हवाई अड्डे को बंद करने के नोटिस वापस लिए जाने के बाद उड़ान संचालन फिर से शुरू हुआ। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली से पहली उड़ान दोपहर 1.30 बजे श्रीनगर पहुंची। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि हम आगमन और प्रस्थान दोनों मिलाकर कुल आठ उड़ानों का संचालन कर रहे हैं।

# बिहार के सीवान के लाल की शहादत की खबर सुनते ही मच गया कोहराम

**पटना/सीवान,** 13 मई (देशबन्धु)। बिहार के सीवान जिले के रहने वाले आर्मी जवान रामबाबू कुमार सिंह सोमवार की देर शाम शहीद हो गए। रामबाबू कुमार सिंह भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 चलाते थे। बीते सोमवार को दिन करीब डेढ़ बजे पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में रामबाबू सिंह को गोली लग गई थी। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार की देर शाम उनके शहादत की खबर परिवार और गांव के लोगों को मिली। इसकी जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है। शहीद जवान रामबाबू सिंह सीवान जिला के बड़हरिया प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के वसिलपुर गांव के निवासी थे। उनके पिता का नाम स्व. रामविचार सिंह है, जो बड़हरिया प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत के पूर्व उप मुखिया रह चुके थे। वही उनके एक भाई अखलेश सिंह झारखंड हजारीबाग में लोगो पायलट के पद पर कार्यरत हैं जबकि उनकी पत्नी झारखंड के धनबाद में रहती हैं। शहीद रामबाबू सिंह के ससुर ने बताया कि उनकी जोधपुर में पोस्टिंग हो चुकी थी हालांकि भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी के दौरान उनका पोस्टिंग होने के बावजूद उन्हें जम्मू कश्मीर में ही रोक लिया गया। जहां सीजफायर उल्लंघन के दौरान गोली लगने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कल दिन में 10 बजे के करीब रामबाबू सिंह की उनकी पत्नी अंजलि से बातचीत हुई, उस समय वो ठीक थे। शहीद जवान रामबाबू सिंह की शादी करीब 4 महीने पूर्व ही हुई थी। शादी के 4 महीने के बाद ही वे शहादत को प्राप्त हुए।



■ **चार महीने पहले हुई थी शादी**

### दस अप्रैल को जम्मू कश्मीर में थे तैनात

शहीद जवान रामबाबू सिंह के ससुर सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि उनके दामाद भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 चलाने का काम करते थे। 10 अप्रैल को उन्होंने जम्मू कश्मीर में अपनी ड्यूटी ज्वाइन की थी। सोमवार के दिन करीब डेढ़ बजे आर्मी हेडक्वार्टर से कॉल आया की गोली लगी हैं। उसके बाद सूचना मिली कि वह शहीद हो गए हैं। उनकी पत्नी अंजलि सिंह को अभी भी उनकी शहादत की जानकारी नहीं दी गई हैं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला रायपुर ( छ.ग. )

anagarpalika3@gmail .com

क्र./. 354 /न.पा./ लो.नि.वि. / 2025-26 — आरंग, दिनांक 13-मई-2025

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनु. लागत ( लाख में ) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 168377 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिका परिषद आरंग के विभिन्न विभागों हेतु कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति | 115.43 | 02.06.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् आरंग**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी ( छ.ग. )

Email ID-ee dhamtari@nic.in

क्रमांक 2882/NIT-6/2025-2026/ व.ले.लि. — दिनांक 09/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना//प्रथम आमंत्रण**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 29/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 05/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 06/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में ) अमानत राशि ( रू.में ) |
|---|---|---|
| 6 T0017 | धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में रोड कटिंग का मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 9.95 7500.00 300000.00 |
| 6 T0018 | नगरी अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो से रोड कटिंग का मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 9.95 7500.00 300000.00 |

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00।
2. प्रत्त्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है
3. एनआईटी क्र. T0017, T0018 समयावधि 02 माह वर्षा ऋतु सहित तक।
4. टीप श्वस्छ के साथ क्लास CD हेतु अनेक्जर 2. 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्त विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकता है।

जी-252600770

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग धमतरी**
**संभाग धमतरी ( छ.ग. )**

## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069
**रायपुर सुंदर नगर शाखा:** 1 ए एवं 1 बी, दूसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, पंडारी, रायपुर, (छत्तीसगढ़)- 492004
**धमतरी शाखा:** दूसरी मंजिल, स्टेट हाइवे गुडेरदेही रोड़, रेस्ट हाउस के सामने धमतरी, (छत्तीसगढ़)- 493773
**भिलाई शाखा:** हॉल नंबर 1, दूसरी मंजिल, क्रिसेंट प्लाजा, गुरुद्वारा रोड, उत्सव पैलेस के सामने, दुर्ग - 491001 (छत्तीसगढ़)
**रायपुर शाखा:** 1 ए एवं 1 बी, दूसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, पंडारी, रायपुर, (छत्तीसगढ़)- 492004
**राजनंदगांव शाखा:** प्लॉट नंबर 25/151, प्रथम मंजिल, सोनी कॉम्प्लेक्स, कमल टाकीज़ के सामने, महाराष्ट्र बैंक के सामने, भरकापारा, राजनंदगांव, छत्तीसगढ.-491441

### मांग सूचना

**सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा13(2) के अंतर्गत सूचना**

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेंट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्नभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन: उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुन: सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिवस के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं/या पुर्नप्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता(ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो/लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता(ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

| क्रं. | उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ता / जमानतदार के नाम | मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि | प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां) |
|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 36400000024 / रायपुर -सुंदर नगर शाखा) कुणाल बंछोर (ऋणी), लता बंछोर (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 19,37,949/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम डुमरतालाब के एच नं 397 प.ह.नं 104/53 आर एन एम रायपुर-1 तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़ **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व-रॉयल कॉलेज फार्मेसी, पश्चिम- रोड, उत्तर- रोड, दक्षिण- सेलर्स की बची हुई जमीन |
| 2 | (लोन कोड नं. 11100000674 / धमतरी शाखा) रिखी राम (ऋणी), रुखमणी बाई (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 3,26,005/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग,मौजा ग्राम बटरेल खसरा नं 75/5 प.ह. न 48 आरएनएम पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व- गली रोड, पश्चिम- लोकेश्वर का मकान, उत्तर- योगेश्वर का मकान, दक्षिण- लोकेश्वर का मकान |
| 3 | (लोन कोड नं. 03000001154 / भिलाई शाखा) तुम्मनलाल मनहर (ऋणी), उषा बाई मनहर (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 10,06,474/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, आबादी खसरा नं. 234/3/14 प.ह. नं. 29 आर एन एम सेलुद मौजा गदाडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़491221 **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व- गली, पश्चिम- ढाल सिंह का बाड़, उत्तर - नरेंद्र का मकान, दक्षिण - शिव का मकान और बाडा |
| 4 | (लोन कोड नं. 03000001154 / भिलाई शाखा) मोहम्मद इरशाद (ऋणी), मोहम्मद शफी (सह-ऋणी) मोहम्मद शहजाद एवं मोहम्मद सरफराज (जमानतदार) | 12-04-2025 ₹ 20,85,911/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा ग्राम उरला खसरा नंबर 483 1 358 8 प.ह. नं. 17/7 आर एन एम दुर्ग 02 वार्ड नंबर 56 तहसील एवं जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व- प्यारे का मकान एवं रामकुमार की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - बिश्वेशर की भूमि एवं गोविंद का मकान, दक्षिण- श्यामलाल की भूमि |
| 5 | (लोन कोड नं. 00800001989 & 00800002334 / रायपुर शाखा) स्वर्गीय टी वेंकट राव (कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से प्रतिनिधित्व) (ऋणी), गौरी बाई एवं गौरम्मा राव (सह-ऋणी) सूरज प्रकाश साहू (जमानतदार) | 12-04-2025 ₹ 5,64,379/- & ₹ 2,36,248/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा भनपुरी खसरा नं. 399 33 400 401 402 403 405 406 33 प.ह. नं. 108 आर एन एम रायपुर -1, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व-नहर नाली, पश्चिम-सड़क, उत्तर- अश्वनी का मकान, दक्षिण - विक्रेता का मकान |
| 6 | (लोन कोड नं. 00800002590 / रायपुर शाखा) अश्वनी सोनकर (ऋणी), रमेश सोनकर (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 3,55,013/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नंबर 376 14 फोन नंबर 25 गोवर्धन चौक आईडीएफसी बैंक के पीछे बी कृष्णा वार्ड नंबर 10 राजिम गरियाबंद सीजी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493885 **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व - दीनबंधु का प्लॉट, पश्चिम - घनश्याम का मकान, उत्तर- गली, दक्षिण- तुकाराम की बाड़ी |
| 7 | (लोन कोड नं.00800002831 / रायपुर शाखा) धनीराम (ऋणी), लोकेश्वरी यादव (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 8,80,471/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा मठपुरैना वार्ड क्रमांक 52 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड खसरा क्रमांक 438/17 प.ह.नं. 105/47 आर एन एम रायपुर-1 तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़492013 **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व-सड़क, पश्चिम- प्रभु यादव की भूमि, उत्तर- सुनीता देवी की भूमि, दक्षिण - मराठी की भूमि |
| 8 | (लोन कोड नं.11110000067 / धमतरी शाखा) विजय कुमार क्षत्रिय (ऋणी), विनोद कुमार क्षत्रिय (जमानतदार) | 12-04-2025 ₹ 16,38,573/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खंसरा नं 1097/1 वार्ड नं 12 आमापारा वार्ड मौजा बालोद तहसील एवं जिला बालोद छत्तीसगढ़491226 **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व-सड़क, पश्चिम-सडक, उत्तर-गोस्वामी का मकान, दक्षिण-आर एस साहू का मकान |
| 9 | (लोन कोड नं. 00810000217 / रायपुर शाखा) अनिश शुक्ला (ऋणी), रविन्द्र कुमार शुक्ला (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 16,43,322/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नं 949 ग्राम रायपुर खास ब्राह्मण पारा वार्ड नं 44 ब्राह्मण पारा वार्ड प.ह. नं 02 आरआईसी- रायपुर 1 तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़492001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व-मनोज शुक्ला, पश्चिम- सड़क, उत्तर- अन्य मकान, दक्षिण- गली |
| 10 | (लोन कोड नं. 11110000182 / धमतरी शाखा) जनक राम ध्रुवंशी (ऋणी), सरिता बाई (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 4,18,902/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा ग्राम भेंडरवानी आबादी खसरा नं 528 प.ह.न. 22 आरएनएम कुरुद वार्ड नंबर 4 तहसील कुरुद जिला धमतरी छत्तीसगढ़493770. **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व - जनक राम की भूमि, पश्चिम - गली, उत्तर - गेंदू की शेष भूमि, दक्षिण- शिव की भूमि |
| 11 | (लोन कोड नं. 11110000307 / धमतरी शाखा) चमन पटेल (ऋणी), गंगा बाई पटेल (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 3,87,748/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, गोकुलपुर वार्ड नंबर 23 खसरा नंबर 171 प्लॉट नंबर 1/7 प.ह.न. 35 आर एन एम धमतरी तहसील एवं जिला धमतरी छत्तीसगढ़493773 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व- घासूराम का मकान, पश्चिम- कुलेश्वर सोनी का मकान, उत्तर- तालाब, दक्षिण- सड़क |
| 12 | (लोन कोड नं. 11210000131 / राजनंदगांव शाखा) देव आनंद अंबाडे (ऋणी), लक्ष्मी अंबाडे (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 10,13,115/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम बड़े कुशमी खसरा नंबर 330/1 प.ह.नं. 13 तहसील डोंगरगढ़जिला राजनंदगांव छत्तीसगढ़ 491445 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व-खेमचंद पटेल की भूमि, पश्चिम- दान दाता की भूमि, उत्तर- सडक, दक्षिण- दान दाता की भूमि |
| 13 | (लोन कोड नं. 36410000237 / रायपुर - सुंदर नगर शाखा) गोवर्धन प्रसाद वर्मा (ऋणी), प्रेमप्रकाश वर्मा (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 12,35,431/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, पी ओ खसरा नं. 1362/16 1363/3 1364/2 मौजा रायपुर खास चंगोराभाटा डॉ खूबचंद बघेल वार्ड, वार्ड नं 67 प.ह.नं 106 ए/46/62 आर एन एम रायपुर - 1 तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़492001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-मुसलमान की भूमि, उत्तर-कमला ठाकुर की भूमि, दक्षिण-रोड |
| 14 | (लोन कोड नं. 36410000237 / रायपुर - सुंदर नगर शाखा) राहुल खरे (ऋणी), लता खरे (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 33,69,285/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा टिकरापारा पी ओ ख नं. 544/43 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, वार्ड नं 51 प.ह.नं. 70 आरएनएम रायपुर-02 तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़492001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व- सड़क, पश्चिम- नरेन्द्र दर्जी का मकान, उत्तर - विक्रेता का मकान, दक्षिण- विक्रेता का मकान |
| 15 | (लोन कोड नं. 00810000848 / रायपुर शाखा) छत्रपति बिसेन (ऋणी), निशा छत्रपति बिसेन (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 2,19,029/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा ग्राम पाहंदा खं. नं. 2164 1 प.ह.नं. 02 आर एन एम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़490042 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व - विकेता की शेष भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि |
| 16 | (लोन कोड नं. 36410000316 & 36410000320 / रायपुर सुंदर नगर शाखा) सुंदर सारंग (ऋणी), अनुसुइया सारंग (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 21,50,210/- & ₹ 6,10,100/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा अमलेश्वर भाग नं.979/9 प.ह.नं.05 आर एन एम भिलाई-3 तहसील पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ 491111. **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व- लक्ष्मी साहू की भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर- विमला भारद्वाज की भूमि, दक्षिण - पुष्पांजलि चौधरी की भूमि |
| 17 | (लोन कोड नं. 11110000723 / धमतरी शाखा) ओम प्रकाश जंगाड़े (ऋणी), इंदु बाई जंगाड़े (सह-ऋणी) | 12-04-2025 ₹ 10,75,730/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम सारंगपुरी खसरा नं.714 प.ह.नं. 39 आरएनएम कोलियारी तहसील धमतरी जिला धमतरी छत्तीसगढ़ 493773 **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व- गली, पश्चिम- श्यामलाल की बड़ी, उत्तर- गंभीर की बडी, दक्षिण- विष्णु का मकान |

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता उपरोक्त राशि का AHFL को भुगतान करने में असफल रहते है तो AHFL उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध कानून की धारा13 (4) एवं लागू नियम के अंतर्गत ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम मूल्य एवं परिणाम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ताओं को कानून के अंतर्गत संपत्ति का विक्रय, किराया या अन्य प्रकार से बिना AHFL के लिखित अनुमति के बिना हस्तांतरित करने पर प्रतिबंधित किया जाता है कोई व्यक्ति जो कि उपरोक्त कानून या नियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन या उल्लंघन करने को बढावा देता है उसे उपरोक्त कानून के अंतर्गत प्रदत जुर्माना या /एवं कारावास के लिए दंड दिये जाने के योग्य होगा।

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 14.05.2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**फॉर - आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

## मिट्टी से जुड़ी कहानी पर काम करने में एक अलग तरह का अनुभव : पंकज त्रिपाठी

**मुंबई।** बिहार की मिट्टी से संबंध रखने वाले मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने बताया कि वह जल्द ही अपने गृहराज्य में एक फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यह अनुभव उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि बिहार में बहुत कम फिल्मों की शूटिंग होती है। ऐसे में वह पहली बार बिहार में शूटिंग करने जा रहे हैं। पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मेरे लिए इस पल का क्या मतलब है, इसे शब्दों में बताना मुश्किल है। मैंने बिहार के एक छोटे से गांव की धूल भरी गलियों में एक कलाकार के रूप में सफर की शुरुआत की थी। थिएटर और 'नुक्कड़ नाटक' करते हुए मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं फिल्म क्रू के साथ इन्हीं गलियों में वापस आऊंगा।

# दांतों में सड़न व दर्द के हमले से पाएं छुटकारा

## मुंह की सही सफाई न करने की वजह से दांतों से जुड़ी समस्याएं बढ़ी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। दांत हमारे शरीर का बेहद अहम हिस्सा हैं, जो न सिर्फ हमारे चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि भोजन को चबाने और पचाने में भी खास भूमिका निभाते हैं। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खानपान और मुंह की सही सफाई न करने की वजह से दांतों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं में सबसे आम और गंभीर समस्या है 'दांतों में सड़न' यानी कैविटी।

दांतों में सड़न की समस्या तब होती है जब हम नियमित रूप से अपने दांतों की सफाई नहीं करते, ज्यादा मीठा खाते हैं या चिपचिपी चीजों का सेवन करते हैं। ये चीजें दांतों पर जमा होकर बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं, जो एसिड बनाते हैं और धीरे-धीरे दांत की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। समय के साथ यह परत टूटने लगती है और दांत में सड़न शुरू हो जाती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग इस समस्या से प्रभावित होते हैं। शुरुआत में दांतों की सड़न का पता लगाना मुश्किल होता है, क्योंकि दर्द नहीं होता, लेकिन जैसे-जैसे यह समस्या बढ़ती है, ठंडा या गर्म लगना, चबाने में दर्द और मुंह से बदबू जैसी समस्याएं सामने आने लगती हैं। बच्चों में यह समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती है, क्योंकि वे चॉकलेट, टॉफी और मीठी चीजें ज्यादा खाते हैं और ब्रश ठीक से नहीं करते।



**ठंडा या गर्म लगना, चबाने में दर्द और मुंह से बदबू जैसी समस्याएं**

अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए, तो यह दांत के अंदर मौजूद नसों तक पहुंच सकती है, जिससे तेज दर्द, सूजन और यहां तक कि दांत निकालने की नौबत आ सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने दांतों की देखभाल करें और वक्त रहते इसका इलाज करें। अब सवाल आता है कि इस समस्या को कैसे रोकें, या अगर यह समस्या हो चुकी है तो इसका इलाज क्या है? नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल एंड क्रेनियोफेशियल रिसर्च के मुताबिक, दांतों में सड़न की समस्या अगर शुरुआती अवस्था में है, तो इसे रोका और ठीक किया जा सकता है। ऐसे मामलों में डेंटिस्ट फ्लोराइड लगाते हैं। यह दांतों की बाहरी परत को मजबूत करता है और शुरुआती सड़न को ठीक करने में मदद करता है। लेकिन अगर सड़न बढ़ गई है और दांत में छेद बन जाता है, तो फिर सिर्फ फ्लोराइड से इलाज संभव नहीं होता।

### दांतों में सड़न की समस्या को रोकने के उपाय

दांतों में सड़न की समस्या को रोकने के लिए फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करें। दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना दांतों को मजबूत करता है। फ्लोराइड माउथ रिंस का उपयोग करें, जो दांतों पर एक परत बनाकर उन्हें सड़न से बचाता है। अच्छी ओरल हाइजीन अपनाएं। दिन में दो बार सुबह और रात में ब्रश करें। दांतों के बीच की अच्छी तरह सफाई करें, ताकि फंसे खाने के कण निकल जाएं। वहां सबसे ज्यादा बैक्टीरिया पनपते हैं। मीठे और स्टार्च वाले खाद्य पदार्थों से बचें। संतुलित और पोषक आहार लें, फल, सब्जियां, दूध और दालें जैसे हेल्दी खाने से दांत और मसूड़े मजबूत रहते हैं। बार-बार कुछ न खाने की आदत डालें, क्योंकि बार-बार खाने से दांतों पर बैक्टीरिया का हमला ज्यादा होता है। हर छह महीने में एक बार डेंटिस्ट के पास चेकअप के लिए जरूर जाएं।

# रूपाली गांगुली ने किया 'बायकॉट तुर्की'

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान पड़ोसी मुल्क का समर्थन करने वाले देश तुर्की को लेकर फिल्म जगत के सितारों में खासा रोष देखने को मिल रहा। गायक विशाल मिश्रा के 'बायकॉट तुर्की' के बाद अब अभिनेत्री रूपाली गांगुली की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर रूपाली ने न केवल तुर्की को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की बल्कि देशवासियों से खास अपील भी की। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक होने के नाते हम



इतना तो कर ही सकते हैं। एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर रूपाली ने कैप्शन में लिखा कि प्लीज, क्या हम तुर्की के लिए अपनी बुकिंग रद्द कर सकते हैं। यह मेरा सभी भारतीय सेलेब्स, इन्फ्लुएंसर्स, यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी टिकट कैंसल कर दें। हम सब भारतीय होने के नाते इतना तो कर ही सकते हैं। तुर्की के पाकिस्तान को समर्थन देने को लेकर फिल्म और टीवी जगत के सितारों के साथ ही आम लोगों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# कपालभाति प्राणायाम : कई समस्याओं का एक समाधान

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। योगा में प्राणायाम का बहुत महत्व है और महत्वपूर्ण प्राणायामों में से एक है कपालभाति, जिसका अर्थ है 'ललाट का तेज'। कपालभाति एक लोकप्रिय प्राणायाम है, जिसे सुबह के समय कुछ मिनट करने से कई बीमारियों की छुट्टी हो जाती है। कपालभाति से ब्लड सर्कुलेशन तो अच्छा होता है ही, साथ ही दिमाग भी शांत रहता है। हालांकि, इसे लेकर कुछ सावधानियां भी हैं, जिसे ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

कपालभाति से मिलने वाले फायदे इतने हैं कि उन्हें उंगलियों पर गिना नहीं जा सकता। यह पूरे शरीर के लिए लाभदायक है। पहले हम जानेंगे कि कपालभाति करने से क्या-क्या फायदे मिलते हैं और इसे करने का सही तरीका क्या है।

कपालभाति करने के लिए सबसे पहले वज्रासन मुद्रा में बैठ जाएं और अपने दोनों हाथ घुटनों पर रखें। गहरी सांस अंदर लें और




हल्के झटके के साथ सांस छोड़ें। सांस छोड़ने पर फोकस करते हुए ऐसा कुछ मिनट तक लगातार करते रहें। शुरुआत में सांस छोड़ने की गति धीमी हो सकती है जो अभ्यास बढ़ने के साथ बढ़ाई जा सकती है।

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय भी इसकी पुष्टि करता है कि कपालभाति को यदि सही तरीके से किया जाए, तो यह आपके दिमाग को शांत रखने के साथ ही कई बीमारियों को भी दूर करता है। कपालभाति फ्रंटल एयर साइनस को शुद्ध करने के साथ ही कफ की समस्या को खत्म करता है और तंत्रिका तंत्र को संतुलित कर शरीर को स्फूर्ति प्रदान करता है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, पाचन क्रिया बेहतर होती है और वजन भी कम होता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार भी ठीक होता है।

योग गुरु बाबा रामदेव बताते हैं कि मधुमेह के रोगियों के लिए कपालभाति लाभदायक है और इससे मस्तिष्क के साथ तंत्रिका तंत्र को भी ऊर्जा मिलती है।

हालांकि, कई मायनों में लाभदायक कपालभाति प्राणायाम अधिकतर लोगों को फायदा देता है, लेकिन कुछ स्थितियों में इसका अभ्यास करने से बचना चाहिए। जिन लोगों को कपालभाति न करने की सलाह दी जाती है, उनमें गर्भवती महिला, मासिक धर्म का समय, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, हर्निया, स्लिप डिस्क या पेट दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोग शामिल हैं। यही नहीं, अगर आपको चक्कर या बेचैनी जैसी समस्या है, तो भी विशेषज्ञ कपालभाति न करने की सलाह देते हैं।

### संकट की घड़ी में मदद के लिए उठे हाथों का शुक्रिया

# एलओसी से पलायन करने वाले अता करना नहीं भूलते

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 13 मई (देशबन्धु)। सात मई को कश्मीर और जम्मू की सीमाओं पर खौफ के दिन के रूप में याद किया जाएगा। उड़ी, पुंछ, टंगधार और एलओसी के पास के अन्य इलाकों के लोगों के लिए यह एक भयावह अनुभव की शुरुआत थी, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव हाल के वर्षों में पहले कभी नहीं देखा गया था। अगले तीन दिनों तक गोले, मिसाइल, ड्रोन और गोलियों का लगातार आदान-प्रदान हुआ। इस हिंसा में जम्मू-कश्मीर में बच्चों सहित बीस से अधिक लोगों की जान चली गई और तबाही का मंजर सामने आया। बारामुल्ला में काम करने वाले उड़ी के एक निवासी का कहना था कि यह दृश्य भयावह था। 7 मई की सुबह, जब सीमा पार से हमलों की खबर आई, तो वह घर वापस भागा। रास्ते में उसने देखा कि परिवार भाग रहे थे, उनकी आंखें दहशत से भरी हुई थीं, सामान जल्दी-जल्दी पैक किया जा रहा था और पूरी आबादी भाग रही थी। इस अराजक यात्रा के दौरान उसे एक संदेश मिला, जिसे सुनकर उसकी आंखें भर आईं। संदेश में लिखा था कि अगर कोई समस्या है, तो मेरा घर आपके लिए खुला है। कृपया अपने परिवार के साथ आइए। मेरा दिल आपके लिए खुला है। यह संदेश नूर उल हक से आया, जो बारामुल्ला के निवासी हैं और उनके परिचित हैं। वे भावुक स्वर में कहते थे कि मैं आभारी हूं कि ऐसे लोग मौजूद हैं जो दुख और संकट की घड़ी में भी मदद करने को तैयार थे। नूर अकेले नहीं थे। कश्मीर और जम्मू में, दिल और घर असाधारण करुणा के साथ खुल गए। सोशल मीडिया पर शरण और आश्वासन देने वाले संदेशों की बाढ़ आ गई। ऐसी ही एक पोस्ट में लिखा था' उड़ी में चल रही स्थिति के कारण 15 से अधिक परिवारों को पहले ही हमारे पास आश्रय मिल गया है। हमारे पास अभी भी जगह उपलब्ध है, और सभी के लिए मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी जरूरतमंद का स्वागत है, हमारे दरवाजे खुले हैं। बारामुल्ला में, प्रसिद्ध इस्लामी मदरसा दारुल उलूम शीरी ने उड़ी से विस्थापित 200 से अधिक निवासियों को शरण दी। पिछले 6 दिनों में, इसने उन्हें भोजन, आश्रय और आवश्यक सहायता प्रदान की है। जम्मू में भी एकजुटता के कार्य किए गए। पुंछ के निवासी अहमद ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को जम्मू में दोस्तों के घर में शरण मिली। वे कहते थे कि कई परिवार यहां आकर बस गए, कुछ दोस्तों के साथ रहने के लिए, तो कुछ का अजनबियों ने स्वागत किया। लोगों ने अपने दरवाजे खोल दिए। आश्रय से परे भी सहायता मिली। एसोसिएशन और स्थानीय संगठनों ने चिकित्सा सहायता और राहत के लिए कदम बढ़ाया।

**मदरसा दारुझल उलूम शीरी ने उड़ी से विस्थापित 200 से अधिक निवासियों को शरण दी**

एसोसिएशन के अध्यक्ष मीर गुलाम नबी कहते थे कि संकट के जवाब में, हमने बारामुल्ला केमिस्ट्री एसोसिएशन के तहत एक चिकित्सा और राहत शिविर शुरू किया। हम मुफ़्त दवाइयाँ, भोजन, परिवहन और यहां तक कि वित्तीय मदद भी दे रहे हैं। यह उड़ी, टंगधार और करनाह के लोगों के साथ खड़े होने का हमारा तरीका है। जिस दिन गोलाबारी शुरू हुई, उसी दिन शिविर ने काम करना शुरू कर दिया और तब से प्रभावित लोगों की सेवा करना जारी रखा।

# रसिका दुग्गल, गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' को एनवाईआईएफएफ में मिले तीन नॉमिनेशन

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' 25वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एनवाईआईएफएफ) में नॉमिनेट हुई है। इसे बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस और बेस्ट डायरेक्टर की तीन अहम कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है और इसे बड़े सम्मान के लिए चुना गया है। इस फिल्म को अनुराग कश्यप ने प्रोड्यूस किया है और कौशल ओजा ने इसे डायरेक्ट किया है।




कौशल ओजा की यह पहली फीचर फिल्म है। उन्हें अपने पहले ही प्रयास में बड़ी सफलता और पहचान मिली है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है। इसकी कहानी एक सात साल के बच्चे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो यह कोशिश करता है कि उसके मां-बाप फिर से एक हो जाएं और उसका एक छोटा भाई इस दुनिया में आए।

लिटिल थॉमस में रसिका दुग्गल 'जेसी मिरांडा' नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस फिल्म के लिए नॉमिनेशन मिलने की बहुत खुशी है। उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं कि मेरे काम को पहचाना और सराहा जा रहा है। मैं बेसब्री से उस पल का इंतजार कर रही हूं जब इसे फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगा। साथ ही यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि उस वक्त दर्शकों की प्रतिक्रिया कैसी होगी, क्योंकि फिल्म फेस्टिवल्स के दर्शक बहुत समझदार और परखने वाले होते हैं, इसलिए जब उन्हें कोई काम पसंद आता है तो वह एक बहुत ही खास एहसास होता है।

वहीं गुलशन देवैया ने खुशी जताते हुए कहा कि मैं बहुत उत्साहित और खुश हूं कि एनवाईआईएफएफ की जूरी ने मुझे लिटिल थॉमस के लिए बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में नॉमिनेशन दिया है। मुझे इस फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार है और हां, उम्मीद है कि मैं बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीतूं।

फिल्म के निर्देशक कौशल ओजा ने अपनी उत्सुकता को जाहिर करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि लिटिल थॉमस को फेस्टिवल में बेस्ट डेब्यू फिल्म के लिए नॉमिनेशन मिला है... सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों अभिनेताओं को भी खास कैटेगरी के लिए नॉमिनेशन मिला है!

निर्माता रंजन सिंह और अनुराग के पास इस साल एनवाईआईएफएफ में जश्न मनाने के दो कारण हैं, पहली लिटिल थॉमस और दूसरी कैनेडी फिल्म भी फेस्टिवल की आधिकारिक सूची में शामिल है।

लुमिनोसो पिक्चर्स, सिविक स्टूडियोज, फ्लिप फिल्म्स और गुड बैड फिल्म्स के बैनर तले निर्मित लिटिल थॉमस का पिछले साल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था, उसके बाद टोरंटो इंडियन फिल्म फेस्टिवल और चंडीगढ़ सिने-वेस्चर में भी इसका प्रीमियर हुआ।

### आंखों में पानी व जुबां पर राधे-राधे

# प्रेमानंद महाराज के सामने नतमस्तक हुए विरुष्का, मिला सुखी रहने का 'मंत्र'



**मथुरा,** 13 मई (एजेंसियां)। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद मंगलवार को विराट कोहली अपनी पत्नी, अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ कृष्णनगरी मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। सात मिनट की मुलाकात के दौरान प्रेमानंद जी ने उन्हें सुखी रहने का मंत्र भी दिया। इस दौरान 'विरुष्का' की आंखों में पानी और जुबां पर राधे-राधे था।

टेस्ट मैच से संन्यास लेने के बाद विराट-अनुष्का ने संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लिया और अध्यात्म पर चर्चा की। वृंदावन स्थित राधाकेलीकुंज आश्रम पहुंचे 'विरुष्का' उनके सामने नतमस्तक नजर आए। महाराज जी ने उन्हें अध्यात्म का महत्व समझाते हुए सुखी रहने का मंत्र भी दिया।

सेलिब्रिटी जोड़ी आश्रम में सात मिनट से ज्यादा रही, हालांकि, वे मीडिया से दूरी बनाते नजर आए। वे अपनी इनोवा से संत प्रेमानंद जी के आश्रम पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रेमानंद महाराज सबसे पहले विराट-अनुष्का को बैठने के लिए कहते हैं और फिर पूछते हैं कि प्रसन्न तो हो? इस पर दोनों सिर हिलाकर कहते हैं, हां। इसके बाद महाराज कहते हैं कि हां, ठीक ही रहना चाहिए।

इसके बाद प्रेमानंद जी महाराज कहते हैं, हम आपको अपने प्रभु का विधान बताते हैं कि जब प्रभु किसी पर कृपा करते हैं तो क्या होता है। वैभव मिलना कृपा नहीं है, यह पुण्य है। पुण्य से एक घोर पापी को भी बल मिल जाता है, पाप करके भी उनका कोई पुण्य है जिसे वह भोग रहा है। ये वैभव या यश का बढ़ना भगवान की कृपा नहीं मानी जाती है। अंदर के चिंतन से ही सबकुछ बदलता है। इससे आपके कई जन्मों के कर्म भस्म हो जाते हैं और अगला जो आता है, वह उत्तम होता है।

# अब बाल उड़ते नहीं, झड़ते हैं!

## महिलाओं और पुरुषों दोनों में बाल झड़ने का एक और कारण है जीवनशैली

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। बाल हमारी पहचान होते हैं। बाल अगर घने हों तो आत्मविश्वास बढ़ता है, अगर झड़ें तो आत्मा को कुरेदने जैसा एहसास होता है। हर टूटता बाल एक छोटी हार जैसा लगता है, जैसे हम हर दिन कोई अनमोल चीज खो रहे हों। एक्ट्रेसेस के तरह-तरह के स्टाइल बनाना, सिर्फ ख्वाब और सोच तक ही सीमित रह गया है। पहले जिन लहलहाते बालों पर हाथ फेरा करते थे, आज उन्हीं को कंघी करने से डर लगता है। यह बदलाव न केवल हमारे लुक पर असर डालता है, बल्कि अंदरूनी आत्मविश्वास को भी खोखला करता है। चलिए आज हम आपको बालों के गिरने का कारण और उसका समाधान बताएंगे।

इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ हेयर



■ **कारण, सरल उपायों से हो सकता है बचाव**

■ **थायरॉयड की समस्या भी बालों के झड़ने का कारण**

रिस्टोरेशन सर्जरी के मुताबिक, बाल झड़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे अनुवंशिकता, यानी जो चीजें आपको माता-पिता से मिली हैं। यही वजह अक्सर गंजेपन या एलोपेशिया की होती है। इसके अलावा, कुछ बीमारियां जैसे थायरॉयड की समस्या भी बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं। कुछ दवाइयां जो आप ले रहे हों, वे भी इस पर असर डाल सकती हैं। महिलाओं और पुरुषों दोनों में बाल झड़ने का एक और कारण है जीवनशैली। तनाव, केमिकल्स या तेज धूप के ज्यादा संपर्क में आना, धूम्रपान और शराब का सेवन, ये सब बाल झड़ने की वजह बन सकते हैं या स्थिति को और बिगाड़ सकते हैं। इसके अलावा, कुछ हेयर स्टाइल्स भी नुकसानदेह हो सकते हैं, जैसे कि बहुत टाइट पोनीटेल, चोटी, या हेयर एक्सटेंशन। ये सब बालों की जड़ों पर खिंचाव और तनाव डालते हैं, जिससे धीरे-धीरे बाल झड़ने लगते हैं। वहीं अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एसोसिएशन (एएडी) ने रिसर्च के जरिए बालों को झड़ने से रोकने का आसान समाधान बताया। एएडी के मुताबिक, माइल्ड यानी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें, क्योंकि कुछ शैम्पू बहुत ज्यादा केमिकल वाले होते हैं, जो बालों से नमी छीन लेते हैं। इससे बाल और ज्यादा कमजोर हो जाते हैं। हर बार शैम्पू के बाद मॉइस्चराइज़िंग कंडीशनर लगाएं। कंडीशनर बालों को कोट करता है, जिससे टूटना और दो-मुंहे बाल होना कम होता है। लीव-इन कंडीशनर या डीटैंगलर का इस्तेमाल करें। यह हर बार बाल धोने के बाद लगाया जाता है और यह बालों को सुलझाने, टूटने और फ्रिज से बचाता है।

बालों को सुखाने के लिए माइक्रोफाइबर टॉवल का इस्तेमाल करें। यह बालों को जल्दी सुखा देता है, जिससे आपको हेयर ड्रायर कम इस्तेमाल करना पड़ता है। अगर आप हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें तो 'लो हीट' सेटिंग पर करें। हॉट-ऑयल ट्रीटमेंट्स न कराएं। ये बालों में गर्मी देकर उन्हें और नुकसान पहुंचाते हैं। कर्लिंग आयरन, फ्लैट आयरन और हॉट कॉम्ब का इस्तेमाल बहुत ही खास मौकों पर करें, जैसे शादी या जॉब इंटरव्यू आदि के लिए।

# 'ओ हमारे वज्र-दुर्दम', पिता हरिवंश राय बच्चन की कविता से बिग बी ने जवानों में भरा जोश

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने अपने लेटेस्ट पोस्ट में पिता हरिवंश राय बच्चन की एक कविता को शेयर किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि अपने कामों से ऐसा असर पैदा करो कि दुश्मन को उत्तर मिल जाए और शब्दों की जरूरत ही न पड़े। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों का भी आभार जताया।

बिग बी ने लिखा कि ओ हमारे वज्र-दुर्दम देश के विक्षुब्ध-क्रोधातुर जवानों, किटकिटाकर आज अपने वज्र के-से दांत भींचो, खड़े हो, आगे बढ़ो, ऊपर चढ़ो, बे-कंठ खोले, बोलना हो तो तुम्हारे हाथ की दो चोटें बोलें। अमिताभ बच्चन ने लिखा, और, पूज्य बाबूजी के शब्द गूंज रहे हैं... जोर से और स्पष्ट... और प्रतिध्वनि के रूप में... देश के हर हिस्से से... हर कोने से... देश के



आक्रोशित और समर्पित जवानों... उठो और आगे बढ़ो... बिना कोई आवाज दिए... अगर बोलना ही है... तो दुश्मन के मुंह पर तुम्हारे थप्पड़ की आवाज सुनाई दे। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा कि शांति में मनुष्य के लिए कुछ भी नहीं है, जैसे संयमित स्थिरता और विनम्रता, लेकिन जब युद्ध का धमाका हमारे कानों में गूंजता है, तब बाघ की हरकतों की नकल करो। इस सुंदर प्रकृति को अपने क्रोध से छिपाओ, फिर आंख को एक भयानक रूप दो, जो ब्रह्मोस और आकाश तीर की तरह सिर के द्वार को भेद डालें। इसे खुद पर हावी होने दो, जैसे एक क्षत-विक्षत चट्टान, जो समुद्र के साथ बहती है। आगे, आगे, आप सम्माननीय भारत के वीर नारे, जिसका खून युद्धरोधी के पिताओं से मिला है और तुम, बहादुर वीर जवानों, जिनके अंग भारत माता की मिटटी से बने हैं, दिखाओ तुम्हारी शारीरिक शक्ति की ताकत। एक्टर ने अंत में लिखा, बोलें, भयभीत करने वाली, युद्ध का नारा, स्वयं से पहले सेवा... जय हिंद, भारत माता की जय, वंदे मातरम। हाल ही में अमिताभ ने पहलगाम हमले में आतंकवादियों के धर्म पूछकर गोली मारने की घटना का जिक्र करते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया था।

रायपुर, बुधवार 14 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# दो दिन में दो भाषण, फिर भी कुछ साफ नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित किया। वीर रस से सराबोर इस संबोधन में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर नए सवाल खड़े हो गए। इन सवालों को विपक्ष ने पूछना शुरु किया ही था कि मंगलवार को सुबह पहले नरेन्द्र मोदी अचानक पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंच गए और फिर दोपहर तक उनका एक और वीर रस में पगा हुआ भाषण सामने आ गया। शनिवार रात शाहबाज शरीफ ने भी इसी तरह का भाषण पाकिस्तान के लोगों को सुनाया था। इन भाषणों को सुनकर न जाने क्यों चाबी वाले खिलौनों का ख्याल आता है, जिसमें चाबी भर दो तो वह तब तक चलता रहता है, जब तक चाबी पूरी तरह से उल्टी न घूम जाए। चाबी भरने वाले हाथ दिखाई नहीं देते, केवल खिलौने चलते दिखते हैं।

खैर.. मंगलवार सैनिकों के बीच पहुंचकर श्री मोदी ने अच्छा ही किया। जो लोग जान हथेली पर लेकर देश की रक्षा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाने के लिए जो किया जाए, सो कम है। आदमपुर एयरबेस से जो तस्वीरें सामने आईं, उनमें अनकहा संदेश भी पाकिस्तान के लिए था। इनमें मोदी के साथ पार्श्व में मिग-29 और एस-400 भी दिखाई दिए। जबकि पाकिस्तान का दावा था कि उसने आदमपुर में एस-400 वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है। यहां सैनिकों को संबोधित करते हुए भी श्री मोदी ने पाकिस्तान को कहा कि निर्दोषों का खून बहाने का एक ही अंजाम है, महाविनाश। अभी सैन्य कार्रवाई सिर्फ स्थगित की है, फिर से दुस्साहस किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे। कुछ ऐसी ही बात सोमवार के संबोधन में भी थी।

तब श्री मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत का सैन्य ऑपरेशन अभी सिर्फ स्थगित हुआ है. आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जाएगा कि वो क्या रवैया अपनाता है। अब सवाल उठता है कि अगर अब भी वार-प्रतिवार की आशंका है, तो फिर युद्धविराम की बात कहां से आई, क्यों श्री मोदी इसका खुलकर खंडन नहीं कर रहे। क्या ये समय शाब्दिक जाल फैलाने का है कि सैन्य आपरेशन अभी स्थगित हुआ है। इसका क्या मतलब है, प्रधानमंत्री साफ-साफ बतलाएं कि अभी हम युद्ध में हैं या नहीं हैं। हम पाकिस्तान के अगले कदम या उसके दुस्साहस का इंतजार क्यों कर रहे हैं। क्या पहलगाम के बाद भी हमारे जो जवान शहीद हुए, बेकसूर नागरिक मारे गए, उनकी जान की कोई कीमत नहीं है। अगर पाकिस्तान की तरफ से भी युद्धविराम की घोषणा के बाद हमारे सीमांत इलाकों में ड्रोन मंडराते हुए देखे गए हैं, तो क्या इसे पाकिस्तान का दुस्साहस ही नहीं समझा जाना चाहिए। इस संकट की घड़ी में भी अगर प्रधानमंत्री साफगोई से सारी बातें नहीं करेंगे, तो फिर कब करेंगे।

जब नोटबंदी या लॉकडाउन का ऐलान किया गया था, तब भी कई गोल-मोल बातें और दावे सरकार ने किए थे। उन पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए लेकिन किसी का जवाब देना जरूरी नहीं समझा गया। चलिए वो देश के आंतरिक मामले थे और जनता ने कुछ अच्छा होने की उम्मीद में तब के कष्टों को सहन कर लिया। लेकिन इस बार तो आम जनता की सुरक्षा और देश की प्रतिष्ठा दोनों दांव पर लगी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के संदर्भ में मनमाने बयान दे रहे हैं। युद्ध विराम के ऐलान के बाद नए बयान में डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दोनों देशों ने अमेरिका के साथ व्यापार की वजह से ये संघर्ष विराम किया है। पाकिस्तान अपनी जाने कि उसने किस दबाव में संघर्ष विराम मंजूर किया, लेकिन भारत इसके लिए राजी क्यों हुआ, ये बात नरेन्द्र मोदी को अपने संबोधन में बतानी चाहिए थी। क्या ट्रंप अब भारत के आधिकारिक प्रवक्ता हो गए हैं कि वो जो बयान देंगे, दुनिया उसे भारत का बयान मानेगी, क्योंकि ट्रंप की किसी बात को अब तक श्री मोदी ने या उनकी सरकार ने खारिज नहीं किया है।

सोमवार के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने एक गंभीर बात कही कि 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेल के तहत चलने वाले आतंकी ढांचे भारत के निशाने पर होंगे।' ध्यान रहे कि ब्लैकमेल एक गंभीर शब्द और बड़ा आरोप है, खासकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में। श्री मोदी क्या यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत को आणविक युद्ध की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई, ये कोशिश पाकिस्तान की तरफ से हुई या चीन या अमेरिका की तरफ से, देश को यह बताना चाहिए।

क्या एकदम से युद्धविराम के लिए सहमत होने के पीछे ब्लैकमेल जैसी कोई बात थी। अगर ऐसा है तो कम से कम विपक्ष को इस बारे में सूचित किया जाना था। जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जा सकती थी तो शनिवार से लेकर अब तक सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाई गई। सभी दलों को नहीं बुलाना तो कम से कम दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्षों के साथ प्रधानमंत्री को बैठक करनी चाहिए थी ताकि इस तथाकथित ब्लैकमेलिंग का जवाब दिया जाए।

पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर, युद्धविराम और राष्ट्र के नाम संबोधन तक के पूरे घटनाक्रम में कई सारे सवाल हैं जिन पर प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। सोमवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमला मेरे लिए व्यक्तिगत दर्द था। देश का मुखिया होने के नाते वे ऐसा कह सकते हैं लेकिन याद रखें कि पहलगाम के 26 पीड़ितों से लेकर उसके बाद पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमलों में मारे गए लोगों के परिवार असल में व्यक्तिगत दुख झेल रहे हैं। यह वक्त उनके दुखों को कम करने का है, राजनीति में अपने अंक बढ़ाने का नहीं।

# मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया!

प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'मैं गुजराती हूं, व्यापार मेरे खून में है।' फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने एक और मुहावरा उछाला- 'आपदा में अवसर!' मोदीजी द्वारा उछाले गए ये दो मुहावरे उनके द्वारा अब तक उछाले गए तमाम मुहावरों में सर्वाधिक अश्लील मुहावरे साबित हुए हैं। फिर भी नरेन्द्र मोदी के लिए तो मानो ये दोनों मुहावरे उनकी राजनीतिक सफलता के मूल मंत्र बन गए हैं। देश के समक्ष पैदा हुए हर अप्रिय से अप्रिय प्रसंग को उन्होंने अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने में और अपने कारोबारी मित्रों को उसका फायदा दिलाने में कतई संकोच नहीं किया। चाहे वह पुलवामा में हुआ भीषण आतंकवादी हमला हो या लाखों लोगों को मौत की नींद सुला देने वाली कोरोना महामारी हो, या फिर उनके खुद की आहूत की गई नोटबंदी जैसी त्रासदी हो।

अभी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी मोदी यही करते दिखे हैं और कोई वजह नहीं कि वे आगे भी ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने हमले में हुई 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या को आपदा में अवसर की तरह ही देखा। हमले के बाद शुरू दिन से लेकर आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तक और फिर अमेरिकी दबाव में अचानक युद्धविराम पर राजी होने और फिर राष्ट्र को संबोधित करने तक मोदी प्रधानमंत्री की तरह नहीं बल्कि एक पार्टी के नेता के तौर पर ही देश के समक्ष पेश आए।

पहलगाम हमले के बाद से लेकर पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव तक कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष सरकार के हर फैसले मे उसके साथ खड़ा था। ऐसा लंबे समय बाद हो रहा था जब सरकार की किसी भी कार्रवाई पर, यहां तक कि सरकार की चूक पर भी किसी विपक्षी पार्टी ने कोई सवाल नहीं किया। सरकार के साथ विपक्ष की ऐसी एकजुटता उस समय भी कभी नहीं देखी गई जब भाजपा विपक्ष में थी। इसके बावजूद सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा का रवैया विपक्ष को लेकर जरा भी सद्भाव वाला नहीं रहा। खुद  मोदी विपक्ष के सहयोगात्मक रवैये के प्रति गंभीरता और सकारात्मकता न दिखाते हुए उसके प्रति हिकारत और अहंकार भरा व्यवहार करते रहे।

पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से दो बार सर्वदलीय बैठक बुलाई गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी दोनों बैठकों में शामिल नहीं हुए। पहली बैठक हमले के बाद बुलाई गई थी लेकिन मोदी उस बैठक में शामिल न होते हुए बिहार में अपनी पार्टी की रैली को संबोधित करने चले गए। कहा गया कि वे बिहार की धरती से पाकिस्तान और आतंकवादियों को चेतावनी देंगे। सवाल है कि हमला कश्मीर में हुआ तो बिहार जाकर पाकिस्तान को चेतावनी देने का क्या मतलब था? बेहतर तो यह होता कि प्रधानमंत्री श्रीनगर जाते वहां से पाकिस्तान को चेतावनी देते। चूंकि बिहार में पांच महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, इसलिए मोदी ने आपदा को अवसर बनाते हुए बिहार जाना उचित समझा। बिहार में रैली करने के बाद भी प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष या लोकसभा में नेता विपक्ष से मिलना और बात करना उचित नहीं समझा, जबकि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से जरूर मुलाकात की और अपनी पार्टी के नेताओं से भी लगातार मिलते रहे।

आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे। जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी, ठीक उसी समय प्रधानमंत्री एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उस चैनल की महिला एंकरों के साथ फोटो सेशन करने में व्यस्त थे। इतना सब होने के बावजूद विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री या सरकार से कोई सवाल नहीं किया जा रहा था। इस नाजुक मौके पर भी विपक्ष से संवाद करना मोदी अपनी शान के खिलाफ समझ रहे थे। प्रधानमंत्री का यह रवैया उनकी पार्टी के प्रवक्ताओं को एक तरह का इशारा था, जिसके मुताबिक टीवी चैनलों की बहस में भाजपा के प्रवक्ता रोजाना विपक्षी नेताओं को गद्दार, देशद्रोही और पाकिस्तान व आतंकवादियों का हमदर्द बता रहे थे। यही काम सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भाजपा का ईको सिस्टम कर रहा था। यह ईको सिस्टम सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं, बल्कि देश भर के मुसलमानों को भी गद्दार बताते हुए उनके आर्थिक बहिष्कार की अपील कर रहा था। इस सबके बावजूद किसी को कोई संशय या संदेह नहीं रहे, इसके लिए टीवी के सरकारी चैनल डीडी न्यूज पर तो बाकायदा विपक्षी नेताओं के फोटो के साथ लिखा जा रहा था, 'भारत है तैयार लेकिन घर में कितने गद्दार'।

इतना सब होने के बाद कहीं से भी संदेह की गुंजाइश नहीं रह जाती कि प्रधानमंत्री इस आपदा को अपनी पार्टी के लिए एक बड़े राजनीतिक अवसर के तौर पर देख रहे थे। उनके सामने पांच महीने बाद बिहार और नौ महीने बाद पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव हैं। प्रधानमंत्री का इरादा संभवत: पाकिस्तान के खिलाफ़ सैन्य कार्रवाई के जरिये देश में उन्मादी और राष्ट्रवादी माहौल तैयार कर लोकसभा के मध्यावधि चुनाव कराने का था, ताकि पिछले चुनाव में 400 सीटें पाने की अधूरी रह गई हसरत को पूरा किया जा सके। यह दांव मोदी 2019 के चुनाव में आजमा चुके थे और कामयाब भी रहे थे।

पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का असल मकसद यही था, लेकिन पाकिस्तान को चीन की मदद ने इस भारत की सैन्य कार्रवाई को ज्यादा देर तक जारी नहीं रहने दिया। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय सेना ने अपना काम बखूबी अंजाम देते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट कर दिया। पाकिस्तानी सेना की ओर से उकसावे की कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को भी भारी क्षति पहुंचाई। भारतीय सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तान के मकसद को भांपने में भी कोई गलती नहीं की और अपनी कार्रवाई शुरू करने के साथ ही उसके प्रवश्वा ने आधिकारिक तौर पर कहा कि, 'पहलगाम हमले का मकसद देश में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था लेकिन देश के नागरिकों ने ऐसा नहीं होने दिया।'

बहरहाल. पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान चीन ने साइलेंट किलर की भूमिका निभाते हुए भारत के भी दो लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए। हालांकि भारत सरकार ने इस बात की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उसने अमेरिका और ब्रिटेन के अखबारों ने इस बारे में विस्तार से छपी खबरों का खंडन भी नहीं किया है। संभवत: इसी घटना ने भारत को अपने कदम आगे बढ़ाने से रोकने पर मजबूर किया। हालांकि मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में दावा किया है कि युद्धविराम पाकिस्तान की पहल पर हुआ है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नहीं, दो बार टीवी पर आकर यह दावा किया है कि युद्धविराम उनके कहने पर हुआ है। भारत सरकार ने ट्रम्प के इन दावों का किसी भी स्तर पर खंडन नहीं किया है।

जो भी हो, यह तो साफ हो गया है कि भारतीय सेना की जिस संयमित और सटीक कार्रवाई पर पूरा देश गर्व कर रहा था, उसे भारत सरकार ने अज्ञात शर्तों पर अचानक रोककर एक राष्ट्रीय गर्व के विषय को राष्ट्रीय शर्म में तब्दील कर दिया। प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संदेश में खुद की पीठ थपथपाने के अलावा कुछ भी नहीं था, जैसा कि वे अक्सर ही करते हैं। पहलगाम में हुई 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए की गई कार्रवाई में भारत को 21 लोगों की और बलि देना पड़ी है। प्रधानमंत्री का मध्यावधि चुनाव कराने का स्वप्न भले ही भंग हो गया हो, लेकिन कोई आश्चर्य नहीं कि मोदी बंगाल और बिहार के चुनाव में 'फर्स्ट टाइम वोटर' से इन मारे गए 47 (26+21) लोगों के नाम पर वोट मांगें। आखिर पुलवामा में मारे गए 42 जवानों की शहादत पर भी तो उन्होंने ऐसे ही वोट मांगे थे।



अनिल जैन

**आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी।**

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# क्रिकेट, कोहली और बाजार

बीच आईपीएल में संन्यास की घोषणा की उम्मीद तो रोहित शर्मा से भी नहीं थी, लेकिन विराट कोहली के टेस्ट से सन्यास की घोषणा ने क्रिकेट जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को चौंकाया। जल्दी ही इंगलैंड दौरे के लिए टीम का चुनाव होना है। विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती। अब उनका क्रिकेट साफ ढलान पर है- सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, सभी फार्मेट में। और बेचारे रविचंद्रन अश्विन तो सेलेक्शन के तौर तरीकों से ऊबकर सारे फार्मेट से सन्यास घोषित कर चुके हैं। उन्होंने भी आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था- ये दोनों तो खेल ही रहे हैं और अश्विन टेस्ट के स्पेशलिस्ट होकर बीस ओवर वाले क्रिकेट में धुना रहे हैं।

आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट है लेकिन इन सबको विज्ञापनों की भारी कमाई भी हो रही है। एक-एक विज्ञापन करने का रेट भी अच्छा है-अभी धोनी भी अच्छे अच्छों को टक्कर दे रहे हैं। सिर्फ क्रिकेटरों को ही नहीं, दूसरे स्टार खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों को भी। ऐसे में इंस्टाग्राम पर 27 करोड़ से ज्यादा और सोशल मीडिया पर लगभग सात करोड़ फालोअर रखने वाले कोहली अगर हर विज्ञापन करने का प्रति वर्ष दस करोड़ रुपए तक लेते हैं तो वह किसी को नहीं अखरता। उनके पास करीब चालीस ब्रांड हैं। माही भी जमाने तक सबसे बड़ा ब्रांड से और उनका रेट सबसे ऊपर था-संभवत: बाद के दिनों वाले सचिन तेंडुलकर से भी ज्यादा।

अब इन खिलाड़ियों को ही नहीं रणजी तक खेलने वाले हर क्रिकेटर को आजकल ठीक ठाक पैसे मिलने लगे हैं- सेंट्रल कान्ट्रैक्ट मिल जाए या आईपीएल की बोली में लाटरी लग जाए तो बल्ले-बल्ले। टेस्ट और वन डे का रेट भी काफी है। दो-चार बार भी 'देश की सेवा' अर्थात देश की टीम में शामिल होने का अवसर मिल जाए तो रिंकू सिंह का ही नहीं किसी भी कमजोर पृष्ठभूमि वाले लड़के का नसीब ही बदल जाता है। माही और बुमराह जैसा लंबा चल गए तो क्या पूछना। सबसे बड़ी बात यह है कि आज साल में जितना क्रिकेट होने लगा है उसमें खिलाड़ी जान की अर्थात शरीर और थकान की परवाह नहीं करके खेलते ही जाते हैं। इंजरी छुपाते हैं और क्रिकेट प्रशासकों पर ऐसे खिलाड़ियों के पूरा फिट होने का इंतजार करने का दबाव रहता है। टीम में चुने जाने की मारामारी जरूर बढ़ी है लेकिन कमाई के आगे किसी को भी खिलाड़ी के थकान और स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। खुद खिलाड़ियों को भी नहीं है तो बाजार और दर्शक को क्यों होगी। जब साल की कमाई सौ से लेकर दो हजार करोड़ रुपए की होने लगे तो कौन अपना कैरियर लंबा नहीं खींचना चाहेगा। धोनी, कोहली, रोहित और अश्विन ही नहीं काफी सारे विदेशी खिलाड़ी भी अपनी पसंद के अनुसार का फार्मेट छोड़कर दूसरे फार्मेट से सन्यास ले रहे हैं। कहना न होगा कि इसमें सर्वाधिक नुकसान उसे टेस्ट फार्मेट का हो रहा। यही जिसे सभी फार्मेट में श्रेष्ठ और खिलाड़ी की असली प्रतिभा सामने लाना वाला माना जाता है।

विराट कोहली जैसे क्रिकेटरों को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने वन डे क्रिकेट, जिसे कभी पाजामा क्रिकेट भी कहा जाता था, से पिट रहे टेस्ट मैचों में जान लौटाई है। सचिन, धोनी, सौरव, कोहली और पुजारा हमारे ऐसे खिलाड़ी रहे हैं। आज ट्वेंटी ट्वेंटी से वन डे क्रिकेट को ही खतरा है और ट्रेंड देखेंगे तो पाएंगे कि हर फार्मेट छोड़कर खिलाड़ी इसी की तरफ भाग रहे हैं जबकि इस क्रिकेट को घटिया और बॉलिंग का दुश्मन बताया जा रहा है। इसमें भी आईपीएल दुनिया भर के क्रिकेटरों में लोकप्रिय हुआ है क्योंकि उसमें सबसे अधिक दाम मिलता है। दु-प्लेसी, ब्रावो, रसेल, सुनील नारायण समेत दर्जनों ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की टीम को छोड़ दिया है लेकिन आईपीएल को नहीं। और पाकिस्तान के क्रिकेटर यहां मौका न मिलने से सबसे ज्यादा कुढ़ते है। इतना ही नहीं यहां विज्ञापन में भी अनेक विदेशी खिलाड़ी आते हैं और उसी तरह उनका ब्रांड मूल्य भी है जैसा कि देशी खिलाड़ियों का- हालांकि कुल कमाई के मामले में देशी स्टार कहीं आगे हैं।

कोहली के साथ सिर्फ कैरियर लंबा खींचने और फिटनेस जैसा सवाल नहीं है। वे सबसे फिट खिलाड़ियों में रहे हैं और यो-यो टेस्ट की अनिवार्यता उनके कप्तान रहते ही बनी। कोहली बाजार का काम करने के साथ अपना बाजार भी बनाने के चक्कर में हैं और उनके मैनेजरों को लगता है कि अगर वे कुछेक साल और चले तथा धूम-धड़ाका करते रहे तो उनके अपने ब्रांड भी जम जाएंगे। फिर वह कमाई टिकाऊ और जीवन भर के लिए हो जाएगी। ऐसा प्रयास सचिन, माही और सौरव गांगुली समेत कई खिलाड़ियों ने  किया था लेकिन बहुत छोटे पैमाने पर। किंग कोहली यह काम भी किंग साइज ही चलाते हैं। उन्होंने स्पोर्टसवियर, रेस्तरां, प्लांट आधारित मांसाहार/फूड, काफी ब्रांड, स्वास्थ्य और फिटनेस कंपनी, जिम की शृंखला और फैशन का मंच तैयार किया है। पत्नी अनुष्का शर्मा का जुड़ाव तो इनसे है ही, यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने आगे इन पर ध्यान केंद्रित करने का मन बनाया है। वे बहुत विज्ञापन की जगह महंगे और कम विज्ञापन करना चाहते हैं। पुमा कंपनी से करार उन्होंने अपने ब्रांड स्थापित करने के लिए किए हैं। माना जाता है कि उनका ब्रांड मूल्य 1900 करोड़ रुपए का है। वे इसे घटाने देना नहीं चाहते। संन्यास का फैसला भी इस ब्रांड मूल्य को बचाने का ही है क्योंकि इधर वे टेस्ट में धूम धड़ाका नहीं कर पा रहे थे।



अरविन्द मोहन

**आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट।**

## आपके पत्र

### भारतीय समाज की विविधिता भी देश की ताकत

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए है। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते हैं बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है। वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है। क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दि तक भारत आक्रांत रहा है।

संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### एकालाप बनाम संवाद

*'मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जनता के साथ द्विपक्षीय संवाद तो निश्चित रूप से करना ही चाहिए। इसके आगे उन्हें यह देखने की आवश्यकता है कि प्रशासनतंत्र अपनी भूमिका का निर्वाह भलीभांति करता है या नहीं। हमारे देश में त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है। इसमें पंचायती राज संस्थाओं को भी अधिकार-सम्पन्न बनाने की बात कही गई है। इस पृष्ठभूमि में यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि बड़े नेता यदि कोई घोषणा करते हैं या आश्वासन देते हैं तो उससे पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों का हनन न हो। इसी तरह सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को व्यापक नीतिगत निर्णय तो लेना चाहिए, लेकिन जहां तक संभव हो व्यक्तिगत समस्याओं में उलझने से बचना चाहिए। मैं एक उदाहरण से बात साफ करना चाहूंगा। जब कभी कोई दुर्घटना होती है सरकार हताहतों के लिए मुआवजा घोषित करती है, लेकिन दुर्घटना के पीछे कारण क्या थे इस ओर से आंखें मूंद लेती है। यह इसलिए होता है क्योंकि नौकरशाही की दिलचस्पी मुख्यमंत्री को खुश करने में होती है न कि अपनी सामान्य जिम्मेदारी निर्वहन करने में। मैं समझता हूं कि इस पर आगे और बहस की आवश्यकता है।'*

**( देशबन्धु में 17 सितम्बर 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

### अंतर्मन में चलता देवासुर संग्राम

जीवन में अध्यात्मिक उत्कर्ष का अभीप्सु साधक किसी-न-किसी साधना पद्धति या धार्मिक कर्मकांड का सहारा लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ करता है और जीवन में स्थायी सुख-शांति के साथ कुछ विशेष चमत्कारभरी उपलब्धि की आश लगाए होता है।

लेकिन साधना के बढ़ते चरणों के साथ जब आंतरिक परिष्कार की प्रक्रिया गति पकड़ती है तो अंतर में जड़ जमाए, विकार असामान्य ढंग से उभरते थे, जिनके तुफानी उफान के बीच साधक विचलित हो उठता है और साथ ही बाह्य परिस्थितियाँ भी बद से बदतर होती प्रतीत होती हैं। ऐसे में आध्यात्मिक जीवन से जुड़े भाव कहीं हवा में तिरोहित होते दिखते हैं।

बाहर की परिस्थितियां तो किसी प्रकार सँभल भी जाएँ, लेकिन आंतरिक मन:स्थिति की विस्फोटक अवस्था को संभालना स्वयं में एक बड़ा कार्य बन जाता है। इस तरह एक साधक के जीवन में वास्तविक संघर्ष चित्त की गहराइयों में, अंत:करण के केंद्र में घटित हो रहा होता है।

बाहर से हम कितना ही सफल होने का दंभभर सकते हैं, बड़ी सफलता का अभिनय कर दुनिया की आँखों को चौंधिया सकते हैं, लेकिन अपने अंत:करण के निकटतम सत्य, प्रत्यक्ष दुर्दशा से नहीं बच सकते। अंतरात्मा हर दिन, प्रतिपल जीवन में चल रहे आंतरिक संघर्ष, युद्ध को साक्षीभाव से देख रही होती है। आखिर जन्म जन्मांतर के कर्मों का हिसाब-किताब, इसके जखीरे का परिशोधन साधक के अंतर्मन की गहराइयों में चल रहा होता है।

इन्हीं कारणों से व्यक्ति में देवत्व ईश्वरत्व को संभावनाओं के बावजूद पाशविक एवं आसूरी संभावनाएं भी विद्यमान रहती हैं। जब स्वार्थ अहं स्वयं या परिवार तक सीमित हो जाए तो पशुवत आचरण में जीवन का दायरा सिमटा रहता है। जब मन:स्थिति और गिर जाती है, विवेक बुद्धि विपर्यय दोष से ग्रस्त हो जाते हैं तो अवांछनीय कर्म बनते हैं तथा व्यक्ति को आसुर एवं पैशाचिक कृत्यों में संलिप्त देखा जा सकता है। नर पशु, नर पिशाथ जैसे संबोधन इन्हीं भाव दशाओं में इनसान के साथ जोड़े जाते हैं, जिनमें वह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा होता है और परिवेश को भी दुषित एवं आतंकित कर रहा होता है।

ऐसे में व्यक्ति मानव जीवन के महान उद्देश्य से भटक जाता है और दुर्गति को प्राप्त होता है।  श्रीमदभगवद् गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि ऐसे आसुरी संपदा वालों को मैं बार-बार असुर योनि में डालता हूँ। दु:ख, अशांति, क्लेश कलह ही उनकी नियति होती है और वे नारकीय जीवन के लिए विवश होते हैं, लेकिन यदि जीवात्मा चेते, तो यही गीता पापी से भी पापी जीवात्मा के लिए भी उद्धार की बात करती है, उसके कल्याण का आश्वासन देती है।

प्रश्न एक ही है कि हम किसके पक्ष में खड़े हैं। अंदर चल रहे देवासुर संग्राम में पशुता असुरता के पक्षधर समर्थक हैं या देवत्व के। आंतरिक महाभारत में हम पांडवों के पक्ष में है या कौरवों के। यदि देवत्व के पक्ष में है, तो फिर एक ही मार्ग शेष बचता है कि साहस के साथ जीवन का सामना करें।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## इजराइली रक्षा बलों ने की खान यूनिस में हमास पर हमले का दावा

**यरूशलम,** 13 मई (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने खान यूनिस शहर में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास पर हमला करने का दावा किया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने खान यूनिस के नासिर अस्पताल में स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में काम कर रहे महत्वपूर्ण हमास आतंकवादियों पर सटीक हमला किया। इस परिसर का उपयोग आतंकवादी इजरायली नागरिकों एवं आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए कर रहे थे। इज़रायली सेना के अनुसार, हमले से पहले नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने की दिशा में कदम उठाए गए थे।

# अमेरिका ने की ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा

## परमाणु हथियारों के अनुसंधानव विकास के लिए एसपीएनडी की क्षमता कम करना है कार्रवाई का उद्देश्य

**वाशिंगटन,** 13 मई (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के तीन नागरिकों और एक इकाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह इकाई तेहरान के रक्षात्मक नवाचार और अनुसंधान संगठन से जुड़ी है। फारसी में इसे एसपीएनडी के नाम से जाना जाता है। एसपीएनडी ईरान के 2004 से पहले के परमाणु हथियार कार्यक्रम का प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी है। इसे अमाद परियोजना के रूप में भी जाना जाता है।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जिन व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया है वे सभी ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार में भौतिक रूप से योगदान करते हैं। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का पर्याप्त विस्तार करना जारी रखता है और परमाणु हथियारों और परमाणु हथियार वितरण प्रणालियों पर लागू दोहरे उपयोग वाले अनुसंधान और विकास गतिविधियों को अंजाम देता है। ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं है, लेकिन फिर भी वह 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। वह विदेशी कंपनियों से दोहरे इस्तेमाल वाली चीजें खरीदने के लिए नकली कंपनियों और एजेंटों का इस्तेमाल करके अपने प्रयासों को छिपा रहा है। बयान में आगे कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की कार्रवाई का उद्देश्य परमाणु हथियारों के अनुसंधान और विकास के लिए एसपीएनडी की क्षमता कम करना है। आज की कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार प्राप्त न कर सके। अमेरिकी विदेश मंत्री का यह बयान रविवार को अमेरिका और ईरान द्वारा ओमान की राजधानी मस्कट में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के चौथे दौर के समापन के बाद आया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने एक्स पर लिखा कि ईरान-अमेरिका की अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर संपन्न हुआ, एक-दूसरे की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और मतभेदों को दूर करने के लिए उचित और यथार्थवादी तरीके खोजने के लिए कठिन लेकिन उपयोगी वार्ता। अगले दौर का समन्वय और घोषणा ओमान के द्वारा की जाएगी। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए ओमान में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता बहुत अधिक गंभीर और स्पष्ट हो गई है।

## ईरानी व मिस्र के विदेश मंत्रियों ने की क्षेत्रीय घटनाक्रम पर चर्चा



**तेहरान/काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती के साथ फोन पर बातचीत की और ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों की नवीनतम स्थिति और कई क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि बातचीत के दौरान अराघची ने अब्देलती को ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के चौथे दौर की जानकारी दी, जो रविवार को ओमानी राजधानी मस्कट में आयोजित हुई और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर केंद्रित थी। यह ईरान-अमेरिका के बीच नवीनतम दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता है। यह वार्ता ओमान की मध्यस्थता में पिछले तीन सत्रों के बाद हुई है। इससे पहले दो वार्ता मस्कट में 12 और 26 अप्रैल को तथा एक इटली के रोम में 19 अप्रैल को हुई थी। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार अब्देलती ने अपनी ओर से चल रही परमाणु वार्ता के लिए मिस्र के समर्थन की पुष्टि की तथा उम्मीद जताई कि यह वार्ता दोनों पक्षों के बीच तनाव कम करने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने में योगदान देगी।

## गाजा में नाकाबंदी के कारण 57 बच्चों की भूख से मौत : डब्ल्यूएचओ



■ लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही गाजा की 21 लाख आबादी

**गाजा सिटी,** 13 मई (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भूखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है।

डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नहीं बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है।

## सुडोकू 6912

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 14 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। अपने छिपे हुए शत्रुओं से संभलकर रहें। ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में आज आपकी रुचि रहेगी। यात्रा प्रवास टालें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा।

मिथुन - अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

कर्क - आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे।

सिंह - आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना उचित होगा।

वृश्चिक - आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

धनु - आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मनदु-ख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा।

मकर - आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

कुंभ - सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी- धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

मीन - आज के दिन की शुरुआत भय से होगी। शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी काम पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1610 –फ्रांस में हेनरी चौथे की हत्या और लुइस तेरहवें फ्रांस की गद्दी पर बैठे।
1702 –इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस और स्पेन के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1811 –पराग्वे स्पेन से मुक्त हुआ।
1878 –पहली बार वैसलीन ब्रांड नाम का रॉबर्ट ए चेसब्राफ ने पंजीकरण करवाया।
1879 –थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े।
1944 –ब्रिटिश सैनिकों ने कोहिमा पर कब्जा किया।
1948 –इस्राइल ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
1955 –वारसा संधि पर हस्ताक्षर। सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप के उसके सहयोगी देशों ने पोलैंड की राजधानी वारसा में इस संधि पर हस्ताक्षर किए। इसके जरिए सदस्य देशों के बीच आर्थिक, सैनिक और सांस्कृतिक संबंधों के विकास पर सहमति बनी।
1963 –कुवैत संयुक्त राष्ट्र का 111 वां सदस्य बना।
1973 –अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के समान अधिकार को मंजूरी दी।
1984 –फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग का जन्म।
1991 –दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद विरोधी नेता नेल्सन मंडेला की पत्नी विनी मंडेला को चार युवकों के अपहरण के मामले में छह साल की सज़ा सुनाई गई।
1992 –भारत ने लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया ।
2012 –इस्राइल की जेलों में बंद 1500 फलस्तीनी कैदी भूख हड़ताल समाप्त करने पर सहमत हुए।
2013 –ब्राजील समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला 15वां देश बना।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केन्द्रीय मंत्री ने ...

उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि डबल इंजन की सरकार बनी तो सबको पक्के मकान बनाकर देंगे, हमारी सरकार बनते ही हमने अपना वादा निभाया। छत्तीसगढ़ में जो पात्र हितग्राही थे सबके आवास अब स्वीकृत हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है। हमारा संकल्प विकसित भारत के निर्माण का है। विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा। उन्होंने लखपति दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन लाख लखपति दीदी बनीं हैं। आने वाले समय में 4 लाख लखपति दीदी बनाएंगे। महिला स्व-सहायता से जुड़ी हर दीदी को लखपति बनाएंगे। गांव के हर एक गरीब को रोजगार से जोड़कर उसकी आमदनी बढ़ाएंगे।

खेती को बनाएंगे फायदे का धंधा-

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि खेती को फायदे का धंधा बनाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की फसल 3100 रुपए प्रति चिंटल के भाव से खरीद रहे हैं। किसानों की आय को बढ़ा रहे हैं। मेरे पास 16000 से अधिक कृषि वैज्ञानिक है। 29 मई से 12 जून तक कृषि वैज्ञानिक गांवों में आएंगे और 15 से 20 गांवों के किसी सेंटर पर किसानों के साथ बैठकर कृषि को फायदे का धंधा बनाने के लिए चर्चा करेंगे। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाए, वे आपके बीच जाएंगे, आपकी समस्या को सुनेंगे, आपके खेत को देखेंगे, मिट्टी-मिट्टी का परीक्षण करेंगे कि खेत किस प्रकार की फसल के लिए उपयुक्त है। खरीफ फसलों की तैयारी के लिए सुझाव देंगे। खेती के साथ पशुपालन, उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज जिन 51000 हितग्राही को अपने घर का चाबी मिल रही है उन सभी को शुभकामनाएं। इसके साथ आपको बिजली, पानी सभी सुविधा मिलेगी। एक साथ कई सुविधा दे रहे हैं ताकि आपके जीवन में कोई भी अभाव ना रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सल प्रभावित जिले में 15 हजार आवास की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लेबर बजट बढ़ा दिया जाएगा। घर बनाने के लिए हितग्राहियों को 90 दिन की मजदूरी भी दी जाती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और वीरता को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत अब सहने वाला नहीं, जवाब देने वाला राष्ट्र बन चुका है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए विशेष कर सरगुजा संभाग के लिए सौभाग्य का दिन है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास देने वाले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ की पावन भूमि में पधारे है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार बनते ही 14 दिसम्बर की पहली कैबिनेट बैठक में हमने पहला काम 18 लाख आवास की स्वीकृति देने का किया।

**पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराएंगे आवास-**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अभी आवास प्लस-प्लस का सर्वे चल रहा है। सब से आग्रह है कि 15 मई तक सर्वेक्षण में अपना नाम जुड़वा लें। इस बार आवास के लिए पात्रता में कई छूट दी गई हैं। जिनके पास पांच एकड़ असिंचित जमीन या ढाई एकड़ सिंचित जमीन है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपए तक है, जिनके पास मोटर सायकल हैं उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए पात्र माना गया है।

आम जनता की समस्या के समाधान के लिए प्रदेश में चल रहा है सुशासन तिहार- मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए 3 चरणों में सुशासन तिहार चल रहा है। पहले चरण में लोगों से आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में उनका समाधान किया गया और तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं और मंत्रिगण समाधान शिविर में शामिल हो रहे हैं। विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है और समीक्षा बैठक आयोजित किया जा रहा है। अभी तक मैं 11 जिले का दौरा कर चुका हूं । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर लिया है। रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन करा रहे हैं। तीर्थदर्शन योजना पुन: प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले 6 महीने में 5 हजार पंचायतों में इनकी स्थापना की जाएगी और जल्द ही सभी पंचायतों में इन सुविधा केन्द्रों की स्थापना होगी। इन केन्द्रों में हितग्राही महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं की राशि का आहरण कर सकेंगे और आय, जाति प्रमाण पत्र आदि बनवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि के पंजीयन में अनेक रिफॉर्म किए गए हैं। अब रजिस्ट्री करते ही नामांतरण का काम हो जाएगा ये बहुत बड़ा रिफॉर्म है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने देश भर के कई आवासहीन परिवारों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है बेघर परिवारों को इस योजना के माध्यम से मिल रहे पक्के मकान ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थाई आवास भी प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं, उनके सपनों को फलीभूत करते हुए आज के दिन गृह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में किया जा रहा है।

### हाईकोर्ट की डबल बेंच ने ...

कर दिया गया। सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ बैंक प्रबंधन ने डिवीजन बेंच में अपील की थी। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने फैसला देते हुए सभी बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करने के सिंगल बेंच के फैसले को निरस्त कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता यानी बैंक प्रबंधन को यह निर्देश दिया कि जिन कर्मचारियों ने भी अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी है, उनका पक्ष जाना जाये और उसके बाद ही उनकी बर्खास्तगी को लेकर कोई फैसला किया जाये। कोर्ट ने इसके लिए प्रबंधन को 3 माह का समय दिया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बिलासपुर में भाजपा नेता देवेंद्र पांडेय के अध्यक्षीय कार्यकाल में 2016 में 106 कर्मचारियों की भर्ती की गई थी। इस भर्ती के लिए एक एजेंसी के जरिये उम्मीदवारों की परीक्षा ली गई और फिर इंटरव्यू के बाद नियुक्तियां दी गई। भर्तियों में गड़बड़ी की शिकायत होने के बाद तत्कालीन सीईओ और कलेक्टर ने नियुक्त किया गए सभी लोगों को बर्खास्त कर दिया था। बताया जाता है कि इन भर्तियों के लिए विधिवत ढंग से अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं कई लोग परीक्षा में नहीं बैठे और उन्हें भी नौकरी दे दी गई। इंटरव्यू कमेटी में बैंक प्रबंधन ने अपने ही अपात्र कर्मचारियों को शामिल कर लिया था। इंटरव्यू के नंबर भी काफी ऊपर-नीचे थे। इसके अलावा कई अनेक गड़बड़ियां उजागर हुई थीं। जिसे देखते हुए यह भर्ती ही निरस्त कर दी गई थी।

### हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान...

गई है। बता दें कि नदी किनारे अतिक्रमण की शिकायत पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान नदी घाट पर झारखंड के खनन माफिया को अवैध रेत खनन करते देख रोकने का प्रयास किया गया। इस पर झारखंडी खनन माफिया ने टीम पर ही हमला कर दिया। रेत माफियाओं ने आरक्षक को ही ट्रैक्टर से कुचल दिया, जिससे आरक्षक शिव भजन सिंह की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते के बाद आईजी और एसपी वैभव बैंकर ने मौके पर पहुंचे थे।

मामले में टीआई सस्पेंड-इस पूरे मामले में आईजी दीपक झा ने थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया है। आदेश में लिखा कि वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए आधी रात को टीआई अपर्याप्त बल लेकर अवैध रेत खनन रोकने गए थे, जहां खनन माफिया ने घटना को अंजाम दिया।

### तलाक के बाद भी ...

विवाद शुरू हो गया, जिसके चलते मामला फैमिली कोर्ट पहुंच गया। फैमिली कोर्ट ने 9 मई 2024 को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत पेश परिवाद को स्वीकार करते हुए तलाक की अर्जी मंजूर की थी। इस फैसले के खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। यह मामला हाईकोर्ट में चल रहा था। हाईकोर्ट अपील की सुनवाई के दौरान ही पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद सुलझा लिया। 28 अप्रैल 2025 को गवाहों की उपस्थिति में एग्रीमेंट का दस्तावेज तैयार किया गया। इसे 1 मई 2025 को हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2025 के समझौते को दर्ज करते हुए अपील स्वीकार की, जिसके बाद फैमिली कोर्ट के 9 मई 2024 के आदेश और डिक्री को रद्द कर दी। साथ ही स्पष्ट किया कि पति-पत्नी को समझौते की शर्तों को मानना होगा। एग्रीमेंट तोड़ने पर दोनों में से कोई भी दोबारा कोर्ट आ सकते हैं।

### सीबीएसई में लड़कियों ने ...

में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है।

### नक्सल ऑपरेशन पर ...

झूठ है। लेकिन पता चला कि बीजापुर ज़िला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए पहुँचे हैं। बीजापुर की स्थानीय मीडिया, बस्तर की मीडिया और प्रदेश की भी मीडिया को अस्पताल में नहीं जाने दिया गया। चारों ओर सवाल उठे, शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम में निम्न रिलीज़ जारी की गई+

बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं।

बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत विगत दिनो में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में बरामद नक्सलियों के शवों में से अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।पहचाने गए 20 नक्सलियों के शवों में से 11 शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

मुठभेड़ में बरामद शेष 11 नक्सलियों के शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उनके शव भी परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

इस प्रेस रिलीज़ में भी विरोधाभास है।अगर 20 की पहचान कर ली गई है तो सिर्फ़ 11 क्यों सौंपे गये? ?अगर 20 की पहचान हो गई तो 11 की पहचान की प्रक्रिया कैसे जारी हो सकती है?

भूपेश बघेल ने सवाल किया कि - क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है? अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं?

अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? ?जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं?

जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और मृतकों से उनका क्या क्या रिश्ता है? ?कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

## वर्ग पहेली 6912



**बायें से दायें:-**

१. छ: माह में होने वाला छैमाही
४. असंगत, बेमेल, संबंधगीन
६. एक प्रकार का नेत्र रोग जिसमें रोगी को रात में कुछ दिखाई नहीं देता
७. अपराध, दोष, कसूर (उर्दू)
८. श्रेष्ठ नर्तक , शिव
१०. बिचौलिया, बीच में स्थित
११. डरावना
१३. घृणा, उत्न्न करने वाला, घिनौना साहित्य में प्रयुक्त एक रस
१४ साधुओं का भोज
१५. मधुर ध्वनि, पक्षियोंके चहचहाने की आवाज
१७. नवीन, नवल
१९. स्वर्ण, धतूरा
२१. वृद्धि होना
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. छ: माह का समय जिसमें उर्ध्व रेखा दक्षिण की ओर रहता है

**ऊपर से नीचे:-**

१. दोष. ऐब, बुराई
२. बायें हाथ से काम करने वाला
३. कमल जैसे सुंदर हाथ
४. मातहत
५. बधिर
९. किसी के जन्मदिन पर मनाने वाला समारोह
११. ना काम
१२. कमल
१३. उजाड़, जन शून्य (उर्दू)
१४. भंग करना, तोड़ना नाश, क्षय
१५. हाथ जोड़ कर या हाथ बांधे हुए
१६. युद्ध में होने वाली आवाज
१८. मांगने वाला, प्रार्थी
१९. दया, अनुकंपा
२०. मुश्किल
२३. अनेक, विविध

### वर्ग पहेली-6911



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### बच्चों को दर्द निवारक दवाओं की ओवरडोज से बचाएंगे स्मार्ट सेंसर

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के शोधकर्ताओं ने एक 'स्मार्ट' लेक्टेशन सेंसर विकसित किया है। ये स्मार्ट सेंसर शिशुओं को आम दर्द निवारक एसिटामिनोफेन के अत्यधिक संपर्क से बचाने के लिए खास हैं। एसिटामिनोफेन को आमतौर पर प्रसव के बाद दर्द प्रबंधन के लिए उपयोग में लाया जाता है।

बच्चों को सीधे दवा देने के अलावा मां के दूध से भी दवा मिलने की आशंका बनी रहती है, जिससे दवा के ओवरडोज का जोखिम बन सकता है। यह दवा बच्चों में लिवर फेलियर का प्रमुख कारण है और अमेरिका में लिवर प्रत्यारोपण का सबसे आम कारण है। एसिटामिनोफेन सेंसर को एक साधारण नर्सिंग पैड में शामिल किया जाता है। यह स्तन के दूध में एसिटामिनोफेन का पता लगाता है। विश्वविद्यालय के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर मारल मौसवी ने कहा कि स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण संबंधी कमियों, स्तन-ऊतक संक्रमण - मास्टिटिस विकसित होने के जोखिम और उनके दूध के माध्यम से दवाओं और अन्य पदार्थों के संभावित हस्तांतरण सहित बहुत सारी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# खेल जगत



## ड्रेपर ने वापसी करते हुए मौटेट को हराया

**रोम।** विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने मंगलवार को इंटरनैजियोनाली बीएनएल डी इटालिया 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोरेंटिन मौटेट को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। उनकी जीत से इस साल का उनका तीसरा मुकाबला स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। दोनों ने पिछले दो मुकाबलों में बराबरी का प्रदर्शन किया था। होल्गर रूण के साथ अपने मैराथन मैच के बाद, मौटेट ड्रेपर के खिलाफ कोर्ट में उतरे और शुरू से ही अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला, शायद उन्हें पता था कि उनकी ऊर्जा तीन सेट तक नहीं टिकेगी। उनके शानदार खेल ने पहले आधे घंटे तक ब्रिटिश खिलाड़ी को पूरी तरह से जवाब देने से रोक दिया, लेकिन ड्रेपर ने धीरे-धीरे वापसी का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया।

# आईपीएल के बाकी मैच बेंगलुरु, दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, मुंबई व अहमदाबाद में होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ 17 मई से शुरू होंगे आईपीएल के मुकाबले, फाइनल 3 जून को होगा

■ गुजरात के लिए अच्छी खबर बटलर व कोइत्जी बुधवार को टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली,** 13 मई (देशबन्धु)। आईपीएल 2025 भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर तनाव के चलते 9 मई को स्थगित किए जाने के बाद अब संशोधित कार्यक्रम के तहत आगे 17 मई से 3 जून तक होगी। आईपीएल 2025 के नए कार्यक्रम की घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार रात को की और इसके बाकी मैच छह स्थानों : बेंगलुरु, जयपुर ,दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

प्ले ऑफ के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी और क्वालीफायर 1, 29 मई को एलिमिनेटर 30 मई को, क्वालीफायर 2, 1 जून को तथा फाइनल 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल के संशोधित कार्यक्रम के तहत बाकी 13 लीग मैच और चार प्ले ऑफ सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे और इसमें दो डबल हेडर होंगे और दोनों रविवार को खेले जाएगे। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 8 मई को धर्मशाला में बीच में समाप्त किया गया मैच अब दोबारा 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक फाइनल और 11 जून को लॉडर्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले फाइनल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में सात दिन का अंतर है। आईपीएल अब दोबारा आगे 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बेंगलुरु में मैच से शुरू होगा। दो डबल हेडर में 18 मई को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स दोपहर बाद साढ़े तीन बजे और गुजरात टाइटंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स से शाम साढ़े सात बजे भिड़ेगी अगले रविवार यानी 25 मई को गुजरात टाइटंस की टीम सीएसके से दोपहर बाद अहमदाबाद में भिड़ेगी जबकि इसी दिन रात को एसआरएच रात को केकेआर से दिल्ली में भिड़ेगी। अंतिम लीग मैच लखनऊ सक्षपर जायंटस और आरसीबी के बीच 27 मई को लखनऊ में होगा।

फिलहाल गुजरात टाइटंस आईपीएल 2025 में अंक तालिका में 16 अंकों के साथ शीर्ष पर है और प्ले ऑफ से मात्र एक कदम दूर है। गुजरात टाइटंस के लिए अच्छी खबर है मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने में 11 पारियों में 500 रन बना चुके पिछले हफ्ते स्वदेश लौट चुके जोस बटलर और उसके दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइत्जी बुधवार यानी आज अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ जाएगा। गुजरात टाइटंस के लिए यही दोनों खिलाड़ी सरहद पर तनाव के बाद अपने अपने घर लौट गए थे। वहीं पंजाब किंग्स के ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी जरूर स्वदेश लौट गए थे लेकिन चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग, ब्रैड हैडिन व जेम्स होप्स सहित उसका कोचिंग स्टाफ भारत में ही रहा था। अब पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलिया के जेवियर बार्टलेट, अजमत उल्लाह उमर जई व मिचेल ओवन ने इस बात की पुष्टि की वे आईपीएल के फिर शुरू होने पर लौट कर अपनी टीम से जुट जाएरुगे। जयपुर अब पंजाब किंग्स का नया अस्थाई बेस है और वह वहां बृहस्पतिवार से ट्रेनिंग शुरू कर रहा है। गुजरात टाइटंस की टीम 11 मैचों में 16 अंकों के बावजूद अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते आरसीबी फिलहाल दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ से मात्र एक जीत दूर है।

यदि अन्य नतीजे आरसीबी के हक में रहे तो वह 16 अंकों के साथ भी प्ले ऑफ में पहुंच चुके हैं। गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अभी भी 20 या इससे ज्यादा अंकों के साथ समाप्त कर सकती है। पंजाब किंग्स यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो वह 21 अंकों के साथ अपना लीग का अभियान खत्म कर सकती है। फिलहाल 12 मैचों में एक मैच के बेनतीजा रहने और छह जीत व पांच हार के साथ केकेआर फिलहाल छठे स्थान पर है और यदि वह अपने बाकी मैच जीतती है तो वह अधिकतम 15 अंक ही पा सकती है और उसकी चौथे स्थान पर रह कर प्लेऑफ की उम्मीदें बाकी है। केकेआर अपने मुल्क वापस लौट चुके विदेशी खिलाड़ियों के बुधवार रात या बृहस्पतिवार सुबह अपने आरसीबी के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले सबसे अहम मैच से पहले बेंगलुरु पहुंचने की उम्मीद है। केकेआर के वेस्टइंडीज के सुनील नारायण, आंद्रे रसेल व रॉमैन पावेल तथा टीम के मेंटर डेवन ब्रावो फिलहाल दुबई में हैं और इनके भी जल्द वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद है। वहीं आंद्रे नोकिया मालदीव में हैं जल्द केकेआर से जुड़ सकते हैं।

## रोहित और विराट का वनडे विश्वकप 2027 खेलना मुश्किल : सुनील गावस्कर



■ रोहित को आईपीएल में लगभग हर मैच में फिटनेस की वजह से ही उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलना पड़ता है

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने टी20 के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे क्रिकेट ही खेलते नजर आएंगे। लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि रोहित-विराट अगले वनडे विश्व का हिस्सा होंगे, जो 2027 में साउथ अफ्रीका में खेला जाना है। सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि भारत के दोनों सीनियर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि सब कुछ चयनकर्ताओं की उस सोच पर निर्भर करता है कि रोहित और विराट टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं। सुनील गावस्कर ने एक मीडिया प्लेटफॉर्म पर बातचीत में कहा कि रोहित और विराट वनडे फॉर्मेट के बेहतरीन परफॉर्मर रहे हैं। लेकिन चयनकर्ता अब 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम तैयार करेंगे। वे देखेंगे कि क्या ये दोनों अगले विश्व कप तक टीम में रह सकते हैं। क्या दोनों टीम के लिए तब भी अपना वही योगदान दे पाएंगे जो अभी दे रहे हैं। यह चयनकर्ताओं के लिए भी बेहद मुश्किल प्रक्रिया होगी। हालांकि अगर चयनकर्ताओं को लगता है तो दोनों निश्चित रूप से खेल सकते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि मैं बहुत ईमानदारी से कहूं तो मौजूदा फॉर्म के मुताबिक मुझे नहीं लगता कि रोहित और विराट वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। लेकिन अगर अगले 2 साल में उनका फॉर्म अच्छा रहा और वे शतक पर शतक बनाते गए तो फिर भगवान भी उन्हें ड्रॉप नहीं कर सकते।

## भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में नंबर चार का जवाब तुरंत नहीं मिलेगा : पुजारा



**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ने भारत के सामने एक अहम सवाल खड़ा कर दिया है अगला नंबर 4 कौन होगा? और चेतेश्वर पुजारा के अनुसार, इस सवाल का जवाब तुरंत नहीं मिलेगा। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि हमें यह समझने के लिए दो-तीन सीरीज की जरूरत होगी कि नंबर 4 पर कौन सबसे ज्यादा उपयुक्त है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पोजीशन है। आपके सबसे अच्छे बल्लेबाज को नंबर 4 पर होना चाहिए। और इस समय यह अभी भी एक ऐसी जगह है जहां टीम मैनेजमेंट को तय करना होगा कि सबसे उपयुक्त खिलाड़ी कौन है। पिछले एक दशक से भारतीय टीम इस समस्या का सामना नहीं कर रही थी। सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद भारत ने 115 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 99 में कोहली ने नंबर 4 पर बल्लेबाजी की; इसके बाद सबसे ज्यादा बार अजिंक्य रहाणे ने (9 बार) इस पोजीशन पर बल्लेबाजी की है। 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत ने नंबर 4 पर चार बल्लेबाजों को आजमायाव केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार (दो टेस्ट में) और देवदत्त पड़िक्कल।

# कोहली के संन्यास से इंग्लैंड को बड़ा फायदा होगा : मोईन





यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। विराट एक अग्रणी व्यक्ति थे, टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा इस प्रारूप को आगे बढ़ाया : मोईन अली

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना इस प्रारूप के लिए एक 'बड़ा झटका' है, उन्होंने भारतीय महान खिलाड़ी को एक 'अग्रणी' बताया, जिनके जुनून और करिश्मे ने प्रशंसकों को स्टेडियम में वैसे ही खींचा, जैसे कभी सचिन तेंदुलकर आते थे। भारत 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की कड़ी चुनौती के लिए तैयार है, मोईन ने स्वीकार किया कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति मेहमानों के लिए एक बड़ा झटका है - और मेजबानों के लिए समय पर एक फायदा है। मोईन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। विराट एक अग्रणी व्यक्ति थे, टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने हमेशा इस प्रारूप को आगे बढ़ाया। उन्होंने खेल के लिए बहुत कुछ किया है, खासकर भारत में। मुझे लगता है कि सचिन के बाद, वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें देखने के लिए हर कोई आता था। उन्होंने स्टेडियम भर दिए। कोहली की तीव्रता और नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए, मोईन ने कहा कि उनका रिकॉर्ड शानदार था, वे देखने में शानदार खिलाड़ी थे - बहुत प्रतिस्पर्धी और शानदार कप्तान। जिस शैली से उन्होंने खेला, उसने कई लोगों को प्रेरित किया। यह न केवल भारत के लिए, बल्कि खेल के लिए भी एक बड़ा झटका है। भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान कोहली ने इस सप्ताह की शुरुआत में रोहित शर्मा के साथ संन्यास ले लिया, जिससे 2025-27 ढ्ष्टष्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने वाली एक महत्वपूर्ण श्रृंखला से ठीक पहले नेतृत्व और अनुभव की कमी हो गई। मोईन, जो खुद 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखते हैं, ने यह कहने में संकोच नहीं किया कि भारत के दो सबसे वरिष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों की अनुपस्थिति से इंग्लैंड को बहुत फायदा होगा।

## बुमराह भारत की टेस्ट कप्तानी के हकदार हैं : अश्विन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से भारत की टेस्ट टीम में नेतृत्व का बड़ा खालीपन बन गया है और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के लिए एक योग्य उम्मीदवार हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब शो 'ऐश की बात' में कहा कि मुझे अंदाजा नहीं था कि दोनों (रोहित और कोहली) साथ में संन्यास लेंगे। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक कठिन समय होगा और यह सच में अब गौतम गंभीर युग की शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि जो टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी, वह पूरी तरह से नई और बदली हुई होगी, जहां शायद बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। वह निश्चित रूप से कप्तान बनने के विकल्पों में हैं। मुझे लगता है कि वह इसके हकदार हैं, लेकिन चयनकर्ता उनके फिटनेस के आधार पर इसका निर्णय लेंगे। कोहली और रोहित के संन्यास से नेतृत्व में जरूर खालीपन आएगा। अनुभव खरीदा नहीं जा सकता, विराट की ऊर्जा और रोहित का संतुलन टेस्ट क्रिकेट में बहुत याद आएगा। शुभमन गिल को रोहित के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि बुमराह इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे तक उपकप्तान थे। वह पर्थ टेस्ट में अंतरिम कप्तान थे और सिडनी के पांचवें टेस्ट में जब रोहित मैच से हटे थे, तब भी उन्होंने टीम का नेतृत्व किया था। बुमराह को पूर्णकालिक कप्तान बनाए जाने पर उनकी चोटों को लेकर चिंताएं रही हैं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी



■ 25 मई से 2 जून तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के रोमांचक दौरे पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां वह 25 मई से 2 जून (आईएसटी के अनुसार) तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीम अर्जेंटीना के रोसारियो की यात्रा करेगी, जहां वह अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली के खिलाफ छह दोस्ताना मैच खेलेगी।

टूर्नामेंट 25 मई से शुरू होगा, जिसमें भारत 25 और 26 मई को क्रमशः चिली और उरुग्वे के खिलाफ लगातार मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद, वे 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से भिड़ेंगे। मैत्रीपूर्ण मैचों के महत्व के बारे में बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि हम इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, और चूंकि रोसारियो का दौरा चार देशों का टूर्नामेंट है, इसलिए हम विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य जितना संभव हो उतना अनुभव हासिल करना और पिछले प्रदर्शनों के आधार पर यह आकलन करना है कि हम कहां खड़े हैं, ताकि यह समझ सकें कि हमने कितना सुधार किया है। विपक्षी टीमों के बारे में पूछे जाने पर खांडेकर ने कहा कि जब भी आप कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं - चाहे वह दौरा हो, द्विपक्षीय सीरीज हो, टेस्ट मैच हो या टूर्नामेंट हो - आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। इसलिए, हमारा उद्देश्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना और अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करना होता है, चाहे प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो।

## गुरुवार तक केकेआर टीम से जुड़ जाएंगे रसेल, नारायण और अन्य विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अधिकतर विदेशी खिलाड़ी बुधवार रात और गुरुवार सुबह के बीच बेंगलुरू में टीम से जुड़ जाएंगे, जहां पर 17 मई को उनका मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से होगा। केकेआर के कैरेबियन खिलाड़ी सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रोवमन पॉवेल और टीम मेंटॉर ड्वेन ब्रावो फिलहाल दुबई में हैं। वहीं केकेआर के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज काबुल में हैं। वह दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों से जुड़ेंगे और फिर भारत के लिए उड़ान भरेंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिख नॉर्खिए मालदीव से सीधे बेंगलुरू पहुंचेंगे और टीम से जुड़ेंगे ऑलराउंडर मोईन अली और तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन इस समय क्रमश: अपने देश इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में हैं और उनकी उपलब्धता को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि संकेत हैं कि वे भी लौट सकते हैं।

## ईशप्रीत चड्ढा ने बॉल्कलाइन फाइनल में पंकज आडवाणी को हराकर जीता खिताब

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। कई घंटों की चिंता और उम्मीद के बाद, क्यू स्पोर्ट में भारत के उभरते सितारे ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने रविवार को यहां एनएससीआई डोम में 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले एनएससीआई बॉल्कलाइन 4.0 अखिल भारतीय स्नूकर टूर्नामेंट के फाइनल में पंकज आडवाणी के खिलाफ मनोवैज्ञानिक और करियर को आगे बढ़ाने वाली 10-7 फ्रेम की जीत दर्ज की। पेशेवर स्नूकर में लगभग 53 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रखने वाले चड्ढा और आडवाणी नौ घंटे तक चले मैच (अंतराल के साथ) में लगभग बराबरी पर थे, लेकिन अंत में चड्ढा ने 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। आडवाणी को 2.5 लाख रुपये मिले। बिलियर्ड्स और स्नूकर में कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने 4-3 की बढ़त के साथ बेहतरीन पॉटिंग सफलता हासिल की, लेकिन चड्ढा ने अपने पॉटिंग कौशल और निरंतरता को और बेहतर बनाया और बिना किसी रोक-टोक के मैच के बाद चड्ढा ने 238-237 गेंदों पर पॉटिंग स्कोर बनाए रखा। फाइनल में एकमात्र शतकीय ब्रेक आडवाणी द्वारा 16वें में 122 बनाकर बनाया गया, जिसके बाद चड्ढा ने 17वें में 19 फ्रेम तक चलने वाले फाइनल को समाप्त कर दिया।इससे पहले, आडवाणी ने 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हिमांशु जैन के खिलाफ 8-2 से आसान जीत के साथ खिताब के लिए खुद को तैयार किया। आडवाणी ने तीन शतकीय ब्रेक के साथ मैच पर अपना दबदबा बनाया, जिसमें पराजित जैन ने दो फ्रेम अपने नाम किए। दूसरे सेमीफाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने आदित्य मेहता को 8-6 से हराकर आडवाणी के साथ पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति की। फाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा, जिन्होंने 147 का अधिकतम ब्रेक स्कोर किया, जो कि स्नूकर में पहले दौर में एक दुर्लभ घटना है, को आखिरकार पंकज के खिलाफ सफलता मिली, क्योंकि वे अपने शिखर दौर की दो भिड़ंत में हार गए थे।

## सार संक्षेप

### खुद पर यकीन हो तो नामुमकिन कुछ भी नहीं : धलाना

**गया/पटना(** केरल की मिट्टी में जन्मी 16 वर्षीय धला ı के. एस. की कहानी सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं बल्कि अटूट विश्वास और कभी हार न मानने वाले हौसले की मिसाल है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के मंच पर कलारीपयट्टू की इस योद्धा ने पिछले तीन सालों में दो स्वर्णिम और एक कांस्य पदक जीतकर न सिर्फ अपने राज्य का नाम रोशन किया है बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि यदि दिल में कुछ कर गुजरने की चाहत हो और खुद पर अटूट यकीन हो तो मुश्किलों की दीवार भी ढह जाती है। धलाना, जिनके हाथों में केरल की सदियों पुरानी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू की शक्ति और फुर्ती बसती है, ने बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में लड़कियों के चुवा डुकल वर्ग के फाइनल में अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

### चमारी अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**कोलंबो।** की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गये। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया।

### सिनर चोटिल डी जोंग को हराकर रोम में आगे बढ़े

**रोम।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर ने रोम में इंटरनेशनली बीएनएल डी%इटालिया (इटैलियन ओपन) के दूसरे दौर में डच लकी लूजर जेस्पर डी जोंग पर सीधे सेटों में आसान जीत के साथ डोपिंग प्रतिबंध से अपनी वापसी जारी रखी।

# आईपीएल 2025 : एसआरएच से जुड़ सकते हैं कमिंस और हेड



■ 9 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते टूर्नामेंट एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पैट कमिंस और ट्रैविस हेड के 17 मई से आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) टीम से दोबारा जुड़ने की संभावना है। ये दोनों उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल थे जो 9 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते टूर्नामेंट एक सप्ताह के लिए स्थगित होने पर देश छोड़कर चले गए थे।

हालांकि, दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चुना गया है, जिससे यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि क्या ये खिलाड़ी आईपीएल में वापसी करेंगे, खासकर तब जब एसआरएच पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का ऐलान 11 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद किया गया। माना जा रहा है कि कमिंस, जो एसआरएच के कप्तान हैं, और हेड ने फ्रेंचाइजी को सूचित किया है कि वे भारत लौटने के लिए तैयार हैं। कमिंस के मैनेजर नील मैक्सवेल ने मंगलवार को न्यूज कॉर्प को बताया, पैट की एक जिम्मेदारी है बतौर कप्तान और वह वापसी करने की योजना बना रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नेशनल टीम्स के प्रमुख, बेन ऑलिवर ने कहा कि यह एक कि अत्यधिक असाधारण स्थिति है और बोर्ड आने वाले दो दिनों में खिलाड़ियों के साथ उनके व्यक्तिगत फैसलों को लेकर सहयोग करेगा कि वे भारत लौटें या नहीं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि एसआरएच के अन्य विदेशी खिलाड़ी हेनरिक क्लासेन, ईशान मलिंगा, कमिंदु मेंडिस और वियान मुल्डर टीम से दोबारा जुड़ेंगे या नहीं। मुल्डर को भी दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए शामिल किया गया है।

### आज गुजरात टीम के साथ फिर से जुड़ेंगे कोएत्जी और बटलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 17 मई से दोबारा शुरू होने से पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी बुधवार, 14 मई को गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीम से दोबारा जुड़ जाएंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी - राशिद खान, शरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत- बाकी टीम के साथ भारत में ही रुके थे, जबकि बटलर और कोएत्जी अपने देश चले गए थे। हालांकि, रदरफ़ोर्ड को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में होने वाली वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है। ये तारीखें आईपीएल 2025 के प्लेऑफ चरण के साथ टकरा रही है। इंग्लैंड ने अभी तक इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन बटलर के उसमें शामिल होने की उम्मीद है।

## अल्काराज ने रोम में खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**रोम, 13 मई (एजेंसियां।** स्पेन के कार्लोस अल्काराजने मंगलवार को कैंपो सेंट्रल में करेन खाचानोव के खिलाफ 6-3, 3-6, 7-5 से जीत हासिल करते हुए पहली बार इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अपनी दो घंटे, 29 मिनट की जीत के साथ, अल्काराज अब सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल चरण में पहुंच गए हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी 2021 में रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल के बाद रोम में अंतिम आठ में जगह बनाने वाले पहले स्पेनियार्ड हैं। शुरुआती कुछ गेम में अल्काराज को अपनी लय पाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह एक स्विच फ्लिक करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट बनाते हुए लगातार पांच गेम जीते और ऐसा लग रहा था कि वह जीत की लहर पर सवार हैं, जब उन्होंने दूसरे सेट में 3-2 से ब्रेक करने के लिए तीन शानदार क्लीन विनर बनाए। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, खाचानोव ने खुद को एक और सीधे सेटों में हार की संभावना से विचलित नहीं होने दिया।

### सुडोकू 6912 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 0.84 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.48 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.29 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.04 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.03 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 3.54 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.40 प्रतिशत |
| इटरनल | 3.38 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.94 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.88 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,620 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक तीन ट्रिलियन डॉलर के अवसर करेगा पेश

■ **विनिर्माण क्षेत्र के विकास में अग्रणी बनकर उभरने की उम्मीद**

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक कृषि क्षेत्र को पीछे छोड़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 से 32 प्रतिशत का बड़ा हिस्सा हासिल कर लेगा। इसी के साथ, यह क्षेत्र मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के नेतृत्व में 3 ट्रिलियन डॉलर के अवसर लाएगा। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। विनिर्माण क्षेत्र के विकास में अग्रणी बनकर उभरने की उम्मीद है, जो 2035 तक औद्योगिक क्षेत्र का दो-तिहाई हिस्सा और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लेगा।

ओमनीसाइंस कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के साथ उच्च घरेलू खपत और 1 ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात के लक्ष्य से इस वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है, जो देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता



है। वर्तमान में, यह भारत के प्रमुख विकास क्षेत्रों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करता है। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, 'मेक इन इंडिया' पहल, उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसी सरकारी पहल इस वृद्धि को बढ़ावा दे रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक भारत के महत्वाकांक्षी 1 ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, व्यापारिक निर्यात को मौजूदा 450 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर करना चाहिए, जिसके लिए सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर की जरूरत होगी। वैश्विक व्यापारिक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2005 में 0.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 1.8 प्रतिशत हो गई है।

## भारत ने डब्ल्यूटीओ को दी स्टील पर टैरिफ प्लान की जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को सूचित किया है कि देश ने चुनिंदा अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है, ताकि अमेरिका से सुरक्षा शुल्क के रूप में भारतीय स्टील और एल्युमीनियम निर्यात पर लगाए गए शुल्कों का मुकाबला किया जा सके। डब्ल्यूटीओ कम्युनिकेशन के अनुसार, इन अमेरिकी सुरक्षा उपायों से भारतीय उत्पादों के 7.6 बिलियन डॉलर के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें अनुमानित शुल्क संग्रह 1.91 बिलियन डॉलर है।



जब अप्रैल में टैरिफ लगाने के निर्णय की घोषणा की गई थी, तब भारत ने डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा समझौते के तहत अमेरिका से परामर्श का अनुरोध किया था। डब्ल्यूटीओ में अमेरिका का रुख यह था कि भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे और उन्हें सुरक्षा उपाय नहीं माना जाना चाहिए। भारत ने डब्ल्यूटीओ को अपने नोटिफिकेशन में स्टील, एल्युमीनियम और इससे जुड़े उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में रियायतें और अन्य दायित्वों को निलंबित करने की अपनी मंशा की घोषणा की। भारत के अनुरोध पर 9 मई, 2025 को डब्ल्यूटीओ कम्युनिकेशन प्रसारित किया गया था। इसमें बताया गया है कि हालांकि अमेरिका ने इन उपायों को डब्ल्यूटीओ को औपचारिक रूप से अधिसूचित नहीं किया है, लेकिन उन्हें प्रभावी रूप से सुरक्षा उपाय माना जाता है।

## भारत की विश्वसनीय रक्षा निर्यातक के रूप में पहचान हुई मजबूत

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' में 'मेड इन इंडिया' हथियारों के शानदार प्रदर्शन को लेकर चारों ओर चर्चाएं हो रही हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने रक्षा बजट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, देश का रक्षा बजट बीते 12 वर्षों में 4.28 लाख करोड़ बढ़कर 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारत का रक्षा बजट इन बीते वर्षों में लगभग 150 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा है, जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि रक्षा बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपए हो गया है। पोस्ट में आगे बताया गया है कि रणनीतिक सुधारों, प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी और इनोवेशन ने स्वदेशी




■ **रक्षा बजट में भी 12 वर्षों में जबरदस्त वृद्धि**

विनिर्माण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की पहल में अपना योगदान दिया। इसी के साथ देश की वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय रक्षा निर्यातक के रूप में पहचान मजबूत हुई है और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास को भी मजबूती मिली है। दरअसल, केंद्रीय बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 6,81,210.27 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तकनीकी रूप से एडवांस्ड और 'आत्मनिर्भर' सशस्त्र बलों के साथ 'विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## सोने में तेजी लौटी, 800 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। भारी गिरावट के बाद सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली है। इस कारण 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत एक बार फिर से करीब 94,000 रुपए और चांदी का दाम 96,000 रुपए प्रति किलो से अधिक हो गया है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, आज 24 कैरेट के सोने का दाम 866 रुपए बढ़कर 93,942 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 93,076 रुपए पर था।

इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड का दाम 793 रुपए बढ़कर 86,051 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड का रेट 650 रुपए बढ़कर 70,457 रुपए हो गया है। सोने के



साथ चांदी की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। एक किलो चांदी की कीमत 2,255 रुपए बढ़कर 96,350 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 94,095 रुपए प्रति किलो थी। घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी थी। कॉमेक्स पर सोना करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ 3,258 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 33.31 डॉलर प्रति औंस पर थी।

## अप्रैल में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। सांख्यिकी मंत्रालय से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य कीमतों में कमी आने से घरेलू बजट को राहत मिली है, जिससे भारत की खुदरा मुद्रास्फीति इस साल अप्रैल में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो इससे पहले मार्च में 3.34 प्रतिशत थी।

खाद्य मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, जो अप्रैल में धीमी होकर 1.78 प्रतिशत पर आ गई, जबकि मार्च में यह 2.69 प्रतिशत थी।

यह लगातार तीसरा महीना है, जब मुद्रास्फीति आरबीआई के 4 प्रतिशत मध्यम अवधि के लक्ष्य से नीचे रही है और इससे केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी



नरम मौद्रिक नीति को जारी रखने में सक्षम होगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की वार्षिक मुद्रास्फीति दर इस वर्ष मार्च में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में घटकर 3.34 प्रतिशत रह गई, जो अगस्त 2019 के बाद सबसे निचला स्तर था। देश में खुदरा मुद्रास्फीति हाल के महीनों में घट रही है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को पहले के 4.2 प्रतिशत से घटाकर 4

■ **खाद्य कीमतों में कमी आने से घरेलू बजट को मिली राहत**

प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निर्णायक रूप से सकारात्मक हो गया है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि रबी फसलों को लेकर अनिश्चितताएं काफी कम हो गई हैं और दूसरे अग्रिम अनुमान पिछले साल की तुलना में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने कहा कि खरीफ की मजबूत आवक के साथ खाद्य मुद्रास्फीति में स्थायी नरमी आने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### एक्सिस बैंक व लक्ष्य शूटिंग क्लब ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने देश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और शूटिंग स्पोर्ट्स को वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत नवी मुंबई में एक विश्वस्तरीय 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी)' स्थापित किया जाएगा। इस समझौते पर एक्सिस बैंक के समूह कार्यकारी और प्रमुख (होलसेल बैंक कवरेज और सस्टेनेबिलिटी) विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की अध्यक्ष एवं ओलंपियन सुमा शिरूर ने हस्ताक्षर किए। यह सेंटर युवाओं के लिए न सिर्फ प्रशिक्षण हब बनेगा बल्कि ओलंपिक स्तर के एथलीट्स को तैयार करने का भी प्रमुख केंद्र होगा। इस शूटिंग सेंटर में एयर राइफल, एयर पिस्टल और सिमुलेटेड 50 मीटर रेंज की आधुनिक सुविधाएं होंगी। साथ ही एकीकृत खेल विज्ञान केंद्र, खेल मनोविज्ञान इकाई, चोट निवारण तथा रिकवरी सुविधाएं और आवासीय ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

### रुपए में तेजी, डॉलर के मुकाबले 75 पैसे बढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में शानदार तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को रुपया 75 पैसे की बढ़त के साथ 84.65 पर खुला। इससे पहले के सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.38 के स्तर पर बंद हुआ था। जानकारों के मुताबिक, कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.50 से लेकर 85.25 की रेंज में कारोबार कर सकता है। रुपए में तेजी ऐसे समय पर आई है जब हाल ही में अमेरिका और चीन में व्यापार समझौता हुआ है और इससे वैश्विक बाजारों में अधिक स्थिरता आएगी। यूएस और चीन व्यापार समझौते के तहत अमेरिका चीनी उत्पादों पर टैरिफ को 90 दिनों के लिए 145 प्रतिशत से 30 प्रतिशत करेगा। चीन भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ को 90 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करेगा। इसके साथ ही दोनों देश आर्थिक और व्यापारिक संबंधों पर चर्चा जारी रखने के लिए सिस्टम स्थापित करेंगे।

### पेटीएम में 1.7 करोड़ शेयरों का हुआ लेनदेन

**मुंबई।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड में मंगलवार को कई बड़े सौदों में 1.7 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ और इन शेयरों की वैल्यू करीब 2,380 करोड़ रुपए थी। फिलहाल इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है कि इन सौदों में खरीदार और विक्रेता कौन हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलीबाबा ग्रुप की सहायक कंपनी एंटफिन इन सौदों में विक्रेता है। वन97 कम्युनिकेशंस में 9.85 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ दूसरी सबसे बड़ी शेयरधारक एंटफिन की कंपनी में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना थी। फिनटेक कंपनी ने फ्लोर प्राइस 809.75 रुपए प्रति शेयर तय किया है, जो कि पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 6 प्रतिशत डिस्काउंट पर है।

# मुनाफा वसूली से ढह गया शेयर बाजार

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई वहीं 74 में टिकाव रहा।Kविश्लेषकों के अनुसार, कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध




खरीद महज 2,694 करोड़ रुपए रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट-कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है।

दूसरी ओर, वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है।

■ **सेंसेक्स 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,148.22 अंक पर**
■ **निफ्टी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद**

इसी तरह निफ्टी भी 61 अंक टूटकर 24,864.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,973.80 अंक के उच्चतम जबकि 24,547.50 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,924.70 अंक की तुलना में 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,578.35 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंफ़ोसिस 3.54, पावरग्रिड 3.40, इटरनल 3.38, एचसीएल टेक 2.94, टीसीएस 2.88, भारती एयरटेल 2.74, इंडसइंड बैंक 2.32, एनटीपीसी 1.99, एचडीएफसी बैंक 1.76, टाटा मोटर्स 1.76, आईटीसी 1.71, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.63, बजाज फिनसर्व 1.58 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 0.84, अदानी पोर्ट्स 0.48, बजाज फाइनेंस 0.29, एसबीआई 0.04 और टेक महिंद्रा के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## भारत 2025-2026 तक 16.6 मिलियन वर्ग फुट नए मॉल स्पेस जोड़ेगा

**मुंबई,** 13 मई (एजेंसियां)। भारत का रिटेल सेक्टर एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है, इस बदलाव के साथ 2025 और 2026 में शीर्ष सात शहरों से 16.6 मिलियन वर्ग फुट से अधिक नए ग्रेड ए मॉल स्पेस पेश होने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक रिसर्च के संकलित आंकड़ों के अनुसार, यह उछाल बढ़ती उपभोक्ता मांग और रिटेल लीजिंग में मजबूत गति की वजह से देखा जा रहा है। एक्सपर्ट्स इसे रिटेल सेक्टर के लिए स्वर्णिम युग के रूप में देख रहे हैं। हैदराबाद और दिल्ली-एनसीआर इस सप्लाई उछाल का नेतृत्व करेंगे, जो आगामी मॉल स्पेस का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा होगा। यह इन शहरों में उच्च-विकास खपत केंद्रों की ओर बदलाव को दर्शाता है। यह विस्तार व्यापक रिटेल रियल एस्टेट पाइपलाइन का हिस्सा है, जिसके तहत 2029 तक पूरे भारत में 40 मिलियन वर्ग फुट से अधिक नए रिटेल स्पेस जोड़े जा सकते हैं। एनारॉक रिटेल के सीईओ और एमडी अनुज केजरीवाल ने कहा कि हाल के वर्षों में क्वालिटी सप्लाई की कमी के कारण भी मॉल के अधिक विकास पर जोर दिया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि 2022 में शीर्ष शहरों में केवल 2.6 मिलियन वर्ग फुट नई सप्लाई देखी गई, जबकि लीजिंग 3.2 मिलियन वर्ग फुट पर पहुंच गई। इसी तरह, 2023 में, नई सप्लाई 5.3 मिलियन वर्ग फुट थी।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.27 सेंट गिरकर 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे **: दाल-दलहन :** चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। **खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में डेटा इस्तेमाल बढ़ने से भारतीय दूरसंचार कंपनियों को अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 13 मई (एजेंसियां)। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट अपनाने और डेटा खपत में वृद्धि भारतीय दूरसंचार कंपनियों के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) में वृद्धि के लिए संरचनात्मक चालक के रूप में उभर रही है। इस ट्रेंड का लाभ उठाने के लिए दूरसंचार कंपनियां ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही हैं, जिससे उनके डेटा सब्सक्राइबर बेस और रिटर्न का विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चार कैलेंडर वर्षों में, ग्रामीण भारत में इंटरनेट की पहुंच 59 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई। वहीं, शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच 77 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। ऑनलाइन कम्युनिकेशन, डिजिटल पेमेंट के निरंतर



अपनाने के साथ-साथ सोशल मीडिया, कंटेंट स्ट्रीमिंग सर्विस और ई-कॉमर्स के बढ़ते उपयोग से वित्त वर्ष 2026 के अंत तक ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

कीमत के प्रति अधिक संवेदनशील होने के बावजूद, ग्रामीण इंटरनेट यूजर्स बेस 2024 के मध्य में टैरिफ बढ़ोतरी के बावजूद भी पिछले वर्ष के दौरान मजबूत

■ **दूरसंचार कंपनियां ग्रामीण कनेक्टिविटी को कर रही मजबूत**

बना रहा। यह ग्रामीण यूजर्स की मोबाइल इंटरनेट पर उच्च निर्भरता को दर्शाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति उपयोगकर्ता डेटा उपयोग में वृद्धि को नेटवर्क विस्तार, प्रतिस्पर्धी मूल्य वाली योजनाओं और स्मार्टफोन का बेहतर सामर्थ्य द्वारा भी समर्थन मिल रहा है। इस गति का अधिकांश हिस्सा सर्किल बी और सी में दिखाई देता है, जो भारत में ग्रामीण सब्सक्राइबर बेस का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं।

बीते चार वर्षों में इन सर्किल में डेटा खपत 19-22 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ा है। जबकि, मेट्रो सिटी में डेटा खपत 17-19 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ा है। यह मोबाइल डेटा सर्विस के पेनिट्रेशन और स्थिर मांग को दर्शाता है।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी रायपुर के कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। सफलता के ऊँचे लक्ष्यों का निर्धारण करना उन लक्ष्यों को हासिल करना और प्राप्त सफलता को सतत् कायम रखना यही एक सफल संस्थान की पहचान होती है। इस कसौटी में मध्यभारत का ख्यातिलब्ध विद्यालय ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी, रायपुर हमेशा खरा उतरा है। सफलता के नित-नये आयामों का प्राप्त करते हुये इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 196 छात्र-छात्राएं कक्षा 10वीं के परीक्षा में सम्मिलित हुये थे जिसमें 29 छात्र-छात्राओं ने 90त्न से ज्यादा अंक अर्जित कर सफल हुए है और 110 छात्र-छात्राओं ने 80त्न से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किए है। परीक्षा फल तो शत-प्रतिशत है ही कई छात्रों ने गणित, विज्ञान, समाजिक विज्ञान, अंग्रेजी और हिन्दी में पूर्णांक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिए है। 20 छात्रों को संस्कृत विषय में पूर्णांक प्राप्त हुए। यह इतिहास उनके परिश्रम लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



छात्रों का यह अद्वितीय परीक्षाफल उनकी संकल्प शक्ति का द्योतक तो है ही, विद्यालय प्रबंधन के शानदार शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम भी है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने कोटिश: बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## CHANGE OF NAME

It is informed to the general public that I, ASHOK KUMAR AGRAWAL S/O PURUSHOTAM DAS AGRAWAL resident of Plot No. 32, Phase -1, Magneto Signature Homes, Behind Magneto Mall, Labhandi, Raipur (C.G) 492001, have changed my old name ASHOK SINGHAL S/O PURUSHOTAM DAS AGRAWAL So in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR AGRAWAL S/O PURUSHOTAM DAS AGRAWAL In all government & Other documents.

**ASHOK KUMAR AGRAWAL**
Plot No. 32, Phase -1,
Magneto Signature Homes,
Behind Magneto Mall,
Labhandi, Raipur (C.G) 492001

## शपथ पत्र

मैं, रामेश्वर प्रसाद साहू, पिता श्री सालिक राम साहू, निवासी सांईनाथ कॉलोनी, गली नं 02, कोटा रायपुर हसील व जिला रायपुर छ.ग. 492001 जो कि शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि:-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
02. यह कि मेरा पुत्री लोकिता साहू (Lokita Sahu) का जन्म 05.10.2020 को अष्ठविनायक हॉस्पिटल रायपुर में हुआ है।
03. यह कि उक्त हॉस्पिटल से प्राप्त मेरा पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र जिसका रजिस्ट्रीकरण क्रमांक बी-2020: 22-90434-0116677 पंजीयन दिनांक 13.10.2020 है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम लोचन उर्फ लोकिता साहू (Lochan Urf Lokita Sahu) अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
04. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम लोचन उर्फ लोकिता साहू (Lochan Urf Lokita Sahu) को विलोपित कर लोकिता साहू (Lokita Sahu) अंकित करवाने संबंध में यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
05. यह कि उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र हिन्दी में बना हुआ है जिसके कारण मैं उक्त जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाईन अपडेट करा कर हिन्दी एवं अंग्रेजी से प्राप्त करना चाहता हूँ।

**शपथकर्ता**

## शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता आशीष वर्मा, पिता सुभाषचंद्र वर्मा, उम्र 39 वर्ष, पता- मकान नं-46 पुराना बस्ती, ग्राम पुरान, बलौदा बाजार, तहसील व जिला बलौदा बाजार, छ.ग. पिन नं 493332 जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ कि:-

01. यह कि मेरा उपरोक्तानुसार नाम व पता सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम अक्य वर्मा है तथा अन्य दस्तावेजो में भी उनका नाम अक्य वर्मा है। उनका अक्य वर्मा से दर्शन वर्मा करवाना है।
03. यह कि उनका जन्म पंजीयन नं.- 2019-01-013299 तथा आधार कार्ड 5542 4490 8195 है ।
4. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे पुत्र का नाम अक्य वर्मा के जगह में दर्शन वर्मा करवाने के सबंध में शपथ पत्र संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है ताकि उनका नया नाम अंकित होकर पुन: जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त हों सके ।

**शपथकर्ता**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-07 (मोवा) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 13.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रियंका पिंजानी पति स्व. श्री जय किशन पिंजानी निवासी मारूति सलिटेयर कचना रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मोवा प.ह.नं.... राजस्व निरीक्षक मंडल मोवा रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 206/2 रकबा 0.2245 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. अ/12/वर्ष 2024-25 /वाचक/अति./तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 06.05.2025 के परिपालन में दिनांक 19.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत:उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर के स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक
रायपुर-07 (मोवा)**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 13.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राजीव राठी पिता केसरी मल राठी निवासी खमतराई रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 रावांभाठा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 561/6, 561/6, 573/4 रकबा क्र. 0.001, 0.1130, 0.312 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र./वाचक/तह./वर्ष 2024-25 धरसींवा के आदेश दिनांक 23.04.2025 के परिपालन में दिनांक 19.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावांभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक
रायपुर-21 रावांभाठा**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश साहू, पिता लोकनाथ साहू निवासी धनेली माना रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 225/8 रकबा 0.0570 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन श्रीमान नायब तहसीलदार रायपुर के रा.मा.क्रं..../अ-12/वर्ष 2024-25 रायपुर के आदेश दिनांक 07.05.2025 के परिपालन में दिनांक 29.05.2025 को समय 12.00 बजे पश्चात् किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक
रायपुर-11 (टिकरापारा)**

## शपथ-पत्र

मैं झामेश्वर आयु 29 वर्ष पिता श्री हरकू राम साहू निवासी वार्ड नंबर 12, ग्राम पचेड़ा, तहसील व थाना बागबहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम, आयु, पिता का नाम एवं पता उपरोक्त बताए अनुसार सत्य व सही है।
2. यह कि श्रीमती सुषमा साहू मेरी पत्नी है, जिन्होंने मां शारदा नर्सिंग होम तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में प्रसव के दौरान दिनांक 06.12.2018 को एक पुत्री को जन्म दिया था जिसका नाम नताशा साहू है तथा उसकी वर्तमान आयु 7 वर्ष है।
3. यह कि मैने मेरी पुत्री नताशा साहू का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम रायपुर से प्राप्त कर लिया है जिसमें मेरी पुत्री का नाम नताशा ध्रुव (NATASHA DHRUW)" पिता के नाम में मेरा नाम मेघनाथ ध्रुव MEGHNATH DHRUW)" एवं माता के नाम में मेरी पत्नी का नाम सुषमा ध्रुव (SUSHMA DHRUW) त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम नताशा साहू (NATASHA SAHU), पिता के रूप में मेरा नाम झामेश्वर (JHAMESHWAR) एवं माता के रूप में नाम सुषमा साहू (SUSHMA SAHU) है। जिसका उल्लेख मेरी पुत्री के कक्षा पहली के अंकसूची एवं हमारे आधार कार्ड में किया गया है।
5. यह कि मेरी पुत्री नताशा साहू के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज पुत्री का नाम नताशा ध्रुव (NATASHA DHRUW) के स्थान पर नाम नताशा साहू (NATASHA SAHU) पिता का नाम मेघनाथ ध्रुव (MEGHNATH DHRUW) के स्थान पर झामेश्वर (JHAMESHWAR) एवं माता का नाम सुषमा ध्रुव (SUSHMA DHRUW) के स्थान पर सुषमा साहू (SUSHMA SAHU)दर्ज करवाना चाहता हूँ।
6. यह कि तदनुसार नताशा साहू के जन्म प्रमाणप त्र में उपरोक्तानुसार सुधार किए जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र मेरे द्वारा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202505115600025/
बी-121/2024-2025
ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 13.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ईतवारी सोनकर पिता स्व. समरू सोनकर निवासी भाठागांव तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 27/6, 27/8, 30/7, 30/4, 402/3, 380/5, 391, रकबा 0.687 हे., भूमि धारित किया जाता है। उक्त धारित भूमि का आवेदक को पूर्व में ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया था जो कि गुम हो गया है। अत: आवेदक द्वारा धारित उक्त वर्णित भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 23.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 23.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202502116400023/अ-6/2024-25
ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82
**Public Health Engineering Department**
**Rajnandgaon (Chhattisgarh)**

NIT No. 01/2025-26 /TS/EE/(E&M) PHED/Rajnandgaon — Dated:-09-05-2025

**Notice Inviting Tender**

Sealed tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh on Form "C" for supply of following materials from the manufacturer or their authorized dealers having past experience of supply of Button Bits to any (E/M) Division of public health Engineering Department Chhattisgarh State during last two year and satisfactory performance report issued by them.

| S.No. | Item of Supply | Estimated Cost in (in Lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of tender document | Period of supply |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6"(150 mm) Dia Digger Hammer assembly -14 Nos | 6.43 lakh | 6430.00 | 750.00 | 30 Days |

1. Last date of receipt of application issue of tender documents- 28-05-2025 up to 5.30 PM
2. Last date of Sale of tender document- 29-05-2025 up to5.30 PM
3. Last date of receipt of tender document- 30-05-2025 up to3.00 PM
4. Date of opening Tender- 30-05-2025 at 4.00 PM

Terms & Condition

1 Acceptance to departmental terms & conditions has to be given by the tenderer in writing along with application for purchase of tender documents then only tender documents shall be issued. If any deviation made or additional conditions are given in the offer then tender shall be rejected being treated as conditional tender.
2 This short NIT will be part of the agreement.
3 This short NIT also available in the P.H.E. Department (E/M) Division, Rajnandgaon Notice Board.
4 This short NIT is also available in the site of https://eproc.cgstate.gov.in

**Executive Engineer(E/M) Dn.**
**Public Health Engineering Department**
**Rajnandgaon (C.G.)**
**Phone No. 07744-286994**

G-252600797

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-धमतरी**
**आम सूचना**

क्रमांक/1111/सं.अधि./सं.प्र.शा./2025
धमतरी, दिनांक 13/05/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल पुरम योजनांतर्गत हटकेशर, धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस.-02 श्री प्रमोद साहेब पिता श्री भरत साहेब को इस कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी (छ.ग.) के नामांतरण आदेश (सेलडीड उपरांत) क्रमांक 988, दिनांक 28.04.2025 के माध्यम से आबंटित है। वर्तमान में भवन आबंटी श्री प्रमोद साहेब पिता श्री भरत साहेब द्वारा उक्त भवन को चुकता राशि रू. 8,50,000/- (अक्षरी आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र) में नवीन क्रेता श्री डुमेश कुमार साहू पिता श्री सीता राम साहू, पता- चिटौद, मौली चौंक, मिरीटोला, पुरूर, तह.-गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (NOC) प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में बिक्री इकरारनामा की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति के साथ दिनांक 09.05.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तद्नुसार उक्त भवन का विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (NOC) जारी किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय संस्था बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस.-02 के विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (NOC) के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मडल प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता-परिजात हाईट्स हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर, जिला-धमतरी (छ.ग.) में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी एवं भवन का विक्रय अनापत्ति/अनुमति पत्र (NOC) जारी करने हेतु मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

सील — **संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र-धमतरी**

---

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202410210100024/
अ-21(4)/वर्ष 2024-25
ग्राम सुरखी प.ह.नं. 09

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल रोचलानी पिता फैरूमल पिता जाति सिंधी निवासी संतकवर राम वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से ग्राम सुरखी प.ह.नं. 09 तहसील भाटापारा में स्थित खसरा नंबर कमश: 191/10, 191/11 कुल रकबा 0.607, 0.607 हे0 कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 1. 214 हे0 भूमि को अनावेदक अग्रवाल सौरभ पिता अग्रवाल महादेव प्रसाद निवासी 12 प्रीतम नकर सोसायटी 01 जुना हाईवे भूरूच, एम जिला भरूच गुजराज को आपसी सौदा मूल्य 7,70,000/- रूपये अक्षरी सात लाख सत्तर हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से भूमि विकय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 1,50,000/- रूपये अक्षरी एक लाख पचास हजार रूपये प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विकय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी-1, खसरा पांचशाला नक्शा सहित आवेदन कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा के तहत आवेदन पत्र बी-1, नक्शा, ईकरारनामा एवं फेहरिस्त अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 22/05/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त /दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया ।

सील — **तहसीलदार भाटापारा**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202504212300023
ब-121/2025
ग्राम रानी जरौद प.ह.नं. 31

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका तोमन बघेल पति डोंगरेलाल बघेल जाति सतनामी निवासी गाम रानी जरौद प.ह.नं. 31 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदिका स्वयं की जन्म दिनांक 02/04/1976 को स्थान ग्राम रानी जरौद में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत रानी जरौद में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदिका स्वयं की जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ दस्तावेज संनग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/05/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार सुहेला**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.कं. 202504212100069
अ/74 वर्ष 2024-25
पक्षकार सेवती बाई ध्रुव पिता कलीराम ध्रुव जाति गोड ग्राम मोहगांव प.ह.नं. 40 तहसील पलारी,

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सेवती बाई ध्रुव पिता कलीराम ध्रुव जाति गोड साकिन मोहगांव प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदााजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छत्तीसगढ राजस्व जन्म/मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) भारत शासन को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत के आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका पिता जी कलीराम ध्रुव पिता देवनाथ जाति ध्रुव की मृत्यु दिनांक 15.08.1984 को ग्राम मोहगांव में हो गई है। जिसका मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत मोहगांव सचिव के पास भूलवश या अज्ञानता के कारण नही करा पया हैं। इसलिए आवेदिका के द्वारा अपने पिता का मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत मोहगांव सचिव के पास किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम पंचायत मोहगांव का अनुपब्लधा प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 15.05.2025 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार पलारी**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.कं. 202504212100070
अ/74 वर्ष 2024-25
पक्षकार सेवती बाई ध्रुव पिता कलीराम ध्रुव जाति गोड ग्राम मोहगांव प.ह.नं. 40 तहसील पलारी

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सेवती बाई ध्रुव पिता कलीराम ध्रुव जाति गोड साकिन मोहगांव प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदााजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा छत्तीसगढ राजस्व जन्म/मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) भारत शासन के जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत के आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका की मां बहुरा बाई पति कलीराम जाति ध्रुव की मृत्यु दिनांक 08.05.1989 को ग्राम मोहगांव में हो गई है। जिसका मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत मोहगांव सचिव के पास भूलवश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया हैं। इसलिए आवेदिका के द्वारा अपनी मां का मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत मोहगांव सचिव के पास किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम पंचायत मोहगांव का अनुपब्लधा प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 15.05.2025 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार पलारी**

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. धमतरी, संभाग धमतरी (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-2901/NIT-7/2025-2026/ व ले लि — दिनांक: 10/05/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 06/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 09/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी निविदा क्रं. | कार्य का नाम/NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.मे) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 7<br>T0020 | धमतरी कुरुद एवं नगरी अनुविभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का संधारण एवं मरम्मत कार्य 2025 26 प्रथम आमंत्रण | 10.00<br>7500.00<br>300000.00 | A<br>750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक | 31/12/2025 वर्षा ऋतु सहित |

निविदा शर्त -
निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tonder के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. धमतरी, संभाग**
**धमतरी (छ.ग.)**

जी-252600822

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की केंद्रीय मंत्री चौहान ने की सराहना

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में बताया क्रांतिकारी कदम

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय (महानदी भवन) में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विभाग के कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में राज्य और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई और भावी विकास रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य ने कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उन्नत गांव और खुशहाल किसान की अवधारणा को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण विकास और कृषि को राज्य की रीढ़ मानती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गांवों की समग्र समृद्धि सुनिश्चित करना है। किसानों की आय बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के सुदूर और वंचित क्षेत्रों तक विकास की पहुंच बनाना एक साझी ज़िम्मेदारी है, जिसको पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना, डिजिटल सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना और युवाओं को कौशल आधारित रोजगार देना ही वास्तविक सुशासन है। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीति योजनाओं को सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रखने की जगह जन-जीवन में बदलाव लाने की है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'अमृत सरोवर' योजना को स्थानीय आजीविका से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जलसंरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे। राज्य सरकार के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत श्रमिक बजट के पुनरीक्षण का आश्वासन दिया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वीकृत आवासों के शीघ्र निर्माण और हो रहे नये सर्वे के भौतिक सत्यापन पर बल दिया।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सराहना करते हुए विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित नियद नेलानार योजना के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना विकास को राज्य के सुदूर और चुनौतीपूर्ण भूभागों तक पहुंचा रही है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में शुरू किए गए 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों' की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस नवाचार का अध्ययन कर इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव पंचायत विभाग श्रीमती निहारिका बारिक, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के अपर सचिव आर. आनंद, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, कृषि मंत्रालय के सलाहकार नवीन कुमार विद्यार्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय 5 महिला सहित 14 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,** 13 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को एसपी कार्यालय में एसपी किरण चव्हाण, एएसपी नक्सल ऑप्स उमेश प्रसाद गुप्ता, डीएसपी नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे, 226 वाहिनी कमाण्डेन्ट धनसिंह बिष्ट, द्वितीय कमान अधिकारी 226 वाहिनी बिरेन्द्र कुमार खंतवाल,द्वितीय कमान अधिकारी डीआईजी रेंज सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी 217 वाहिनी नीरसिंह मीणा, द्वितीय कमान अधिकारी 131 वाहिनी मौली मोहन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 02 वाहिनी अनामी शरण, सहायक कमान अधिकारी 223 वाहिनी तेज कुमार सिंह एवं सुरेन्द्र सरकी 203 वाहिनी कोबरा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वासनीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय 05 महिला सहित 14 नक्सलियों कुहरम भीमा (कटेकल्याण एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, जंगमपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष इनामी 02 लाख), तेलाम हिड़मा (नागाराम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष, इनामी 02 लाख ), माड़वी पोज्जे (प्लाटून नम्बर 26 पार्टी सदस्या इनामी 02 लाख), पोड़ियाम आयते (प्लाटून नम्बर 26 पार्टी सदस्या, इनामी 02 लाख), माड़वी मंगड़ी (पेद्दाबोड़केल आरपीसी केएमएस अध्यक्ष ईनामी 02 लाख ), सोड़ी सोना (गोलापल्ली एलओएस पार्टी सदस्य इनामी 02 लाख), मड़कम हुंगी( दक्षिण बस्तर डिवीजन सीएनएम पार्टी सदस्य, इनामी 02 लाख), रवा लख्खे (नागाराम आरपीसी केएमएस अध्यक्ष इनामी 02 लाख), गोंगे उर्फ सरियम आयता (पालाचलमा आरपीसी मिलिषिया सदस्य), सोड़ी केसा (कंचाल आरपीसी मिलिषिया सदस्य), कुंजाम गंगा (साकलेर आरपीसी मिलिषिया सदस्य), माडवी मूका



(साकलेर आरपीसी मिलिषिया सदस्य), माड़वी देवा उर्फ पाड़ा देवा (पालागुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष), तेलाम पोज्जा (नागाराम आरपीसी मिलिषिया सेक्शन डिप्टी कमाण्डर) के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। एसपी ने कहा कि सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण नीति-2025 के तहत् 50-50 हजार रूपये के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधायें प्रदान करायें जायेंगे।

# पुत्री की हत्या करने वाले पिता को आजीवन कारावास

**भाटापारा,** 13 मई (देशबन्धु)। अपनी ही नाबालिग 10 वर्षीय पुत्री की गला घोटकर हत्या कारित करने वाले आरोपी नीलमचंद वर्मा निवासी ग्राम कोदवा को अपराध सिद्ध होने पर भाटापारा के अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने आजीवन कारावास से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की घटना थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम कोदवा की है, जहाँ सूचक चिंताराम वर्मा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 24-02-2023 को उसकी नतनीन मोक्ष और भतीजा नीलमचंद गाँव के सती तालाब में नहाने गए थे, तब भतीजा दिशा मैदान चला गया, तब नतनीन मोक्ष तालाब के पानी मे नहाते समय गहरा पानी में डूब जाने से मृत्यु हो गया, बताया। जिसे पानी से निकाल कर घर वापस लाना, बताये जाने पर थाना द्वारा मर्ग इंटीमेशन कायम कर प्रकरण मे पंचनामा कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम कराया गया। शव परीक्षण करने वाले डॉक्टर द्वारा पीएम रिपोर्ट में मृतिका कुमारी मोक्ष की मृत्यु गला घोटने से मृत्यु होना प्रतिवेदित किये जाने से अपराध धारा 302 भा. द. वि. होना पाए जाने पर थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू किया गया। पुलिस द्वारा विवेचना में पाया गया कि आरोपी नीलमचंद वर्मा का अपनी दूसरी पत्नी प्रीति वर्मा के साथ पहली पत्नी की लड़की मृतिका कुमारी मोक्ष उर्फ मोना वर्मा को लेकर तथा हमेशा बच्चों की बात को लेकर झगड़ा - विवाद होने से प्रीति वर्मा के साथ षड्यंत्र कर दिनांक 23-02-23 को आरोपी पिता द्वारा कुमारी मोक्ष वर्मा को कल्याण सागरपारा भाटापारा से अपने घर ग्राम कोदवा लेकर आया।

दिनांक 24-02-23 को स्कूल के शिक्षक द्वारा कुमारी मोक्ष वर्मा का स्वास्थ्य ठीक नही लगने की जानकारी देने पर स्कूल से लाकर तालाब नहलाने का बहाना कर लड़की को तालाब मे पानी मे ले जाकर कपड़े से गला घोटकर हत्या कर पानी में डूबा देना पाया गया। विवेचना में जप्ती, पंचनामा, नक्शा, साक्षियों के कथन लेखबद्ध करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे सहित 5 लोग घायल, दो युवकों की मौत

■ मृतक दोनों युवक 14-14 साल के

**सुकमा,** 13 मई (देशबन्धु)। जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरसट्टी ग्रामीण आम त्यौहार के बाद पारंपरिक तौर पर शिकार करने के लिए जंगल गए हुए थे। इस दौरान अचानक दोपहर के 02 बजे के करीब मौसम बिगड़ा, और अचानक तेज हवा एवं गरज के साथ हल्की बारिश होने लगी। शिकार पर गए लोग खराब मौसम को देखते हुए, वापस पहाड़ की ऊंचाई से लौटने लगे थे। इस दौरान बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे कुछ लोग चले गए। तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए एवं मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई,



वहीं मृत दोनों युवक उम्र 14-14 साल के हैं। इधर परिजनों के रो-रोकर बुरा हाल है। डॉक्टर ने बताया कि सभी लोगों का इलाज जारी है एवं खतरे से बाहर हैं।

पूर्व सरपंच पदामी जोगा ने बताया कि गांव में आम त्यौहार मनाया जा रहा है। आम त्यौहार मनाने के बाद पारंपरिक तौर पर शिकार करने के लिए ग्रामीण जंगल गए हुए थे। इस दौरान अचानक मौसम विभाग और तेज हवा एवं गरज के साथ हल्की बारिश होने लगी। सभी लोग खराब मौसम को देखते हुए गांव की ओर वापस लौट रहे थे। इस दौरान बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे चले गए। बारिश के साथ बिजली गिरा, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हुई है और पांच लोग घायल है। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

आकाशी बिजली की चपेट में आने से नीलेश पोडियामी 33 वर्ष, पदामी सुक्का 28 वर्ष, पदामी एर्रा 06 वर्ष, पोडियामी दुल्ला 22 वर्ष, पदामी जोगा 21 वर्ष, घायल हुए है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। आकाशी बिजली की चपेट में आने से पदामी भीमा 14 वर्ष, पदामी मोनू 14 वर्ष की मौके पर मृत्यु हुई।

**NECC**

| 14.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 160 |

डिलीवरी 520 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### एयरपोर्ट निशुल्क पार्किंग टाइम बढ़े

जब से रायपुर के स्वामी विवेकानन्द हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें अनेक तरह की सहूलियतें उपलब्ध कराई गई हैं और यह एयरपोर्ट यात्रियों के लिये पहले के मुकाबले काफी सुविधापूर्ण हो गया है। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसमें नित नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं इसलिये इसका देश भर के उन हवाईअड्डों में शुमार है जो यात्रियों को संतुष्टि प्रदान करने वाली सूची में अक्सर ऊंची रैंकिंग प्राप्त करता है। भारत सरकार, भारतीय विमान पत्तनन तथा छत्तीसगढ़ सरकार के मिले-जुले प्रयासों का ही यह सुपरिणाम है।

रायपुर एयरपोर्ट के विकसित होने के बावजूद एक समस्या ऐसी भी है जिसका हल अब तक संतोषजनक ढंग से नहीं निकाला जा सका है- वह है मुफ्त पार्किंग की सुविधा का समय जो इतना कम रखा गया है कि यह उन लोगों के लिये हमेशा अपूरा पड़ता है जो किसी को छोड़ने या लेने जाते हैं। निशुल्क पार्किंग की समय सीमा केवल 6 मिनट रखी गयी है। यदि किसी को छोड़ने जाना हो तो पहले प्रवेश पर बने बूथ से उसे इलेक्ट्रॉनिक पर्ची मिलती है। कितनी भी जल्दी की जाये तो भी यात्री को उतारने, उसका सामान आदि उतारने में अक्सर 3-4 मिनट लग ही जाते हैं। फिर आगे बढ़ने पर निकास बूथ पर उसे इंतज़ार करना पड़ता है क्योंकि वहां जाने वाले वाहनों की भीड़ रहती है। वहां तक पहुंचने और पर्ची दिखाने में और दो-तीन मिनट हो जाते हैं। इसके कारण वाहन वाले को शुल्क चुकाना देय हो जाता है।

इस मुद्दे को लेकर अक्सर वहां विवाद की स्थिति हो जाती है। वाहन चालक कितना भी कहे कि वह तो निर्धारित वक्त पर पहुंच गया था पर आगे लगी गाड़ियों के चलते उसे विलम्ब हुआ है, यानी 6 मिनट निकल गये, तो भी शुल्क वसूली करने वाला स्टाफ उसे नहीं मानता। यदि कोई वाहन चालक-मालिक विवाद करता है तो पीछे लगी वाहनों के लोग बेचैन हो जाते हैं और वे लगातार हॉर्न बजाते हैं क्योंकि उनका भी निर्धारित समय बीतता रहता है। कई बार गाली-गलौज, हाथा-पाई तथा मार-पीट भी इस कारण से होती है।

किसी फ्लाइट के उतरने पर यात्रियों की भीड़ और भी बढ़ जाती है। यह समय इतना कम होता है कि यदि एयरपोर्ट पूरा खाली हो तभी इतने कम समय में ड्रॉप या पिक कर निकला जा सकता है। कई संगठन वर्षों से इस समयावधि को बढ़ाने का निवेदन कर रहे हैं लेकिन इस मांग को पूरी तरह से अनसुना कर दिया जाता है। यह आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिये ऐसा किया गया है। अब रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हवाई अड्डा अधिकारियों को एक पत्र लिखकर यह समय 10 मिनट करने को कहा है। उम्मीद है कि इसे बढ़ाया जायेगा ताकि लोगों को सहूलियत हो।

---

**उल्टा पुल्टा**

पंडित जी- शादी के बाद दो बच्चे से ज्यादा नहीं करना, समझे?
दुल्हा- आपका काम सिर्फ मंडप तक का है, बेडरूम में घुसने की कोशिश न करें।

---

# जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफ मद का हो उपयोग : सांसद महेश

## मद से स्वीकृत कार्यों में प्राथमिकता वाले विकास कार्य को समय सीमा में करें पूर्ण : विधायक किरण

- जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद सह समीक्षा बैठक
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्ययोजना पर की गई चर्चा




**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद सह समीक्षा बैठक की जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव और जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्य को गति दे रही है। प्राकृतिक संपदा से संपन्न बस्तर में जिन कार्यों में विभागीय बजट का प्रावधान नहीं हो उन जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद को उपयोग किया जाए। डीएमएफटी मद में विशेष कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत क्षेत्र को प्राथमिकता में रखकर बेहतर व्यवस्था किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में मानव संसाधन, मरम्मत योग्य शिक्षण संस्थाओं के पुन: निर्माण, पेयजल की संकट को दूर करने में सहायता दी जाए । विधायक किरण देव ने कहा कि जनता से सीधे जुड़ने वाले मामलों में डीएमएफटी मद से विकास कार्य को तत्काल कार्यवाही किया जाना चाहिए और डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों में प्राथमिकता वाले विषय पर विकास कार्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए । संभाग मुख्यालय के विकास कार्यों का प्रभाव अन्य जिलों में भी दिखाई देता है। इसलिए पूर्व वर्षों के लम्बित विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाएँ, इसके लिए विभागीय अधिकारी स्वप्रेरणा से दिक्कतों को दूर करने की पहल करें । बैठक में वित्तीय वर्षवार प्रगतिरत 210 विकास कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के डीएमएफटी मद से संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया, जिसमें उच्च प्राथमिकता के ग्यारह कार्यों और अन्य प्राथमिकता के सात कार्यों के प्रावधानों पर चर्चा किया गया । बैठक में पेयजल समस्या, जल जीवन मिशन के लम्बित कार्यों में तेजी लाने तथा काम को अधूरा छोड़ने वाले निविदाकार के खिलाफ कार्रवाई करने, विद्युत व्यवस्था, डिस्मेंटल किए गए स्कूल भवनों के विकास जैसे प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। साथ ही शासी परिषद के सदस्यों द्वारा उनके क्षेत्र के समस्या और अन्य विषय रखे गए जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, शासी परिषद के गणमान्य सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

---

# तेज हवा-पानी ने तारागांव में मचाई तबाही



**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। बस्तर ब्लाक के तारागांव में मंगलवार को अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तारागांव और मुंजला समेत कई इलाकों में बिजली के खंभे और तार टूट गए हैं। तारागांव में एक घर पर कटहल का पेड़ गिर गया। गनिमत रहा की इस हादसे में कोई जान-माल की हानि नहीं हुई एक सीमेंट सीट क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं तारागांव के आस-पास में कई इलाकों में पेड़ भी गिरे। मेन लाइन बिजली तार टूटने से बिजली बाधित हो गया। इस संबंध में बिजली विभाग को सूचना दी गई है। अगर शाम तक सुधार कार्य नहीं होने से तारागांव के ग्रामीणों को आज अंधेरे में ही रात बिताना पड़ सकता है।

---

# शानी की सृजन यात्रा, विषय पर 16 मई को संगोष्ठी का आयोजन



**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। साहित्यकार शानी जिनका जन्म जगदलपुर में 16 मई 1933 को हुआ था और जिन्होंने उपन्यास काला जल, संस्मरण शाल वनों का द्वीप, जहाँपनाह जंगल , युद्ध और दोज़ख़ी जैसी सैकड़ों बेहतरीन कहानियां और अन्य विधाओं पर रचना ? लिखी हैं। उनके जन्मदिन पर शुक्रवार 16 मई को अपराह्न 4.30 बजे से स्थानीय लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर स्थित ज़िला ग्रंथालय (पूर्व युवोदय अकादमी) में एक संगोष्ठी का आयोजन प्रगतिशील लेखक संघ, जगदलपुर द्वारा किया गया है, जिसमें शानी की सृजन यात्रा ,विषय पर दो सत्रों में विचार रखे जाएंगे। डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला , प्राध्यापक, शासकीय दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय प्रमुख वक्ता होंगे। इस अवसर पर संरक्षक मंडल में शामिल वरिष्ठ रंगकर्मी , पूर्व उद्घोषक एम. ए. रहीम तथा समाजशास्त्री और पूर्व प्रोफेसर अली एम. सैयद भी उपस्थित रहेंगे। नगर के साहित्य प्रेमी, प्रबुद्ध जनों और छात्रों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थिति होने की अपील आयोजकों ने की है।

---

# ननि क्षेत्र में हुई समाधान शिविर की शुरुआत



- माहेश्वरी भवन में आयोजित समाधान शिविर में सांसद-विधायक महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल
- 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 3 शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया
- जनता के हित में कटिबद्धता के साथ काम कर रही सरकार : किरण देव

**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। सांसद बस्तर महेश कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। उन्होंने नागरिकों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। सांसद कश्यप मंगलवार को नगर पालिक निगम जगदलपुर के पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के माहेश्वरी भवन में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में कटिबद्धता के साथ सजग होकर काम कर रही है। सरकार गठन होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है। इस सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्या-मांग का निराकरण करना है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। जो जनता का जुड़ाव इन शिविरों में होने के साथ ही उनकी व्यापक सहभागिता को दर्शाता है। विधायक किरण देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रीगण सरकार की इस सुशासन को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए भरी दुपहरी में गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं और उनकी समस्या निदान करने सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी ले रहे हैं। उन्होंने जगदलपुर नगर निगम में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं के साथ ही राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण, महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन आदि के लिए वार्ड पार्षदों को सकारात्मक पहल किए जाने कहा। साथ ही नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया। आरंभ में महापौर संजय पांडे ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता की समस्या-मांगों के निराकरण के बारे में अवगत कराया और इस दिशा में निरंतर सजग होकर पहल करने आश्वस्त किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। वहीं 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 3 शिशुओं को अन्नप्रासन्न करवाया। इस मौके पर चार हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड प्रदान

>> शेष पृष्ठ 9 पर >

---

# नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र पोलमपल्ली में लगा समाधान शिविर



**शिविर में महिला आयोग की सदस्या ने गोद भराई रस्म में लिया भाग**

**सुकमा,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र पोलमपल्ली में शुक्रवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोलमपल्ली, कांकेरलंका, कोर्रापाड़, पालामडलू और चिंतागुफा के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी ने संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अन्न प्रासन्न और गोद भराई की रस्म अदा की गई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आग्रह किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम शबाब ख़ान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कवासी, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, जनपद सदस्य पोलमपल्ली भीमा मड़कम, जनपद सीईओ नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# हिमांशु ने राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में जीता रजत पदक




**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते की 9वीं प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में सम्पन्न हुआ, जिसमें जगदलपुर के हिमांशु साहू ने रजत पदक जीत कर बस्तर का मान बढ़ाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 से 11 मई तक राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता भिलाई में आयोजित की गई। प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराते डूएसोसिएशन (मान्यता कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड कराटे फेडरेशन) एवं जिला कराते संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के सैकड़ों कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। सेंसेई सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में हिमांशु साहू ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लिया। हिमांशु साहू के इस उपलब्धि पर पर उनका पिता परमानन्द साहू माता पिलेश्वरी साहू, सहित क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के अध्यक्ष गणेश राम साहू, लाल बहादुर साहू, मोहन साहू, डी एन साहू, बुधे लाल साहू, नीलमणी साहू, जोहित साहू, गोपी साहू, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, केशर बाई साहू, पालन साहू, रूपेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, मलखन राम, जोहन राम, शंकर साहू, संतोष साहू, उत्तम साहू, शिव साहू आदि ने बधाई प्रेषित की है।

---

## विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी

**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून 2025 सत्र की सेमेस्टर परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा 27 मई से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगी। इसके लिए 43 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें करीब 21 हज़ार स्टूडेंट्स भाग लेंगे। परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित है। फॉर्म भरने से बचे यूटीडी और संबंधित कॉलेजों के रेगुलर, प्राईवेट, भूतपूर्व और एटीकेटी स्टूडेंट्स से फॉर्म शीघ्र भर लेने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार के दिक्कत के निराकरण के लिए विवि के वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा विभाग के हेल्पलाइन नंबर या ईमेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

---

# पीएम के संदेश ने सभी बाहरी-भीतरी दुश्मनों द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार के कुहासे को समाप्त कर दिया : किरण देव



**ऑपरेशन सिन्दूर में भारत ने दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये हैं, हमने बहुत अच्छे तरीके से बदला लिया : भाजपा**

**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा दिये गये देश के नाम संदेश को ऐतिहासिक और आश्वस्तिदायक बताया है। श्री देव ने कहा कि देश बिल्कुल आश्वस्त है कि पीएम मोदी के शासन में पूर्णत: सुरक्षित है, और उनके रहते भारत के विरुद्ध उठे हाथ को तोड़ दिया जायेगा। तरेरने वाली आंख को फोड़ दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व हमेशा की झूठे दावे कर रहा है। श्री देव ने कहा कि च्ऑपरेशन सिन्दूरज् के जरिए भारत ने बहुत बड़ा काम करके दिखाया है। अभी तक जो नहीं हो पाया था, वह इस बार भारत ने कर दिखाया है। ऑपरेशन सिंदूर में नौ आतंकी ठिकानों बहावलपुर, मुरीदके, गुलपुर, भिंबर, चाक अमरू, बाग, कोटली, सियालकोट और मुजफ्फराबाद पर सटीक हमला किया गया, जिसमें करीब 100 आतंकवादी मारे गए। जिन आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ है, उनको ऐसे टारगेट कर देना, एक देश से दूसरे देश में इतना अचूक निशाना लगना, मसूद अजहर जैसे आतंकवादी का यह कहना कि काश मैं भी मर जाताज्; यह अपने आपमें बताता है कि भारत ने कितना बड़ा काम किया है ।

श्री देव ने कहा कि एक दुर्दांत आतंकवादी द्वारा खुद के मरने की भीख मांगना भारतीय सेना का बहुत बड़ा पराक्रम है। हमने जो बदला लेने की बात कही, वह बदला बहुत अच्छी तरीके से लिया है और अभी भी पाकिस्तान पर कड़े प्रतिबंध लागू हैं, जिनके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि भारत की ओर से पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद लिए गए फैसलों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है। सिंधु जल समझौते की 60 साल की अवधि में चार युद्ध हो गए। बड़ी-बड़ी तनाव की स्थितियाँ आईं लेकिन सिंधु जल समझौता को रद्द करने की ताकत किसी ने नहीं दिखाई, जो इस बार रद्द कर दिया गया। बॉर्डर पर पूरी तरीके से लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई है। व्यापार पूरी तरीके से बंद है। इसके अलावा सभी प्रकार के वीजा रद्द करके पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए हमने यह बता दिया है कि हम देश की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह हमने उदाहरण के रूप में सेट कर दिया है और पाकिस्तान समेत पूरे विश्व को बता दिया है। श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के साथ सहनशीलता की सीमाओं को फिर से परिभाषित कर साफ कर दिया है कि भारत और भारतीय सेना संभावित पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले के सामने च्बिना किसी चेतावनी के आगे बढ़नेज् के लिए तैयार हैं। श्री देव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट रूप से आत्मविश्वास और वास्तविक रणनीतिक स्वायत्तता और संप्रभुता की मजबूत भावना को प्रदर्शित किया। पहली बार भारत ने यह स्थापित किया कि आतंकवादी और आतंकवादी समर्थकों में कोई अंतर नहीं है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा प्रमुख पाकिस्तानी एयरबेस पर 90 मिनट तक किए गए लक्षित हमलों ने क्षेत्रीय सैन्य गतिशीलता में एक निर्णायक बदलाव को चिह्नित किया है। इनके विनाश ने पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को रणनीतिक और मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंचाई। इससे पाकिस्तान वायु सेना नेतृत्व और इसकी परिचालन इकाइयों के बीच महत्वपूर्ण संबंध टूटे, पाकिस्तान की जवाबी हवाई कार्रवाई शुरू करने की क्षमता काफी कमजोर हुई। महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और संभावित मिसाइल भंडारण केंद्र बाधित हुआ। पाकिस्तान की दीर्घकालिक वायु सेना की तत्परता कम हुई, पाकिस्तान का दक्षिणी हवाई गलियारा कट गया। पूर्वी सीमा पर एक महत्वपूर्ण ब्लाइंड स्पॉट बन गया। पाकिस्तान की प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में एक अंतर पैदा हो गया और पाकिस्तान का कमांड-एंड-कंट्रोल ढाँचा पंगु हो गया, जिससे भारतीय विमानों को कम जोखिम के साथ गहराई से प्रवेश करने का अवसर मिला। श्री देव ने कहा कि युद्ध के मैदान में जीत से कहीं अधिक, ये संरचनात्मक विध्वंस थे, जिनका उद्देश्य पाकिस्तान की लड़ने की क्षमता को अक्षम करना और भविष्य में आक्रमण के बारे में सोचने से रोकना था। इसका एक स्पष्ट संदेश है कि अब भारत के पास पहल है, और उकसावे की कीमत विनाशकारी होगी।

# युद्ध विराम में ट्रंप की भूमिका का खुलासा करे सरकार : बैज

**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने पाकिस्तान के साथ टकराव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अचानक संघर्ष विराम पर समझौते की घोषणा को केन्द्र सरकार की कुटनीतिक विफलता बताया है। युद्ध विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति की क्या भूमिका थी, यह पूरा देश जानना चाहता है। दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने अचानक सीजफायर की घोषणा कर दी। क्या यह भारत सरकार की कुटनीतिक नाकामी नहीं है? क्या भारत ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार कर लिया है या ट्रंप के बयान से मध्यस्थता स्वीकार कर ली है ? और क्या शिमला समझौता रद्द हो गया है। ये ऐसे सवाल हैं, जिसका जवाब देश जानना चाहता है, इसलिए सरकार को इस पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार से हम पारदर्शिता की मांग करते हैं। श्री बैज ने दंतेवाड़ा में ऐलान किया कि बैलाडीला की लौह अयस्क पहाड़ियों को केन्द्र सरकार ने आर्सेलर मित्तल और रूंगटा कंपनी को बेच दिया है। इसका पूरे बस्तर में विरोध हो रहा है। जल, जंगल, जमीन बचाने बैलाडीला से न्याय यात्रा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक निकाली जायेगी और कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। इसकी तिथि शीघ्र घोषित होगी। इन्द्रावती बचाने के लिए चित्रकोट से जगदलपुर तक 40 किलो मीटर की न्याय पदयात्रा निकाली गई थी, जिसमें पूरे बस्तर के लोग शामिल हुए थे। श्री बैज के मुताबिक सरकार बस्तर की खनिज संपदा को बेचने पर उतारू है। नक्सलवाद के सफाये की आड़ में अपने मित्र उद्योग पतियों को फायदा पुहंचा रही है। सरकार निजी उद्योग पतियों के हाथों की कठपुतली बनकर रह गयी है। जल, जंगल, जमीन बचाने कांग्रेस लड़ाई लड़ेगी। निजी उद्योगपतियों को खनिज संपदा बेचने नहीं देंगे। इसके पूर्व भी बैलाडीला में नंद राज की पहाड़ी को अडानी को बेचने की कोशिश हुई थी। फर्जी ग्राम सभा करायी गई थी। ग्रामीणों के साथ इसका विरोध



- प्रदेश कांग्रेस ने उठाए कई सवाल, देश मांग रहा जवाब
- बैलाडीला खनिज संपदा बचाने पद यात्रा करेगी कांग्रेस
- उद्योगपतियों के हाथों कठपुतली बनी विष्णु सरकार
- नक्सलवाद के सफाए की आड़ में उद्योग पतियों को बस्तर सौंपने की तैयारी

हुआ और नंदराज की पहाड़ी बचाने में सफलता मिली। अब बैलाडीला से एक बार फिर आदिवासियों की अस्मिता बचाने खनिज संपदा की रक्षा के लिए न्याय पद यात्रा निकाली जाएगी। बीजापुर इलाके में कर्रेगुड़ा नक्सल आपरेशन को लेकर पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार में ही इस आपरेशन को लेकर विरोधाभास है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री अलग-अलग बयानबाजी कर रहे हैं। इस आपरेशन में कितने नक्सली मारे गए, इसका अब तक खुलासा नहीं किया गया है। वाकई में नक्सली मारे गए हैं या नहीं, यह भी स्पष्ट करने की स्थिति में सरकार नहीं है। भोपालपटनम, बीजापुर और भैरमगढ़ की मरच्यूरी में शव रखे गए हैं। शव खराब हो रहे हैं, उन्हें परिजनों को नहीं सौंपा जा रहा है। प्रदेश सरकार को इस नक्सल आपरेशन के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। जीरम नक्सल हमले का जिक्र करते हुए श्री बैज ने कहा कि यह राजनीतिक हत्या है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने एसआईटी बनायी थी, लेकिन केन्द्र ने सहयोग नहीं किया। भाजपा सरकार ने साक्ष्य खत्म कर दिये। अभी पीड़ितों को न्याय का इंतजार है, जबकि इस नरसंहार को 12 साल हो चुके हैं। शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए श्री बैज ने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और न्याय जरूर मिलेगा। प्रदेश संगठन में बदलाव के सवाल पर पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि जहां-जहां भी संगठन में कमी मिलेगी, जिला से लेकर ब्लाक तक पदाधिकारियों के प्रदर्शन कमजोर रहेंगे तो बदलाव जरूर होगा। इस बारे में पीसीसी को फीडबैक मिलते रहता है। कांग्रेस आला कमान और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद बदलाव किये जायेंगे। पत्रवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम, विमल सुराना, प्रदेश पदाधिकारी छविन्द्र कर्मा, जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा, विरेन्द्र गुप्ता, जगदलपुर से मलकीत सिंह गैंदू और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक-कलेक्टर की उपस्थिति में गांव पहुंची सरकार



**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसपाल में किया गया। इस शिविर में फरसपाल के साथ-साथ आलनार, कुंडेनार एवं मुंडेर इन चार ग्राम पंचायतों के आवेदनों भी निराकृत किये गए।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी द्वारा राशन कार्ड वितरण के अंतर्गत 5 हितग्राही रयमती, मनीराम कर्मा,फरसपाल, सुखदई , सुदूराम , फरसपाल, पोडिया ,दसरू , फरसपाल सन्नी , नींबू राम कर्मा, फरसपाल तुलसी ,जगमोहन , मसौढी तथा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही हुरदप ठाकुर , फरसपाल,मसराम लखमू , कुंडेनार, श्रम कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही श्रीमती शमिला कर्मा, श्रीमती हेमा कर्मा लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही समाधान शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा भी निरीक्षण करने के साथ-साथ दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल प्राप्त आवेदन 771 में से सभी का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया। इस शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद गीदम अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, जनपद सदस्य पवन कर्मा, सभी चारों ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण उपस्थित रहे ।

- समाधान शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ
- फरसपाल शिविर में 771 आवेदनों का निराकरण
- जन प्रतिनिधियों ने सरकार को बताया ग्रामीणों की हितैषी

# जायसवाल निको समूह को मिला 3 श्रेणियों में पुरस्कार




**नारायणपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। ग्राम छोटेडोंगर स्थित निको ग्रुप को मिला पुरस्कार। तहसील छोटेडोंगर के ग्राम छोटेडोंगर स्थित जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की लौह अयस्क खदान को खान सुरक्षा पखवाड़ा समापन समारोह में 3 पुरस्कार मिले। शनिवार को रायपुर में 40वे खान सुरक्षा पखवाड़ा का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि वेस्टर्न जोन नागपुर के डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ़ माइंस सेफ्टी राम अवतार मीना रहे। समारोह में छोटेडोंगर लौह अयस्क खदान को सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान मैं प्रथम पुरस्कार, प्लान एंड रिकार्ड्स में द्वितीय पुरस्कार एबं पब्लिसिटी एंड प्रोपेगंडा में तृतीय पुरस्कार मिला। ये पुरस्कार डिप्टी जनरल मैनेजर (माइंस) प्रवीण कुमार दास, सेफ्टी अफसर प्रदीप कुमार, फोरमैन टिकाराम साहू, माइनिंग मेट संघर्ष वासनिक ने ग्रहण किया। जायसवाल निको ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संग्राम केशरी स्वेन, शिवादेव उपाध्याय (उपाध्यक्ष खदान), एके मिश्रा (महाप्रबंधक खदान) ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# शीघ्र होंगे ठेकेदारों के लंबित भुगतान : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतंर्गत प्रारंभ-अप्रारंभ एवं कार्यशील निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता सहित समय-सीमा में पूर्ण कराना, निर्माण एजेंसियों एवं अभियंताओं की संयुक्त जवाबदेही है। अत- निर्माण एजेंसियां प्राथमिकता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करे।




इस संबंध में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभागीय समन्वय के साथ इस हल करें। शासन की नल-जल योजनाएं पूरे ग्रामीण समूदाय की मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत है और बचे डेढ़ माह की अवधि को देखते हुए। इस में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। निर्माण एजेंसियों के लंबित भुगतान के संबंध में भी प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुके कार्यो की प्रमाणीकरण के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने हेतु समय-सीमा विषेष ध्यान रखें। बैठक में जानकारी दी गई ग्राम पंचायत कारली अंतर्गत 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके जिन्हें चालू करने को भी कहा गया।

बैठक में बताया गया कि ग्राम गुड़से, फूलपाड़ में जमीन विवाद संबंधी प्रकरण के निपटारे, चेरपाल, बालेगपाल, पुजारीपाल में नये टेंडर की स्वीकृति के लिए तीन माह की समयावधि नियत की गई। इसके साथ ही बैठक में अवगत कराया कि सम्पूर्ण जिले में नल-जल योजनाओं के तहत पानी टंकी निर्माण के 159 कार्य प्रगतिरत हैं, जबकि 56 पूर्ण और 6 अप्रारंभ स्थिति में हैं। ग्राम जबेली, ककाड़ी, मटेनार, महाराकरका, कड़मपाल, पेरपा, कुचेपाल में निर्माणधीन कार्यों के लिए जून-2025 की समय-सीमा दी गई है। बैठक में ईई पीएचई निखिल कंवर सहित निर्माण एजेसियां से जुड़े प्रतिनिधि और अभियंता उपस्थित थे।

- पीएचई की समीक्षा में दी गई जानकारी
- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा दोनों जरूरी

## पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन

**तिल्दा नेवरा,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका तिल्दा नेवरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 सासाहोली मे एक करोड़ की लागत से बनने वाली पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति चंद्रकला वर्मा भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद , मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनिस ठाकुर ,एवं समस्त पार्षद गण ईश्वर यदु , रानी सौरभ जैन, राजकुमार गेंड्रे , विनोद नेताम , संतोष यादव , धर्मेंद्र डहरिया, ग्वालीन बाई कोसले, जयेश पैकरा व भाजपा महामंत्री सौरभ , डाक्टर खुमान वर्मा , विजय ठाकुर जी प्रियंक सोनी, राजू कुरैशी, अमरजीत पासवान, डाक्टर एलपी साहू , श्री मति किरण वर्मा , गायकवन बंजारे, पवन सेन, दुर्गेश पटेल, लक्ष्मीनारायण सोनवानी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## चाकूबाजी करने वाले भेजे गए जेल

**तिल्दा नेवरा,** 13 मई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सत्यम सिंह श्याम से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान यादव निवासी बैजनाथ लेबर कॉलोनी गैतरा का अपने साथी हमीद अली के साथ सामान लेने तिल्दा आया था तथा दोनो सामान खरीदकर नेवरा शराब दुकान गये थे जहॉ पर हमीद अली का तीन युवको के साथ वाद विवाद हुआ जिसमें तीनो युवको के द्वारा हमीद अली को गंदी गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये उसकी हत्या करने की नियत से अपने पास रखे लोहे के चाकू से पेट में जोरदार वारकर प्राणघातक चोट पहुॅचाकर भाग गये जिसकी रिपोर्ट दर्ज किया जाकर मुखबिर की सूचना पर संदेही/आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सभी ने अपना अपना जुर्म स्वीकार किये जिनसे घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू व लोहे का कडा को जप्त किया तीनो आरोपियों राज सेंदरे, विक्रांत लाहोरे ,समीर श्रवण उर्फ करिया सभी निवासी बुधवारी बाजार वार्ड क्र0 06 नेवरा, थाना तिल्दा नेवरा को धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बी0एन0एस0 एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड हेतु न्यायालयपेश किया गया जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# छग के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दिखाया जलवा

**नारायणपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स एक राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता है, जिसमें देश भर के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। इस वर्ष यह आयोजन बिहार में हुआ, जिसमें 27 खेलों में से - 18 के 10,000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।



**छत्तीसगढ़ की प्रदर्शन**

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने इस आयोजन में शानदार प्रदर्शन किया। राज्य ने 27 खेलों में से 11 पदक जीते और 18वें पायदान पर रहा। छत्तीसगढ़ मल्लखंब टीम ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 5 पदक जीते, जिसमें से अधिकांश पदक छत्तीसगढ़ मल्लखंब टीम के खिलाड़ियों ने जीते।

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स एक परिचय**

**अबूझमाड़ मल्लखंब, स्पोर्ट्स अकादमी की सफलता**

अबूझमाड़ मल्लखंब × स्पोर्ट्स अकादमी के 12 में से 10 खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ था। इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कई पदक जीते। बालक वर्ग ने टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया, जबकि कुतुल, नारायणपुर के राकेश कुमार वढ़दा ने टीम चैंपियनशिप के साथ व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। बालिका वर्ग में कुंदला, नारायणपुर की दुर्गेश्वरी कुमेटी ने व्यक्तिगत में 1 कांस्य पदक जीता।

**नारायणपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया खिलाड़ियों का सम्मान**

नारायणपुर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई और नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है और उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

निष्कर्ष- छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया और राज्य का नाम रोशन किया। अबूझमाड़ मल्लखंब × स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कई पदक जीते। यह आयोजन निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रेरित करेगा और राज्य के खेल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कलेक्टर ने विभागवार आवेदनों की समीक्षा कर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**सुकमा,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा समय सीमा की बैठक में की। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मैदानी अमलों को सक्रिय रूप से कार्य करते हुए सभी शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सप्ताह के अंत तक सभी विभाग अपने-अपने लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु कार्ययोजना बनाकर पूर्ण करें। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त स्वच्छता, पेयजल, महतारी वंदन और विद्युत से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल करने को कहा गया।



कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों में सभी विभागीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिले में रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने, पोषण ट्रैकर के उपयोग और आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। नियद नेल्ला नार योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को सुशासन तिहार के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को भी प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अध्ययन काल में माता जी के निधन हो जाने पर भी हिम्मत नहीं हारी मानसी



**पलारी** 13 मई (देशबन्धु)विकास खंड पलारी निवासी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में पदस्थ व्याख्याता विजय कुर्रे की सूपुत्री सुश्री मानसी कुर्रे ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 93त्नअंक अर्जित कर सफलता हासिल की है मानसी शास्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में अध्ययन रत थी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने बताया कि अध्ययन काल में परीक्षा से ठीक पहले उनकी माता श्रीमती धनेश्वरी कुर्रे की अल्पायु में असामयिक निधन हो गया उनके जाने के बाद घर का कामकाज करती हुई लगन के साथ और धैर्य पूर्वक अध्ययन करती रही और अच्छी सफलता हासिल की है वास्तव में उनकी मज़बूत हौसला प्रशंसनीय है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नगर पालिक निगम क्षेत्र...

किया गया। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि समाधान शिविर में नगर निगम क्षेत्र के माता सन्तोषी वार्ड, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, गुरु घासीदास वार्ड, महारानी वार्ड,पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं महेन्द्र कर्मा वार्ड सम्मिलित थे। उक्त समाधान शिविर में प्राप्त कुल 244 आवेदन पत्रों में सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। नगर निगम क्षेत्र में कुल 3010 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसमें 2706 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लौहशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवागन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वार्ड पार्षद तथा नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# मतदाता पहचान पत्र नंबरों की समानता से संबंधित 20 साल पुरानी समस्या का हल

**जगदलपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समानता से संबंधित 20 साल पुरानी समस्या को हल कर लिया है, जो 2005 से विभिन्न निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा समान अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला के उपयोग के कारण गलती से वास्तविक मतदाताओं को जारी किए गए थे। इस समस्या को हल करने के लिए, ईसीआई ने 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के पूरे मतदाता डेटाबेस की जांच की, जिसमें 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, 4,123 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और 10.5 लाख मतदान केंद्रों को शामिल किया गया।

यह समस्या बहुत कम थी, औसतन चार मतदान केंद्रों में लगभग 1 (एक ) ईपीआईसी में समान ईपीआईसी नंबर पाया गया। क्षेत्रीय सत्यापन में पुष्टि हुई कि ऐसे समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाता वास्तविक थे और अलग-अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं मतदान केंद्रों में थे। इन सभी मतदाताओं को नए नंबरों के साथ नए ईपीआईसी कार्ड जारी किए गए हैं। इस समस्या की शुरुआत 2005 से हुई, जब विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने विकेंद्रित तरीके से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक श्रृंखलाओं का उपयोग किया था। 2008 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद इन श्रृंखलाओं को फिर से बदलना पड़ा। इस दौरान, कुछ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों ने गलती से पुरानी श्रृंखलाओं का उपयोग जारी रखा या टाइपोग्राफिक त्रुटियों के कारण अन्य निर्वाचन क्षेत्रों को आवंटित श्रृंखलाओं का उपयोग किया। ईसीआई ने स्पष्ट किया कि समान ईपीआईसी नंबर होने से किसी मतदाता को गलत मतदान केंद्र पर वोट डालने की अनुमति नहीं मिली, क्योंकि मतदाता का नाम उनके निवास स्थान के मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज होता है। इसलिए, इस समस्या का किसी भी चुनाव के परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**इन सभी मतदाताओं को नए नंबरों के साथ नए ईपीआईसी कार्ड जारी किए गए**

# मड़ई मेला के आयोजन से ग्रामीणों में भाईचारा की भावना बनी रहती है : भीखम ठाकुर

**बागबाहरा,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 के ग्राम पंचायत टेका में बैशाखी पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ग्राम के पहाड़ा वाली चंडी माता मंदिर परिसर में मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर सम्मिलित हुए। उन्होंने सबसे पहले समस्त ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति को बैशाखी पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि मड़ई मेला के आयोजन से ग्रामीणों में आपसी भाईचारा एवं मित्रता की भावना बनी रहती है। जो छत्तीसगढ़ में प्राचीनकाल से चली आ रही है। मड़ई मेला के इस परम्परा को ग्रामीणों ने आज भी बनाए हुए हैं। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा एवं समाज प्रमुख तुलाराम ठाकुर, ग्राम पंचायत टेका की सरपंच श्रीमती गौरी मुकेश ठाकुर, उपसरपंच नकुल मरकाम,पंचायत सचिव महेश्वर साहू, पूर्व सरपंच टेंगराही नेहरूलाल चक्रधारी, सामाजिक कार्यकर्ता अजय ध्रुव, ओम प्रकाश ध्रुव, पूर्व पंच श्रीमती पूजा मरकाम, वार्ड पंच राजू मरकाम सहित मेला आयोजन समिति के समस्त सदस्यगण एवं ग्रामीणजन तथा युवा साथीगण उपस्थित थें। मेला के आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा दर्शकों के मनोरंजन हेतु रात्रि में जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुसमी, साल्हेभांठा का कार्यक्रम रखा गया था।



# जिले में अधर में लटका जल जीवन मिशन योजना कार्य

**कोण्डागांव**, 13 मई (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने का वादा/नारा जिले के गांवों में नहीं केवल कागजों में दिखाई दे रहा है, जिसका प्रमाण व हकीकत कोई-कोई गांव नहीं बहुत सारे गांव बंया कर रहे हैं।

कोंडागांव जिले में जल जीवन मिशन अभियान के तहत हर घर जल पहुंचाने का कार्य केवल कागजों पर और वहीं ग्रामीणजन पेयजल समस्या से जूझते नजर आ रहे हैं। योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में कई गांवों में देर, तो कई गांवों में बहुत देर हो रही है जिससे गांवों में नल कनेक्शन अभी भी उपलब्ध नहीं हैं। कुछ गांवों में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने से लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रही है जोकि चिंता का विषय है। जिले के कई गांवों में ग्रामीणजन पानी के लिए तरस रहे हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मई माह में पड़ रही इस भीशण गर्मी में ग्रामीणजनों को पेयजल की भारी समस्या से जुझना पड़ रहा है और शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहा है।

**जलजीवन मिशन की हकीकत**

विकास खंड फरसगांव के ग्राम पंचायत भंडारसिवनी के आश्रित ग्राम सिवनाभाटा और जाडापदर के ग्रामीणजन पिछले कई सालों से पानी के संकट से परेषान हैं, यह समस्या गर्मी के दिनों में और भी बढ़ जाती है। इधर ठेकेदार सुरेन्द्र मांझी दावा करते हैं कि सिवनाभाटा में पेयजल समस्या नहीं है, ग्रामीणजन झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणजनों पर यह आरोप भी लगाया कि ग्रामीणजनों द्वारा मेन पाइप लाइन को खोल दिया जाता है, इसलिए कहीं-कहीं पर पानी नहीं पहुंच रहा है। इधर ग्रामीणजन कहते हैं कि ठेकेदार द्वारा बहुत ही घटिया पाइप का इस्तेमाल किया गया है, जिससे एक बूंद पानी घर तक नहीं पहुंच रहा है। कुल मिलाकर जल जीवन मिशन केवल कागजों तक सीमित है, जमीनी



- बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ती जा रही सिवनाभाटा व जाड़ापदर गांव में पानी की समस्या
- पहुंचविहीन गांव में पहुंच गया रास्ता, नहीं पहुंचा पानी

हकीकत कुछ और बंया कर रही है।

**विकास की राह पर मूलभुत सुविधा से वंचित ग्रामीण**

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भंडार सिवनी के दोनों आश्रित मोहल्ले सिवनाभाटा और जाड़ापदर 2019 में सुर्खियों में थे क्योंकि इस वर्ष इन गांवों को आजादी के बाद पहली बार पहुंच मार्ग मिला था। इससे पहले इन गांव में कोई पहुंच मार्ग नहीं था। ग्रामीण खेत के मेढ़ से होकर गांव तक पहुंचते थे। बरसात में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी। उस दौरान तत्कालिक कलेक्टर व वर्तमान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के अथक प्रयास से इस गांव को विकास को नई राह मिली, प्रधान मंत्री सड़क योजना से दोनों गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़कर ग्रामीणजनों का राह आसान कर दिया। अब यह दोनों गांव विकास की राह पर चल पड़े हैं, लेकिन अब तक पेयजल जैसी मूलभुत सुविधा से वंचित हैं।

**गांव सहित आंगन बाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला भी जूझ रहे पानी की समस्या से**

सिवनाभाटा के ग्रामीण तुलसी राम मरकाम, भाग्यवती मंडावी, भारती मरकाम, माहंगी मंडावी, रेशमा मरकाम, मोनिका और हेमवती मंडावी का कहना है कि पिछले वर्ष ठेकेदार द्वारा प्राथमिक शाला और आंगन बाड़ी भवन के बगल में टंकी बनाकर पुरे गांव में पाइप लाईन का विस्तार करके सोलर सिस्टम से पानी देने का कार्य किया गया और आंगन बाड़ी केंद्र के पुराने बोरिंग के साथ मोटर लगाकर टंकी में पानी भरते हुए गांव में आनन फानन में पानी सप्लाई करके दिखाया गया और कुछ ही दिनों में पानी का आना बंद भी हो गया। जिस कारण अब गांव के साथ-साथ आंगन बाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला में भी पानी की समस्या हो गई है। सिवनाभाटा गांव में लगभग 60-70 परिवार रहते हैं और तीन हैंड पंप हैं, जिनमें से एक पुरी तरह बंद है, वहीं दूसरे हेंड पम्प से थोड़ा बहुत पानी मिल रहा है। नीचे पारा में एक हैंड पंप चालू है, जिससे पूरे गांव के ग्रामीणजनों को पेयजल मिल रहा है।

# भोंगापाल विशाल बौद्ध चैत्यगृह में तथागत गौतम बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई

**कोण्डागांव,** 13 मई (देशबन्धु)। कोडागांव जिले के अंतर्गत जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर ग्राम भोंगापाल से 2 किलोमीटर दूर घने वन व लसूरा नदी के किनारे स्थित बौद्ध चैत्य गृह (तथागत गौतम बुद्ध) पर पहुंचकर तथागत गौतम बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई।

बताया गया कि बस्तर के एकमात्र इसी स्थल पर विशाल बुद्ध की प्रतिमा स्थापित है। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा इसे सुरक्षित रखा गया है। 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्रवासियों के द्वारा बुद्ध जयंती आयोजित की गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, रायपुर कमिश्नर महादेव कावरे, डॉ.कृष्णमूर्ति काबले, धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव, झाड़ीराम सलाम अध्यक्ष कोंडागांव जिला सरपंच संघ, गिरधारी लाल भगत पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर, घनश्याम रामटेके अध्यक्ष बौद्ध समाज अंतागढ़, अनिरुद्ध कोचे उप संचालक छत्तीसगढ़ शासन, श्रीमती ममता खापर्डे अध्यक्ष बौद्ध समाज लंजोड़ा, विशेष अतिथि डॉ.किरण कांबले रायपुर, शंभूनाथ चांदेकर विश्रामपुरी, हिमांशु दुर्गम बीजापुर, मंगलूराम नुरेटी नारायणपुर, धर्मेन्द्र मेश्राम कांकेर, कमलेश रामटेके सचिव बौद्ध समाज जगदलपुर, जयंत वासनीकर पूर्व अध्यक्ष लंजोड़ा, शिवशंकर कावड़े सरपंच बण्डापाल, रामसाय नाग सरपंच भोंगापाल आदि की उपस्थिति में समस्त बौद्ध उपासक-उपासिकाओं के द्वारा मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर सामूहिक रूप से त्रिशण पंचशील का पाठ किया गया एवं फूलमाला खीर फल अर्पित किया गया। फिर क्षेत्र के ग्रामीणजनों की उपस्थिति में बुद्ध पूर्णिमा, बुद्ध जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा पवित्र स्थल भोंगापाल में तथागत गौतम बुद्ध की विशाल प्रतिमा स्थल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए विकास एवं विकसित करने की मांग की गई, ताकि बुद्ध भिक्खु एवं पर्यटक इस स्थल में आकर शांति ध्यान की अनुभूति प्राप्त कर सकें। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पवित्र स्थल बुद्ध प्रतिमा भोंगापाल को विकसित करने के लिए क्षेत्र के लोगों एवं समाज की मांग एवं मेरी ओर से मुख्य मंत्री विष्णु देव साय का कार्यक्रम भोंगापाल में इसी माह प्रस्तावित है, ताकि मुख्य मंत्री इस जगह को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकास के लिए मांग रखेंगे। इस आयोजित कार्यक्रम में बस्तर संभाग, प्रदेश एवं देश भर के तथागत गौतम बुद्ध धर्म के अनुयाई लाखों की संख्या में शामिल होंगे। भोंगापाल ग्रामवासियों की ओर से सभी के लिए भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल खोबरागड़े ने किया एवं बौद्ध समिति भोंगापाल के सचिव दिनेश सोरी ने आभार प्रकट किया।



# 19 को एक दिवसीय रैली धरना प्रदर्शन करने की सूचना दिया

## छग राज्य सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ से जुड़े सदस्यों ने

**कोण्डागांव,** 13 मई (देशबन्धु)। 19 मई को एक दिवसीय रैली धरना प्रदर्शन करने की सुचना कलेक्टर जिला कोण्डागांव को छ.ग.राज्य सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ से जुड़े कोण्डागांव जिले के सदस्यों द्वारा 13 मई को दिया गया है।

छग राज्य सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ से जुड़े कोण्डागांव जिले के सदस्यों द्वारा 13 मई को दिए गए लिखित आवेदन में लेख किया गया है कि छ.ग.राज्य सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आव्हान पर पुरे प्रदेश के 2058 कृषक सेवा सहकारी समिति में कार्यरत समस्त कर्मचारी समिति प्रबंधक, सहायक समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक सह कम्प्युटर ऑपरेटर, विक्रेता, चौकीदार, भृत्य अपनी धान सुखत एवं अन्य जायज मांगों को लेकर धरना स्थल तुता रायपुर में 19 मई 2025 को एक दिवसीय रैली एवं धरना प्रदर्शन देकर मुख्य मंत्री छ.ग.शासन/खाद्य मंत्री छ.ग.शासन को महारैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।



प्रदेश संघ के आव्हान पर अपनी जायज मांगों के समर्थन में जिला कोण्डागांव के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी भी रायपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन में सम्मलित होंगे। जिस कारण 19 मई 2025 को जिले के सभी 47 सहकारी समितियां पूर्णतः बंद रहेंगी और किसानों को खाद/बीज वितरण, खाद भण्डारण, नगद ऋण वितरण, के.सी.सी., गैस एजेंसी, शासकीय उचित मुल्य की दुकान, पूर्णतः बंद रहेगी।

19 मई को एक दिवसीय रैली धरना प्रदर्शन करने की सुचना देने के दौरान जिला अध्यक्ष नरेष नेताम, जिला सचिव विरेंद्र कुमार नायक, उपाध्यक्ष मधु बघेल, कोशाध्यक्ष कु.रेणुका पाल आदि सहित संगठन से जुड़ अन्य सदस्य मौजुद रहे।

# नक्सलगढ़ के समाधान शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़

**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम सुरनार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें धनीकरका, दुवालीकरका, सुरनार, बड़ेलखापाल और गाटम सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर जनपद पंचायत कटेकल्याण के अध्यक्ष हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच सहित जनपद पंचायत कटेकल्याण के सीईओ आशीष डे, तहसीलदार श्रीमती आशा मौर्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न 22 विभागों से कुल 461 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 459 आवेदन मांग संबंधित एवं 2 शिकायत से जुड़े हुए थे। अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया, जिससे ग्रामीणों में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 4 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया, जबकि 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म सम्पन्न हुई। शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग के सहयोग से लगभग 15 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही पहचान दंतेवाड़ा कार्यक्रम के तहत 5 छोटे बच्चों को भी जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।

- कटेकल्याण के सूरनार में 459 मांगों का मौके पर निराकरण
- अन्नप्राशन, गोदभराई की रस्म, बच्चों के बनाए जाति प्रमाण पत्र

ग्राम पंचायत सुरनार में शिविर में ग्रामीणों की भारी संख्या में उपस्थिति उनकी सक्रिय सहभागिता का प्रतीक रहा, जहां उन्होंने अपने समस्याओं के समाधान की जानकारी प्राप्त की। शिविर में आधार पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस जैसी नागरिक सेवाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया। यह समाधान शिविर शासन की लोक-सेवा को गांव-गांव तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण बना, जिसमें ग्रामीणों की भागीदारी ने इसे सफल और प्रभावी बनाया।

# प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में दावा आपत्ति कल तक

**कोण्डागांव,** 13 मई (देशबन्धु)। प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को आयोजित प्राक्कयन परीक्षा के मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट पर दर्शित किये गये हैं। उक्त संबंध में दावा आपत्ति 15 मई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दावा आपति आवेदक को जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोण्डागांव के कक्ष क्रमांक 69 में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के पक्ष में दस्तावेज (प्रमाण) सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा-आपति को पूर्णत अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा आपति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पेंशन की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान

**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को अप्रैल 2025 माह तक की पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से कर दिया गया है। सभी लाभार्थियों को यह सूचना दी गई है कि यदि पेंशन भुगतान से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वे अपने संबंधित जनपद पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर पंचायत की पेंशन शाखा से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा की पेंशन शाखा से मोबाईल नम्बर 9165860623 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# माता-पिता के साथ कलेक्टर से मिली मेधावीं रमशीला

**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। सीजी बोर्ड की दसवीं परीक्षा में जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रमशिला ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है। इस सफलता पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उसे प्रोत्साहन स्वरूप एक लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान रमशीला के माता-पिता भी मौजूद थे। रमशीला वर्तमान में छू लो आसमान आवासीय योजना के अंतर्गत रहकर अध्ययन कर रही है और भविष्य में आईआईटी मद्रास से इंजीनियरिंग करने की इच्छा रखती है। रमशिला की यह सफलता दंतेवाड़ा जिले के समग्र प्रयासों का भी परिणाम है। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में जिले ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं में 94.45 प्रतिशत परिणाम के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं में भी जिले ने 85.66 प्रतिशत परिणाम के साथ 11वें स्थान से छलांग लगाते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे कई ठोस और योजनाबद्ध पहल रहीं। अगस्त माह से शुरू होकर पूरे वर्ष भर चली मासिक टेस्ट श्रृंखला में इकाई-वार, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, प्री-बोर्ड और बोर्ड स्तर की परीक्षाएं आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पीएलसी (पीयर लर्निंग सर्कल) के माध्यम से तैयार किए गए, जिससे उनकी गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित हुई। सभी स्कूलों में एक साथ परीक्षा आयोजित की गई और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन छात्रों के अपने स्कूलों के बाहर करवाया गया, जिससे निष्पक्षता बनी रही। छात्रों के प्रदर्शन पर सालभर सतत निगरानी रखी गई। कमजोर छात्रों के लिए रेमेडियल कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई, वहीं मेधावी छात्रों को राज्य की टॉप-10 सूची में स्थान दिलाने हेतु दो दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उत्तर लेखन की तकनीक, चरणबद्ध मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा दिसंबर तक संपूर्ण पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया गया, जिससे जनवरी से मार्च तक प्रभावी पुनरावृत्ति संभव हो सकी। इस अवधि में उत्तर सहित प्रश्न बैंक भी छात्रों को अभ्यास हेतु वितरित किया गया। इन सभी प्रयासों का परिणाम यह रहा कि दंतेवाड़ा जिले ने न केवल प्रदेश में अपनी स्थिति को ऊँचा किया, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और शैक्षणिक क्षमताओं में भी जबरदस्त वृद्धि की। अब शिक्षा में बदलाव स्वरूप रमशिला जैसी छात्राएं अब जिले की पहचान बन रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। छात्रा के सम्मान के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.अम्बष्ट, डीएमसी हरीश गौतम और छू लो आसमान संस्था की अधीक्षिका डॉ. शैनी रविन्द्रन भी उपस्थित थीं।



- राज्य की मेरिट लिस्ट में दसवीं कक्षा में बनाया स्थान
- बदलते दंतेवाड़ा और बेहतरीन शैक्षणिक व्यवस्था की बनी पहचान
- पढ़ाई में तकनीक को जोड़ने लैपटॉप देकर किया सम्मान

# गुम युवती को फरसगांव पुलिस ने खोज निकाला

**कोण्डागांव,** 13 मई (देशबन्धु)। फरसगांव पुलिस द्वारा जन सेवा का सराहनीय कार्य करते हुए 1 सप्ताह के अन्दर गुम युवती को खोज निकाले जाने से परिजनों के मायूस चेहरे पर मुस्कान आया। थाना फरसगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गारका निवासी युवती कुमारी शिवरात्रि बघेल पिता जोहन राम बघेल 27 साल निवासी गारका थाना केशकाल जिला कोण्डागांव 28 अप्रैल 2025 को अपने बडी दीदी गौरी दुग्गा निवासी रावणभाटा फरसगांव में घर काम करने आई थी और 6 मई 2025 को अपने घर गारका जा रही हूँ, कहकर अपनी दीदी गौरी दुग्गा को बता कर फरसगांव से निकली थी लेकिन शाम रात तक अपने घर गारका वापस नहीं आई। जिससे परिजनों ने आसपास पता तलाश करने के बाद पिता जोहन राम बघेल निवासी गारका ने अपनी पुत्री के गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज करवाया था। प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार पर फरसगांव पुलिस, मामले में गुम इंसान कायम कर गुम युवती की पतासाजी में जुट गई थी। मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए गुम युवती की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के सख्त आदेश, एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में विशेष टीम गठन किया गया था। गुम इंसान की पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना के आधार पर गुम युवती को पासंगी पुलिया के पास है, पूछताछ कर गवाहों के समक्ष 12 मई 2025 को दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द किया गया।



**परिजनों के मायूस चेहरे पर आया मुस्कान**

# सुशासन शिविर में किसी भी ब्लाक में आएंगे सीएम

**दंतेवाड़ा,** 13 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सुशासन समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित प्रवास को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह श्री साय जिले के किसी ब्लाक में औचक पहुंचेंगे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड निर्माण में हो रही धीमी प्रगति में तेजी लाने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन के लिए जीवन रक्षक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही वृक्षारोपण महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को अभी से कार्य योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से एक पौधा मां के नाम अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि मातृत्व को सम्मान देने का एक सशक्त प्रयास भी है।



बैठक में आगामी सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों और मांगों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि वे इन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि लोगों में शासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। इसके साथ ही कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रस्तावित मुख्यमंत्री दौरे के संदर्भ में भी चर्चा की। उन्होंने लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रमों से जुड़ी सभी तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित जिले के समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

- समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दी जानकारी
- तैयारियों को अंतिम रूप देने अधिकारियों को निर्देश
- आयुष्मान कार्ड निर्माण में देरी पर जतायी नाराजगी
- सुशासन तिहार के आवेदनों के गुणवत्ता पूर्ण निराकरण पर जोर

# अन्यत्र स्थानों में संचालित बालक-बालिका आश्रम का संचालन कड़ेनार में करने की मांग

**कोण्डागांव,** 13 मई (देशबन्धु)। ग्राम कड़ेनार के नाम पर अन्यत्र स्थानों में संचालित बालक एवं बालिका आश्रम का संचालन ग्राम कड़ेनार में करने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर ग्राम कड़ेनारवासियों द्वारा लिखित आवेदन पत्र देकर किया गया है।

कोण्डागांव जिले के अतिसंवेदनषील क्षेत्र में बसे ग्राम पंचायत कड़ेनार के सरपंच, पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सोमवार 13 मई को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे और क्षेत्र के बच्चों के हितों के लिए शासकीय कन्या आश्रम एवं बालक आश्रम को पुनः ग्राम कड़ेनार में ही संचालित किए जाने जैसी महत्वपूर्ण मांग सम्बन्धी लिखित आवेदन पत्र कलेक्टर को सौंपा।

ग्रामवासियों का कहना है कि पहले कभी कड़ेनार में ही कन्या एवं बालक आश्रम का संचालन किया जाता था, जिससे क्षेत्र के आदिवासी और अन्य गरीब बच्चे कम से कम आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त कर लेते थे। लेकिन पूर्व में क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की सक्रियता के कारण इन आश्रमों को अन्य सुरक्षित स्थानों हसलनार में कन्या आश्रम और मर्दापाल में बालक आश्रम का संचालन किया जाने लगा।

**वर्तमान में बदल चूकी है, परिस्थितियां**

वर्तमान में परिस्थितियां बदल चूकी है और कड़ेनार में ही लाखों रुपए की लागत से कम्पोजिट ट्रांजिट भवन बनाया जा चुका है और वह भी लगभग 4-5 वर्ष पूर्व से। कम्पोजिट ट्रांजिट भवन बनाये जाने का उद्देष्य ही ग्रामीणजनों को आश्रम संचालन करने के लिए बताया गया था। भवन निर्माण हो जाने के बावजूद दोनों आश्रमों का संचालन कड़ेनार से 25-30 किमी दूर हसलनार और मर्दापाल में किया जा रहा है। जिससे स्थानीय बच्चों को भारी असुविधा हो रही है और उन्हें शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है।



क्षेत्र के कई बच्चे जानकारी के अभाव में कम उम्र में ही मजदूरी के लिए पलायन कर रहे हैं।

**ग्रामीणों ने आरोप लगाया**

ग्रामीणों ने अरोप लगाया कि अब स्थितियां पहले जैसी नहीं रही है, क्षेत्र में शांति है और आश्रमों को वापस कड़ेनार में संचालित करने में सुरक्षा संबंधी कोई बाधा नहीं है। फिर भी शिक्षा विभाग के अधिकारी, ग्रामीणजनों की सुविधा के बजाय अपनी सुविधा को प्राथमिकता दे रहे हैं और आश्रम का संचालन नहीं कर रहे हैं।

**पूर्व में भी की जा चूकी है मांग, गांव में आश्रम का संचालन करने की**

ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा भी जिला प्रषासन से कई बार पत्राचार करके दोनों आश्रमों का संचालन ग्राम कड़ेनार में किए जाने की मांग किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सका है। सरपंच श्रीमती घसनी कष्यप, उप सरपंच सीताराम, पूर्व सरपंच षंकर वट्टी, सादू कोर्राम, सम्पत कोर्राम, बिल्टी कष्यप, मनीराम सोरी, गिंजरु सोरी, षंकर कष्यप, जुगरु कार्राम, देवनाथ नेताम, सुकधर कोर्राम, ष्यामलाल सोरी, सहादेव नेताम, प्रवीण वट्टी, जगतू वट्टी, सियम कोर्राम आदि ग्रामीणों ने लिखित आवेदन पत्र देकर कलेक्टर से आग्रह किया है कि आश्रमों का संचालन ग्राम कड़ेनार में ही शुरू करवाने की मांग किया है, जिससे कि स्थानीय बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध हो सकें और क्षेत्र का सामाजिक-शैक्षणिक विकास सुनिश्चित हो सके।

## संपादकीय

### एयरपोर्ट निशुल्क पार्किंग टाइम बढ़े

*जब से रायपुर के स्वामी विवेकानन्द हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें अनेक तरह की सहूलियतें उपलब्ध कराई गई हैं और यह एयरपोर्ट यात्रियों के लिये पहले के मुकाबले काफी सुविधापूर्ण हो गया है। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसमें नित नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं इसलिये इसका देश भर के उन हवाईअड्डों में शुमार है जो यात्रियों को संतुष्टि प्रदान करने वाली सूची में अक्सर ऊंची रैंकिंग प्राप्त करता है। भारत सरकार, भारतीय विमान पत्तनन तथा छत्तीसगढ़ सरकार के मिले-जुले प्रयासों का ही यह सुपरिणाम है।*

*रायपुर एयरपोर्ट के विकसित होने के बावजूद एक समस्या ऐसी भी है जिसका हल अब तक संतोषजनक ढंग से नहीं निकाला जा सका है- वह है मुफ्त पार्किंग की सुविधा का समय जो इतना कम रखा गया है कि यह उन लोगों के लिये हमेशा अपूरा पड़ता है जो किसी को छोड़ने या लेने जाते हैं। निशुल्क पार्किंग की समय सीमा केवल 6 मिनट रखी गयी है। यदि किसी को छोड़ने जाना हो तो पहले प्रवेश पर बने बूथ से उसे इलेक्ट्रॉनिक पर्ची मिलती है। कितनी भी जल्दी की जाये तो भी यात्री को उतारने, उसका सामान आदि उतारने में अक्सर 3-4 मिनट लग ही जाते हैं। फिर आगे बढ़ने पर निकास बूथ पर उसे इंतज़ार करना पड़ता है क्योंकि वहां जाने वाले वाहनों की भीड़ रहती है। वहां तक पहुंचने और पर्ची दिखाने में और दो-तीन मिनट हो जाते हैं। इसके कारण वाहन वाले को शुल्क चुकाना देय हो जाता है।*

*इस मुद्दे को लेकर अक्सर वहां विवाद की स्थिति हो जाती है। वाहन चालक कितना भी कहे कि वह तो निर्धारित वक्त पर पहुंच गया था पर आगे लगी गाड़ियों के चलते उसे विलम्ब हुआ है, यानी 6 मिनट निकल गये, तो भी शुल्क वसूली करने वाला स्टाफ उसे नहीं मानता। यदि कोई वाहन चालक-मालिक विवाद करता है तो पीछे लगी वाहनों के लोग बेचैन हो जाते हैं और वे लगातार हॉर्न बजाते हैं क्योंकि उनका भी निर्धारित समय बीतता रहता है। कई बार गाली-गलौज, हाथा-पाई तथा मार-पीट भी इस कारण से होती है।*

*किसी फ्लाइट के उतरने पर यात्रियों की भीड़ और भी बढ़ जाती है। यह समय इतना कम होता है कि यदि एयरपोर्ट पूरा खाली हो तभी इतने कम समय में ड्रॉप या पिक कर निकला जा सकता है। कई संगठन वर्षों से इस समयावधि को बढ़ाने का निवेदन कर रहे हैं लेकिन इस मांग को पूरी तरह से अनसुना कर दिया जाता है। यह आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिये ऐसा किया गया है। अब रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हवाई अड्डा अधिकारियों को एक पत्र लिखकर यह समय 10 मिनट करने को कहा है। उम्मीद है कि इसे बढ़ाया जायेगा ताकि लोगों को सहूलियत हो।*

**उल्टा पुल्टा**

देश के युवाओं के लिए एक संदेश!
अगर तुम देश बदलना चाहते हो तो अभी बदल डालो क्योंकि अगर शादी हो गई तो तुम देश क्या टी वी का चैनल भी नहीं बदल पाओगे।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किए कई बड़े ऐलान

## 3 लाख से ज्यादा मकान स्वीकृत, कांग्रेस पर भी साधा निशाना

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायपुर के महानदी भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। जिसमें शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के किसानों को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। पीएम आवास पर चर्चा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वो सरगुजा के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ आए हैं। जहां वो पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपेंगे। साथ ही साथ नए पीएम आवास बनाने को लेकर कई घोषणाएं करेंगे।



**पुरानी सरकार के भी काम को पूरा किया**

शिवराज सिंह चौहान ने पीएम आवास के पिछली सरकार के बचे हुए कामों को भी पूरा करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय को धन्यवाद कहा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनमन योजना के तहत अति पिछड़े वर्ग को भी मकान का लाभ दिया जा रहा है।

नक्सलियों के भी मकान बनाने का काम-शिवराज सिंह चौहान ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें भी पीएम आवास के तहत मकान देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसके लिए सरकार अलग से अभियान चला रही है। इस अभियान में केंद्र सरकार भी प्रदेश सरकार के साथ है।इसके लिए सरेंडर करने वाले नक्सलियों को भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा।

मोदी जी ने (विधानसभा चुनावों के दौरान) लोगों को घर देने का वादा किया था। पिछले साल लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के लिए 8 ।47 लाख मकान स्वीकृत किए गए थे। बाद में 3 ।03 लाख और मकान स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा, आवास प्लस 2018 की सर्वेक्षण सूची के अनुसार केवल 3,00, 768 लाभार्थियों को मकान मिलना बाकी है और आज मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को इन शेष मकानों के लिए आवंटन पत्र सौंपूंगा। चौहान ने कहा कि केंद्र ने नक्सली हिंसा के पीड़ितों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए 15,000 मकान भी स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि नया सर्वेक्षण किया जा रहा है और पिछली सूची में शामिल नहीं होने वालों को भौतिक सत्यापन के बाद आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

**मनरेगा की राशि में होगा इजाफा**

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम आवास के लिए मनरेगा के तहत जारी की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की जाएगी ।अभी ये राशि 3555 करोड़ रुपए हैं। जिसमें पीएम आवास बनाने के दौरान मनरेगा के तहत राशि दी जाती है। लेबर बजट को आगे रिवाइस किया जाएगा ।ताकि मकान बनाने में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। मिशन अमृत सरोवर पर भी काम चल रहा है।2900 अमृत सरोवर का कायाकल्प हो रहा है। इसके लिए 192 स्थलों का चयन किया गया है। पुरानी जल संरचनाओं को ठीक करना और नए बनाना है ।जिसके लिए छत्तीसगढ़ को राशि देने का काम किया जा रहा है।

# प्रदेश में आंधी-बारिश का कहर

**मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट**

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला है। राजधानी समेत कई इलाकों में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रायपुर में तेज आंधी-तूफान और बारिश से कई इलाकों में पेड़ गिरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। गौरव पथ, सिविल लाइन, कटोरा तालाब सहित रिहायशी इलाको में पेड़ गिरने से सड़क पर अवजाही प्रभावित हुई है। साथ ही बिजली गुल से लोग हलाकान रहे। भीषण गर्मी के बीच शहर के रिहाईशी इलाकों में 2 से 5 घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं बिजली दफ्तरों में लोकल शिकायतों की भरमार रही।

वहीं मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी, तेज हवाएं और बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट आज शाम 7.05 बजे तक प्रभावी रहेगा।



■ रायपुर में तेज हवा के साथ हुई बारिश से कई इलाकों में गिरे पेड़

मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 27 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में मध्यम तूफान के साथ तेज हवाएं (40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार), बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

**इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी**-मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली गिरने के साथ अचानक तेज हवा आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है।

**इन जिलों में येलो अलर्ट**-मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर जिले में येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में भी आकाशीय बिजली गिरने एवं अचानक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

# छत्तीसगढ़ को जल्द मिलेगा पूर्णकालिक डीजीपी



- यूपीएससी में सलेक्शन कमेटी की हुई बैठक
- मुख्य सचिव अमिताभ जैन हुए शामिल
- सीएम साय लगाएंगे अंतिम मुहर

**रायपुर,** 13 मई(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ को जल्द पूर्णकालिक डीजीपी मिलने वाला है इसके लिए यूपीएससी में आज सलेक्शन कमेटी की बैठक हुई जिसमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन शामिल हुए प्रभारी डीजीपी अरुणदेव खुद भी दावेदार हैं इसलिए वे बैठक में शामिल नहीं हुए।

डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम भेजा गया है, जिसमें सीनियरिटी के हिसाब से पवनदेव अरुणदेव गौतम जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता शामिल हैं इनमें से ही कोई एक पूर्णकालिक डीजीपी बनेगा यूपीएससी सलेक्शन कमेटी तीन नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजेगा वहां से फिर पेनल छत्तीसगढ़ सरकार को आएगा इन तीन नामों के पेनल में से किसी एक नाम पर मुख्यमंत्री मुहर लगाएंगे।

**पहले मुख्यमंत्री सीधे करते थे डीजीपी की नियुक्ति**-पहले मुख्यमंत्री सीधे डीजीपी की नियुक्ति करते थे। एएन उपध्याय की नियुक्ति तक यूपीएससी को नाम भेजने वाला नियम नहीं था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट का गाइडलाइन आया कि डीजीपी की नियुक्ति कम से कम दो साल के लिए होगी। नियुक्ति के बाद अगर छह महीने भी रिटायरमेंट में समय बचा हो तो भी नियुक्ति के बाद उन्हें दो साल का अवसर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में अशोक जुनेजा को इसका लाभ मिला।

# नवा रायपुर में जनजातीय संग्रहालय का आज लोकार्पण

**प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों का सम्मान भी होगा**

**मुख्यमंत्री साय करेंगे शुभारम्भ**

**रायपुर,** 13 मई(देशबन्धु)। नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर प्रदेश के जनजातीय शैली, संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित संग्रहालय लगभग 9 करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मई को इस संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संग्रहालय में डिजीटल एवं एआई तकनीक के माध्यम से जनजातीय संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया हैं। क्यू आर कोड स्कैन करते ही सम्बंधित झांकी की सम्पूर्ण जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक को नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी प्रदान करने साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के जेईई मेंस 2025 में चालिफाई करने वाले छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। गौरतलब है कि जनजातीय संग्रहालय में कुल 14 गैलरियां हैं, जिनमें जनजातीय जीवनशैली के सभी पहलुओं का बहुत ही खूबसूरत ढंग से जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इनमें जनजातियों के भौगोलिक विवरण, तीज-त्यौहार, पर्व-महोत्सव तथा विशिष्ट संस्कृति, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, वस्त्र (परिधान) एवं आभूषण, कृषि तकनीक एवं उपकरणों, जनजातीय नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों, आग जलाने, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना), कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणो व परंपरागत तकनीकों, को दर्शाया गया हैं। वहीं सांस्कृतिक विरासत के अंतर्गत अबुझमाड़िया में गोटुल, भुंजिया जनजाति में लाल बंगला इत्यादि, जनजातीय में परम्परागत कला कौशल जैसे बांसकला, काष्ठकला, चित्रकारी, गोदनाकला, शिल्पकला आदि का एवं अंतिम गैलरी में विषेष रूप से कमजोर जनजाति समूह यथा अबूझमाड़िया, बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं राज्य शासन द्वारा मान्य भुंजिया एवं पण्डो के विशेषीकृत पहलुओं का प्रदर्शन किया गया है।

# राहुल गांधी ने दीपक बैज की तारीफ में लिखा पत्र

**प्रदेश नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर लगा विराम !**





**रायपुर,** 13 मई(देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा से लेकर निकाय चुनाव तक हार मिलने के कारण कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बदले जाने को लेकर सियासत जारी रही है। समय से पहले दीपक बैज को पद से हटाने की चर्चा पूरे प्रदेश में चली।

कांग्रेस के बड़े-बड़े चेहरों ने खुलकर दिल्ली तक प्रदेश की कमान संभालने की दावेदारी की। इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता भी शामिल रहे ।लेकिन इस चर्चा और दावेदारियों के बीच दीपक बैज संगठन स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों और कार्यक्रमों को अंजाम देते रहे ।उन्होंने बलौदाबाजार हिंसा, इंद्रावती नदी के संरक्षण, प्रदेश में बढ़ते अपराध और जवानों का हौसला अफज़ाई करने छत्तीसगढ़ में समय-समय पर यात्राएं निकालीं। ये यात्राएं प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी चर्चा का विषय रहीं। वहीं इन तमाम अटकलों के बीच राहुल गांधी के एक पत्र ने सियासी गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है।

**राहुल गांधी ने प्रदेश अध्यक्ष बैज को लिखा पत्र**

लोकसभा नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है। राहुल गांधी ने बैज और उनकी यात्रा की तारीफ़ की है।

पत्र में राहुल गांधी ने लिखा है च्मैं छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों और राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ पदयात्रा निकालने की सराहना करता हूं। हमें न्याय के लिए लड़ना जारी रखना चाहिए और लोगों तक उम्मीद का संदेश पहुंचाना चाहिए।

**राहुल गांधी के पत्र**

**का क्या है मायने**

दीपक बैज को राहुल गांधी के लिखे पत्र के सियासी गलियारों में कई मायने निकाले जा रहे हैं। राहुल गांधी का यह पत्र दीपक बैज के शेष कार्यकाल के लिए हरी झंडी की तरह लोगों को नज़र आने लगा है

यह पत्र गांधी परिवार से बैज के संबंध पर भी काफ़ी कुछ दर्शाता है ।अब ये मायने निकाले जा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकाल से पहले परिवर्तन की संभावनाएं अब लगभग समाप्त हो चुकी हैं।

# निगम की ढाबों में दबिश

## गंदगी मिलने पर किया 70 हजार जुर्माना

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। आज नगर निगम रायपुर में प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में खाद्य विभाग, नगर निवेश विभाग, निगम मुख्यालय, जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर जोन 9 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न 5 ढाबो की सफाई, स्वच्छता व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया. स्थल निरीक्षण के दौरान ढाबो में स्वच्छता का अभाव पाया गया और नगर निगम को प्राप्त सफाई सम्बंधित जनशिकायत सही पायी गयीं इस पर स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन 9 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री बारोन बंजारे ने मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 70 हजार रूपये का जुर्माना किया. स्वास्थ्य अधिकारी ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को सम्बंधित ढाबा संचालकों को सफाई स्वच्छता को लेकर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



**कांग्रेस के सवालों पर उपमुख्यमंत्री ने किया पलटवार**

# 9 आतंकी ठिकानों का ध्वस्त होना बड़ी जीत, इतना समझ नहीं आता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण : अरूण साव

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर ऑपरेशन की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर घेरा और स्पष्ट जवाब मांगा। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस प्रकार कल (12 मई) डीजीएमओ ने स्पष्ट रूप से जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय सेना ने आतंकियों के नौ अड्डों को एकसाथ ध्वस्त किया, यह बहुत बड़ी सफलता है। पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है और खुद सीजफायर के लिए संपर्क किया। अगर इसके बाद भी किसी को समझ नहीं आता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।



**कांग्रेस की 'बैलाडीला बचाओ यात्रा' पर उपमुख्यमंत्री साव का तंज**-उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस के बैलाडीला बचाओ यात्रा की घोषणा पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल को गतिविधियां करने का अधिकार है, लेकिन जिस पार्टी ने देश को तोड़ा, वो भारत जोड़ो यात्रा निकालती है, और जिसने संविधान को तार-तार किया, वो संविधान बचाओ यात्रा निकालती है। कांग्रेस जनता से कट चुकी है और अब शून्यता की ओर बढ़ रही है। गौरतलब है कि कांग्रेस इससे पहले दो यात्राएं स्थगित कर चुकी है और अब 'बैलाडीला बचाओ यात्रा' निकालने की तैयारी में है।

**बीजेपी निकालेगी देश भर में तिरंगा यात्रा**-डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया, यह संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है। देशभर में राष्ट्रप्रेमी सेना के समर्थन में हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

# पीएम मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को चरितार्थ कर रही हमारी सरकार : साय

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को खूब भाए 'जशप्योर' के उत्पाद**

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत जशप्योर ब्रांड के उत्पादों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने जशप्योर के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। %जशप्योर% न केवल एक ब्रांड है, यह छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है।

उल्लेखनीय है कि मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें जशपुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार की गई जशप्योर ब्रांड की खाद्य पदार्थों से सुसज्जित विशेष परंपरागत टोकरी भेंट की। छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुके जशप्योर ब्रांड की यह टोकरी केवल उपहार नहीं थी, बल्कि आत्मनिर्भरता, परिश्रम और स्वदेशी कौशल का एक जीवंत प्रतीक थी। छींद कांसा की हस्तनिर्मित टोकरी में सजाए गए उत्पादों में डेकी, कुटा, जवां फूल चावल, टाऊ पास्ता, महुआ कुकीज, रागी, मखाना लड्डू, महुआ गोंद लड्डू, महुआ च्यवनप्राश, ग्रीन टी, शहद और हर्बल सिरप जैसे विविध उत्पाद शामिल थे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और प्रत्येक वस्तु की जानकारी बड़े उत्साह से ली। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों में केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि हमारे जनजातीय समुदाय का परिश्रम और गौरव झलकता है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को आत्मसात करते हुए, ऐसे लोकल ब्रांड्स को सशक्त बना रही है जो न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत बनाए रखते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की स्व सहायता समूहों की महिलाएं केवल उत्पाद नहीं बना रहीं, बल्कि आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की नींव गढ़ रही हैं।

# गरीबों को घर नहीं देने का पाप भूपेश सरकार ने किया : शिवराज

## जिन्होंने सरकार में रहते छग को बरबाद किया, उनकी चुनौती जनता ने पहले की समाप्त कर दी

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने अपने मंत्री के कहने के बाद भी गरीबों को घर नहीं देने का पाप किया है। प्रधानमंत्री मोदी आवास के लिए राशि भेजते रहे लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं दिया।




पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि जिन्होंने सरकार में रहते छत्तीसगढ़ को बरबाद किया, उनकी चुनौती जनता ने पहले ही समाप्त कर दी। हमारे प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना की राशि भेजी लेकिन वो राशि राज्य सरकार ने खर्च नहीं की और इसका परिणाम ये हुआ कि लाखों पात्र हितग्राही लाभ से वंचित रह गए और गरीब को घर न देना एक पाप था।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जनता से किया वचन भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने निभाया और पहली बार 8 लाख आवास दिए। सीएम और डिप्टी सीएम ने और आवास मांगा तो 3.30 लाख आवास दिए। आज मुझे खुशी है कि आवास प्लस की सूची में 3.76 लाख बचे थे जिन्हें मकान नहीं मिला था, तो आज वह सभी को आवास दे रहे हैं। इसका एक प्रमाण पत्र आज अंबिकापुर के कार्यक्रम में सीएम साय को दूंगा। इसके बाद 2018 की सूची का कोई भी हितग्राही शेष नहीं बचेगा। चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ को देने भारत सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने बताया कि पहली बार मुख्यमंत्री साय आए थे तो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नक्सलवाद को छोड़ चुके लोगों के लिए आवास मांगा, हमने उसे भी दिया। आवास के लिए अब और नया सर्वे हो रहा है, वेरिफिकेशन करके आगे भी आवास दिए जायेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस के सवालों पर बोले कि जिन्होंने सरकार में रहते छत्तीसगढ़ को बरबाद किया, उनकी चुनौती जनता ने पहले की समाप्त कर दी है। सारा देश गर्वित और गौरवान्वित हैं। पाकिस्तान का कोई हिस्सा हमारे लक्ष्य से दूर नहीं था।

# रायपुर में सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला कार्यशाला का आगाज

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, जो अपनी आदिम कला और संस्कृति के लिए विख्यात है, में 10 मई से 16 मई तक वेदांता सिटी, कांदूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यशाला का शुभारंभ प्रख्यात प्रिंटमेकर प्रो. व्ही. नागदास के नेतृत्व में देश के प्रसिद्ध प्रिंटमेकर और चित्रकार प्रो. अजित शील (शांति निकेतन, पश्चिम बंगाल), रमेन्द्रनाथ काश्ठा (कोलकाता, पश्चिम बंगाल), और प्रो. विजय बगोड़ी (बड़ोदरा, गुजरात) ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। 'डॉट्स एंड लाइन्स' नाम से रायपुर में पहली बार आयोजित इस कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रख्यात कलाकार और उभरते प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं. आयोजनकर्ता प्रो. व्ही. नागदास ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रो. अजित शील, रमेन्द्रनाथ काश्ठा, प्रो. विजय बगोड़ी, और प्रो. धनंजय पाठक (नागपुर, महाराष्ट्र) जैसे अनुभवी प्रिंटमेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रतिभागियों में मोना गुप्ता (राउरकेला, झारखंड), दुर्गा दास (खैरागढ़, छत्तीसगढ़), मुक्ता यदू दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), डॉ. अंबरीश मिश्र (प्रयागराज, उत्तर प्रदेश), अर्चना जैन (कोरबा, छत्तीसगढ़), डॉ. निशा चड्ढा (अंबाला, हिमाचल प्रदेश), हेमलता दत्त (बोकारो, झारखंड), सुकांत दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), अंकिता दौलतबो ?प्रतिभागी शामिल हैं. इसके अलावा औरंगाबाद, मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के अन्य कलाकार भी इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

प्रो. नागदास ने कहा कि यह कार्यशाला प्रिंटकला के क्षेत्र में नए विचारों और तकनीकों को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगी, जिससे कला जगत में छत्तीसगढ़ की पहचान और सशक्त होगी. यह आयोजन स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कला प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होने की उम्मीद है।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 फीसदी रहा



**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। किसी भी संस्थान की सफलता उसके अथक परिश्रम सही मार्गदर्शन और उच्च आदर्शो का प्रतिफल होता है। सफलता के ऊँचे लक्ष्यों का निर्धारण करना उन लक्ष्यों को हासिल करना और प्राप्त सफलता को सतत् कायम रखना यही एक सफल संस्थान की पहचान होती है। इस कसौटी में मध्यभारत का ख्यातिलव्ध विद्यालय ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी रायपुर हमेशा खरा उतरा है। सफलता के नित-नये आयामों का प्राप्त करते हुये इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 189 छात्र-छात्राएं कक्षा 12वीं के परीक्षा में सम्मिलित हुये थे। यह छात्रों के परिश्रम लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

छात्रों का यह अद्वितीय परीक्षाफल उनकी संकल्प शक्ति का द्योतक तो है ही, विद्यालय प्रबंधन के शानदार शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम भी है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने कोटिषः बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

# सरयूपारिण ब्राह्मण समाज ने भारतीय सेना के सफल आपरेशन पर किया सुंदरकांड पाठ

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा भारत के कश्मीर पहलगांव के आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों के मौत के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने जिस प्रकार शौर्य का प्रदर्शन किया,सेना के जवानों ने जिस तरह लाहौर कराची रावलपिंडी में घुस कर पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह किया उससे प्रत्येक भारतीय का सर गर्व से ऊंचा हो गया है।



इस क्रम में आज सरयूपारिण ब्राह्मण सभा रायपुर छत्तीसगढ़ ने सुंदरकांड का पाठ कर हनुमानजी की पूजा अर्चना कर लड्डू बांट खुशी मनाई। वही सेना के तेज बल पराक्रम में वृद्धि की कामना करते हुए विश्व में भारत का नाम ऊंचा रहने की कामना की।

सरयूपारिण समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने तुलसी दास की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि रामायण में उल्लेखित पंक्तिज्ज जे मोहि मारा तेंही मै मारेंवज्को चरितार्थ करते हुवे भारतीय सेना ने भगवान हनुमानजी के बताए मार्ग पर चलते हुए आततायों को सजा दी।भारतीय परम्परा पहले हमले की नहीं है लेकिन कोई हमला करे तो मौत के घाट उतारने के लिए भी संकल्पित हे। तत्पश्चात सुंदरकांड का पाठ सामूहिक रूप से कैलाश तिवारी, राममूर्ति तिवारी आर एल द्विवेदी, राजेश त्रिपाठी ,डॉ सुरेश शुक्ला,राजेंद्र शर्मा,प्रवीण चौबे ,संगम लाल त्रिपाठी,प्रमोद शर्मा,शैलेश शर्मा ,शिव प्रसाद मिश्रा ,लक्ष्मण मिश्र आनंद पांडे डॉ अजय त्रिपाठी दिनेश शुक्ल ,शतीश त्रिपाठी अभय तिवारी,सन्तोष शुक्ला आचार्य यदुवंश मणि त्रिपाठी ,के एन तिवारी संजय तिवारी प्रवक्ता सहित अन्य पदाधिकारियों सदस्यों ने पाठ किया ।अंत में भारत की शानदार विजय पर लड्डू बांटे गए एवं प्रसन्नता का इजहार किया गया ।

# नगरीय प्रशासन विभाग ने वर्षा ऋतु के पहले नालों व नालियों की सफाई व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वर्षा ऋतु के पहले नालों और नालियों की सफाई तथा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के निर्देश दिए हैं। विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर नालों एवं नालियों पर कच्चे व पक्के अतिक्रमणों तथा अवरोधों को हटाने को कहा है। पेड़ों में लगे बोर्ड्स, साइन-बोर्ड्स, साइनेजेस, विज्ञापनों, बिजली के तारों तथा हाइटेंशन लाइन्स को भी हटाने के निर्देश विभाग ने दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजे परिपत्र में कहा है कि वर्षा ऋतु में प्रायः यह देखने में आता है कि शहरों में बारिश के पानी के निकासी के लिए निर्मित नालियों की समय पूर्व समुचित सफाई न होने तथा पानी निकासी के रास्तों के अवरोधों को दूर नहीं करने के कारण आकस्मिक वर्षा से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस स्थिति से बचाव के लिए बरसात के पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें।

विभाग ने संचालनालय से निकायों को जारी परिपत्र में नगर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों व चौराहों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। नगर के सभी नालों व नालियों की पूर्ण एवं नियमित साफ-सफाई अंतिम छोर तक गहराई से किए जाएं। इस कार्य से किसी भी प्रकार से नदी या जल प्रदूषित न हों, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। विभाग ने निर्माणाधीन नालों एवं नालियों में पानी बहाव के रास्ते से निर्माण सामग्रियों को हटाने को कहा है, जिससे पानी के बहाव में निरंतरता बनी रहे। नालों व नालियों में निर्मित कच्चे-पक्के अतिक्रमणों और अवरोधों को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर आवश्यक अमले, टूल, मशीन आदि के साथ ही नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति करने को कहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की 24 घंटे वर्किंग सुनिश्चित करते हुए इसके फोन नम्बर आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने भी कहा है। निचली बस्तियों एवं संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के चिन्हांकन के साथ ही वहां प्रभावितों का अनुमान लगाकर प्रभावितों के लिए अस्थाई रूप से सुरक्षित स्थल भी चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। अन्य क्षेत्रों में भी बाढ़ के दौरान एवं बाढ़ के प्रभाव के समाप्त होने पर संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति निर्मित होने पर संबंधित विभाग को इसकी सूचना देने कहा गया है। संचालनालय ने सभी नगरीय निकायों को वर्षा ऋतु के दौरान नागरिक सेवाओं के निर्बाध व सुचारू संचालन तथा बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

# ज्ञान सरिता विद्या मंदिर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा



**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। शांति विहार कॉलोनी, डंगनिया स्थित ज्ञान सरिता विद्या मंदिर के सत्र 2024-25 में कक्षा 10 वीं के हाईस्कूल परीक्षा का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा जिसमें कु. रिया मानिकपुरी ने 96.3 प्रतिशत अंक अर्जित संकुल डंगनिया एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. स्वाति ध्रुव 86.3 प्रतिशत, दीपक यादव 5 प्रतिशत, तरूण साहू 76.3 प्रतिशत, प्रशांत साहू 75.6 प्रतिशत, गौरव बरवेकर 73.8 प्रतिशत, वरी साहू 73.5 प्रतिशत, यशस्वी साहू 72 प्रतिशत, प्रिया साहू 70 प्रतिशत और रवि निषाद 64.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री नीलकंठ वर्मा, श्रीमती निर्मला वर्मा एवं समस्त शिक्षकगणों ने सभी छात्रों को हार्दिक बधाई प्रदान किया ।

## मैथिल ब्राह्मण सभा के तीनों पद पर सीधा मुकाबला- मतदान 18 मई को

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मैथिल ब्राह्मण सभा रायपुर के निर्वाचन की प्रक्रिया निरंतर जारी है।निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषि कुमार झा अधिवक्ता द्वारा जारी अंतिम सूची अनुसार अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष तीनों पदों पर सीधा मुकाबला है। रविवार 18 मई को टुरी हटरी स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में प्रत्यक्ष मतदान होगा। पं विजय कुमार झा ने बताया है कि इसके पूर्व कल 14 मई को डाक मतपत्र से मतदान हेतु प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक तथा संध्या 7 से 8 बजे तक मतदान की सुविधा इसलिए प्रदान की गई है कि 18 मई को अनेक वैवाहिक कार्यक्रम में मतदाता शहर से बाहर जाएंगे।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में 56 लाख की चोरी पर बड़ा खुलासा

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। एक अंतरराज्यीय गिरोह के पिछले दो साल से ट्रेनों में चोरी करने का मामला सामने आया है। इसी गिरोह ने पिछले महीने शिवनाथ एक्सप्रेस के एसी कोच में एक महिला यात्री का पर्स चोरी किया जिसमें सोने.हीरे के जेवर सहित 45 हजार नकदी समेत 65 लाख थे।

**चोरी का माल बरामद**

इस चोर गिरोह को पकड़ने के लिए शासकीय रेलवे पुलिस जीआरपी की टीमों को स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेजए ट्रेन के रिजर्वेशन चार्ट और लगभग 50 होटलों के रेकॉर्ड की जांच करने पड़े तब जाकर सफलता मिली है। इस मामले में चोरी का हार खरीदने वाले को भी कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रेनों में चोरी की यह सबसे बड़ी घटना थी। रेलवे पुलिस अधीक्षक श्वेता सिन्हा ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरोह से चोरी का पूरा सामान आरोपी रोहित और शेखर खरीदता था। शेखर को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया गया है। आरोपियों ने कबूल किया कि वे पिछले दो साल से ट्रेनों में चोरी कर रहे थे।

**ट्रेनों में 2 साल से सक्रिय था चोर**

**रायपुर के एक होटल में पहले दो आरोपियों को पकड़ा**

आरोपियों ने 2023 और 2024 में छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी करना स्वीकारा है। चार ऐसे मामले बिलासपुर भिलाई और डोंगरगढ़ के शामिल हैं। फरार आरोपी रोहित उर्फ गोलू की तलाश जारी है। आरोपियों के गैंग को पकड़ने में बीएनण् मिश्रा प्रभारी सायबर सेलए निरीक्षक आरके बोर्झा भिलाईए उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौकी दुग उप निरीक्षक राकेश वर्मा जीआरपी रायगढ़ए भास्कर पाणिग्राही रायगढ़ समेत आरक्षकों की टीम शामिल थी।

**2023 और 2024 में भी चोरी करना स्वीकारा**

ज्तंपद जेमजिरू शिवनाथ एक्सप्रेस में गोंदिया से 4 अप्रैल को रायपुर आ रही हिना पटेल नामक महिला यात्री का पर्स राजनांदगांव.दुर्ग के बीच यह अंतरराज्यीय चोर गिरोह ले उड़ा। पर्स में रखे हीरे और सोने के जेवर को कोलकाता में 11 लाख रुपए में बेचा। जीआरपी ने खरीदार को भी गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से ज्वेलरी भी बरामद कर ली है। पर्स में हीरे के दो हारए चार अंगूठियांए कान के लटकनए 45 हजार रुपए नकद और एक मोबाइल फोन था। रेल एसपी श्वेता सिंहा ने बताया कि ट्रेन में चोरी का यह बड़ा मामला था। जांच के लिए विशेष टीम गठित की। पहली गिरफ्तारी संतोष साव और अब्दुल मनान की हुई। कड़ी पूछताछ में उसने खुलासा कर दिया। चोरी का सामान रोहित उर्फगोलू ;कोलकाता निवासीद्ध और शेखर ;राउरकेला निवासीद्ध को बेचा था। शेखर से पूछताछ में चोरी के हीरे के दो हारए कान के लटकनए अंगूठियां और 10 हजार रुपए नकद बरामद हुए।

# रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च नया रायपुर परिसर स्थित रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतराष्ट्रीय नर्सेस दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरोज बाला कोरपे, मेट्रोन - जिला चिकित्सालय पंडरी रायपुर, अतिविशिष्ट अतिथि वंदना दास सीनियर नर्सिंग स्टाफ जिला चिकित्सालय पंडरी रायपुर ने मां सरस्वती, परम पूज्य महाराज श्री के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं फ्लोरेंस नाइटेंगल के सामने कैंडल जला कर की। तदपश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर नर्सिंग क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से नर्सेस के समाज में योगदान एवं उनकी महत्वतता पर प्रकाश डाला जिसमें रंगोली, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता सहित स्किट एवं डिबेट प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहीं। इसी दौरान महाविद्यालय द्वारा संचालित निःशुल्क क्ह्ह्ज्ञ कोचिंग में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं को 12वीं परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में समाज ने नर्सेस के योगदान की सराहना करते हुए सभी छात्र - छात्राओं से एक अच्छी नर्स बन कर देश और समाज की सेवा करने की अपील की, इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में अपने नर्सेस अनुभव साझा कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम के अंतिम चरण में अतिथिगण, शिक्षकों एवं सभी छात्रों ने केक काट कर एक दूसरे को नर्सेस दिवस की बधाई दी।

# नगर निगम जोन 3 ने सिंधु भवन में समाधान शिविर लगाया

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जोन 3 के 7 वार्डों के लिए बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर के सामने सिंधु भवन में सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, छ.ग. राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन 3 अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, एमआईसी सदस्य संतोष सीमा साहू, पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, महेश ध्रुव, की मंच पर उपस्थिति में नगर निगम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों ने नागरिको को सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक जोन 3 के 7 वार्डो में लगे शिविर में आमजनता से प्राप्त सभी 1920 आवेदनो, 1667 मांगो, 253 शिकायतो का शत प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण त्वरित समाधान द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य करने की प्रकरणवार विस्तृत समाधान की जानकारी मंच से दी गई।



रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सुशासन तिहार आयोजन हेतु आमजनों को मंच से हार्दिक बधाई दी। सांसद ने आयुक्त एवं एसडीएम को मंच से निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आये सभी आवेदनो में अपात्र पाये गये आवेदको को कारण सहित लिखित जानकारी संबंधित विभागो को निर्देशित कर दिया जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि वे आवेदक इस हेतु इधर उधर ना भटके, मोबाईल वाट्सएप, टेलीफोन पर अपात्र लोगो को जानकारी ना देवे। उन्हें कारण सहित लिखित जानकारी दी जाये। सांसद ने निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी को निर्देशित किया कि अमृत मिशन एवं 24 गुना 7 परियोजना के तहत संबंधितों को पेयजल समान रूप से उपलब्ध करवाना अधिकारियों एवं ठेकेदारो की बैठक लेकर समीक्षा कर सुनिश्चित करवाये। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभी पार्षदों से गर्मी के दौरान रायपुर के सभी नागरिको को समान रूप से पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने सहभागी बनने की अपील की। सांसद ने अपील की कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुशासन तिहार के तहत विष्णुदेव के सुशासन से आमजनो को लाभान्वित करने का कार्य संकल्प लेकर करें। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि नगर पालिक निगम रायपुर आमजनों की जनसमस्याओं का निदान करने कृत संकल्पित है। महापौर ने कहा कि जो लोग नगर निगम को संपत्तिकर अदा नहीं कर रहे है उनके घरों में रायपुर नगर निगम नल कनेक्शन नहीं लगायेगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार गरीबो को पक्का मकान देने लगातार कार्य किया जा रहा है। अवैध निर्माण करने वाले कब्जाधारियों का व्यवस्थापन करने का कार्य किया जा रहा है।

# वीर शिवाजी की तुलना औरंगजेब से नहीं हो सकती : डॉ. रमन सिंह

**रायपुर** 13 मई (देशबन्धु)। वर्ष 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वर्षगाँठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विगत 10 मई को राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास में महासमुन्द के पूर्व लोकसभा सांसद श्री चुन्नीलाल साहू की पुस्तक च्कोसल के क्रांतिवीरज् का विमोचन किया. उल्लेखनीय है कि बहुत पहले छत्तीसगढ़ और उससे लगे हुए पश्चिम ओड़िशा के इलाकों को इतिहास में च्कोसल प्रदेश च के नाम से भी जाना जाता था। पुस्तक का विमोचन करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि श्री साहू की यह पुस्तक छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा में हुए स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों के महान संघर्षो पर केंद्रित है और काफी तथ्यात्मक है, लेकिन हमारे देश के इतिहास की कुछ किताबों में अनेक ऐतिहासिक तथ्यों को या तो छोड़ दिया गया है या तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। यही कारण है कि इतिहास की ऐसी पुस्तकों में आज भी अकबर महान है। वास्तविकता तो यह है कि महाराणा प्रताप की तुलना न अकबर से हो सकती है और न ही छत्रपति शिवाजी की तुलना औरंगजेब से हो सकती है। डॉ. सिंह ने श्री साहू की पुस्तक च्कोसल के क्रांतिवीर च की तारीफ करते हुए कहा कि एक अच्छे सांसद और अच्छे विधायक रहे श्री चुन्नीलाल साहू अब एक अच्छे लेखक भी साबित हुए हैं।उन्होंने इस पुस्तक को तैयार करने के लिए काफी रिसर्च किया है, बड़ी मेहनत की है और लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने श्री साहू को बधाई दी.



**विधानसभा अध्यक्ष ने किया 'कोसल के क्रांतिवीर' का विमोचन**

विमोचन समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीशंकर निगम ने की. महासमुंद की लोकसभा सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी और विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित थे। । डॉ. रमन सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के कठिन दौर में छत्तीसगढ़ में ईस्ट इंडिया कम्पनी की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ समय-समय पर हुए जन-संघर्षो का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1857 से पहले ही छत्तीसगढ़ में क्रांति की चिंगारी सुलग उठी थी, जब 1792 में सरगुजा के अजीत सिंह ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ विद्रोह किया था। उन्होंने वर्ष 1818 में सोनाखान के जमींदार वीर नारायण सिंह के पिता राम राय, 1825 में परलकोट (पखांजूर) के जमींदार गैंद सिंह और वर्ष 1857 में वीर नारायण सिंह के संघर्ष और बलिदान को तथा वर्ष 1910 में बस्तर के गुण्डाधुर जैसे महान क्रांतिकारियों के योगदान को भी याद किया। पुस्तक में वर्ष 1857 के संग्राम के दौरान सोनाखान (छत्तीसगढ़) के वीर नारायण सिंह और पश्चिम ओड़िशा के बरगढ़ जिले में स्थित घेस जमींदारी के माधो सिंह बरिहा और सम्बलपुर के वीर सुरेन्द्र साय के बलिदान के साथ-साथ इन क्रांतिकारियों के अनेक परिवारजनों द्वारा भी अपने प्राणों की आहुति दिए जाने का भी उल्लेख है।

# छत्तीसगढ़ में ओड़िशा के फार्मासिस्ट की हत्या

## एक नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में एक ओड़िया फार्मासिस्ट की नृशंस हत्या के मामले में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैण् पुलिस ने परशु दंडसेना 20 गणपत दंडसेना 27 सरोज दंडसेना ;24 और एक अन्य नाबालिग को हिरासत में लिया है उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने नुआपड़ा शहर के शिवशक्ति नगर निवासी फार्मासिस्ट मानस त्रिपाठी उर्फ नवीन 30 का शव जशेखरा गांव ;कोमाखान थाना क्षेत्र के एक खेत से बरामद किया था इस मामले में आज कोमाखान पुलिस ने महुलभाटा से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसारए कोमाखान पुलिस की एक विशेष टीम ने कल नुआपड़ा शहर में तलाशी अभियान चलाया सबसे पहले महुलभाटा गांव से परशु को गिरफ्तार किया गया पूछताछ के दौरान परशु ने अन्य तीन आरोपियों कृ सरोजए गणपत और



एक नाबालिग कृ के नाम बताए जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया जांच में पता चला कि फार्मासिस्ट की हत्या फार्मासिस्ट मानस पहले से ही परशु और गणपत को जानता थाण् 8 तारीख की शाम परशु और गणपत ने दवा मांगने के बहाने मानस को सुखसागर रेस्टोरेंट के पास एक सुनसान जगह पर बुलायाण् फिर चारों ने मिलकर उसके चेहरे और दोनों हाथों को प्लास्टिक टेप से बांधा और एक चार पहिया वाहन ; में जबरन अपहरण कर लिया कांस्टेबल को ट्रैक्टर से कुचलने का मामला रू हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी उसे तान्वत रोड से कोमाखान ले जाया गया और फिर लाखों रुपये की फिरौती की मांग की गई लेकिन मानस के बचत खाते में मात्र ?9ए000 थेण् फिरौती न मिलने पर चारों आरोपियों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को काशेकेरे के पास फेंक दिया पुलिस ने मृतक की बाइक और दवाइयों से भरा बैग बरामद किया है इसके अलावाए आरोपियों का चार पहिया वाहन और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं कोमाखान थाने के आईआईसी नितेश ठाकुर ने बताया कि मामले की आगे

# शिवनाथ एक्सप्रेस में चोरी के मामले में रावरकेला का ज्वेलरी व्यापारी गिरफ्तार

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। शिवनाथ एक्सप्रेस में 4 अप्रैल को हुए चोरी के मामले में जीआरपी पुलिस ने 65 लाख से अधिक के गहने बरामद करने के साथ ही राउरकेला के ज्वेलरी व्यापारी शेखर प्रसाद दास को गिरफ्तार किया है। इसका खुलासा करते हुए एलआरपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने बताया कि हीरे की ज्वेलरी को आरोपी ने सस्ते में खरीदने के लिए अपने भांजे को मोहरा बनाया और इसे 11 लाख रुपए में खरीदा और इसे वे 60.70 लाख रुपए में बेचने की फिराक में था। चूंकि ज्वेलरी हीरे की थी इसलिए वे इसके साथ किसी प्रकार की छेड़कानी नहीं कर सका। श्वेता का कहना था कि यदि ज्वेलरी सोने की होती तो चोरी के बाद इसे तुरंत गला देते है। और शेखर चोरी के गहने खरीदने का आदी है। हमने पहले अपूर्व और संतोष नाम के संदिग्धों को पकड़ा और उनसे हुई पूछताछ के आधार पर टीमें कोलकाता राउरकेला भेजा। शेखर इनसे हीरे के गहने खरीदने के बजाए अपने भांजे से खरीदवाता। और फिर मुनाफे में बेचता। ऐसे ही 25 लाख के गहने 11 लाख में खरीदकर 75.80 लाख में बेचने की फिराक में था। अब तक की पूछताछ में जानकारी मिली कि चोर रेलवे स्टेशन इलाके के सांवरिया होटल में चोर की वारदात को अंजाम देने से पहले रूकते थे। जहां गलत आईडी देते।



# सरिया की अफरा-तफरी मामले में फरार आरोपी बिलासपुर से पकड़ाया

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने सरिया की अफरा तफरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर से पकड़ लिया है वह पिछले 8 साल से फरार चल रहा था बताया गया कि प्रार्थी अजय कुमार दुबे पिता शिवराम दुबे उम्र.37 वर्ष निवासी वाल्टियर रेल्वे कासिंग मोवा थाना पण्डरी रायपुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उनकी कपंनी श्री नाकोडा इस्पात सिलतरा से ट्रक कमांक सी जी 12 एस 2780 में 15.890 टन टी एम टी सरिया लोड कराकर अमलीडीह भेजा था लेकिन उक्त ट्रक के चालक के द्वारा ट्रान्सपोर्ट नगर में ट्रक को लाकर दिनांक घटना समय 16 12 2017 के रात 04.30 बजे आरोपी वाहन के मालिक मोहम्मद अतीक ट्रक कमांक सी.जी 12 एस 2780 के चालक अरविन्द किस्पोट्टा दूसरे ट्रक कमांक सी



जी 04 जेड सी 6104 के चालक सलीम खान ट्रक क्रमांक सी जी 04 जेड सी 6104 में टीएमटी सरिया एक बड्डुल पल्टी कर लिये है कि रिपोर्ट पर धारा 407,511,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपी मोहम्मद अतिक एवं अरविंद किसपोट्टा को पूर्व में गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण होने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध माननीय सीजीएम न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी सलीम खान घटना दिनांक से फरार था जिसका लगातार पता तलाश की जा रही थी। आरोपी सलीम खान पिता मकबूल खान उम्र.35 वर्ष निवासी मच्छाखंदा सीपत थाना सीपत जिला बिलासपुर को मिलने पर प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# दोपहिया की चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने दुपहिया चोरी के मामले 3 युवकों को पकड़ा हैं बताया गया कि प्रार्थी मिथुन उईके ने थाना विधानसभा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम चटौद में रहता तथा हलवाई का काम करता है। प्रार्थी दिनांक 10मार्च को अपनी दोपहिया वाहन सीजी 04 एन जेड 6302 को शाम 7.30 बजे घर के बाहर लॉक कर खडा किया था। दूसरे दिन सुबह करीब 6.00 बजे प्रार्थी बाहर आकर देखा तो पाया कि उसकी दोपहिया वाहन खड़े किये हुए स्थान पर नही थी आस.पास पता तलाश किया किन्तु नही मिली। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की दोपहिया वाहन को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात अरोपी के विरूद्ध थाना धारा 303;2 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया ।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा



थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आसपास के लोगो से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात अरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही् कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा धरसींवा निवासी बलीराम यादव की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी देवेन्द्र देवांगन के साथ मिलकर दोपहिया वाहन चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी देवेन्द्र देवांगन की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 01 नग दोपहिया वाहन सी जी 04ध्एन जेड 6302 जुमला कीमती जगभग 40 000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। इधर एक अन्य मामलें में पुलिस ने पंडरी निवासी देवकुमार नेताम उर्फ खल्ला की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा दोपहिया वाहन चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी देवकुमार नेताम उर्फ खल्ला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 नग दोपहिया वाहन सी जीध04 क्यू 6888 जुमला कीमती जगभग 50 000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# दुपहिया की डिक्की से नगदी पार करने वाला पकड़ाया

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने दुपहिया की डिक्की से नगदी की चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया है बताया गया कि8 मई को प्रार्थीया मेकअप पार्लर का आर्डर मिलने पर अपने पार्लर टीम के साथ अपनी एक्टीवा से ओमाया गार्डन तेलीबांधा गई थी एक्टीवा को पार्किंग में खडी करके अपनी नई आई फोन 15 मोबाईल एवं पर्स में रखे 30000 रूपये को एक्टीवा के डिक्की में रखकर पार्लर काम करने अपने टीम के साथ होटल अंदर गई थी। मेंकअप पार्लर का काम खत्म करके घर जाने के लिए अपनी एक्टीवा के पास गई तो देखी



एक्टीवा की डिक्की खुली हुई थी और डिक्की के अंदर रखे नई आई फोन 15 मोबाईल एवं पर्स में रखे 30000् रूपये पर्स सहित नही था अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दौरान विवेचना घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीबी कैमरा के अवलोकन पर जुपीटर वाहन क्रमांक सीजी 04 एचयू 4788 के संदेही निखिल जग्गी से पुछताछ करने पर दिनांक घटना को रबी रोहरा को जुपीटर वाहन लेकर जाना बताया संदेही रबी रोहरा को हिरासत में लेकर पुछताछ में आरोपी के द्वारा अपने घर कमल बिहार किराये के मकान से घटना मे प्रयुक्त जुपीटर कमांक सीजी 04 एचयू 4788 एक नग मोबाईल आईफोन 15.128 जीबी एवं नगदी रकम 4000 रूपये को छुपाकर रखना बताये जाने पर आरोपी से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया शेष रकम 26000 रूपये खाने पीने में खर्चा कर देना बताये जाने पर आरोपी रबी रोहरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# शराब घोटाला: आरोपी अरविंद सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2 हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से दर्ज केस में आरोपी अरविंद सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है लेकिन ईओडब्लू द्वारा दर्ज मामले में अरविंद सिंह अभी भी जेल में ही रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में आरोपी अरविंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता शशांक मिश्रा ने पैरवी की सुनवाई के दौरान ईडी ने आरोप लगाया कि अरविंद सिंह ने विकास अग्रवाल के साथ मिलकर 40 करोड़ रुपए की अवैध कमाई की जब सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है तो ईडी ने बताया कि वह फरार है इस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी के पास सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं है इस तरह के आरोप टिकाऊ नहीं है।

शराब घोटाला मामले में फरार आरोपी शराब कारोबारी अरविंद सिंह को ईडी ने दुर्ग

**अभी जेल में ही रहेंगे, कोर्ट ने कहा- ईडी के पास पर्याप्त सबूत नहीं**

के रामनगर मुक्तिधाम से 12 जून 2023 को गिरफ्तार किया था अरविंद की माता कमला देवी का निधन हो गया था उनके अंतिम संस्कार के लिए अरविंद पहुंचा था जहां ईडी ने उसे धर दबोचा था

**10 माह से रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद है अरविंद सिंह:** ईडी के अनुसार यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ जिसमें सरकारी शराब दुकानों से नकली होलोग्राम लगाकर अवैध शराब बेची गई इससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ इस घोटाले में कई सरकारी अधिकारी और व्यापारी शामिल थे शराब घोटाले मामले में अरविंद सिंह पिछले 10 महीने से रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद है हाईकोर्ट से जमानत मिलने के एक दिन बाद ही ईओडब्लू की टीम ने उसे गिरफ्तार किया था 4 अप्रैल को अरविंद सिंह के साथ अनवर ढेबर को भी गिरफ्तार किया गया था दोनों को 14 दिन हिरासत में रखकर ईओडब्लू ने पूछताछ की इसके बाद 18 अप्रैल को कोर्ट ने सुनवाई के बाद 14 दिन यानि 2 मई तक फिर से जेल भेज दिया था।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर पूर्व पति की संपत्ति बेची

**महिला सहित 6 पर एफआईआर**

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। एक महिला ने अपने साथियों के साथ फर्जी दस्तावेज बनाकर अपने पूर्व पति की कीमती जमीन को अपने नाम पर कर दिया। इसके बाद उस जमीन को बेच दिया। खरीदने वाले ने नामांतरण के लिए इश्तेहार प्रकाशित कराया तब इसका खुलासा हुआ। जमीन के असली मालिकों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला सहित 6 से ज्यादा लोगों पर अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मिन्हाजुद्दीन और उनके भाई शाहिद मुनीर व अन्य के नाम से ग्राम डोमा में कुल 0.1120 हेक्टेयर जमीन है। शाहिद मुनीर की सुलताना बेगम से 1992 में शादी हुई थी। इसके बाद 1995 में उनका तलाक हो गया था। उस समय एक बेटा फैजल शाहिद था। तलाक के चार साल बाद सुलताना ने भिलाई के दूसरे व्यक्ति से शादी कर ली। दूसरी ओर शाहिद अधिकांश समय धार्मिक स्थल पर घूमने जाने लगा। उनका काफी दिनों तक कुछ पता नहीं चला।

**अपने तलाक को छुपाया सिविल डेथ की घोषणा:** पूर्व पत्नी सुलताना बेगम ने शाहिद से अपने तलाक को छुपाते हुए उनके सिविल डेथ की घोषणा और डोमा की संपत्ति की वारिस घोषित करने के लिए वाद दायर किया। इसमें सिविल डेथ की घोषणा की गई लेकिन संपत्ति का वारिसान नहीं माना गया। बाद में सुलताना बेगम ने फैजल शाहिद खलील अहमद निजामी अब्दुल जुनैद सिद्दीकी जीशान सिद्दीकी मोहमद फारूख व अन्य के साथ मिलीभगत कर पटवारी रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इसके बाद सिमरनसिटी मठपुरैना निवासी मोती शेख को 15 लाख 12 हजार रुपए में बेच दिया। इसका खुलासा होने पर मिन्हाजुद्दीन ने सेजबहार थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सुलताना बेगम फैजल खलील अहमद निजामी अब्दुल जुनैद सिद्दीकी जीशान सिद्दीकी मोहमद फारूख व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत अपराध दर्ज किया है।

**एक आरोपी को थाने से छोड़ा:** सूत्रों के मुताबिक सेजबहार पुलिस ने एक आरोपी को थाने में बैठा लिया था लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह का मामला पीड़ितों की कोटा इलाके की जमीन पर हुआ था। इस मामले में भी सरस्वती नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बिल्डर से 95 लाख की धोखाधड़ी

**खरीदारों ने मकान सौदे के बाद थमाया फर्जी चेक, मामला दर्ज**

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। राजधानी के समता कॉलोनी सेक्टर.1 से एक बड़े धोखाधड़ी का मामला सामने आया है यहां एक बिल्डर को 95 लाख रुपये के मकान सौदे में फर्जी चेक थमाकर ठगी कर ली गई तीन महीने पहले हुई इस डील में खरीदारों ने मकान की रजिस्ट्री तो करा ली लेकिन भुगतान के लिए दिए गए चेक बैंक में जमा करने पर फर्जी निकले अब पीड़ित बिल्डर ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है जानकारी के अनुसार समता कॉलोनी सेक्टर.1 निवासी प्रकाश चंद जायसवाल ;59 वर्ष पेशे से बिल्डर डेवलपर हैं उन्होंने 10 जनवरी 2025 को शांति इनक्लेव मंजित ग्रीन सिटी के पास स्थित एक मकान बंटी रस्तोगी और मोहनीश श्रीवास्तव को 95 लाख रुपए में बेचा था सौदे के समय दोनों खरीदारों ने भुगतान चेक के माध्यम से करने का दावा किया था लेकिन जब प्रकाश चंद ने दिए गए चेक बैंक में जमा कराए तो बैंक ने उसे फर्जी बता दिया इस धोखाधड़ी से आहत प्रकाश चंद ने आखिरकार डीडी नगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की धारा 418 420 और 34 के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा दी इस मामले में डीडी नगर थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि बिल्डर डेवलपर से धोखाधड़ी हुई हैण् समता कॉलोनी निवासी प्रकाश चंद जायसवाल को मकान खरीदकर 95 लाख रुपये का फर्जी चेक थमाया गया हैण् पूरे मामले पर प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

# म्यूल बैंक अकाउंट मामले में दो आरोपी हिरासत में



**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा साइबर क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने हेतु योजना तैयार कर म्यूल अकाउंट खोलने में शामिल खाता धारक संवर्धक ब्रोकर. एजेंट बैंक अधिकारी सिम सप्लायर सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु रेंज साइबर थाना रायपुर को निर्देशित किया गया है। थाना कोतवाली रायपुर के धारा 317;2 317;4 317;5 111 3;5 बी एन एस में निर्देशों का पालन कर कार्यवाही करते हुएए पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण से खाता खुलवाने साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने रकम को इधर.उधर करने में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल यादव की फेसबुक के माध्यम से अन्य आरोपी काजल यादव से दोस्ती हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा जगह बदल बदल कर म्यूल बैंक खातों को खुद ऑपरेट किया जाता था तथा ठगी की रकम को इधर उधर किया जाता था ।आरोपियों द्वारा अत्यधिक मात्रा में ठगी की रकम प्राप्त की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

**सुशासन तिहार**

# ग्राम पलौद में समाधान शिविर का आयोजन



**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप आम जनों की समस्याओं का हो रहा निराकरण**

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पलोद में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में 8,841 आवेदनों का निराकरण किया गया।

समाधान शिविर में आठ किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका), दो दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, हितग्राहियों को राशन कार्ड, पंचायत विभाग की ओर से जॉब कार्ड, छह बुजुर्गों को मेटल छड़ी, तीन हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, सात मजदूरों को श्रमिक कार्ड दिया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, शिशुओं का अन्नप्राशन और पांच बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना का पासबुक दिया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत चार लोगों को 25-25 हजार रूपयों का चेक, उद्यानिकी विभाग की ओर से पांच किसानों को सब्जी बीज किट और दो हितग्राहियों को मत्स्य विभाग की ओर से जाल दिया गया।

अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मालवाहकों में सवारी ले जाने पर पाबंदी हवाहवाई

**शहर से गांव तक चल रही भर्राशाही**

**रायपुर,** 13 मई (देशबन्धु)। जिम्मेदारों की उदासीनता से मालवाहकों मिनी ट्रकों में लोगों को बैठाकर ले जाने पर प्रतिबंध हवाहवाई साबित हो रहा है। यही वजह है कि खरोरा सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में आज भी मालवाहक वाहनों में बड़ी संख्या में लोगों को बैठाकर आना.जाना किया जा रहा है। इससे सड़क हादसे में कई लोगों की जान जा रही है। खरोरा सड़क हादसे में भी छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने मिनी ट्रक में सवार होकर करीब 40 लोग गए थे और उसी से वापसी के दौरान हादसा हो गया। परिवहनए पुलिस विभाग ऐसे मालवाहक वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## 19 की मौत के बाद लगा था प्रतिबंध

कवर्धा में 20 मई 2024 को तेज रफ्तार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई थी। इसमें सवार 18 महिलाओं और 1 पुरुष की मौत हो गई थी।

हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुआ था। इसके बाद शासन ने मालवाहक वाहनों में सवारी ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ दिनों तक पुलिस ने कार्रवाई भी की। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

## ग्रामीण इलाकों में आवागमन का बड़ा जरिया

ग्रामीण इलाकों में मालवाहक वाहन आवागमन का बड़ा जरिया है। वैवाहिक कार्यक्रम हो या अन्य कोई विशेष अवसरए ग्रामीण आने.जाने के लिए इन्हीं का इस्तेमाल करते हैं।

इस कारण ग्रामीण इलाके में ही ऐसी घटनाएं ज्यादा हो रही हैं।

## संपादकीय

### एयरपोर्ट निशुल्क पार्किंग टाइम बढ़े

*जब से रायपुर के स्वामी विवेकानन्द हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें अनेक तरह की सहूलियतें उपलब्ध कराई गई हैं और यह एयरपोर्ट यात्रियों के लिये पहले के मुकाबले काफी सुविधापूर्ण हो गया है। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसमें नित नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं इसलिये इसका देश भर के उन हवाईअड्डों में शुमार है जो यात्रियों को संतुष्टि प्रदान करने वाली सूची में अक्सर ऊंची रैंकिंग प्राप्त करता है। भारत सरकार, भारतीय विमान पत्तनन तथा छत्तीसगढ़ सरकार के मिले-जुले प्रयासों का ही यह सुपरिणाम है।*

*रायपुर एयरपोर्ट के विकसित होने के बावजूद एक समस्या ऐसी भी है जिसका हल अब तक संतोषजनक ढंग से नहीं निकाला जा सका है- वह है मुफ्त पार्किंग की सुविधा का समय जो इतना कम रखा गया है कि यह उन लोगों के लिये हमेशा अपूरा पड़ता है जो किसी को छोड़ने या लेने जाते हैं। निशुल्क पार्किंग की समय सीमा केवल 6 मिनट रखी गयी है। यदि किसी को छोड़ने जाना हो तो पहले प्रवेश पर बने बूथ से उसे इलेक्ट्रॉनिक पर्ची मिलती है। कितनी भी जल्दी की जाये तो भी यात्री को उतारने, उसका सामान आदि उतारने में अक्सर 3-4 मिनट लग ही जाते हैं। फिर आगे बढ़ने पर निकास बूथ पर उसे इंतज़ार करना पड़ता है क्योंकि वहां जाने वाले वाहनों की भीड़ रहती है। वहां तक पहुंचने और पर्ची दिखाने में और दो-तीन मिनट हो जाते हैं। इसके कारण वाहन वाले को शुल्क चुकाना देय हो जाता है।*

*इस मुद्दे को लेकर अक्सर वहां विवाद की स्थिति हो जाती है। वाहन चालक कितना भी कहे कि वह तो निर्धारित वक्त पर पहुंच गया था पर आगे लगी गाड़ियों के चलते उसे विलम्ब हुआ है, यानी 6 मिनट निकल गये, तो भी शुल्क वसूली करने वाला स्टाफ उसे नहीं मानता। यदि कोई वाहन चालक-मालिक विवाद करता है तो पीछे लगी वाहनों के लोग बेचैन हो जाते हैं और वे लगातार हॉर्न बजाते हैं क्योंकि उनका भी निर्धारित समय बीतता रहता है। कई बार गाली-गलौज, हाथा-पाई तथा मार-पीट भी इस कारण से होती है।*

*किसी फ्लाइट के उतरने पर यात्रियों की भीड़ और भी बढ़ जाती है। यह समय इतना कम होता है कि यदि एयरपोर्ट पूरा खाली हो तभी इतने कम समय में ड्रॉप या पिक कर निकला जा सकता है। कई संगठन वर्षों से इस समयावधि को बढ़ाने का निवेदन कर रहे हैं लेकिन इस मांग को पूरी तरह से अनसुना कर दिया जाता है। यह आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिये ऐसा किया गया है। अब रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हवाई अड्डा अधिकारियों को एक पत्र लिखकर यह समय 10 मिनट करने को कहा है। उम्मीद है कि इसे बढ़ाया जायेगा ताकि लोगों को सहूलियत हो।*

## उल्टा पुल्टा

देश के युवाओं के लिए एक संदेश!
अगर तुम देश बदलना चाहते हो तो अभी बदल डालो क्योंकि अगर शादी हो गई तो तुम देश क्या टी वी का चैनल भी नहीं बदल पाओगे।

# सिविल लाईन क्षेत्र का किया जायेगा कायाकल्प

## 3 सौ करोड़ की लागत से नई आवासीय योजना : गजेन्द्र यादव



**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। सिविल लाईन क्षेत्र के कायाकल्प के लिये विधायक गजेन्द्र यादव ने गृह मंडल के अधिकारियों के साथ मिलकर 3 सौ करोड़ रूपयों की योजना तैयार की है। इस योजना के तहत 13 एकड़ जमीन में से कुछ हिस्से में कर्मचारियों के लिये फ्लैट बनाये जायेगें। इसके अलावा शेष जमीन पर व्यवसायिक सह आवासीय काम्पलेक्स तैयार किया जायेगा। कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात पूरा प्लान शासन को भेजा जायेगा। आज स्वयं विधायक गजेन्द्र यादव ने गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों के साथ सिविल लाईन का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

पीडब्लूडी और एरिगेशन के जर्जर चार्टरों के तस्वीर बदल जाएगी, 13 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से गृह निर्माण मंडल दुर्ग द्वारा 300 करोड़ की राशि का प्लान तैयार किया गया है जिसका कलेक्टर से अनुमोदन पश्चात् शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा। अभी 140 चाटर इस क्षेत्र में है जहाँ शासकीय कर्मचारी के परिवार निवास करते है और सभी आवास जर्जर अवस्था में है जिसे डिस्मेंटल करके साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में फ्लैटनुमान, चार्टरों का निर्माण किया जायेगा जिसे शासकीय कर्मचारियों को एलॉट होगा। इसके अलावा शेष 10 एकड़ जमीन साईं मंदिर के सामने से शीतला सब्जी मंडी के सामने तक आवासीय सह व्यवसायिक परिसर के रुप में विकसित किया जाएगा। कॉलोनी में आवास के साथ हॉल और दुकान का निर्माण होगा। चौड़ी सड़क और खेलकूद और टहलने के लिए उद्यान निर्माण होगा। साई मंदिर सिविल लाईन क्षेत्र को विकसित करने साईं मंदिर के सामने जगह पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा तथा साई द्वार सिविल लाईन चौक को कसारीडीह चौक से जोड़ने वाले मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा।

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिविल लाईन क्षेत्र के जर्जर चार्टरों के नवनिर्माण तथा आसपास के क्षेत्र को नए सिरे से विकसित करने यहां के रहवासियों की लंबित मांग को लेकर हाउसिंग बोर्ड के इंजिनियर के साथ स्थल का निरिक्षण किया।

लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित आवासीय सह व्यवसायिक परिसर के निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गृनिमं के इंजिनियरो के साथ कार्य से जु? सभी संभावित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा कार्य की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को शीघ्र अनुमोदन कराकर शासन को भेजने निर्देश दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग शहर के समग्र विकास के निरंतर कार्य किया जा रहा है। गृह निर्माण मंडल द्वारा कार्य पूर्ण करने पर सिविल लाईन क्षेत्र नए स्वरुप में नजर आएगा।

इस अवसर पर पार्षद सरिता चंद्राकर, मनीष कोठारी, कुलेश्वर साहू, देवनारायण तांडी, कमल देवांगन, साजन जोसफ मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, महेन्द्र लोढ़ा, गणेश निर्मलकर, दिनेश नलोड,ए विनोद चंद्राकर सहित हाउसिंग बोर्ड के ईई आर.के.गोडबोल, सहायक अभियंता प्रिवेश साहू, उप अभियंता रिजवान चौहान एवं देवेंद्र पटेल, एडिशनल एसपी अभिषेक झा, साईं मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र चंदेल उपस्थित रहे।

# कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में दुर्ग जिले की 77 पंचायतें चयनित




**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय बनती जा रही है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में दुर्ग जिले में सबसे अधिक 77 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया हैए जहां अगले 6 माह में कुपोषण को कम करने का लक्ष्य तय किया गया है।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में 247 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान कुपोषण से मुक्त हुए ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन किया जाएगा और सर्वाधिक कुपोषण से मुक्त हुए पंचायतों को विभाग की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कई सरपंच अपने निजी खर्च से कुपोषित बच्चों को चना, मूंगफ्ली, मुर्रा, गुड़ और केला जैसी पोषक सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। करेला पंचायत में सरपंच डा. राजेश बंछोर द्वारा बच्चों को पोषण सामग्री वितरित की गई है। पहदा झा पंचायत में सरपंच दिनेश ठाकुर ने पोषण सामग्री दी है। जामगांव एम की सरपंच तुलसी सिन्हा ने 7 केंद्रों के लिए चना, मूंगफ्ली और गुड़ उपलब्ध कराया। धौराभाठा में सरपंच विनय चंद्राकर द्वारा सप्ताह में दो दिन दूध और केला दिया जा रहा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बुद्ध जयंती पर ध्वजारोहण, केंडल मार्च में जुटे अनुयायी



**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। बुद्ध विहार शंकर नगर में तथागत भगवान बुद्ध की जयंती काफी धूमधाम से मनाई गई। बड़ी संख्या में सुबह से लेकर देर रात्रि तक चले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपासक उपासिकाएं एकत्रित हुए। आयोजित कार्यक्रमों में पंचशील ध्वजारोहण सामूहिक बुद्ध वंदना आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कैंडिल मार्च सहित गीत संगीत, नृत्य इत्यादि की रोचक प्रस्तुतियां भी दी गई। संपूर्ण कार्यक्रमों का नेतृत्व बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े ने किया।

इस अवसर पर आरोग्यम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल कादम्बरी नगर

**■ बुद्ध विहार में दिनभर रहा उत्सव का माहौल**

द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिए गए। शिविर का समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर लाभ उठाया। शाम को कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च बुद्ध विहार से प्रारंभ होकर भाटिया नर्सिंग होम, अग्रसेन चौक, ग्रीन चौक, आईएमए चौक, ओम परिसर, गुप्ता नर्सिंग होम, आर्यनगर पानी टंकी होते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंची, जहां कैंडल मार्च का समापन हुआ। कैंडल मार्च में एक खुले रथ पर तथागत भगवान बुद्ध की तैल्यचित्र विराजमान किए गए। वहीं घोड़े.बग्गी व अन्य झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहे। जयंती समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिनके विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# प्रावीण्य सूची में शामिल विद्यार्थियों का जिला प्रशासन ने किया सम्मान



**दुर्ग**, 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 में दुर्ग जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में जिले का नाम रोशन किया है। जिले में हाईस्कूल का कुल परिणाम 75 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी का परिणाम 88.6 प्रतिशत दर्ज किया गया है। हाईस्कूल परीक्षा में दुर्ग जिले के पांच विद्यार्थियों ने राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया। हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में शामिल विद्यार्थी. वैष्णवी देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगपुरा 98.33 प्रतिशत राज्य में 6वां स्थान, रिहा देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल रिसाली 98.17 प्रतिशत राज्य में 7वां स्थान, नूतन वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाहंदा 97.83 प्रतिशत राज्य में 9वां स्थान, बिंदू कुशवाहा शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग 97.83 प्रतिशत राज्य में 9वां स्थान और आदित्य प्रताप सिंह सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 04 भिलाई 97.67 प्रतिशत राज्य में 10वां स्थान प्राप्त किया।

जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे एवं सहायक कलेक्टर अभिजीत पठारे ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अगले लक्ष्यों की ओर भी इसी आत्मविश्वास के साथ बढ़ते चलें। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# इंदिरा मार्केट स्थित मटन-मछली मार्केट भवन जर्जर घोषित कोई भी व्यक्ति अपनी जोखिम पर ही प्रवेश करें : निगम

**दुर्ग**, 13 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग ने आज आम जनता को एक एडवाइजरी जारी करते हुए इंदिरा मार्केट स्थित मटन मछली भवन में प्रवेश न करने की सलाह दी है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह भवन अत्यंत जीर्णशीर्ण हो गया है अत: लोग जाने से बचें।

नगर निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि इस सूचना के बाद भी यदि कोई व्यक्ति यहां प्रवेश करता है और किसी भी तरह की दुर्घटना होती है तो नगर निगम इसका जिम्मेदार नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा जारी एक अधीकृत विज्ञप्ति में बताया गया है कि उक्त भवन को काफी पहले ही जर्जर मानकर नगर निगम द्वारा पद्मनाभपुर में महिला समृद्धि बाजार के पास हाईजैनिक मछली बाजार बनाया गया है। इसी के साथ मटन मुर्गा इत्यादि की भी दूकानें बनाई गई है। इन दूकानों में इंदिरा मार्केट के मटन मछली विक्रेताओं को शिफ्ट करने की योजना नगर निगम द्वारा बनाई गई मगर भागवत ढीमर एवं 7 अन्य द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

**■ किसी भी दुर्घटना के लिये निगम जिम्मेदार नहीं : आयुक्त**

स्थगन आदेश की आड़ में मटन मछली व्यवसाई वर्तमान दूकानें खाली न कर वहां अपना व्यवसाय चला रहे है। इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान में मटन मछली में कोई भी व्यक्ति प्रवेश करने से बचें।

यदि कोई भी व्यक्ति वहां जाता है और किसी भी तरह की दुर्घटना हो जाती है तो उसके नगर निगम या जिला प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। निगम आयुक्त श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे मटन मछली मार्केट के गेट पर भी एक सावधानी का बोर्ड लगा दें।

# दसवी की परीक्षा में प्रथम नंदनी का थाना प्रभारी ने बढ़ाया हौसला



**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। पुलगांव शासकीय हाई स्कूल में अध्यनरत नंदनी साहू ने दसवीं की परीक्षा में 92.37 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि पर पुलगांव थाना प्रभारी पुष्पेंद्र भट्ट ने नंदनी को गुलदस्ता श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी।

इस अवसर पुलिस परिवार से सहायक उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनी, लखन लाल साहू, वेद राम चंद्रवंशी, अमित गुप्ता, भुनेश्वरी साहू सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे, गोकुल साहू ने छात्रा की उज्वल भविष्य मंगलकामना कर बधाई दी।

# जलकार्य समिति की बैठक में पानी बचाने की मुहिम चलाने का निर्णय



**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग की जलकार्य पराशर्मदात्री समिति की बैठक में पानी बचाओ मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत बोरिंग के पास शोक पीट बनाने, वाटर हार्वेस्टिंग तैयार कर हैंड पंपों को रिचार्ज करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम में जल विभाग एमआईसी प्रभारी लीना देवांगन ने की।

बैठक में अध्यक्ष श्रीमती देवांगन ने कहा कि दुर्ग में दीपक नगर निगमों की तुलना में बेहतर जल आपूर्ति की व्यवस्था है किंतु अधिकांश घरों में मोटर पंपों के माध्यम से पानी खींचकर पानी का दुरूपयोग भी किया जाता है जिससे कुछ वार्डो में लो प्रेशर की शिकायत आ रही है। इसे देखते हुए तीन स्तर पर नगर निगम के जल विभाग द्वारा पानी की मुहिम चलाई जायेगी। इसके तहत व्यापक प्रचार प्रसार, वाल राईटिंग कराई जायेगे। जो लोग नलों की टोटिंया खुली छोड़ देते है उनसे जुर्माना वसूला जायेगा। वर्षाकाल में वाटर स्टोरेज के भी इंतजाम किये जायेगें।

बैठक में समिति के सदस्यगण नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, मनोज सोनी, अब्दुल खालिक रिजवी, रेखा बंजारे, पायल अनूप पाटिल, ईई दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, सब इंजीनियर विनोद मांझी, जलनिरीक्षक नारायण ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे।

# विक्तू बाबा का 10 वां मूर्ति स्थापना दिवस मनाया गया

**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। महान तपस्वी योगाराज संत विक्तू बाबा की सार्वजनिक मूर्ति का 10 वां स्थापना दिवस समारोह बुद्ध पूर्णिमा अरसनारा आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग भिलाई रायपुर हैदराबाद से बड़ी संख्या में आकर श्रद्धालुगण शामिल हुए।

कार्यक्रम में परित्राण पाठ, पूजा प्रसाद वितरण भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम किये गये। इस अवसर पर आर.के.बोरकर, रोहित रंगारी, आशीष उके, आशीष मेश्राम, मनीष चौहान, बालक डोंगरे, इन समस्त कार्यक्रमों में ग्राम अरसनारावासियों का विशे, सहयोग रहा। यह जानकारी आर.के.बोरकर ने दी।

# आपापुरा वार्ड में चला महासफाई अभियान

## महापौर ने सामने खड़े होकर कराई: भाजपा कार्यालय के सामने की नाली सफाई

**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे महासफाई अभियान के तहत आज वार्ड क्रमांक 31 आपापुरा वार्ड में चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत आज स्वयं महापौर अलका बाघमार ने भाजपा कार्यालय के सामने स्थित नाली की सफाई कराई। इस नाली की विगत 10 वर्षो से सफाई नहीं कराई गई। महापौर श्रीमती बाघमार ने आज अपनी एमआईसी टीम व पार्षदों के साथ पूरे आपापुरा क्षेत्र का भ्रमण कर वार्ड की नाले नालियों की तल्ले से सफाई कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



आपापुरा वार्ड में आज महापौर ने भोई पारा, लंगूरवीर मंदिर से शनिचरी बाजार होते हुए गवली पारा सहित रोली गोली लाईन सहित अन्य चौराहों का निरीक्षण किया। उन्होंने रौली मौली लाईन में बाधित स्लेब के 24 घंटे के भीतर हटाने के निर्देश देते हुए उनके साथ सभापति श्याम शर्मा, प्रभारीगण नीलेश अग्रवाल, नरेन्द्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, हर्षिका संभव जैन भी थे। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, उपअभियंता विनोद मांझी, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद, विनीत वर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# बोडरा में हटाया गया अतिक्रमण

**गुरूर**, 13 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोडरा में आज मंगलवार को स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाकर शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त बनाया गया।



यहां ग्राम पंचायत कार्यालय के आसपास एवं तालाब के आसपास गांव के कुछ लोग शासकीय जमीन पर दुकान एवं मकान बनाकर कब्जा करने लगे थे। कब्जा हटाने के लिए पूर्व में ग्राम पंचायत एवं तहसील मुख्यालय द्वारा अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस भेजा गया था, इसके बाद भी जब अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, तो प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण वाले स्थानों पर बुलडोजर चलाया गया।

**सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल रहे तैनात**

गांव में बुलडोजर कार्रवाई के दौरान कोई विवाद की स्थिति ना हो, ऐसे में गुरुर तहसीलदार हनुमंत प्रसाद श्याम, गुरुर थाना प्रभारी सुनील तिर्की, पुलिस थाना पुरुर के प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, पुलिस चौकी कँवर प्रभारी लता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# चाचा पर प्राणघातक हमले का आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 13 मई (देशबन्धु)। अंडा थाना के अंतर्गत ग्राम अछोटी में चाचा दिनेश दिल्लीवार पर टंगिया से प्राणघातक हमला करने के आरोपी भतीजा डेमेन्द्र दिल्लीवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी डेमेन्द्र के विरूद्ध अंडा पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार घायल दिनेश दिल्लीवार एवं उसके भतीजे आरोपी डेमेन्द्र दिल्लीवार के मध्य घर में निर्मित सीढ़ी को लेकर काफी गाली गलौच व वाद विवाद हुआ। इसी बात से नाराज चल रहे आरोपी ने चाचा दिनेश दिल्लीवार पर टंगिया से शरीर के कई स्थानों पर प्राणघातक हमला किया गया। प्रार्थी दिनेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को घटना के 24 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर हमले में प्रयुक्त टंगिया बरामद कर लिया है।

# सतनाम भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं लोक कर्म प्रभारी ने ठेकेदार को फटकारा

**दुर्ग**, 13 मई (देशबन्धु)। लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने आज सिकोलाभाठा में 50 लाख की लागत से बनने वाले सतनाम भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ न किये जाने पर संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई और 24 घंटे के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने आज वार्डवासियों की शिकायत पर सतनाम भवन निर्माण स्थल का निरीक्षण कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम व आर.के.जैन के साथ किया।



उक्त सतनाम भवन का निर्माण विधायक निधि से किया जाना है। आज जब लोक कर्म प्रभारी श्री चंद्राकर मौके पर पहुंचे तो ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# 400 से ज्यादा अवैध विद्युत कनेक्शन काटा गया

**प्रवर्तन विभाग, टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, पीएचडी विभाग, कोतवाली पुलिस, महिला पुलिस, निजी सुरक्षा कर्मी, महिला गार्ड सहित 80 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति में**



**भिलाईनगर** 13 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के प्रवर्तन विभाग प्रवर्तन विभाग तथा टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में एक संयुक्त अभियान चलाकर सेक्टर-7, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित अवैध बस्ती से लगभग 400 अवैध बिजली कनेक्शन हटाए गए। यह कार्रवाई संपदा न्यायालय के 10 मई 2025 आदेश क्रमांक 407, के अनुपालन में की गई। इस वृहद कार्रवाई के दौरान अवैध बस्ती में निवास कर रहे कुछ लोगों द्वारा एकत्र होकर विवाद की स्थिति उत्पन्न की गई और सड़क जाम करने का प्रयास किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने हेतु कोतवाली थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। पूरे अभियान में अवैध विद्युत कनेक्शनों का विच्छेद कर टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा लगभग 2,000 मीटर अवैध विद्युत तार जब्त किये गए। उल्लेखनीय है कि जांच में पाया गया कि अवैध कब्जाधारियों द्वारा अत्यंत खतरनाक ढंग से यह अवैध बिजली आपूर्ति ली जा रही थी। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि की संभावना बनी हुई थी। कई स्थानों पर केबल को सड़क पार कर खुले में छोड़ा गया था, जिससे राहगीरों की सुरक्षा को गंभीर खतरा था। संयंत्र प्रबंधन द्वारा जारी लिखित बयान में कहा गया कि स्थानीय माफियाओं द्वारा लोगों को अवैध कनेक्शन दिया गया था। विद्युत चोरी के इस संपूर्ण प्रकरण पर अब वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है। इस संयुक्त कार्रवाई में प्रवर्तन विभाग, टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, पीएचडी विभाग, कोतवाली पुलिस थाना, महिला पुलिस बल, निजी सुरक्षा कर्मी, महिला गार्ड सहित लगभग 80 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिन्होंने शांति एवं व्यवस्था बनाए रखते हुए अभियान को सफल बनाया। गौरतलब है कि अवैध बिजली कनेक्शन के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। गलत तरीके से जोड़े गए तारों के कारण शॉर्ट सर्किट, आग लगने और करंट लगने जैसी दुर्घटनाएँ हो सकती हैं, जो लोगों की जान और संपत्ति के लिए खतरे का कारण बनती हैं। नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों पर कार्यवाही तेज गति से जारी है। बड़ी संख्या में बीएसपी आवासों से कब्जाधारियों को बेदखल कर सम्पदा न्यायलय को सुपुर्द किया गया। यह कार्यवाही आगे भी सभी अवैध आवासों और अवैध कब्जों को खाली करवाने तक चलती रहेगी। प्रवर्तन अनुभाग ने टाउनशिपवासियों को निर्देशित किया है कि वैध तरीके से सभी आवश्यक बिलों को भुगतान करते हुए निवासरत आबंटियों को छोड़कर सभी अवैध कब्ज़ा खाली कर देवेंए अन्यथा तदनुसार बीएसपी प्रबंधन द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बताया जा रहा है कि आज इस कार्यवाही के दौरान करीब 400 अवैध कटिये कनेक्शन काटे गए तथा दो हजार मीटर तार जप्त की गई।

# राईस मिल में आगजनी से भारी नुकसान



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। नंदिनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुरुमुन्दा स्थित श्री गंगा पैडी प्रोसेस राईस मिल में लगी आग को अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की फायर टीम द्वारा बुझाया गया। जिला सेनानी एवं अग्निशमन आपातकालीन सेवा के अनुसार अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को सूचना प्राप्त होने पर अग्निशमन के दमकल टीमों को मौके पर तत्काल रवाना किया गया। फायर टीम ने मौका स्थल पहुंचकर राईस मिल में लगी आग को कड़ी मेहनत से कई घंटों की मशक्कत के बाद आग को कंट्रोल किया और आग को आस पास के इलाकों तक बढ़ने से रोक लिया गया। आग बुझाने में करीबन चार से छह गाड़ी पानी का उपयोग किया गया। बताया गया कि धुआं इतना ज्यादा था कि अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने में बहुत तकलीफ हुई। आग बुझाने की सहायता के तौर पर ज.के लक्ष्मी सीमेंट के भी अग्निशमन वाहन उपस्थित होकर सम्पूर्ण कार्य में सहयोग दिये। जिसकी जाँच पड़ताल पुलिस द्वारा की जा रही है। अग्निशमन दल प्रभारी शरद मेश्राम. अग्निशमन कर्मी नागेश मार्कण्डेय, धर्मेन्द्र बंजारे, डीवहार, शारदा प्रसाद द्वारा एक अच्छी टीम बनाकर घटना स्थान पर समय पर पहुँच कर बड़ी घटना होने से संभाल लिया एवं स्पॉट पर किसी भी प्रकार की घटना नहीं हुआ।आगजनी में कितने के नुकसान हुआ इसका पता नही चल सका है, किन्तु जानमाल की क्षति नही हुई है।

# हिट ट्रीटेड हेड हार्डेंड रेल लाईन से अनेक फायदे



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। हेड हार्डेंड रेल के बारे में सेल अध्यक्ष के साथ हुए संयुक्त बैठक में सीटू ने सवाल उठाया था कि था हेड हार्डेंड रेल के मामले में भिलाई इस्पात संयंत्र की क्या तैयारी है। ज्ञात हो कि भारतीय रेलवे ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भविष्य में वे हेड हार्डेंड रेल ही खरीदेगी। यदि संयंत्र के यूआरएम विभाग में उक्त हेड हार्डेड रेल का निर्माण किया जाता है, तो उत्पादन एक तिहाई हो जाएगा। ऐसी परिस्थिति में संयंत्र को हेड हार्डेंड रेल उत्पादन को ध्यान में रखते हुए विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना होगा। प्रबंधन की ओर से यह जवाब दिया गया था कि यदि रेलवे से हमें आर्डर का आश्वासन मिले तो हम निश्चित रूप से इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। भारतीय रेलवे द्वारा सेल प्रबंधन को लिखे पत्र का अध्ययन के पश्चात सीटू उच्च प्रबंधन के साथ होने वाले हर बैठक में हेड हार्डेड रेल बनाने के लिए आवश्यक तैयारी के संदर्भ में सवाल उठता रहा है हाल ही में कार्यपालक निदेशक संकार्य एवं संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज के साथ अप्रैल में हुई बैठक के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। जिस पर दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 29 अप्रैल को होने वाले सेल बोर्ड की बैठक में इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लाने के पक्ष में कार्य कर रहे हैं, जल्द ही इसके नतीजे सामने आएंगे। लगभग 4 से 5 साल के अंदर भिलाई में नया यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल दिखने लगेगा। नए यूनिवर्सल रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल को संयंत्र में स्थापित करने के संबंध में स्टेज 1 अनुमोदन मिला है सीटू नेता ने कहा कि हिट ट्रीटेड हेड हार्डेड रेल आने से भारतीय रेलवे की दिशा एवं दशा में आमूल चूल परिवर्तन आएगा हिट ट्रीटेड रेल के आने से पटरी पर मालगाड़ी द्वारा वजन ले जाने की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगा। 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली यात्री गाड़ियां 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इन पटरीयो पर दौड़ेगी मालगाड़ी अभी 50 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से दौड़ती है जिसकी रफ्तार बढ़कर 100 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाएगा यह जानकारी जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने दी है।

# प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। जामुल पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी साहिल कुमार निवासी तालपुरी ने बताया कि कुलदीप हाउसिंग बोर्ड के साथ उसके घर के पास बैठकर शराब पी रहे थे। इसी बीच कुलदीप के जीजा को काला बोलने की बात पर वाद विवाद हुआ और कुलदीप अपने पेंट के पीछे जेब में रखे बटनदार चाकू निकालकर उसे पर प्राणघातक वार कर चोंट पहुंचाकर फरार हो गया । प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 109 बीएनएस एवं 25-27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पतासाजी कर आरोपी कुलदीप को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, उनि सौमित्री भोई, सउनि महफूज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, चन्द्रभान यादव, अतुल कुमार की भूमिका उल्लेखनीय रही

# गायत्री परिवार का गृहे-गृहे यज्ञ आयोजित



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विश्वस्तरीय गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री एवं यज्ञ के तत्वज्ञान को जन-जन तक पहुचाने, साथ ही यज्ञविधा से मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर पुन: स्वर्ग सा वातवरण विनिर्मित हो इस उद्देश्य से गायत्री परिवार द्वारा समूचे विश्व में एक दिन चौबीस लाख घरों एवं मंदिर देवालयों जैसे सार्जवजानिक स्थानों में जनकल्याण हेतु चौबीस गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहूति समर्पित की गई। वहीँ दुर्ग भिलाई सहित ग्रामीण अंचल के पांच हजार घरों में गायत्री मंत्र से आहूति समर्पित की गई।गत दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे स्थिति में भारत के वीर सपूतों तथा हताहत हुए लोगों को स्मरण कर यज्ञ में आहूति डाली गई। घर-घर यज्ञीय कार्यकर्म की तैयारी हेतु कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक जनसंपर्क किया गया था। गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के माध्यम से शिक्षा, संस्कार एवं स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य मात्र स्वाहा स्वाहा करना नही था बल्कि जीवन एक यज्ञ है जिसे आचार्यो द्वारा आहार विहार, साधना उपासना एवं भोजन में बलिवैश्य तथा सुख शांति के लिए देवस्थापना के महत्त्व को बताया गया। दक्षिणा में परिवारजनों को गुटका, तम्बाकू एवं शराब जैसे ख़राब मादक पदार्थो से दूर रहने कहा गया।_ गायत्री परिवार उपजोन कार्यालय भिलाई के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान को सफल बनाने में दूर्ग, भिलाई, बेमेतरा तथा बालोद जिला के गायत्री परिवार के सभी महिला पुरुष कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

# तथागत समिति ने मरीजों को किया फल वितरित



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। तथागत समाज कल्याण समिति भिलाई एवं तथागत महिला समिति के द्वारा विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्य करते आ रही है। इसी तारतम्य में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई सुबह 9 बजे लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में 60 भर्ती मरीजो को 5 प्रकार के फलों को दान किया गया। इस फल दान कार्यक्रम में तथागत समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल साखरे, महासचिव धनंजय मेश्राम, कोषाध्यक्ष आनंद चौहान सहित तथागत महिला समिति की महासचिव डॉक्टर सोनिका बोधी ने मरीजों को फलदान किया। फलदान कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री के अस्पताल के अस्पताल प्रभारी डॉ. पियाम सिंह सहित अस्पताल के स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित थे। फलदान कार्यक्रम में समिति के उपस्थित तथागत समाज कल्याण समिति के सदस्यों ने भी फलदान किया। जिसमें श्याम राव ढोक, सुरेश श्याम कुंवर, अनिल गजभिए, सिद्धार्थ बोरकर, सुमेध बोधी, नवीन इंदुरकर, प्रशांत चौहान, सुनील लबादे, तथागत महिला समिति से सीमा ढोक, आशा चौहान, नलिनी साखरे, नम्रता मेश्राम, सुनंदा गजभिये, सविता इंदुरकर, उज्जवला लबादे, सुनीता मेश्राम सहित नील इंदुरकर कुणाल, इशाक लबादे का विशेष सहयोग रहा ।

# सरयू पारीण ब्राम्हण समाज की पत्रिका का विमोचन

**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई द्वारा वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन स्वामी विवेकानंद हॉल स्मृति नगर में किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ. विजय दुबे एवं डॉ. सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयू पारीण ब्राम्हण समाज रायपुर परिक्षेत्र उपस्थित थे। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी उपस्थिति में अतिथियों पूजा, मंत्रों चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया। सर्व प्रथम समाज के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि गणों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि की उपस्थिति में समाज की उपयोगी पत्रिका का विमोचन किया गया अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्र ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया समाज महा सचिव राम लखन मिश्र द्वारा गत वर्ष की समाज की गतिविधियों एवं महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ की कार्यों की जानकारी दी एवं समाज की आर्थिक गतिविधि आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक ने दी। प्रभु नाथ मिश्र ने बताया कि समाज की गति विधि लगा तार बढ़ रही है। समाज हित में सभी कार्य किए जा रहे हैं सभी से कहा कि शिक्षा दीक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को संस्कार देने के साथ साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिलवा, क्योंकि आने वाले समय में हमारे बच्चे आगे बढ़े आज ब्राह्मण समाज के साथ देश का गौरव बढ़ाने में हमारी बच्चियां आगे आ रही हैं। कुमारी शक्ति दुबे ने यू पी एस सी में टॉप प्रथम स्थान आ कर ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया है और अधिकांश बच्चे इस बार मेहनत कर टॉप पोजीशन में आए हैं उन्हें शुभ कामना दी। महासचिव रामलखन मिश्र ने समाज को और मजबूत कैसे बनाए इस दिशा में कार्य करने का काम करना है और समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश समाज के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जिसमें शादी योग्य बच्चे बच्चियों की जानकारी दी गई है मुख्य अतिथि डॉक्टर सुरेश शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण समाज आने वाले जनगणना में जो केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है उसमें अपनी जानकारी उस कॉलम में दे की वह ब्राह्मण है तो इससे समाज की जनगणना में सही जानकारी मिल सकेगी। भगवान परशुराम के विचारो और मार्ग पर चलने का संकल्प ले। ब्राह्मण समाज सदैव से सर्वजन हिताय सर्व जन सुखाय के भाव को लेकर लोक कल्याण के कार्य पर कार्य करते चले आ रहा है। खर्चीली शादियों और दिखावा पर रोक लगाने एवं निर्धन परिवार जनों को शादी में मदद करने की दिशा में एक संकल्प लिया। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है डॉ. विजय दुबे ने कहा कि आने वाली पीढ़ी कैसे मजबूत हो हर क्षेत्र में बच्चे बच्चियों शिक्षा खेल के साथ धर्म, संस्कार और हमारी सनातनी पद्धति को जाने ये हर माता पिता अच्छे संस्कार दे। संचालन सुनील मिश्र ने किया। शंकर चरण पांडे ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया चंद्र शेखर पांडे, प्रीति राहुल दुबे, चंद्र शेखर पांडे जगत नारायण तिवारी, विष्णुर पाठक, संजय पांडे, शशि प्रभा मिश्रा , सुनील मिश्र, कैलाश पाठक, एकता मिश्र, प्रीति दुबे, हरे कृष्ण पांडे , दीपक मिश्र, राम विलास मिश्र, सुरेश मिश्र, नर्मदा प्रसाद मिश्र, वीरेंद्र नाथ पांडेए राधा कृष्ण पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।



# हत्या के प्रयास के 3 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु) ।उतई पुलिस ने हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 मई की दोपहर करीब 2.20 बजे प्रार्थी रंजीत सिंह अपने घर में था । ग्राम जोरातराई के चंदन कुमार और सुरेन्द्र बाग प्रार्थी के घर के सामने गाली गलौच कर रहे थे। प्रार्थी गाली गुप्तार करने से मना किया तो चंदन कुमार एवं सुरेन्द दोनों एक साथ मिलकर समझाने वाले कौन होते हो कहते हुए चंदन ने अपने पास में रखे धारदार चाकू से प्रार्थी की हत्या करने की नियत से पेट में घुसाने के लिए वार किया जिससे दोनों हाथ की हथेलियां जख्मी हो गई । सुरेन्द्र हत्या करने की नियत से प्रार्थी के सिर के पीछे हिस्से में 3 जगह धारदार चाकू से वार कर चोंट पहुंचाया। प्रार्थी की पत्नि माधुरी और संतोषी बीच बचाव कर सहारा देकर घर अंदर ले गये । पुनः कुछ देर बाद चंदन और सुरेन्द्र अपने अन्य साथी हिमांशु एवं अन्य के साथ प्रार्थी की हत्या करने की नियत से घर के अंदर घुस कर प्रार्थी के साथ चारों हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट किये। जिससे प्रार्थी के पीठ, दाहिने आंख के ऊपर में चोंट आई। रिपोर्ट पर थाना उतई में अपराध क्रमांक 180/2025 धारा 109, 118 (1), 332(बी), 3(5) बीएनएसए 25-27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी चंदन कुमार, हिमांशु, सुरेन्द्र को जोरातराई से घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये। आरोपीगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो नग धारदार चाकू एवं एक डण्डा विधिवत जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, सउनि नेमन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक नेमु प्रसाद साहू, आरक्षक ध्रुव नारायण चन्द्राकर, दुष्यंत लहरे, हुलेश्वर साहू, राजीव दुबे एवं दिलीप सिंह सिदार की भूमिका उल्लेखनीय रही है।

# व्यापारियों के लिए आयात-निर्यात पर कार्यशाला




**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। दुर्ग एवं भिलाई के व्यवसायिक समुदाय के लिए आज एक महत्वपूर्ण क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का विषय था आयात.निर्यात के अवसर और वैश्विक व्यापार की संभावना कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य था। स्थानीय उद्यमियों, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रक्रियाओं, नीतियों, अवसरों और आवश्यकताओं से अवगत कराना। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. के.रंगराजन, प्रोफेसर एवं केंद्र प्रमुख कोलकाता कैंपस संस्थापक सेंटर फॉर डैडम् स्टडीज सुमन दास, कोऑर्डिनेटर भारतीय विदेश व्यापार संस्थान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति और मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने इसे एक नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने कहा दुर्ग और भिलाई जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए ऐसी कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। यह आयोजन युवाओंए स्टार्टअप्स और नए उद्यमियों को वैश्विक व्यापार के लिए तैयार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। आयोजन टीम में तुषार त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिकारी जिला उद्योग केंद दुर्ग उपस्थित थे। जितेंद्र प्रसाद गुप्ता अध्यक्षए उद्योग, महेश बंसल कार्यकारी अध्यक्षए चैंबर, के.एस. बेदी, अजय भसीन प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भोलानाथ सेठ व कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारी, स्टार्टअप संस्थापक और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक और मार्गदर्शक बताया।

# मैत्री विद्या निकेतन के बच्चों ने मारी बाजी



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। मैत्री विद्यानिकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है। विद्यार्थियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है और विद्यालय का नाम रोशन किया है। हर्षिता श्रीवास्तव ने 88.8 प्रतिशत, अयान काशिफ ने 88.2 प्रतिशत, चंचल यादव ने 87.8 प्रतिशत, अदिति कुमारी ने 87.6 प्रतिशत, प्रणव कुमार वर्मा ने 86 प्रतिशत, रिया यादव ने 85.6 प्रतिशत, दीपक कुमार ने 85.2 प्रतिशत, अदिति ने 85 प्रतिशत, टीना साहू और मोनिशा ने 84.6 प्रतिशत, अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास और प्राचार्या के कुशल मार्गदर्शन से परिणाम सराहनीय हैं। अध्यक्षा श्रीमती के राजम सुधाकरन, मेका के प्रबधंक एस सजीव, एस साजन, प्रबधंक और प्राचार्या डॉ. सजीता थम्बीस उपप्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका श्रीमती निशि साजन, शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने छात्रों को बधाई दी है।

# लोकवाद्य संग्राहक में देश का सबसे बड़ा ढोल : रिखी



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। विगत 5 दशक से आदिवासी अंचल के दुर्लभ लोकवाद्यों का संग्रह कर रहे प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय बस्तर के बीजापुर अंचल से देश का सबसे बड़ा ढोल लेकर आए हैं। मरोदा सेक्टर स्थित कुहूकी कला ग्राम में यह विशालकाय ढोल पहुंच चुका है। रिखी क्षत्रिय का कहना है कि अपनी 5 दशक की खोजयात्रा में पहली बार उन्होंने इतना बड़ा ढोल देखा है। बीजापुर जिले के धनोरा ब्लाक के मुसालूर गांव में आयोजित पेन करसाड के दौरान उन्हें मुरिया आदिवासी समुदाय के पास यह भोगम ढोल मिला है। रिखी मानते हैं कि लोकवाद्य संग्रह में उन्हें यह बेहद महत्वपूर्ण वाद्य मिला है। लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि लगभग एक क्विंटल वजनी भोगम ढोल को सरई बीजा की लकड़ी से बनाया जाता है। इसमें बैल या भैंस का चमड़ा मढ़ा जाता है। इसकी लंबाई 3 फीट है और इसका व्यास 2 फीट का है। रिखी का कहना है कि 3 फीट लंबे लोकवाद्य और भी हो सकते हैं लेकिन 2 फीट व्यास का ढोल देश में कहीं नहीं मिलता है। इस भोगम ढ़ोल को बीजापुर जिले में निवास करने वाले मुरिया आदिवासी अपने जात्रा, करसाड़, शादी ब्याह, जन्म उत्सव एवं मांगलिक कार्यों में परंपरागत रूप से बजाते आ रहे हैं। लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि बस्तर के आदिवासी अंचल में अप्रैल माह से देव मड़ई शुरू हो जाती है। हाल ही में बीजापुर जिले के धनोरा ब्लॉक में पेन करसाड़ में देव मड़ई का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के ग्रामीण हजारों की तादाद में पहुंचे। यहां ग्रामीण अपने 100 से ज्यादा देवों को सवारी के साथ लेकर आए। यहां दुर्लभ लोकवाद्य की खोज यात्रा के तहत वह भी पहुंचे थे। यहां दूसरे दिन ग्रामीणों ने अपने अपने लोकवाद्यों का प्रदर्शन अपने देवों के सामने किया।

# पत्नी सरपंच पति लगा रहा पंचायत में अपना बिल, बिना जांच पड़ताल के किया जा रहा भुगतान

**खैरागढ़**, 13 मई (देशबन्धु)। नए सरपंचों का कार्यकाल शुरू हुए ढाई महीना ही हुआ है और अभी से कई सरपंच पंचायती राज अधिनियम के विपरित कार्य करना शुरू कर चुके। अधिकारी भी बिना काम के निरीक्षण और कमीशन के आड़ में बिलो भुगतान करने वाले पुराने ढर्रा में चलना प्रारंभ कर चुके है। छुईखदान जनपद में ग्राम पंचायत में विकास कार्यो का बिल पास होना शुरू हो गया है। छुईखदान जनपद से मिली जानकारी अनुसार अभी तक 13 पंचायतो में कुल 15 लाख से अधिक का विकास कार्यो का बिल भुगतान किया जा चुका है। जिसमें छुईखदान जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरच्चा भी शामिल है। पंचायत से नवनिर्वाचित महिला सरपंच देसनी नेताम पंचायत में बिना काम कराए अपने पति के नाम से बिल लगाकर लाखों रूपए निकाल लिए है। जनपद के अधिकारी भी काम के निरीक्षण व बिलो के सत्यापन किए बिना भुगतान भी कर दिया है। जानकारी अनुसार देवरच्चा के महिला सरपंच देसनी नेताम पदभार ग्रहण करते ही अपने पति भुवन नेताम के नाम पर नाली मरम्मत के लिए सामग्री क्रय करने 49000 व नल जल मरम्मत सामग्री क्रय करने 49000 रूपए का बिल लगाकर अपने पति को लाभ पहुंचाया है। जबकि पंचायती राज अधिनियम के मुताबिक पंचायत प्रतिनिधि अपने परिवार और रिश्तेदारो को लाभ पहुंचाने की अनुमति नही है। ग्रामीणो ने बताया की

देवरच्चा पंचायत में नए सरपंच के कार्यकाल मे नाली रिपेरिंग का काम नहीं किया गया है। सरपंच-सचिव द्वारा मिलीभगत करके सरकारी रूपए को बिना काम के निकाल रहे है। सरपंच जानबुझकर 49000 का बिल लगा रहा है ताकि स्टीमेंट बनाने से बच सके। जनपद के अधिकारी भी कमीशन के चक्कर में बिना निरीक्षण किए बिलो भुगतान कर रहे है।

**सचिव ने कहा स्टीमेंट बन गया है सरपंच पति ने बनाने की बात कही**

इस संबंध में सरपंच पति भुवन नेताम ने बताया की



नल जल मरम्मत का कार्य किया गया है जिसमें उनके पास पुराना रखा सामग्री का उपयोग किया गया है। आगे भुवन ने बताया की नाली मरम्मत का कार्य प्रारंभ नही किया और न ही कार्य का स्टीमेंट बना है जल्द ही स्टीमेंट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वही सचिव उत्तम यादव ने कहा कि नाली मरम्मत का स्टीमेंट बन गया है जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा। दोनो के बयान समाने आने के बाद ग्रामीणों ने कहा की दोनो मिलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। वहीं सचिव ने पंचायती राज अधिनियम के विपरित सरपंच पति के बिल लगाने के सवाल पर कहा की इस नियम की जानकारी नही है सरपंच पति भुवन नेताम पुराना ठेकेदार है, पंचायत काम लगातार करता है और उनका बिल लगता रहा है इस कारण उनका बिल लगाकर भुगतान किया गया है।

**संबलपुर पंचायत के अकाउंट से निकले 268000 सरपंच पति को पता ही नहीं**

छुईखदान जनपद के संबलपुर पंचायत में अप्रैल 2025 में 3 लाख 08 हजार 580 रूपए 11 बिल लगाकर निकाला गया है जिसमें से 8 बिल लगाकर कुर्रे बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर को कुल 2 लाख 4 हजार 250 रूपए भुगतान किए गए है वही 2 बिल लगाकर उत्तम इंटरप्राईजेस 43 हजार, मनीष मार्बल को 21 हजार 330 रूपए भुगतान किया गया है। जिसकी जानकारी नवनिर्वाचित सरपंच लक्ष्मीदेवी जंघेल को नहीं है उनके पति महेश जंघेल ने बताया की सचिव शिवकुमार वर्मा द्वारा इस संबंध में जानकारी नही दी गई है। हमें इस बिल के संबंध मे जानकारी नही है। उनके द्वारा सिर्फ साहू मटेरियल सप्लायर को 40 हजार भुगतान के लिए बिल पेश किया गया था। पुराने सरपंच ने पदभार देने के समय पेंडिंग बिलो की जानकारी नहीं दी थी। लेकिन अचानक से पंचायत के अकाउंट से 2 लाख 68 हजार रूपए निकलना समझ से परे है। इस संबंध में सचिव शिव कुमार वर्मा ने बताया की पंचायत में बोर खनन कराया गया उसका बिल का भुगतान कुर्रे बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर को किया गया है। उत्तम इंटरप्राईजेस का बिल पुराने कार्यालाल का है बिलो के संबंध सरपंच-पंच सभी को जानकारी है। ज्यादा जानकारी आप पंचायत में आकर ले सकते हो।

*लिखित शिकायत नहीं मिला है, शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।*

– **रवि कुमार,** सीईओ जनपद पंचायत छुईखदान

# खालसा पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्पिता सिंह ने 12वीं में नगर का नाम किया रोशन



**डोंगरगढ़**, 13 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (छ्ब्क्स्ध) द्वारा घोषित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के नतीजों में डोंगरगढ़ की होनहार छात्रा अर्पिता सिंह बैस ने गगनचुंबी सफलता हासिल कर खालसा पब्लिक स्कूल और समूचे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विज्ञान संकाय की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने कठिन विषयों में भी उल्लेखनीय अंक अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। डोंगरगढ़ निवासी अर्पिता सिंह बैस, जिनके पिता चुन्नी ठाकुर और माता पूजा सिंह हैं, ने कोर अंग्रेजी में 76 अंक, गणित में 70, भौतिक विज्ञान में 50, रसायन विज्ञान में 53 तथा कंप्यूटर साइंस में शानदार 95 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, सामान्य अध्ययन तथा कार्य अनुभव जैसे सहायक विषयों में च्ए1 ग्रेडज्अर्जित कर अर्पिता ने खालसा पब्लिक स्कूल के प्रबंधन ने अर्पिता की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को शैक्षणिक बुलंदी की मिसालज्ज करार देते हुए विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को इससे प्रेरणा लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अर्पिता की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने इस मुकाम को संभव बनाया है। अर्पिता की इस उपलब्धि पर प्रेस क्लब आफ डोंगरगढ और श्री मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट व श्री खाटूश्याम मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। शहर की इस होनहार बेटी की आंखों में अब ऊँचे लक्ष्य हैं। अर्पिता विज्ञान के क्षेत्र में आगे की पढ़ाई हेतु प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों का रुख करेंगी। उम्मीद की जा रही है कि यह च्शैक्षणिक सिताराज्आने वाले वर्षों में विज्ञान जगत में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

## जयंती पर तथागत गौतम बुद्ध को किया नमन



**डोंगरगढ़,** 13 मई। बुद्ध जयंती के अवसर पर आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति द्वारा 2569 वीं बुद्ध जयंती मनाई गई, इस अवसर पर नागसेन बुद्ध विहार में भंते नागरन द्वारा प्रात झंडा वंदन कर सामूहिक परित्राण पाठ कर खीर का पुड़ी का वितरण हुआ, बौद्ध समाज के द्वारा कचहरी में स्थितडॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर परित्राण पाठ सम्पन्न किया गया, बुद्ध जयंती पर प्रदेश भाजपा महामंत्री पूर्व विधायक रामजी भारती नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर सिद्धार्थ नागदेवे निर्भय चौखाद्द अनिल मेश्राम राजकुमार नंदेश्वर संगीता टेम्भुरकर नलिनी मेश्राम माया भास्कर दीपक साखरे गरीब गढपायले देवेंद अम्बादे अमिताभदुफारे विष्णु चौधरी गुड्डा सरजारे शेखर साखरे सहित अन्य बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहे, बुद्ध जयंती पर अपने विचार रखते हुवे बताया गया कि महात्मा बुद्ध सबसे लोकप्रिय आध्यात्मिक गुरु में से एक हैं, जिन्होंने बौद्ध धर्म की शुरूआत की थी। बौद्ध धर्म जो शांति, स्थिरता, ज्ञान का प्रतीक माना जाता है महात्मा बुद्ध जिन्हें गौतम बुद्ध के नाम से भी जाना जाता है। आज बुद्ध पूर्णिमा है, आज का दिन तथागत बुद्ध की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को संजोने के लिए जाना जाता है, आज के ही दिन तथागत बुद्ध का जन्म हुआ था

# राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर प्रतियोगिता में हेमन्त ने प्राप्त किया दूसरा स्थान



**गंडई पंडरिया,** 13 मई। गंडई के एक युवा बॉडी बिल्डर हेमन्त मरकाम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित नेचरल बॉडी बिल्डिंग शो प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए हेमन्त ने दूसरा स्थान हासिल कर न केवल गंडई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो कि दो दिवसीय प्रतियोगिता 10 और 11 मई को दिल्ली में आयोजित की गई। इसमें देश भर से 200 से अधिक बॉडी बिल्डिंग के दिग्गजों ने भाग लिया था। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, हेमन्त मरकाम ने अपनी बेहतरीन फिजिक और दमदार प्रदर्शन से जजों और दर्शकों को प्रभावित किया। अंततः उन्होंने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान अपने नाम कर लिया। हेमन्त की इस शानदार उपलब्धि से गंडई में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली, लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। उनके शुभचिंतकों और प्रशंसकों ने उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा की सराहना की। यह कोई पहली बार नहीं है जब हेमन्त मरकाम ने बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। इससे पहले भी उन्होंने विभिन्न राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गंडई का नाम रोशन किया है। उनकी यह नवीनतम जीत उनकी लगातार मेहनत और जुनून का प्रमाण है। हेमन्त की इस सफलता ने क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया है जो खेल और फिटनेस के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। हेमंत का मानना है कि लगन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# सीबीएसई 12वीं में मोक्षा बाफना 95 फीसदी अंक अर्जित कर ग्राम, परिवार को किया गौरवान्वित

## मोक्षा बाफना पर कुसुमकसा ग्राम वासियों को गर्व : संजय बैस



**दल्लीराजहरा/ कुसुमकसा,** 13 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई पाठ्यक्रम घोषित 12 वीं कक्षा के परिणाम में कुसुमकसा की निवासी एवं विश्वदीप विद्यालय दुर्ग की छात्रा मोक्षा बाफना ने वाणिज्य संकाय में 95त्न अंक हासिल करके ग्राम एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। मोक्षा किशोर एवं शिल्पा बाफना की छोटी सुपुत्री हैं, बचपन से ही मेघावी मोक्षा ने दसवीं तक की शिक्षा निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल दल्लीराजहरा से प्राप्त की है। मोक्षा बाफना को 12 वीं की परीक्षा में मिले शानदार उपलब्धि के लिए ग्रामवासियों, परिजनों,गुरुजनों आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर कुसुमकसा क्षेत्र की जनपद सदस्य मंजू बैस व भाजपा नेता संजय बैस ने मोक्षा बाफना को सीबीएसई कोर्स के कक्षा 12वी में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बधाई दी है और कहा की ग्राम पंचायत कुसुमकसा के छात्र छात्राओं ने सभी क्षेत्र पढ़ाई हो सेना हो य अन्य क्षेत्र हो अपने दृढ़ निश्चय लगन एकाग्रता से अव्वल मुकाम हासिल किये है व कुसुमकसा के साथ जिले का नाम रोशन किया है उन सभी छात्र छात्राओं पर हम सभी ग्राम वासियों को गर्व है।

# बिना समान खरीदे हो रहा बिल का भुगतान, पंचायत उठा रहा सुस्त प्रशासन का फायदा

**खैरागढ़,** 13 मई (देशबन्धु)। छुईखदान जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी की सुस्ती का ग्राम पंचायत जमकर फायदा उठा रहा है। नए सरपंचो को अनुभवहीन समझाकर सचिव भी चांदी कटाने से बाज नही आ रहे है। जनपद क्षेत्र के कुम्हरवाड़ा पंचायत में हाल ही में 49570 रूपए की भवन मरम्मत, 48000 रूपए की मटेरियल, 8490 रूपए की पम्प सामग्री खरीदी के नाम पर साहू मटेरियल सप्लायर पैलीमेटा को भुगतान किया गया है जबकि ग्रामीणो के मुताबिक भवन मरम्मत संबंधी कार्य नहीं कराया गया है और जो बिल का भुगतान किया गया है वह फर्जी है। इस संबंध में जानकारी लेने सरपंच लीला बाई मेरावी को फोन लगाया गया जिस पर उनके पति चिंता राम मेरावी द्वारा फोन रिसीव कर उक्त संबंध मे जानकारी दी की, अभी पंचायत में भवन मरम्मत का कार्य नही हुआ है और न ही मटेरियल खरीदी की गई है। सिर्फ बिल सचिव द्वारा लगाया गया है लेकिन समान खरीदी की जाएगी। मुझे ज्यादा जानकारी नही है आप सचिव से संपर्क कर लिजिए। कुम्हरवाड़ा पंचायत के सचिव बाबू लाल झारिया ने उक्त संबंध मे बताया की समान खरीदी की गई और कार्य भी किया गया आप कुम्हरवाड़ा जाकर देख सकते है। सरपंच बताने से डर रहा है क्योकि आजकल साइबर अपराध बढ़ रहा है मैने उसे गोपनीय जानकारी देने से मना किया है। इसलिए आपको ठीक से जानकारी नही दिया होगा।

**आमगांव में निकाले 206000 रूपए, स्टीमेट से बचने टुकड़ों में लगा रहे बिल**

आमगांवघाट पंचायत में मई 2025 में कुल 2 लाख 6 हजार रूपए विकास कार्य के नाम पर निकाले गए है। जिसमें बिजली फिटिंग 20 हजार, पंप मोटर खरीदी 49500 के दो बिल लगाकर कुल 99 हजार साहू मोटर पंप और मटेरियल सप्लायर पैलीमेटा को भुगतान किया गया है। इसके आलावा मिष्ठान के लिए 15000 के दो बिल लगाकर कुल 30000 रूपए, 7000 अन्य सामग्री क्रय, 3000 पेंटिंग, गोविंदा महिला समूह को 12000 रूपए, 35000 रूपए का पाइप खरीदी के नाम पर बिल लगाकर निकाले है। जिसकी अधिकतर बिलों की जानकारी पंचो को नही है साथ ही ग्रामीणो ने बताया की इसमें से कई कार्य गांव में हुए ही नही है, बिलो की जांच प्रशासन को करनी चाहिए। पंचायत स्टीमेंट बनाने से बचने जानबुझकर 50000 रूपए से कम का बिल लगा रही है स्टीमेंट नहीं बनने से पंचायत कार्यो की मुल्यांकन सत्यापन नहीं कराता है जिससे शासन-प्रशासन को हजारो रूपए का नुकसान होता कई सरपंच बिना कार्य के ही बिल लगाकर शासकीय राशि को निकाल लेता है। इस संबंध में जानकारी लेने सरपंच बिना बाई मरकाम को फोन लगाया गया लेकिन उनके पति फोन उक्त संबंध में जानकारी दे रहा था तभी अचानक सचिव कन्हैया बाम्बोर्डे ने जवाब देना शुरू कर दिया और कहा सभी काम हुआ है। किसी भी कार्य का स्टीमेंट नही बनाया गया है कुछ बिल पुराने कार्यकाल का था। कार्यो के स्टीमेंट बनाने के सवाल पर कहा कि 49500 के बिल में स्टीमेंट की जरूरत नही है इसलिए स्टीमेंट नही बनाया गया। हालांकि सरपंच पति ने सभी बिल की जानकारी होने की बात कही।




**ए 4 पेपर में लिखकर बिल कर दिया पेश**

ऑनलाइन रिकार्ड से मिली जानकारी अनुसार सचिव जनपद में सादा ए 4 पेपर में बिल बनाकर पेश कर दिया और विभाग के सुस्त अधिकारी बिना जांच के बिल का भुगतान भी कर दिए। इस संबंध में सचिव कन्हैया बाम्बोर्डे ने पुनः बिल पेश करने की बात कही। इसका खुलासा होने के बाद छुईखदान जनपद के अधिकारी व कर्मचारियो के कार्यप्रणाली पर सवाल खडे होना शुरू हो गए है।

*आप शिकायत कराइए हम जांच करते हैं।*

– **रवि कुमार,** सीईओ जनपद पंचायत छुईखदान

# केन्द्रीय संस्कृत शिक्षा प्रकोष्ठ की कल शिक्षक-शिक्षिकाओं का साक्षात्कार



**धमधा,** 13 मई (देशबन्धु)। अध्यक्ष शिव कुमार गुरूजी, केन्द्रीय दूबेलिया तेली (साहू) समाज के उपस्थिति में मुख्यालय ग्राम पेन्ड्री विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग के सामाजिक भवन में सत्र 2025-26 हेतु शिक्षक शिक्षिकाओं की भर्ती के लिए दिनाँक 09/05/2025 को साक्षात्कार लिया गया, सुन्दर लाल साहू अध्यक्ष केन्द्रीय संस्कृत शिक्षा प्रकोष्ठ के दिशानिर्देश मे कुल 15 अभ्यर्थी नियुक्त किया गया। हमारी संस्थान सर्व धर्म समाज के बच्चो को रोजगार युक्त बनाने का सतत प्रयास संस्थान द्वारा किया जा रहा है। जो एक सराहनीय क़दम है। मुख्य रूप से चार विद्यालय —ऊँ सांई संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय धमधा, (दुर्ग) दूबेलिया कर्मा संस्कृत विद्यालय छुईखदान (खैरागढ़) माँ शीतला संस्कृत विद्यालय कुटहा (पेन्ड्री),ओम सांई संस्कृत विद्यालय देवकर,(बेमेतरा) के लिए चयन प्रक्रिया रखे थे। साक्षात्कार लेने वाले अधिकारी हरि राम साहू,( सचिव,केदुतेस),बृजलाल साहू ,(कोषाध्यक्ष, केदुतेस), सत्यनारायण ताम्रकार,(अध्यक्ष शिक्षण समिति धमधा),विष्णुजी साहू (संरक्षक, शिक्षण समिति), अलख साहू (अध्यक्ष, शाला विकास समिति),अवध राम साहू ( अध्यक्ष,धमधा ब्लॉक इकाई), टेक राम साहू (सचिव शा वि स कुटहा),दौलत साहू( कोषाध्यक्ष) सूचित साहू, राजकुमार साहू (सरपंच पेन्ड्री)।

# युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बालोद,** 13 मई (देशबन्धु)। सोमवार को थाना गुण्डरदेही से मृतक रामप्रसाद मसराम पिता लतेलु राम मसराम साकिन मरहीकापा क्रिगखुर्द बिलासपुर की मर्ग डायरी घटना स्थल ग्राम चिचबोड थाना रनचिरई का होने से नंबरी मर्ग एवं शव पंचनामा कार्यवाही हेतु प्राप्त होने पर नंबरी मर्ग सदर कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मर्ग जांच क्रम में सतीश कुमार हल्बा ठाकुर पिता सोहन लाल ठाकुर उम्र 26 वर्ष ग्राम चिचबोड का कथन लेख किया गया। जिसने 11 मई 2025 को अपने साथी तालसिंग ठाकुर, सागर बम्बोडे, चिन्तेश्वर ठाकुर, खिलेन्द्र ठाकुर, मोहन साहू, यश कुमार साहू सभी ताम्रध्वज ठाकुर ग्राम चिचबोड की बहन की शादी में गडवा बाजा बजा रहे थे। बसंतपुर राजनांदगांव से दूल्हा अर्जुन ठाकुर के साथ बाराती आये थे रास्ते में एक मोबाईल फोन गिरा मिला उसे बाजा बजाते हुए उठाया और रखा था। मिले हुए मोबाईल में फोन आया तब मैं कॉल उठाया तब उसने मेरा मोबाईल है कहां पास हो बोला तब मैं हमारे पास है तब शाम लगभग 07-00 बजे कुछ लडके आये जिसने अपना नाम लक्ष्य ठाकुर उर्फ लक्की बसंतपुर राजनांदगांव का हूं। यह मोबाईल मेरा है वापस करो बोला तब मैं उसे मोबाईल दे रहे हैं भाई कुछ 100-50 रू0 खर्चा पानी दे दो बोला तो लक्की और उसके साथ 6-7 दोस्त थे वे बहस करने लगे। रात लगभग 08-15 बजे ग्राम चिचबोड के चोवाराम साहू के घर आगे पुल के पास लक्ष्य ठाकुर उर्फलक्की निवासी बसंतपुर राजनांदगांव एवं उसके अन्य सात दोस्त कुल आठ व्यक्ति सभी बैठे थेए जो सतीश कुमार और रामप्रसाद को हाथ मुक्का, लात से उसके पेट, सिर, सीना, शरीर सब जगह मारपीट किये हैं और जान से मारने की नियत चाकू से रामप्रसाद के सिर में बाएं और पीछे तरफ और शरीर में बाएं तरफपसली के पास कमर में वार कर गंभीर चोट पहुंचा कर हत्या किये हैं। आरोपीगण द्वारा अपराध घटित करना सबूत पाने से आरोपीगण के विरूध्द थाना रनचिरई मे अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग दुर्ग रेंज, दुर्ग के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन पर व एसडीओपी गुण्डरदेही राजेश बागड़े के पर्यवेक्षण पर आरोपियो की गिरफ ?तारी हेतु थाना रनचिरई व थाना गुण्डरदेही एवं सायबर सेल बालोद की विशेष टीम गठित किया गया। आरोपीगण लक्ष्य ठाकुर उर्फलक्की पिता हृदय ठाकुर उम्र 19 वर्ष 07 माह निवासी वार्ड क्रण् 46 शिव बजरंग मंदिर क्लब चौक गली नंण् 06 बसंतपुर राजनांदगांव, थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव, दीपक कुमार यादव पिता हेमंत यादव उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रण् 46 क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर राजनांदगांव, थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव, अभय राजपूत उर्फलक्की पिता अजय राजपूत उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड क्रण् 46 क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर राजनांदगांव, थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव एवं अन्य 05 विधि से संघर्षरत बालको के कब्जे से घटना में उपयोग किये स्टील की चाकू एवं लोहे का कड़ा बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना रनचिरई से उप निरीक्षक राधा बोरकर, सउनि अनील शुक्ला, प्रण्आरण् सुनील मण्डावी, आरण् कामता साहू, महेन्द्र साहू एवं थाना गुण्डरदेही से प्रण्आरण् योगेश सिन्हा, कमलेश रावटे, आरण् ललीत कदम, यशवंत देशमुख तथा सायबर सेल बालोद से उप निरीण् जोगेन्द्र साहू, प्रण्आरण् भुनेश्वर मरकाम, रूम लाल चुरेन्द्र, आरण् विपीण गुप्त, राहुल मनहरे, संदीप यादव की विशेष योगदान रहा।

# जीवन में उतारें बुद्ध की शिक्षाएं : प्रेमलता डोंगरे

## पंचशील बुद्ध विहार में मनी बुद्ध जयंती



**कुम्हारी,** 13 मई (देशबन्धु)। पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में तथागत गौतम बुद्ध की जयंती श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास से मनाई गई। उपस्थित उपासक व उपासिकाओं ने तथागत गौतम बुद्ध और बाबा साहब अम्बेडकर के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित किया। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष उपासिका प्रेमलता डोंगरे के नेतृत्व में सामूहिक पंचशील ग्रहण कर पूजा वंदना की गई। इस अवसर पर उन्होंने बुद्ध के उपदेशों पर आधारित प्रेरक प्रसंग सुनाया। उन्होंने जीवन में बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपा. सुरेश वाहने ने संबोधित करते हुए पंचशील आधारित जीवन पद्धति अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बुद्ध के एतिहासिक और वैज्ञानिक पक्ष से समाज को अवगत कराया। संचालन करते हुए संरक्षक किशन बोरकर ने पुण्यानुमोदन किया। इस अवसर पर बुद्ध विहार को विशेष सहयोग देने वाले दिगंबर टेंभेकर, नवीन विजय पाटील, गौतम सहारे, अनिल टेंभेकर, संध्या बंडू भसगौरी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बौद्ध समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से हंसराज गजभिए, पंचशीला सहारे, वंदना गायकवाड़, वंदना पाटील, अन्नु शिवनकर, ललिना जांबुलकर, सावित्री बाई सहारे, अनिता जनबंधु, प्रतिमा जनबंधु, सुनिता साखरे आदि शामिल हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत ...

है। छांटा पंचायत में भी दूध और केला उपलब्ध कराया जा रहा है। सांतरा पंचायत में सरपंच ज्योति गोलू चंद्राकर ने कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई है। इन सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट मिलाकर लड्डू बनाया गया है। जिसे रोज कुपोषित बच्चों को खिलाया जाता है। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों को कुपोषण मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार गृहभेंट कर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के खान.पान में विशेष ध्यान दे रही है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ.साथ जनप्रतिनिधि भी भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

### बुद्ध जयंती पर ...

मौके पर भंते प्रियदर्शी ने प्रवचन देकर उपासक.उपासिकाओं का मार्गदर्शन किया। रात्रि में सुरधारा के नेत्रहीन बच्चों द्वारा गीत.संगीत की प्रस्तुति दी गई।

तथागत भगवान बुद्ध की जयंती समारोह में बुद्ध विहार समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े (ज्ञानू), सचिव अशोक मड़ामें, उपाध्यक्ष केएन वासनिक, उपसचिव किशोर चौरे, कोषाध्यक्ष संजय मेश्राम, अंकेक्षक राजकुमार फुले, संगठन सचिव विजय मेश्राम, कार्यकारिणी सदस्य रामजी रंगारी, नारद गोंडाने, किशोर गोस्वामी, दिलीप सुखदेव, सप्रेम चौरे, हितेन्द्र चौहान, अतुल सूर्यवंशी, संजू श्यामकुंवर, प्रकाश बंसोड़, सीएच ढोक, किशोर चौरे, डी.के. माने, बौद्ध महिला मंडल अध्यक्ष संगीता मेश्राम, सचिव भारती मड़ामे, रेखा लोनारे, रीता मेश्राम, नंदा गोस्वामी, किरण गोस्वामी, रेश्मा गोडाने, आकांक्षा मेश्राम, अल्का चौहान के अलावा बड़ी संख्या में उपासक-उपासिका शामिल हुए।

### प्रावीण्य सूची में शामिल...

शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम हैए जो इंसान को श्रेष्ठ बनाता है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सहायक संचालक अमित घोष, सहायक संचालक पुष्पा पुरूषोत्तम, प्रयास विद्यालय अधिकारी आशीष गुप्ता एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

### बोडरा में हटाया गया...

तिवारी सहित विभिन्न थानों से सैकड़ो की संख्या में पुलिस का बल तैनात किए गए थे।

इसके अलावा गुरुर तहसील के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ पटवारी सहित विभिन्न ग्रामों से लगभग 30 से अधिक ग्राम कोटवार भी तैनात किए गए थे।

**आने वाले दिनों में भी होगी कार्यवाही**

ग्राम विकास समिति बोडरा के अध्यक्ष नेतराम साहू का कहना है कि गांव में जहां-जहां पर अतिक्रमण हुआ है उसे पूर्ण रूप से हटाया जाएगा। मंगलवार की शाम 6 बजे तहसील कार्यालय गुरुर से जानकारी के मुताबिक यहां 9 स्थानों पर बुलडोजर चलाकर शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त किया गया है, आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस तरह की कार्रवाई पर ग्राम पंचायत के पदाधिकारीयों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### सतनाम भवन का निर्माण...

पाया कि वहां कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। इस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को 24 घंटे के भीतर कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। कार्य शुरू होने पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जायें। इस दौरान उन्होंने वार्ड 57 उरल में खेल मैदान और मुक्तिधाम निर्माण वार्ड 4 मठपारा उत्तर में मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।

# हम होंगे कामयाब ब्रह्माकुमारीज समर कैम्प में सम्मान समारोह

**बेमेतरा,** 13 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा में दस दिवसीय समर कैम्प समापन समारोह के साथ सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक माननीय भ्राता दीपेश साहू जी, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लोधी समाज पूर्व जिला पंचायत सभापति माननीय भ्राता गोवेंद पटेल जी, विशिष्ट अतिथि बेमेतरा जनपद अध्यक्ष माननीया बहन हेमा जय दिवाकर जी तथा सम्पूर्ण समर कैम्प का आयोजन बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी माननीया बहन बी के शशि दीदी जी ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए सर्टिफिकेट्स सम्मान पत्र, गिफ्ट्स वितरीत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक माननीय भ्राता दीपेश साहू जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले मैं भी शिक्षक रहा हूँ लेकिन ज्यादा समय बच्चों को नहीं दे पाया, मैं राजनीति में आ गया, मैं शिक्षा के लिए यही कहूंगा कि अभी जिस तरह से समर कैम्प में आपने हिस्सा लिया, और आप जब स्कुल की शिक्षा में स्कुल जाते हैं तो आपके पास केवल पुस्तकें होती हैं, और अधिकतर पेरेंट्स उस किताबी ज्ञान को पढ़ाने में लग जाते हैं कि आपको इस सब्जेक्ट को पढ़ना है, हमारे दिन की शुरुवात पुस्तक पढ़ने से लेकर रात को समाप्त होता है और वो भी पुस्तक तक सीमित रहता है, ये अधिकतर जो दिखता है उसको बता रहा हूँ इसका कारण बच्चे नहीं बल्कि माता पिता हैं, हम हमारे बच्चों को एक मशीन बनाना चाह रहे हैं, बच्चों को गलत और सही रास्ते की पहचान बताते हुए विधायक जी ने बच्चों को बताया कि गलत रास्ता क्या है लड़ाई झगड़ा करना, मोबाईल में गलत चीजें देखना, सोशल मिडिया का गलत इस्तेमाल करना, फोन में ज्यादा बातें करना, वीडियो गेम्स खेलना, ये सरे चीजें गलत काम हैं, बच्चों के लिए सबसे इम्पोर्टेन्ट चीजें पढाई करना है। पढ़ाई के लिए आप लोगों को मोटिवेशन की जरुरत पड़ती है, और बाकी सभी काम करने के लिए कोई मोटिवेशन की जरुरत नहीं पड़ती। पढ़ने के लिए एक उद्देश्य एक लक्ष्य होना चाहिए, आपके पास बनिंग डिजायर दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए कि मुझे यह बनना है। यदि आपके पास लक्ष्य नहीं होगा तब तक पढाई में आपको रूचि भी नहीं होगी। बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए विधायक दीपेश भैया जी ने कहा कि वह स्वयं अपने लक्ष्य पर अडिग रहे और आगे शिक्षक बन काफी सालों तक बच्चों को पढ़ाया। बच्चों को शुभकामनायें देते हुए ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की काफी सराहना भी किये। सभी का पुनः ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहेंगे कि विधायक दीपेश साहू जी के माता पिता विगत 20 वर्षों से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं और निरंतर ईश्वरीय ज्ञान सुनते हैं। कार्यक्रम की शुरुवात में बच्चों ने स्वागत नृत्य से किया, और डिजिटल सोशल मिडिया विषय पर नाट्य प्रस्तुति और अपने मां को बच्चों ने और विधायक दीपेश जी ने अपने माता पिता को संस्कारिक अंदाज में फ्लॉवर देकर सभी अविभावको को भाव विभोर कर दिया। इस समर कैम्प की शिक्षाओं से बच्चों के संस्कारों में विशेष परिवर्तन देखने को मिला , अनेक बच्चों ने इस दस दिनों में टी वी मोबाईल नहीं देखा ऐसे बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र तथा गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस समर कैम्प के समापन समारोह में बच्चों को बेस्ट छात्र छात्रा सम्मान, वेस्ट से बेस्ट सम्मान, डांस विजेता सम्मान, बेस्ट ड्राइंग पेंटिंग सम्मान, नीबूं दौड़, बोरा दौड़ अन्य गेम्स विजेता सम्मान, रेग्युलर आने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया गया। कई बच्चों ने अविभावक के सामने समर कैम्प से प्राप्ति के अपने अपने अनुभव सुनाये।




इस समर कैम्प की शिक्षाओं से बच्चों के संस्कारों में विशेष परिवर्तन देखने को मिला , अनेक बच्चों ने इस दस दिनों में टी वी मोबाईल नहीं देखा ऐसे बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र तथा गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस समर कैम्प के समापन समारोह में बच्चों को बेस्ट छात्र छात्रा सम्मान, वेस्ट से बेस्ट सम्मान, डांस विजेता सम्मान, बेस्ट ड्राइंग पेंटिंग सम्मान, नीबूं दौड़, बोरा दौड़ अन्य गेम्स विजेता सम्मान, रेग्युलर आने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया गया। कई बच्चों ने अविभावक के सामने समर कैम्प से प्राप्ति के अपने अपने अनुभव सुनाये कि उन्होंने राजयोग मेडिटेशन से मन को शांत कैसे करें, कैसे परमात्मा से अपना पिता, शिक्षक, दोस्त, जैसे सभी सम्बन्ध जोड़ते हुए परमात्मा से कैसे बातें करें, परमात्मा को कैसे गुड मॉर्निंग, गुड नाईट करें, उन्होंने डांस सीखा, एकाग्रता करना सीखा, स्वास्थ संबंधी बातें, कैसे दूसरों की मदद करना सीखा, ब्लेसिंग इकठ्ठा करना सीखा। कार्यक्रम के समापन में सभी लिए ब्रह्मभोजन में गुपचुप पानी पूरी आइसक्रीम वितरण किया गया। बी के शशि दीदी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति अगले वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कल से सभी अविभावकों के लिए निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, अतः सभी अविभावक इस मेडिटेशन शिविर का लाभ अवश्य लें।

# गांव में लोगों को डराने धमकाने वाले आदतन बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,** 13 मई (देशबन्धु)। बालोद पुलिस ने आखिरकार जगन्नाथपुर के आरोपी तामेश्वर नेताम पिता कृपाल नेताम उर्फ भूरू को जेल भेज दिया है। सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया। ज्ञात हो कि जगन्नाथपुर की एक विधवा महिला के घर में घुसने और भूसे के ढेर में बेहोशी की हालत में मिलने का वीडियो सामने आया था। शनिवार रविवार की दरमियानी रात को करीब एक से 1:30 बजे के बीच यह घटना थी। पीड़ित महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि आरोपी द्वारा उनके घर के कोठा के रास्ते में बने पटाव के जरिए चढ़कर शयन कक्ष में प्रवेश कर उनके साथ छेड़खानी की गई। रात एक से डेढ़ बजे के बीच वह बाथरूम जाने के लिए उठी थी तो उनके कोठा का दरवाजा खुला हुआ मिला। जिसे वह बंद करके वापस सोने चली गई। इस बीच उसे नींद लग गई और कुछ देर बाद महिला को उनके शयन कक्ष में किसी के घुसने का एहसास हुआ। कमरे में अकेली पाकर आरोपी उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। फिर वह उससे खुद को छुड़ाकर भागी और बाहर से दरवाजे का संकल लगा दी। इसके बाद आरोपी वापस कोठा के पटाव में चढ़कर छिप गया। महिला ने घर से बाहर निकल कमरे का दरवाजा बंद कर संकल लगा दिया और आसपास के ग्रामीणों को खबर की।

ज्ञात हो कि वायरल वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा था कि आरोपी तामेश्वर नेताम पिता कृपाल नेताम उम्र 23 वर्ष महिला के मकान के कोठा स्थित पटाव में पैरा कुट्टी ;भूसेद्ध के ढेर में पकड़े जाने के डर से छिपा हुआ था। पुलिस कंट्रोल रूम में ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद देर रात बालोद पुलिस की पेट्रोलिंग टीम घटना स्थल पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में आरोपी के पिता कृपाल नेताम को ही बुलवाकर अन्य ग्रामीणों की मदद से भूसे में छिपे आरोपी को बाहर निकाला गया। तब तक वह बेहोशी की स्थिति में था। उसे पानी डालकर उठाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन उसकी स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने संजीवनी 108 को खबर कर उसे पहले जिला अस्पताल पहुंचाया फिर दूसरे दिन अस्पताल से उसे स्वस्थ होने के बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया और पीड़ित महिला सहित ग्रामीणों को भी घटना की जानकारी के लिए थाने बुलवाया। जहां पर पीड़ित महिला सहित गांव की अन्य महिलाओं ने भी आरोपी तामेश्वर नेताम के खिलाफलिखित शिकायत की।



थाने पहुंची गांव की अन्य महिलाओं ने भी बताया कि तामेश्वर नेताम आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिसके चलते आए दिन गांव में कई तरह की घटनाएं घट चुकी है। 8 से 10 घरों में वह इसी तरह से किसी के यहां चोरी तो किसी के यहां नियत खोरी के इरादे से प्रवेश कर चुका है। पहली बार वह सार्वजनिक रूप से पकड़ में आया है। वरना कई बार पकड़े जाने पर वह महिलाओं को चाकू छुरी, ब्लेड आदि दिखाकर डरा धमका कर चला जाता था और डर के मारे कोई कुछ नहीं कर पाता था आरोप है कि उनके परिजन भी अपने बेटे की हरकतों को नजरअंदाज कर उसका बचाव करते थे। जिसके चलते गांव वाले भी परेशान थे। पर इस बार महिलाओं ने साहस दिखाया और उसके खिलाफ थाने में शिकायत की। कई महिलाओं सहित ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर मीडिया के सामने भी बयान दिया कि अक्सर आरोपी तामेश्वर नेताम शराब और गांजे के नशे में रहता था और आधी रात को वह गांव में अकेली रहने वाली महिलाओं या नासमझ लड़कियों को अलग.अलग इरादों से शिकार बनाता था। किसी के घर वह चोरी की इरादे से तो किसी के घर नियत खोरी की इरादे से प्रवेश करता था। शनिवार रविवार की रात की घटना चोरी करने के वजह से नहीं बल्कि नियत खोरी की वजह से उसने अंजाम दिया था। गनीमत महिला की सूझबूझ और तत्परता से आरोपी रात में भाग नहीं पाया और खुद को बचाने के लिए भूसे के ढेर में छिप गया। फिर ग्रामीणों ने चारों ओर से घर को घेर रखा था। जिसके बाद वह पकड़ा गया।

अगर समय पर उसे भूसे के ढेर से नहीं निकाला जाता तो नशे और गर्मी में बेहोशी के कारण सुबह तक उसकी मौत भी हो सकती थी। पर ग्रामीणों ने किसी भी तरह से कानून को हाथ लिए बगैर पहले तो उसे भूसे के ढेर से निकाला और जब बेहोश हालत में मिला तो उसे समय पर उनके पिता कृपाल नेताम के साथ ही संजीवनी 108 बुलवाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। स्वस्थ होने के बाद आगे पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी रवि शंकर पांडेय ने बताया ताजा घटना को प्रमुख रूप से आधार बनाते हुए आरोपी गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। मामले की विवेचना सहायक उप निरीक्षक कमला यादव, देव कुमारी साहू सहित उनकी टीम ने की।

# विधायक साहू ने बंगोली में हुए सड़क हादसे में पीड़ित परिवार से की मुलाकात, शोक संवेदना व्यक्त की



**बेमेतरा,** 13 मई (देशबन्धु)। रायपुर -बलौदाबाजार मार्ग पर 11 तारीख की रात बंगोली गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में बेमेतरा जिले की ग्राम आनंदगांव निवासी वर्षा साहू, उनकी 6 वर्षीय बेटी भूमि एवं 4 माह के पुत्र उमंग भी शामिल हैं। यह त्रासदी उस समय हुई जब वर्षा साहू अपने मायके से छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम बाना से लौट रही थीं। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू पीड़ित परिवार से मिलने ग्राम आनंदगांव पहुंचे। उन्होंने मृतका वर्षा साहू के परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना प्रकट की एवं इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया।

इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा यह हादसा अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और असहनीय है। एक साथ एक मां और उसके दो मासूम बच्चों का यूं चले जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस दु:खद घड़ी में परिवार के साथ खड़ा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। विधायक साहू ने कहा केंद्र सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता घोषित की गई है, वहीं राज्य सरकार द्वारा मृतकों को 5 लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये की राहत राशि देने का निर्णय लिया गया है ह्न साहू ने प्रशासन से इस दुर्घटना की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही शासन प्रशासन से बात कर आर्थिक सहयोग राशि दिलाने का आश्वासन भी दिया साथ ही उन्होंने कहा की मै इस च्दु:ख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं और हमेशा साथ रहेंगे ज्ञ्और जो भी सहयोग की जरूरत रहेगी आज और आगामी समय मे निस्वार्थ भाव से सहयोग करूँगा।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अरिहंत एकेडमी, बालोद का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बालोद,** 13 मई (देशबन्धु) ।हर्ष का विषय है कि बालोद शहर के एकमात्र ष्ट्क्स्श्व स्कूल अरिहंत एकेडमी के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 100त्न परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं में दिव्यांश गंजीर ने 91त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौली अरोड़ा ने द्वितीय एवं लवण्या पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं शाला के कक्षा 12वीं के पहले बैच में कु फाल्गुनी जैन ने प्रथम एवं अनुष्का पाण्डे ने विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि च्यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर 100त्न परिणाम प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की लगन का प्रमाण है बल्कि शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का भी परिणाम है। मैं सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

विद्यालय के प्राचार्य आलोक श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि च्हमारे विद्यालय का 100त्न परिणाम हमारे विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और सकारात्मक शिक्षण वातावरण का प्रतीक है। हमारे छात्रों ने न केवल परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और नैतिक मूल्यों का भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहेंगे।

विद्यालय के समस्त डायरेक्टरों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणामो के लिए बधाई दी।

# हाडाहुली की गुनगुन वर्मा को 10वीं सीबीएसई में मिले 96.2 प्रतिशत अंक

**थान खमरिया,** 13 मई (देशबन्धु)।



ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी प्रतिभा में अब पीछे नहीं है। समीपस्थ ग्राम हाड़ाहुली की छात्रा गुनगुन वर्मा ने कक्षा 10 वीं सीबीएसई (एकेडमिक वर्ड स्कूल बेमेतरा) की परीक्षा में 96.2 प्रतिशत हासिल किये। गुनगुन को हिंदी में 99, आर्टफिशियल इंटेलीजेंस में 97, विज्ञान और सोशल साइंस दोनों में 96 तथा अंग्रेजी मे 93 अंक मिले। इनके पिता धर्मपाल वर्मा एवं माता लोकेश्वरी वर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल ठेलका में शिक्षक हैं। गुनगुन ने अपनी सफलता का श्रेय माता - पिता एवं शिक्षकों को दिया। गुनगुन की इस उत्कृष्ट सफलता पर शिक्षकों, ग्रामीणों ने बधाई दी।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा 'सुशासन त्योहार' का समाधान शिविर

■ थान खमरिया में राजस्व व विद्युत विभाग की निष्क्रियता से जनता मायूस



**थान खमरिया,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन त्योहार के अंतर्गत प्रदेशभर में चल रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना है। परंतु थान खमरिया में 5 मई से प्रारंभ हुआ समाधान शिविर अव्यवस्थाओं और विभागीय लापरवाही का शिकार बनता दिखा।

31 मई 2025 तक चलने वाले इस अभियान में थान खमरिया के वार्ड क्रमांक 3 स्थित सिन्हा भवन में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग, परिवहन, पशु, विद्युत, शिक्षा, एवं आंगनबाड़ी केंद्र की उपस्थिति तो देखी गई, लेकिन राजस्व विभाग की पूरी तरह अनुपस्थिति ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। इस दौरान कोई सक्षम संबंधित अधिकारी नही दिखे जिससे जनता की सबसे बड़ी समस्याएं अधर में ही लटक गईं।

विद्युत विभाग से भी कोई सक्षम अधिकारी मौजूद नहीं रहा, जिससे बिजली से संबंधित शिकायतें भी लंबित ही रहीं। स्थानीय नागरिक दिनभर अधिकारियों की तलाश करते नजर आए, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं मिला।

शिविर के दौरान जब प्रतिनिधियों ने एसडीएम पिंकी मनहर को अव्यवस्था से अवगत कराया, तब भी सुधार की कोई पहल होती नहीं दिखी। इसी बीच कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'मुख्यमंत्री / विधायक मुर्दाबाद' के नारे लगाकर शिविर में व्यवधान डालने की कोशिश की, जिन्हें थाना प्रभारी द्वारा शांत कराया गया।

जनता का कहना था कि मंचों से बड़े-बड़े दावे और त्वरित कार्रवाई की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर 'सुशासन' केवल एक दिखावा बनकर रह गया है। न कोई जनप्रतिनिधि शिविर में नजर आया, न ही कोई उच्चाधिकारी, जिससे लोगों में निराशा और आक्रोश का माहौल रहा।

इस अव्यवस्थित आयोजन ने सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोल दी है। समाधान शिविर, समाधान की जगह समस्याओं का केन्द्र बन गया है। जनता अब उम्मीद लगाए बैठी है कि संबंधित अधिकारी और विभाग शीघ्र चेतेंगे और अपने उत्तरदायित्व का गंभीरता से निर्वहन करेंगे।

# समाधान शिविर में किशोरी बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन की दी जा रही जानकारी

**बेमेतरा,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला बेमेतरा में सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पहले चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जा रही है। आमजन को इन योजनाओं से लाभ उठाने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया जा रहा है। इसी क्रम में खंडसरा समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गयी । विभाग की महिला अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के महत्व को सहज और सरल भाषा में समझाया जा रहा है। मासिक धर्म जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अभी भी समाज में संकोच और चुप्पी का वातावरण है, जिससे महिलाएं अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर नहीं बता पातीं। अस्वच्छता के कारण उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए शिविर में बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए जा रहे हैं और हीमोग्लोबिन की जांच भी की जा रही है।



जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्री चंद्रवेश सिसोदिया ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के लिए न केवल जानकारी दी जा रही है, बल्कि उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 28 मई को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में च्विश्व महावारी स्वच्छता दिवसज्ज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नारायणपुर में सुशासन का मेला

# समस्याएं भी सुलझीं, सम्मान भी मिला और मुस्कान भी बिखरी

■ 1497 आवेदन जो अप्रैल में समाधान पेटी में गिरे थे, उनके उत्तर के साथ लौटे

■ कोई राजपत्र नहीं, कोई भारी फाइल नहीं—सीधा संवाद, सरल समाधान हुआ



**बेमेतरा,** 13 मई (देशबन्धु)। गांव की चुप गलियों में सोमवार को कुछ अलग ही चहलकदमी थी। बेमेतरा जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम नारायणपुर, जो आम दिनों में खेत-खलिहान की गंध में डूबा रहता है, वहां सुशासन तिहार का रंग चढ़ा हुआ था। नवागढ़ विकासखंड के इस छोटे से गांव में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जो नाम के साथ-साथ वास्तव में भी 'समाधान' लेकर आया।

मुख्य मंच पर जब प्रदेश के खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल पहुंचे, तो उनका स्वागत पारंपरिक तरीकों के साथ अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती दिव्या पोटाई ने किया। लेकिन मंच पर सिर्फ भाषण नहीं हुआ—यह मंच बना ग्रामीणों की समस्याओं के समाधानों का गवाह।

शिविर में सबसे खास बात यह रही कि 8 गांवों के 1497 आवेदन—जो अप्रैल में समाधान पेटी में गिरे थे 7आज उनके उत्तर के साथ लौटे। कोई राजपत्र नहीं, कोई भारी फाइल नहीं—सीधा संवाद, सरल समाधान हुआ ।

नोनी सुरक्षा पासबुक, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सम्मान प्रमाण पत्र—ये सिर्फ कागज़ नहीं थे, ये सरकार की पहुंच का प्रमाण बने। बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष जब हाथ में कार्ड लेकर मुस्कराए, तो यह कार्यक्रम एक सरकारी आयोजन से ज्यादा एक भरोसे की तस्वीर बन गया।

मंत्री श्री बघेल ने कहा,ज्यह शिविर सिर्फ समस्याएं सुलझाने नहीं आया है, यह यह बताने आया है कि सरकार आपके दरवाजे तक पहुँची है ज्ज्उन्होंने बताया कि 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास स्वीकृत हुए हैं और आवास प्लस योजना की पात्रता में राहत दी गई है, ताकि कोई भी गरीब पीछे न रह जाए शिविर में स्कूली मेधावी विद्यार्थियों को जब सम्मान मिला, तो मंच पर एक और कहानी लिखी गई—उज्ज्वल भविष्य की।

महतारी वंदन योजना की चर्चा भी खूब हुई, जिसमें माताओं-बहनों को आर्थिक संबल मिल रहा है। और हां, मंत्री ने यह साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में च्रिश्वत की कोई गुंजाइश नहींज्, शिकायत पर सख्त कार्रवाई होगी। नारायणपुर स्कूल का मैदान, सोमवार को समस्या, समाधान और सम्मान का संगम बन गया।

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग ने किया आशुतोष दुबे का सम्मान

**बेमेतरा,** 13 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज के निर्देशन में रेंज स्तरीय सीसीटीवी फुटेज संग्रहण कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर भिलाई में किया गया । जिसमें नवागढ़ निवासी आशुतोष दुबे सीसीटीवी टेकिनकल एक्सपर्ट के रूप ने उपस्थित थे



कार्यशाला में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिन्होंने श्री दुबे के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज संग्रहण एवं सीसीटीवी मॉनिटरिंग से संबंधित बारीकियों को जाना एवं वीडियो बैकअप के बारे में विस्तार से बताया इसके साथ ही साथ पुलिस विभाग के संबंधित विशेष तकनीकी उपकरण भी प्रदर्शित किया गया जो अब आने वाले समय में पुलिस विभाग के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यशाला में सीसीटीवी कैमरों, हार्ड डिस्क से फुटेज सुरक्षित निकालने, वीडियो बैकअप की सरल विधियों तथा सावधानी के संबंध में विस्तार से बताया गया।

पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीकी पक्षों की सटीक जानकारी देना और गुणवत्ता में सुधार करना है । इस कार्यक्रम में एसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा,सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालक रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा ने किया ।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की बारहवीं एवं दसवीं में अर्जित की शानदार सफलता

■ बारहवीं में 98.2 प्रतिशत के साथ अभिनव जैन एवं दसवीं में 98 प्रतिशत के साथ कृष्णा गोयल रहें अव्वल

**बेमेतरा,** 13 मई (देशबन्धु)। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा का कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा का कक्षा बारहवीं का यह नौवाँ एवं दसवीं का ग्यारहवाँ बैच था और इस बैच ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों ही कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा ।

कक्षा बारहवीं में अभिनव जैन ने 98.20प्रतिशत (अंग्रेजी में 91, अर्थशास्त्र में 96, बिजनेस स्टडी में 99, अकाउंट में 97, इंटरप्रेन्योरशिप में 100, मार्केटिंग 99), अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा दसवीं में कृष्णा गोयल ने 98.00प्रतिशत (अंग्रेजी-92, हिन्दी-96, गणित-99, विज्ञान-96, सामाजिक विज्ञान-99 तथा अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर ए.आई. में 100) अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रावास के विद्यार्थियों की उपलब्धि÷

छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

कक्षा बारहवीं में बालिका छात्रावास से मांसी चंद्रवंशी ने 96.80प्रतिशत एवं बालक छात्रावास से ईशान खंडेलिया ने 96.40प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप किया।

वहीं कक्षा दसवीं में बालिका छात्रावास से नियति गोयल ने 93.60प्रतिशत एवं बालक छात्रावास से कृष्णा गोयल ने 98.00प्रतिशत अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध किया कि अनुशासित छात्रावास जीवन, निरंतर अध्ययन एवं सकारात्मक वातावरण से श्रेष्ठ परिणाम संभव हैं।

इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के कुल 184 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं दसवीं में 216 विद्यार्थी शामिल हुए।

जिसमें बारहवीं कक्षा में जीव-विज्ञान समूह के 43, गणित समूह के 22 और वाणिज्य (कॉमर्स) समूह के 101 व कला (ह्यूमिनिटिस) समूह के 18 विद्यार्थी शामिल हुए।

कक्षा बारहवीं में 26 छात्र-छात्राओं ने 90 या उससे अत्यधिक प्रतिशत अंक अर्जित किये जिनमें विद्यालय में अभिनव जैन ने प्रथम स्थान पर 98.20 प्रतिशत, द्वितीय स्थान में मांसी चंद्रवंशी ने 96.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान में ईशान खंडेलिया 96.40 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान में वंदना भट्टर 96.40 प्रतिशत, पंचम स्थान में आयुष अग्रवाल 95.60 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इनके अतिरिक्त 21 और विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किये जिनमें सिदक कुमार सलूजा 95.20 प्रतिशत, प्रगति माखीजा 94.20 प्रतिशत, आर्यन मित्तल 93.60 प्रतिशत, एवं गणित संकाय से भौमिक सिंह राजपूत 93.60 प्रतिशत, तथा जीव विज्ञान संकाय से जसमीत कौर दत्ता ने 93.20 प्रतिशत एवं कॉमर्स संकाय से कुशांश राठी ने 93.00 प्रतिशत, सौम्य अग्रवाल ने 93.00 प्रतिशत एवं यश पटेल 92.60 प्रतिशत, अजीता अग्रवाल 92.00 प्रतिशत, खुशबू रोहरा 92.00 प्रतिशत, दिव्यान्श यादव 91.40 प्रतिशत, आनया सोनी 91.20 प्रतिशत, प्रियान्शु शर्मा 91.20 प्रतिशत, स्म्रती अग्रवाल



91.20 प्रतिशत, आदित्य अग्रवाल 91.00 प्रतिशत, नोईशा मित्तल 91.00 प्रतिशत, कोमल अग्रवाल 90.80 प्रतिशत, सचदीप सिंह सलूजा 90.80 प्रतिशत, जीतेश कुमार चंद्रा 90.40 प्रतिशत, लीना साहू 90.40 प्रतिशत, आदिश्री दुबे 90.40 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

अभिनव जैन ने एकेडमिक स्कूल के शिक्षकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि, उसके सफलता में माता-पिता एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं मांसी चंद्रवंशी ने अपने सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया ।

कक्षा बारहवीं मे दस विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में सत-प्रतिशत अंक अर्जित किए जोकि इंटरप्रेन्योरशिप विषय में अभिनव जैन ने 100 (शत-प्रतिशत) अंक, पेंटिंग विषय में मानसी चंद्रवंशी, वंदना भट्टर, कोमल अग्रवाल, भूमिका वर्मा, अवर्त विवेक पोल, हर्षिता लूनीया, साक्षी बर्मा, 100 (शत-प्रतिशत) अंक, साइकॉलजी विषय में जसमीत कौर व योगा मे वेद प्रकाश पटेल ने 100 (शत-प्रतिशत) अंक प्राप्त किया।

दसवीं कक्षा में इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं में ऐकेडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के कुल 216 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें विद्यालय में प्रथम स्थान कृष्णा गोयल ने 98.00 प्रतिशत,

द्वितीय स्थान में अक्ष गुप्ता ने भी 97.40 प्रतिशत, तृतीय स्थान काव्या शर्मा 97.00 प्रतिशत, चौथा स्थान गुनगुन वर्मा 96.20 प्रतिशत, पांचवा स्थान में बरखा साहू 96.20 प्रतिशत, छठवे स्थान में रीत शर्मा 95.40 प्रतिशत, सातवे स्थान में अंकुर शर्मा 95.00 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

कक्षा दसवीं में 43 छात्र-छात्राओं ने भी 90 या उससे अत्याधिक प्रतिशत अर्जित किये जिनमें उपरोक्त छात्रों के अलावा लहर सिंघानिया ने भी 94.40 प्रतिशत, डॉली सेन 94.00 प्रतिशत, पार्थ देवांगन 93.80 प्रतिशत, विना साहू 93.60 प्रतिशत, अनुष्का गुप्ता 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये ।

कक्षा दसवीं मे चौदह विद्यार्थियों ने ए.आई विषय में सत-प्रतिशत अंक पाने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार है ङ्क कृष्णा गोयल, काव्य शर्मा, रीत शर्मा, लहर सिंघानिया, नीविया देवांगन, समर्थ अग्रवाल, नमन खियालनी, परेश रितेश अग्रवाल, खुशी खियालनी, नीरज कुमार निषाद, अनुराग सोनी, ऐश्वर्या अग्रवाल, शौर्य श्रीवास्तव एवं शाश्वत जयसवाल 100 में से 100 अंक अर्जित किये।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा ने उन्हे अध्ययन हेतु जो वातावरण (माहौल) प्रदान किया वो सर्वथा शिक्षण-शिक्षा हेतु अनुकूल है। संस्था में कार्यरत उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों के सानिध्य व कुशल मार्गदर्शन से ही उन्होने यह उपलब्धि हासिल की है। प्रारंभ से ही एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा रोज नित-नए कीर्तिमान रचते जा रहा है। इसका कारण यहाँ शिक्षा का अनुकूल वातावरण तथा योग्य व अनुभवी शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन रहा है। जिसके कारण विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

बालक छात्रावास से कृष्णा गोयल (98.00प्रतिशत) एवं बालिका छात्रावास से मांसी चंद्रवंशी (96.80प्रतिशत) ने अपने वक्तव्य मे कहा की आज ये जो हमने अंक अर्जित किए है उसका श्रेय विद्यालय के हॉस्टल को जाता है, हॉस्टल मे रहते हुये जो एकेडमिक मोनिट्रिंग एवं एनालिसिस किया जाता है उससे विद्यार्थियों को एक एक्सट्रा सपोर्ट मिलता है एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन आखरी समय तक मिलता रहता है।

विद्यालय उप-प्राचार्य श्री राकेश कुमार ने कहा आज का परीक्षा परिणाम हमारे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और उनके लक्ष्य के प्रति समर्पण का साक्षात प्रमाण है। आप सभी ने यह सिद्ध किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मार्गदर्शन सशक्त हो, तो कोई भी शिखर दूर नहीं। यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन एवं विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि आप जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल बनें।

विद्यालय संचालिका श्रीमती भावना बोहरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा प्रिय छात्र-छात्राओं, आप सभी की यह उत्कृष्ट उपलब्धि वास्तव में गर्व का विषय है। आपने न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल का नाम भी रोशन किया है। यह सफलता आपकी लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय की ओर से हम यह सुनिश्चित करते रहेंगे कि आपको उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए एक आदर्श वातावरण मिलता रहे। मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ हैं कि आप भविष्य में और ऊँचाइयाँ प्राप्त करें तथा देश के निर्माण में अपना योगदान दें।

विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं, उनके पालकों एवं शिक्षकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा ने उन्हें अध्ययन के लिए एक सकारात्मक, प्रेरणादायक और पूर्णत: अनुकूल वातावरण प्रदान किया। विद्यालय में कार्यरत अनुभवी एवं उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें सफलता की ओर अग्रसर किया।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभ से ही एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, जिसका श्रेय यहाँ की उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रणाली, अनुशासित वातावरण और समर्पित शिक्षकों को जाता है। विद्यालय न केवल ज्ञानार्जन का माध्यम है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच भी सिद्ध हो रहा है।

# महापौर मधुसूदन यादव श्रमिक बाहुल्य वार्डों का दौरा कर पानी, सफाई के संबंध में नागरिको से की चर्चा

- महापौर ने कहा निस्तारी हेतु कुँआ सफाई के लिये प्रक्रिया पूर्ण, जल्द होगी सफाई
- सर्वेश्वर दास स्कूल मैदान में खिलाडियो से महापौर ने मुलाकात कर शैक्षणिक भ्रमण के लिए विधानसभा जाने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई




**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव वार्डो में सुबह जाकर वार्डवासियो से रूबरू हो पानी, सफाई के संबंध में चर्चा कर रहे है, साथ ही उनके द्वारा स्कूल मैदान में जाकर खिलाडियो से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया जा रहा है। आज उन्होने शहर के श्रमिक बाहुल्य वार्ड में नवागांव, बाबूटोला तथा लखोली, सेठी नगर कुँआ चैक में सुबह पहुचकर वार्डवासियों से पानी सफाई के संबंध में चर्चा किए, वही सर्वेश्वर दास स्कूल मैदान में खिलाडियों से मुलाकात की तथा शैक्षणिक भ्रमण में छत्तीसगढ विधानसभा जाने वाले विद्यार्थियों से मिलकर बधाई दिए। महापौर यादव ने कहा कि शहर के सार्वजनिक कुँओ की सफाई के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जल्द ही सफाई की जावेगी।

महापौर यादव आज सुबह नवागांव, बाबू टोला में जाकर नागरिको से चर्चा किए, पानी की समस्या पर कहा कि इस वर्ष मोहारा नदी में पानी कम होने के कारण समस्या आ रही है, समस्या का समाधान करने क्षेत्र में जाकर लोगो से सम्पर्क कर टैंकर से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लखोली क्षेत्र सेठी नगर, कुँआ चैक में नागरिको से मुलाकात कर उनका हाल चाल जान उनसे पानी, सफाई के संबंध में चर्चा किए। लोगो ने कहा कि सेठी नगर में लगे सिंटेक्स टंकी के पास बोर का पंप खराब हो गया है, जिससे टंकी नही भर पा रही है, उन्होंने पंप सुधारने जल विभाग के उप अभियंता को निर्देशित किए तथा जहॉ पानी की समस्या है वहा नई टंकी लगाने कहा। महापौर के निर्देश पर पंप मरम्मत कर दोपहर में नई टंकी भी लगाया गया। उनके द्वारा लखोली निस्तारी तालाब का निरक्षण कर जलकुभी हटवाने आश्वासन दिया गया।

महापौर यादव ने कहा कि पानी की समस्या का हम सबको मिलकर हल निकालना है, नगर निगम द्वारा पेयजल संकट वाले क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है, वही आवश्यकता अनुसार सिंटेक्स टंकी लगाकर भी पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निस्तारी के लिये शहर के सार्वजनिक कुँओ की भी सफाई की जावेगी, इसके लिए विभागीय प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कुछ ही दिनों में शहर के कुँओ की सफाई की जावेगी।

सुबह वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर यादव स्कूल मैदान में जाकर खिलाडियो से मुलाकात करते है, इसी कडी में आज उन्होंने सर्वेश्वर दास स्कूल मैदान मे जाकर खिलाडियो से मिल खेल संबंधी चर्चाकर उनका उत्साह वर्धन किए। आज सर्वेश्वर दास स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के तहत छत्तीसगढ विधानसभा जा रहे थे, उनसे भी मुलाकात कर उनसे चर्चा कर विधानसभा अध्यक्ष के बारे में जानकारी लिए। विद्यार्थियो ने बताया कि हमारे विधायक डॉ. रमन सिंह जी छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष है। महापौर ने उन्हें बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाए दी।

# चुनौती नहीं कर्त्तव्य निर्वहन करें मंत्री विजय शर्मा: कांग्रेस

**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के महामंत्री रूपेश दुबे ने प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा जी को उनके आवास योजना में कांग्रेस पार्टी को दी गई चुनौती को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा स्वीकार कर समय स्थान तिथि तय किए जाने के लिए आपको स्वतंत्र करने के बाद आपके स्वयं के विभाग एवं स्वयं के प्रभार जिले में नरेंद्र मोदी जी की ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत राजनांदगांव,खैरागढ़, मोहला मानपुर जिले के हितग्राहियों को भाजपा शासन काल में शौचालय हेतु 12 हजार रु की प्रोत्साहन राशि का सीधे तौर पर गबन के दस्तावेजी प्रमाण पत्र के साथ सिविल लाइन के पते पर रजिस्टर्ड डाक से एवं सुलभ संदर्भ हेतु जिला पंचायत कार्यालय के माध्यम से पत्र प्रेषित कर इस मामले में जांच कराने की मांग है ।



**■ आवास की चुनौती कांग्रेस को स्वीकार, शौचालय राशि गबन जांच मांग आप करें स्वीकार: रूपेश दुबे**

प्रदेश प्रवक्ता एवं महामंत्री रूपेश दुबे ने बताया कि 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत मिशन योजना पूरे देश में लागू हुई जिसके चलते ग्रामीण हितग्राहियों को 10 हजार रु शौचालय एव 2 रु पानी टंकी के लिए दिए जाने का प्रावधान है शौचालय निर्माण पर 50त्न की राशि एवं 3 माह तक शौचालय का उपयोग किए जाने पर शेष 50त्न राशि सीधे बैंक खाते में डीबीटी के द्वारा हस्तांतरित करने का नियम था लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी के विधानसभा जिले में किसी भी हितग्राही को 12 हजार की राशि का भुगतान नहीं किया गया और योजना के नियमों विपरीत सीधे-सीधे राशि का हेराफेरी किया गया जिसके चलते सरपंच भी कलंकित हुए । छत्तीसगढ़ सरकार लोक सुराज अभियान 2016 के अंतर्गत पुस्तिका के पृष्ठ क्र 13 से 15 में इस योजना का क्रियान्वयन की नीति प्रकाशित कर वितरित किया था एवं समाचार पत्रों में भी राशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरण का विज्ञापन 8 मार्च एवं 7 जुलाई 2017 को प्रकाशित कराया गया था उसके पश्चात भी हितग्राहियों को राशि न देकर सीधे तौर पर योजना को भ्रष्टाचार किया गया । ऐसी स्थिति में संपूर्ण दस्तावेजों सहित पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री होने के नाते जनता के प्रति उनकी जवाब देही को देखते हुए इस मामले की जांच करने की मांग रूपी पत्र प्रेषित किया गया है। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे सहित मोदी की गारंटी की बात करने वाली छ ग की भाजपा सरकार एवं आवास योजना पर चुनौती देने वाले मंत्री जी अपने विभाग के माध्यम से मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट की लाज रख सकते है क्योंकि पूर्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तत्कालीन सांसद एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साहू सहित राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे जी को 15 मार्च 2023 को दस्तावेजी पत्र प्रेषित कर जांच करने की मांग की गई थी लेकिन उन्होंने जनहित एवं प्रधानमंत्री जी के इस महती योजना पर ध्यान न देकर जनता के हितों के विपरीत कार्य करने वालों को प्रश्रय देने का काम किया है ऐसी दशा में पंचायत मंत्री जी यदि इस मामले में जांच करा कर सुशासन पखवाड़ा में जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करा कर दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करावे या चुनौती की बात भविष्य में ना करें।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये निगम ने की कार्यवाही

- प्लास्टिक विक्रेता एवं दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक की जप्ती
- लगभग 5 हजार रूपये जुर्माना एवं 2.50 किलो झिल्ली पन्नी जप्त



**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों को समझाईस देकर कार्यवाही कर रही है। आज बाजार क्षेत्र गुडाखू लाईन एवं कामठी लाईन में सिंगल यूज प्लास्टिक के 2 थोक विक्रता तथा उपयोग करने वाले 9 दुकानदारों से कार्यवाही के तहत 4 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर 2.50 किलो पालिथिन जप्त किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग न करने समझाईस देकर कार्यवाही कर रही है।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज बाजार क्षेत्र गुडाखू लाईन एवं कामठी लाईन के थोक प्लास्टिक विक्रेता कांकरिया प्लास्टिक पर 2 हजार रूपये व साईनाथ प्लास्टिक पर 1 हजार रूपये जुर्माना लगा 1-1 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक में झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल जप्त की गयी। इसी प्रकार किराना, अनाज, फ्लावर एवं फल सब्जी के 9 विक्रता पर 1 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया एवं 500 ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक भी जप्त की गयी। उक्त अभियान जारी रहेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ -सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे।

# ऑनलाइन विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन 25- 26 मई को

**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की मंगल परिणय टीम द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.अशोक अग्रवाल के मार्गदर्शन में"श्शद्ब मीटिंग के माध्यम से एक भव्य ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन तारीख- 25 - 26 मई 2025 को किया जा रहा है। माध्यम होगा "श्शद्ब (ऑनलाइन)।

महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्षा श्रीमती गंगा अग्रवाल एवं महामंत्री श्रीमती निधि अग्रवाल ने बताया कि , कोई भी अग्रवाल बंधु अपने घर पर रहकर भी इस परिचय सम्मेलन का हिस्सा बन सकते हैं।

रिश्तों की शुरुआत बस एक क्लिक से

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा बनाए गए 18 आयोग में से एक मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केडिया कोरबा ने बताया कि, उनके द्वारा आयोजित यह ऑनलाइन परिचय सम्मेलन अनेक मायनों में अलग सिद्ध होगा, मां-बाप के लिए, बच्चों के रिश्ते करना एक बहुत बड़ी समस्या हो गई है, परिचय सम्मेलन में मां-बाप का जाना, बच्चों को लाना ले जाना भी बहुत ही खर्चीला काम हो गया है, उसे पर भी अपेक्षाएं बढ़ती ही जा रही हैं, समय-समय पर सामाजिक सभी सेमिनारों में हम इस बात पर चर्चा करते हैं, विषय उठाते हैं, यह ऑनलाइन परिचय सम्मेलन इस समस्या का एक बड़ा हल साबित हो सकता है, बशर्ते आप और हम सब मिलकर इस बात का प्रयास करें कि पूरे राष्ट्र के अग्रबंधु इस ऑनलाइन परिचय सम्मेलन से जूम ("श्शद्ब) मीटिंग के माध्यम से अवश्य जुड़े। मीटिंग में जुड़ने से पहले उन्हें निशुल्क अग्रिम पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसका जूम लिंक 25 मई को सुबह व्हाट्सएप एवं मीडिया के माध्यम से आप लोगों को उपलब्ध होगा।

मंगल परिणय की पूरी टीम इस ऑनलाइन परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए रात और दिन मेहनत कर रही है।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि मंगल परिणय हेतु श्रीमती शोभा केडिया कोरबा को संयोजक बनाया गया है साथ ही सह संयोजक राजेश अग्रवाल रायपुर, रजनी अग्रवाल कोरबा, ज्योति अग्रवाल कोरबा, नीता डालमिया मुंबई, शशि अग्रवाल कोरबा को बनाया गया है।

डॉ अशोक अग्रवाल ने इस सम्मेलन की विशेषताएं बताते हुए कहा कि, मुख्य आयोजन स्थल होटल एंट्री पॉइंट, ट्रांसपोर्ट नगर, रावा भाटा रायपुर है। प्रतिभागी घर बैठे जुड़ सकते हैं, कहीं आने-जाने की जरूरत नहीं, निन्शुल्क सहभागिता, 2 मिनट में आपका संपूर्ण परिचय, देश और विदेश के अनेक प्रतिभागियों से रूबरू होने का अवसर, भीड़ और यात्रा की सुविधा से मुक्ति है।

ऑनलाइन परिचय सम्मेलन के सह संयोजक राजेश अग्रवाल रायपुर, रजनी अग्रवाल कोरबा, ज्योति अग्रवाल कोरबा, नीता डालमिया मुंबई, शशि अग्रवाल कोरबा ने सभी से अपील कर कहा है कि, हमारा सम्मिलित यह एक प्रयास किसी की जिंदगी को जोड़ सकता है, उसे उसके जीवनसाथी से मिला सकता है, तो आइए मिलकर इस पुण्य कार्य का हिस्सा बने, अपने योग्य परिचितों को इस आयोजन से जरूर जोड़ें।

मंगल परिणय की संयोजिका श्रीमती शोभा केडिया ने निवेदन किया है कि देश, विदेश के समस्त अग्रवाल सभा के अध्यक्ष, सचिव चाहे तो अपने यहां उपलब्ध अग्रसेन भवन में बड़े पर्दे पर या बड़ी स्क्रीन पर समाज के लोगों के लिए इस जूम ("श्शद्ब) मीटिंग को हमारे साथ डायरेक्ट कनेक्ट कर सकते हैं। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन सम्मेलन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी हैं।

# विलेज वाटर पार्क मामले में जल्द से जल्द हो कार्यवाही: अभिमन्यु मिश्रा

**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। हाल ही में शहर के नजदीक इंदामारा स्थित एच्। विलेज वाटर पार्क में महाराष्ट्र के आमगांव के अंशुल भंडारकर नामक 13 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई वह परिवार सहित वहां आया हुआ था पार्क में नहाते वक्त वेव पूल में फंस गया और सम्भल नहीं पाया ऐसा बताया जा रहा है, उक्त मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने त्वरित रूप से एफआईआर व जांच की मांग की है और साथ ही यह भी कहा है कि यह मामला समय के साथ बेहद संदिग्ध होता जा रहा है सबसे पहले तो लाइफ जैकेट और सुरक्षाकर्मी कहा थे अगर बच्चा अकेला खतरनाक एरिया में जा रहा था प्रबंधन क्या कर रहा था कुछ पता नहीं आज दिनांक तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है प्रबंधन द्वारा केवल टालमटोल किया जा रहा है ऐसे में दाल में कुछ काला जरूर है ऐसा प्रतीत होता है, इस प्रकार की जगहों में सुरक्षा मापदंड तय होते हैं साथ ही लाइफगार्ड इत्यादि सभी जगहों पर मौजूद होते हैं सीसीटीवी कैमरा जगह जगह लगा होता है ऐसे में किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना होने पर तुरंत जानकारी मिल जाती है ऐसे में एक बच्चे की डूबने से मौत हो जाना और उसके बाद वाटर पार्क प्रबंधन द्वारा बच्चे को मानसिक रूप से कमजोर बताना कतई गले नहीं उतरता ऐसे में त्वरित जांच व कार्यवाही के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है मृतक के परिजनों को न्याय मिले इसके लिए जल्द से जल्द एफआईआर होनी ही चाहिए और वाटर पार्क में क्या क्या मापदंड फॉलो किए जा रहे हैं उसकी भी जांच होनी चाहिए क्योंकि ऐसी भी खबर आ रही है कि प्रशासन द्वारा वाटर पार्क के सुरक्षा मापदंडों की जांच आजतक कभी कराई ही नहीं है जिससे भविष्य में भी ऐसी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है साथ ही इस मामले में वाटर पार्क संचालक को सत्ता के संरक्षण होने की बात भी लगातार सामने आ रही है जिससे कार्यवाही बाधित हो रही है ।



# सही राजस्व वसूली के लिये निगम का डिमाण्ड दुरूस्ती अभियान

- अपने घर व प्रतिष्ठान की वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर 31 मई तक स्व विवरणी भर राजस्व करों का भुगतान करने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। सही राजस्व वसूली हेतु भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड दुरूस्त करने की कार्यवाही की जा रही है, वही करदाताओ से अपने घर व प्रतिष्ठान के वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर 31 मई 2025 तक स्व विवरणी भरने अपील की जा रही है, जिससे सही राजस्व वसूली की जा सके।



निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। राजस्व वसूली के लिये राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अपने अपने निधारित वार्ड में जाकर वसूली कर रहे है तथा उन्हें वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर स्व विवरणी भरने समझाईस दी जा रही है, उनसे नगर निगम से विवरणी फार्म लेकर स्व विवरणी भरने कहा जा रहा है, जिससे सही राजस्व वसूली हो सके। उन्होंने बताया कि वसूली की समय समय पर समीक्षा भी की जाती है। इसके बावजूद लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्राप्त नहीं हो पाती। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा भी बैठक लेकर डिमाण्ड दुरूस्त करने तथा डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करने कहा गया है। चालू एवं बकाया डिमाण्ड की जॉच करने पर अधिकाश घरों व प्रतिष्ठानों में भिन्नता पायी जा रही है, भिन्नता का प्रमुख कारण पुराने डिमाण्ड से वसूली है, जिसे दुरूस्त करने करदाताओ के घर जाकर जॉच कर विवरणी भराया जा रहा है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि कई करदाताओं के द्वारा मकान विस्तार किया गया है, साथ ही उपर मंजिल भी बना ली गयी है, किन्तु करो का भुगतान पुराने डिमाण्ड के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सही राजस्व वसूली के लिये भौतिक सत्यापन कर वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर स्वं विवरणी भरा जा रहा है। इसके लिये करदाताओं को डिमाण्ड की जानकारी दी जा रही है और उसके आधार पर करो का भुगतान करने समझाईस दी जा रही है, उन्हे निगम से विवरणी फार्म लेकर सही विवरणी भरने कहा जा रहा है। भविष्य में नगर निगम की टीम द्वारा जॉच करने पर विवरणी से अनियमितता पाये जाने पर जुर्माना लगाया जायेगा। आयुक्त विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि वे अपने घर व प्रतिष्ठान के वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर 31 मई 2025 तक स्व विवरणी भरे, और नया दर अनुसार अंतर की राशि सहित भुगतान करे। उन्होंने कहा कि निगम की टीम को डिमाण्ड दुरूस्तीकरण में सहयोग कर नगर विकास में सहभागी बने।

# चेंबर आफ कामर्स ने प्याऊ घरों का उद्घाटन किया



**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये मोबाईल एसोसिएशन और जिला सराफा एसोसिएशन के सहयोग से प्याऊ घरों का शुभारंभ किया। चेंबर के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद ने जानकारी देते हुए बताया कि चेंबर आफ कामर्स ने सभी व्यापारी संघों से इस पुण्य कार्य में अपनी ? सहभागिता निभाने की अपील की। चेंबर आफ कामर्स द्वारा राजनांदगांव में स्थाई प्याऊ घरों सहित चलित प्याऊ द्वारा भी शीघ्र ही आम जनता के लिये शुद्द पेयजल उपलब्ध कराये जाने की योजना है। जिसमें गंज लाईन ने मोबाईल एसोसिएशन और भारतमाता चौक में जिला ? सराफा एसोसिएशन के सौजन्य से प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चेंबर आफ कामर्स के वरिष्ठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ? खूबचंद पारख प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरूण लहरवानी, मोबाईल एसोसिएशन से अरूण डुलानी,जिला सराफा संघ से नथमल कोटडिया सहित चेंबर, मोबाईल एसोसिएशन एवं जिला सराफा एसोसिएशन के समस्त वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बुद्ध जयंती पर सुनील बंसोड़ की शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। शांकरपुर मे बुद्ध जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील बंसोड़ ने अपने मधुर आवाज मे भीम एवं बुद्ध गीतों की बेजोड़ प्रस्तुति पेश की जिसका उपस्थित जनमानस ने भरपूर आनंद उठाया मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित नगर के पूर्व सांसद अभिषेक सिँह ने श्री बंसोड़ का अपने हाथो से सम्मानित किया उक्त अवसर पर नगर के महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया गरिमामयी कार्यक्रम मे पूर्व सभापति एवं पार्षद शिव वर्मा, वार्ड की पार्षद अपूर्वा श्रीवास्तव, पार्षद शैकी बग्गा, भाजपा अनुसूचित जाति के अध्यक्ष रविंद्र रामटेके, मंडल अध्यक्ष दव्य गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, भाजपा के युवा नेता ऋषि देव चौधरी, दीपेश शेंडे, जेतवन बुद्ध बिहार समिति के पूर्व अध्यक्ष राजू रंगारी, भाजपा अनुसूचित जाति के पूर्व अध्यक्ष विनोद श्री रंगे, समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र गजभीये आदि उपस्थित थे।




# अवैध रूप से प्रतिबंधित जर्दा युक्त गुटखा बिक्री करने वाले के विरूद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही




**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर बसंतपुर पुलिस के द्वारा आपराधिक व असमाजिक तत्वो पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कडी के दौरान दिनांक 13.05.2025 को 04 अनावेदकगणों के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जरिये मोबाईल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ आसाजिक तत्वो के द्वारा होटल अवाना के पास हो हुडदंग कर रहे, जिसे वहॉ पर उपस्थित लोगो के द्वारा समझाईश दिया किया किन्तु वे लोग नही मान रहे है। पुलिस को सूचना प्राप्त होने उपरान्त निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। उपरोक्त अनावेदकगणो द्वारा पुलिस की उपस्थिति में आक्रोशित होकर हो हुल्लड करने लगे। उपरोक्त आरोपीणो के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर अनावेदकगणो को गिरफ्तार कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से उपरोक्त आवेदकगणों का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

इसी प्रकार दिनांक 12.05.25 को सूचना प्राप्त हुआ कि सागर मंजन पिता सन्मुख मंजन उम्र 29 साल निवासी सिंधी कॉलोनी राजनांदगांव थाना बसंतपुर सार्वजनिक रूप से छ0ग0 शासन द्वारा प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखा सितार को बिक्री करने हेतु रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही कर अनावेदक सागर मंजन के कब्जे से 140 पैकेट जर्दा युक्त गुटखा जप्त कर अनावेदक के विरूद्व कोटपा एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया तथा अनावेदक के विरूद्व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही की जा रही है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उनि देवादास भारती, सउनि मनमोहन साहू, सउनि डेमिन साहू आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं आशीष मानिकपुरी की अहम भूमिका रही।

# वाईडनर स्कूल के हर्षल वर्मा 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम

**राजनांदगांव,** 13 मई (देशबन्धु)। शहर की प्रतिष्ठित एवं गौरवशाली शिक्षण संस्थान वाईडनर मेमोरियल सिनियर सेकेंडरी स्कूल राजनांदगांव के कक्षा 10वी का सत्र 2024-25 का परीक्षा परीणाम शत् प्रतिशत रहा, इसमें 113 छात्र - छात्राएं सम्मिलित हुए जिसमें हर्षल वर्मा 95.4त्न अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जोयेद हरभूषण ने 93.6त्न अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, समीर सुखीजा 91.2त्न अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इन सभी छात्र-छात्राओं को मैनेजर फादर जोसेफ राज, प्राचार्य फादर टी. अमलासीलन, एवं शाला परिवार की तरफ से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



उल्टा पुल्टा

पंडित जी- शादी के बाद दो बच्चे से ज्यादा नहीं करना, समझे?
दुल्हा- आपका काम सिर्फ मंडप तक का है, बेडरूम में घुसने की कोशिश न करें।

## संपादकीय

### एयरपोर्ट निशुल्क पार्किंग टाइम बढ़े

जब से रायपुर के स्वामी विवेकानन्द हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें अनेक तरह की सहूलियतें उपलब्ध कराई गई हैं और यह एयरपोर्ट यात्रियों के लिये पहले के मुकाबले काफी सुविधापूर्ण हो गया है। इसमें भी कोई शक नहीं कि इसमें नित नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं इसलिये इसका देश भर के उन हवाईअड्डों में शुमार है जो यात्रियों को संतुष्टि प्रदान करने वाली सूची में अक्सर ऊंची रैंकिंग प्राप्त करता है। भारत सरकार, भारतीय विमान पत्तनन तथा छत्तीसगढ़ सरकार के मिले-जुले प्रयासों का ही यह सुपरिणाम है।

रायपुर एयरपोर्ट के विकसित होने के बावजूद एक समस्या ऐसी भी है जिसका हल अब तक संतोषजनक ढंग से नहीं निकाला जा सका है- वह है मुफ्त पार्किंग की सुविधा का समय जो इतना कम रखा गया है कि यह उन लोगों के लिये हमेशा अपूरा पड़ता है जो किसी को छोड़ने या लेने जाते हैं। निशुल्क पार्किंग की समय सीमा केवल 6 मिनट रखी गयी है। यदि किसी को छोड़ने जाना हो तो पहले प्रवेश पर बने बूथ से उसे इलेक्ट्रॉनिक पर्ची मिलती है। कितनी भी जल्दी की जाये तो भी यात्री को उतारने, उसका सामान आदि उतारने में अक्सर 3-4 मिनट लग ही जाते हैं। फिर आगे बढ़ने पर निकास बूथ पर उसे इंतज़ार करना पड़ता है क्योंकि वहां जाने वाले वाहनों की भीड़ रहती है। वहां तक पहुंचने और पर्ची दिखाने में और दो-तीन मिनट हो जाते हैं। इसके कारण वाहन वाले को शुल्क चुकाना देय हो जाता है।

इस मुद्दे को लेकर अक्सर वहां विवाद की स्थिति हो जाती है। वाहन चालक कितना भी कहे कि वह तो निर्धारित वक्त पर पहुंच गया था पर आगे लगी गाड़ियों के चलते उसे विलम्ब हुआ है, यानी 6 मिनट निकल गये, तो भी शुल्क वसूली करने वाला स्टाफ उसे नहीं मानता। यदि कोई वाहन चालक-मालिक विवाद करता है तो पीछे लगी वाहनों के लोग बेचैन हो जाते हैं और वे लगातार हॉर्न बजाते हैं क्योंकि उनका भी निर्धारित समय बीतता रहता है। कई बार गाली-गलौज, हाथा-पाई तथा मार-पीट भी इस कारण से होती है।

किसी फ्लाइट के उतरने पर यात्रियों की भीड़ और भी बढ़ जाती है। यह समय इतना कम होता है कि यदि एयरपोर्ट पूरा खाली हो तभी इतने कम समय में ड्रॉप या पिक कर निकला जा सकता है। कई संगठन वर्षों से इस समयावधि को बढ़ाने का निवेदन कर रहे हैं लेकिन इस मांग को पूरी तरह से अनसुना कर दिया जाता है। यह आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिये ऐसा किया गया है। अब रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हवाई अड्डा अधिकारियों को एक पत्र लिखकर यह समय 10 मिनट करने को कहा है। उम्मीद है कि इसे बढ़ाया जायेगा ताकि लोगों को सहूलियत हो।

# खेलने की उम्र में बच्चों को लग रही मोबाइल की लत

**राजिम,** 13 मई (देशबन्धु)। मोबाइल फोन ने हमारे जीवन को आसान तेज और सुविधाजनक बना दिया है। चाहे दोस्तों से जुड़े रहना हो, दुनिया भर की जानकारी पाना हो या फिर किसी भी काम को तुरंत करना हो फोन हमारी रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में बेहद सहायक है। इंटरनेट की पहुंच और कई एप्स की मदद से हम कहीं भी और कभी भी अपनी जरूरत की जानकारी पा रहे हैं जिससे हमारे जीवन की गति में सुधार हुआ है। हर चीज के दो पहलू होते हैं वैसे ही फोन की भी कई फायदे हैं तो इसका अधिक इस्तेमाल करने से हेल्थ पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। आज के समय में फोन पर हम इतना निर्भर हो गए हैं की लत लगना आम बात हो गई है। जिसके कारण कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मोबाइल से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन और फोन की स्क्रीन से दिखने वाली नीली रोशनी हमारे शरीर को नुकसान पहुंचती है खासकर जब हम फोन को सर के पास रखते हैं या फोन और यूजर के बीच की दूरी जितनी कम होगी उतना ही शरीर पर प्रभाव पड़ सकता है ऐसे में हेल्थ से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अत्यधिक मोबाइल का उपयोग और उसका दुरुपयोग सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक समस्याओं का भी कारण बन सकता है।



### मोबाइल के ज्यादा उपयोग से आंखों पर बुरा असर

जानकार बताते है कि मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल करने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। लंबे समय तक फोन पर काम करने से आंखों में धुंधलापन और जलन जैसी समस्याएं हो सकती है। रात को सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल करने से मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर कम हो जाता है जिससे नींद आने में कठिनाई हो सकती है इसके अलावा लगातार फेन को हाथ में पकड़े रहना या गर्दन झुकाकर स्क्रीन देखने से शरीर बैड पाश्चर का शिकार हो जाता है। मोबाइल के इस्तेमाल के दौरान लंबे समय तक बैठे रहना फिजिकल एक्टिविटी की कमी, तनाव, सर दर्द और ब्रेन से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है ऐसे में जरूरी है कि मोबाइल यंत्र का उपयोग सोच समझकर सीमित रूप से किया जाए। एक्सपर्ट यह भी बताते हैं कि इससे बचाव के लिए अपने डिवाइस को बिस्तर से दूर रखें। स्क्रीन टाइम ट्रैक करें बिना काम की नोटिफिकेशन को बंद रखें मोबाइल देखने के लिए खास समय तय करें। इसे काम या पढ़ाई के समय दूर रखें।

### छोटे बच्चे मोबाइल फोन पाने के बाद चुप हो जाते हैं

वर्तमान समय में मोबाइल फोन हर घर में जितने सदस्य हैं उतने की संख्या में रखे हुए हैं। छोटे बच्चे यदि रो रहे हैं या फिर भोजन ही नहीं खा रहे हैं तब पालक उन्हें मोबाइल फोन दे रहे हैं और मोबाइल में विभिन्न प्रकार के चलचित्र देखकर चुप होकर नजर गड़ा रहे हैं। शहर के एक ढाई साल के बच्चे ने रोना शुरू किया तो उनके पिताजी उन्हें खिलौना या फिर चॉकलेट देने की बजाय मोबाइल दिया। बच्चे भी मोबाइल पाते ही चुप हो गए और बस मोबाइल में ही समय बिता रहे थे। अभी स्कूलों में छुट्टी है तब तरुण और किशोर उम्र के बच्चे मोबाइल में विभिन्न प्रकार के गेम खेल रहे हैं इस गेम में तेज आवाज भी आती है और दोनों हाथ में मोबाइल को पड़े रहते हैं इस तरह से बच्चे मोबाइल में ही घंटे, घंटे लगे रहते हैं। इससे शारीरिक रूप से बच्चे कमजोर तो हो ही रहे हैं बल्कि मानसिक रूप से भी कई प्रकार की विकृतियां उन्हें खोखला बना रही है। जिस पर बच्चे ही नहीं बल्कि पालकों को भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

# नगर की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर की विभिन्न समस्याओं के लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक पश्चात नगर के विभिन्न तालाबों के संधारण, सौदर्यीकरण एवं तालाबों के आसपास व्याप्त अतिक्रमण हटाये जाने हेतु कांग्रेसजनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



**नया तालाब खोदाई के बजाय पैठू तालाब को पाटने पर जताया आक्रोश**

कांग्रेसजनों ने कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पिपरहा तालाब का पैठू को पूरी तरह से पाट दिया गया है जो कि गलत है। क्योंकि दशहरा मैदान, गुरूकुल, किड्स एक्सप्रेस प्ले स्कूल एवं पुराना बिजली ऑफिस क्षेत्र का समूचा पानी उक्त पैठू से होकर तालाब में जाता था, यदि पैठू को खोला नहीं गया तो बरसात का पूरा पानी आसपास के क्षेत्र एवं कालोनी में भरने की संभावना है। पिपरहा तालाब के गहरीकरण न.पा. द्वारा कराया जा रहा है एवं गहरीकरण की मिट्टी तालाब के अंदर ही डाला जा रहा है। जिससे तालाब का क्षेत्रफल कम हो रहा हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि नया बस स्टैंड परिसर में जहां से सभी दिशाओं के लिये बसे संचालित हो रही है। वहां पर यात्री प्रतिक्षालय बना हुआ है जानकारी प्राप्त हुई है कि यात्री प्रतिक्षालय के स्थान पर व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराया जा रहा है। यदि ऐसा है तो यात्रीगण भीषण गर्मी, ठंड एवं बरसात में कहां जायेंगे। अत: विनम्र अनुरोध है कि यात्री प्रतिक्षालय को पुन: सुव्यवस्थित किया जावे जिससे यात्रियों को समुचित सुविधाऐ प्राप्त हो सके।

इसी प्रकार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कार्यक्रम के लिये खोरसी नाला में पानी के ठहराव हेतु स्टाप डेम हेतु पुराने रोड के पुल पर स्टाप डेम का निर्माण कार्य कराने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश देने की मांग की गई है। बलौदाबाजार शहरवासियों के लिये जीवनदायिनी के रूप में रामसागर, पिपरहा रानीसागर, देवराहा तालाब, सोलहा तालाब, धोबी तालाब, चिन्नास्वामी तालाब में पानी जाने का रास्ता एवं पैठू अतिक्रमण का भेट चढ़ता जा रहा है। जिससे सभी तालाबों को भविष्य में भरने की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। ज्ञापन सौपने वालों >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# आज से शुरू होगा ज्येष्ठ मास

**राजिम,** 13 मई (देशबन्धु)। हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह का विशेष महत्व होता है। यह महीना वैशाख के बाद आता है और हिंदू पंचांग का तीसरा महीना होता है। ज्येष्ठ माह को आम बोलचाल में जेठ महीना भी कहा जाता है। इसमें गर्मी अपने चरम पर होती है। इसलिए यह महीना तप, संयम और सेवा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से इस माह में जल सेवा, व्रत, पूजा और दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। खासकर किसी प्यासे को शर्बत या ठंडा पानी पिलाना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल ज्येष्ठ माह की शुरुआत कब से हो रही है? ज्येष्ठ माह का क्या महत्व है और ज्येष्ठ मास में-



**यह महीना तप, संयम और सेवा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से इस माह में जल सेवा, व्रत, पूजा और दान-पुण्य का विशेष महत्व : स्वामी राजेश्वरानंद**

**ज्येष्ठ मास कब से कब तक ?**- इस साल ज्येष्ठ मास की शुरुआत 13 मई 2025, मंगलवार से हो रही है और यह 11 जून 2025, बुधवार को समाप्त होगा। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 12 मई की रात 10रू25 बजे शुरू होकर 13 मई की रात 12रू35 बजे तक रहेगी। इसी आधार पर पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास की गणना 13 मई से मानी जाएगी।

**ज्येष्ठ माह का धार्मिक महत्व:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बजरंगबली की भगवान राम से पहली >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# करणी कृपा पावर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 13 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को तुमगांव क्षेत्र के आसपास गांव के ग्रामीण करणी कृपा पावर प्लांट के विरोध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचे। अपनी मांग एवं समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले विधायक को ज्ञापन सौंपा है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अधिकारियों से चर्चा कर उचित निराकारण का आश्वासन दिया है।



ग्रामीण एवं छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने सौंपे ज्ञापन के माध्यम से बताया कि करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड खैरझिटी कौंवाझर जैसे गैर औद्योगिक क्षेत्र में शासकीय भूमि काबिल काश्त भूमि, सिंचाई विभाग के भूमि, नेशनल हाईवे की भूमि, आदिवासी भूमि, किसानों की भूमि, छसपा किसान मोर्चा के भूमि पर बलपूर्वक कब्जा कर स्थापित किया जा रहा है। यहां अनेक अवैधानिक कार्य सामने आने लगे हैं, जिसमें मिनी स्टील प्लांट, स्पंज आयरन प्लांट, पावर प्लांट, फेरो रिलायंस प्लांट सहित अनेक उत्पादन इकाइयां असंवैधानिक रूप से निर्माणाधीन है। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के कारण कई मजदूर की मौत और कई घायल भी हो चुके हैं। कंपनी द्वारा तुमगांव पुलिस थाना या प्रशासन को सूचना दिए बगैर मृतकों का अंतिम संस्कार भी किया गया है। प्लांट के चलते आसपास के गांव के खेत में फसल खराब हो रहा है। कुछ समय बाद क्षेत्र की भूमि बंजर हो जाएगी। किसानों के पास अपनी जमीन तो होगी लेकिन वो उपजाऊ नहीं रह जाएगी। इसलिए वे चाहते हैं कि किसानों की मांग को संज्ञान में लेकर अवैध रूप से हुए कार्यों पर कार्रवाई की जाए।

किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जितने भी अवैध कार्य हुए हैं उनके लिए संबंधित विभाग और अधिकारियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद किसानों की समस्या का उचित निराकरण किया जाएगा।

# बांसपारा का सुलभ शौचालय बदहाल, निरीक्षण करने पहुंचे महापौर ने लगाई फटकार

**धमतरी,** 13 मई (देशबन्धु)। बांसपारा वार्ड में स्थित सुलभ शौचालय की बदहाल स्थिति की शिकायत मिलने पर महापौर रामू रोहरा और पार्षद नम्रता पवार ने सोमवार को स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय की सफाई, जल आपूर्ति, और रख-रखाव से जुड़ी कई खामियां पाई गईं।



महापौर ने मौके पर उपस्थित ठेकेदार और नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

पार्षद नम्रता पवार ने भी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वार्ड की जनता को स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर महापौर ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। पार्षद डंडा लेकर खड़ी हुई थी यह चर्चा का विषय रहा।

# खेल से ही विद्यार्थी जीवन अनुशासित होता है :निखिलकांत

**महासमुंद,** 13 मई (देशबन्धु)। जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव 2024.25 का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। जिसके मुख्य अतिथि निखिलकान्त साहू नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक हिंदी श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर तथा छात्र संघ संयोजक रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र मौजूद थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना व स्वागत गीत के पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन में बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं बताया कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने खेल से विद्यार्थी जीवन के अनुशासित होने की बात कही। उन्होंने बच्चों को अपने महाविद्यालयिन शिक्षा के दौरान होने वाले खेलों के अनुभवों को साझा कर सभी छात्रों को उत्साह से भर दिया तत्पश्चात खेल में विजेता छात्र.छात्राओं को उनके द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में खेल कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 8 बजे से महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी तृपेश साहू एवं समस्त स्टाफकी उपस्थिति में प्रारंभ कर दिया गया। इस वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मुख्य रूप से क्रिकेट, शतरंज, दौड़, बैकवर्ड दौड़, लंगडी दौड़, आर्म रैसलिंग पंजा लड़ाना, बॉल इन बकेट, कुर्सी दौड़ जैसे रोचक खेल हुए जिसमें महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिकेट में आत्मानंद जूनियर की टीम ने जीत हासिल की वह आत्मानंद सीनियर रनर अप रहे। वैसे ही आर्म रैसलिंग में सिबतैन, आदिल, विजय लक्ष्मी, माहिनूर खान, बाल इन बकेट में हेमलता निषाद, ट्विंकल साहू, म्यूजिकल चेयर में आकृति यादव, हरशु साहू ने जीत दर्ज किया तथा वर्ष भर में महाविद्यालय में हुए विविध खेलों पर बेस्ट प्लेयर का अवार्ड के रूप में हुसैन चौहान ने क्रिकेट, निखिल साहू ने आर्चरी, अंकुर जैन, अभय, गणेश एवं सिबतैन रजा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन निलेश कुमार तिवारी, अतिथि शिक्षण सहायक गणित ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान तरुण कुमार बांधे सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, मुकेश कुमार सिन्हा अतिथि व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन, हरिशंकर नाथ अतिथि व्याख्याता राजनीतिक विज्ञान, डॉ ग्लैडिश एस मैथ्यू अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी अतिथि व्याख्याता कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ अतिथि व्याख्याता रसायन शास्त्र, संजय कुमार अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी, श्रीमती शिखा साहू अतिथि शिक्षण सहायक गणित, सुश्री खुशबू लाइब्रेरियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर समेत सभी छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।




**अंग्रेजी माध्यम कालेज स्वामी आत्मानंद में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव**

# सावित्री बाई को गुम हुई किसान किताब की दूसरी प्रति त्वरित प्रदान की

**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार से प्रदेशवासियों की त्वरित मदद के द्वार खुल गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन की झलक प्रदेश के कोने-कोने में दिखाई दे रही है शासन-प्रशासन की सक्रियता से हर तबके की समस्या का त्वरित निराकरण हो रहा है। बलौदाबाजार के ग्राम बुड़गहन निवासी श्रीमती सावित्री पति श्री खेमूराम ने सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में किसान किताब गुम हो जाने से द्वितीय प्रति हेतु आवेदन दी थी। जिला प्रशासन द्वारा उनकी समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें किसान किताब की दूसरी प्रति प्रदान की गई।

**जरूरमंदों का मददगार बना सुशासन तिहार**



किसान किताब गुम हो जाने के कारण श्रीमती सावित्री को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। श्रीमती सावित्री गोंड आदिवासी समुदाय से आती हैं उनका परिवार छोटी सी कृषि भूमि पर खेती करके अपना जीवन यापन करता है। एक किसान के लिए किसान किताब सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसके खो जाने के कारण उन्हें बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। श्रीमती सावित्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि सुशासन तिहार उनके लिए मददगार बनकर आया है। पंद्रह दिनों के भीतर उनकी समस्या का निराकरण हो गया जिसके कारण उनकी परेशानी दूर हो गई और वह बहुत खुश है। क्लेक्टर दीपक सोनी स्वयं प्रत्येक मामले पर निगाह रखते हैं श्री सोनी ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# दसवीं बोर्ड में यश कुमार साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को किया गौरवान्वित

**नवापारा राजिम,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम सत्र 2024-2025 में शा. उ.मा.विद्यालय पिपरौद का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में यश कुमार साहू पिता संतोष साहू ने 92.5: लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान, नेहाल राजवंशी पिता किशोर राजवंशी 83: द्वितीयस्थान, ऋषि राजवंशी पिता अमल राजवंशी 79.66 तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए, प्रथम श्रेणी 15, द्वितीय श्रेणी 25, तृतीय श्रेणी 0, कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 75.47 प्रतिशत रहा।





**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौद का परिणाम उत्कृष्ट रहा**

वहीं कक्षा 12वीं में रूपेश कुमार साहू पिता सीताराम साहू ने 88.4 प्रतिशत लाकर, कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया भावेश कुमार पिता रामानंद साहू 77.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान, दुर्गेश कुमार साहू पिता गणपत साहू 76.8: तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 12वीं में कुल 61 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 23, द्वितीय श्रेणी में 22, एवं तृतीय श्रेणी में 02, कुल 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 77.4 प्रतिशत रहा।

बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती कृष्णा देवांगन, श्री योगेश साहू ,(अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति) समिति के समस्त सदस्य गण, ग्राम पंचायत पिपरौद के सरपंच श्रीमती दुलेश्वरी भीखम साहू, समस्त स्टाफसदस्य, एवं ग्राम वासियों ने अपनी बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष को बताई समस्या, सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद,** 13 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से दिव्यांगों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। दिव्यांगों ने श्री साहू को बताया कि जिले में 33 हजार दिव्यांग हैं। जिनके लिए जिला मुख्यालय में दिव्यांग भवन की आवश्यकता है। जिले के विभिन्न ब्लाकों से दिव्यांग जिला मुख्यालय आते हैं, दुरस्त अंचल के कई दिव्यांग इतने सक्षम नहीं होते कि वे बस का किराया भी वहन कर सकें। किसी तरह वे बस किराया के लिए राशि जुटाकर यहां पहुंचते हैं। कई बार शासकीय कार्यालयों में उनका कार्य नहीं हो पाता। इस स्थिति में दिव्यांगों को अगले दिन आने कहा जाता है। जिससे बार बार आने जाने में दिव्यांगों को अतिरिक्त भार पड़ता है। वे इतने समर्थ नहीं होते कि लॉज या होटलों में रुक सके। इसलिए दिव्यांगों के लिए एक दिव्यांग भवन बनाया जाए। ताकि जिले के अंतिम छोर से जिला >> शेष पृष्ठ 9 पर>

देशबन्धु


# विधायक अग्रवाल ने दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की



**महासमुंद**, 13 मई (देशबंधु)। समाधान शिविर के तहत मंगलवार को पिथौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिरदा में आयोजित समाधान शिविर में 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग संजीव कुमार सिदार को शासन की समाज कल्याण योजना के अंतर्गत मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। छग शासन द्वारा संचालित समाज कल्याण विभाग की इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाना है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। संजीव पूर्व में बढ़ई कारपेंटर का कार्य करता था, किंतु अपनी दिव्यांगता के कारण उसे आवागमन में सदैव दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। संजीव ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित सहायता शिविर में आवेदन किया और सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाएं पूरी कीं। उसकी कठिनाई और आत्मनिर्भर बनने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने शीघ्र कार्यवाही की। क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित शिविर स्थल पर संजीव को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। इस मोटराइज्ड ट्रायसायकल से अब संजीव स्वतंत्र रूप से अपने कार्यस्थल और अन्य आवश्यक स्थानों पर आवागमन कर सकेगा। यह सहायता न केवल उसकी रोजमर्रा की कठिनाइयों को कम करेगी, बल्कि उसे पुन: आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। संजीव ने इस सहयोग के लिए दिल से शासन एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया।

## नपा द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का किया निराकरण

**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के द्वारा छ.ग. शासन के आम नागरिकों की मांग, शिकायतें तथा समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु सुशासन तिहार 2025 शिविर आयोजन कर नगरवासियों की मांग शिकायते एवं समस्याओं का निराकरण किया गया। उक्त शिविर में आवेदनों का वार्डवार तथा विभागवार निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 में कुल 1149 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें मांग 1089 आवेदन तथा शिकायत 60 आवेदन है। उक्त मांग एवं शिकायतों में से क्रमश: 1075 एवं 57 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उक्त मांग एवं शिकायतों में मुख्यत: राशनकार्ड, पेयजल, विद्युत, सफाई, आवास एवं अन्य आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया गया। उक्त आवेदनों के निराकरण आम नागरिंको को राहत तथा सुविधाओं का लाभ मिला है। लाभार्थी हितग्राही पवन कुमार ध्रुव, पंकज साहू, हीरादास सोनवानी, जुम्मन मिया, मनीराम कुर्रे, ऋतु रात्रे, बंशी नायक, हेमलाल साहू, दयासागर वर्मा, मंजू पोषण, गीता बाई यादव, मोहन बाई यादव, सिमरन घृतलहरे, रेखा यादव, लक्ष्मी यादव, अच्छे राम साहू, सीमा बारले, अषोक कुमार वर्मा, मोहनदास मानिकपुरी, फुलेश्वरी ध्रुव एवं अन्य वार्डवासी शामिल हैं। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 03., 04, 05, 08 एवं 09 के हितग्राहियों आवेदकों द्वारा नल में पानी नहीं आने की शिकायत की जा रही है। उन शिकायतों की निराकरण हेतु नगर पालिका द्वारा राशि रू. 66.00 लाख (अक्षरी-छैंसठ लाख रू. मात्र) की लागत से पाईप लाईन विस्तार कार्य एवं 05 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। विभिन्न वार्डों के आवेदकों द्वारा सी.सी. रोड, नाली, बी.टी. रोड, तालाबों की सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन आदि निर्माण कार्यों की मांग की गई है, जिनका पालिका के उप अभियंताओं द्वारा प्राक्कलन तैयार कर सिटी डेवलपमेंट प्लान में शामिल किया जा रहा है।

## बरड़िया ज्वेलर्स धमतरी में लूट का प्रयास

**धमतरी,** 13 मई। बरड़िया ज्वेलर्स रायपुर रोड पावर हाउस के सामने धमतरी रात 9 बजे दुकान का शटर गिराकर घर जा रहे उसी समय 3-4 नकाबपोश घुस गए। उन्होंने संचालक भौरू बरड़िया को बंदूक की नली से घायल कर दिया। इसी बीच आवाज सुनकर उनकी लड़की नैना बरड़िया घर से आवाज सुनकर निकली। जिसको पैर में गोली मार दी। उसके बाद होहल्ला सुनकर आसपास वाले जमा हो गए। उसे देखकर लुटेरे फरार हो गए। फिर पुलिस पहुंची। जांच जारी।

## उद्यम से विकास तक-युवा उद्यमी और स्टार्टअप सम्मेलन आज मगरलोड में

**धमतरी**, 13 मई (देशबन्धु)। जिले के युवाओं को उद्यम से जोड़ने और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग करने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर ''उद्यम से विकास तक'' कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय युवा उद्यमी एवं स्टार्टअप सम्मेलन का आयोजन 14 मई को किया जा रहा है।

# एनएमसी के छग प्रदेश संयोजक बने संतोष कुमार यदु

**राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ (आरपीएम), महासंघ (आईएफएसएमएन)**

**खरोरा,** 13 मई (देशबन्धु)। नई दिल्ली इंडियन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एंड मीडियम न्युजपेपसर्स ङ्कस्नस्ह्व ने अपने 40 वें फाउंडेशन डे को निष्पक्ष निडर पत्रकारिता के लिए एक शाक्तिशाली संगठन के साथ देखा गया और अखबार की एक आम बैठक, जगन्नाथ मंदिर ऑडिटोरियम, हौज़ खस में पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संगठन के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवप्रकाश और के संजीव की देखरेख में आयोजित की गई थी संगठन का संविधान, वर्ष 2025-2027 के लिए चुनाव प्रक्रिया में, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय कार्यालय बियररर्स के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दायर किया और सर्वसम्मति से डॉपबित्रा मोहन सामंतरे को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया और उन्हें अपने स्तर पर नामांकन दाखिल करने वाले लोगों को अधिकार देने और भविष्य में संगठन का विस्तार करने का अधिकार दिया गया, जिसके अनुपालन में राष्ट्रीय राष्ट्रपति डॉ। सामंतरे ने श्री बी.एस.एस. देशपांडे, महासचिव, वीरेंद्र कुमार सैनी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, शंकर कोदाला, सीएचएम मलिकरजुन श्रीमती केडी मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में।



श्रीमती सुनीता उपाध्याय,धीरज कुमार, नरेंद्र बाबू, राधश्यम पांडा श्रीमतीशिवानी जलोटा को संयुक्त सामान्य सचिव चुने गए, साथ ही अमन नारायण स्वामी, उदय सीमा, अल वासवगौदा, श्री अमरजीत सिंह मौआ के साथ राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के सदस्यों के रूप में चुने गए वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सामंतराय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक संतोष कुमार यदु को नियुक्त किया गया और भानुप्रप नायक को , ओडिशा समन्वयक, ताहिर अहमद और श्री प्रियाब्रत नायक के रूप में कार्यक्रम समन्वयक और श्री नवनीत रावत के रूप में राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक बनाया गया है।

अल सेखर, चेनागवाड़ा, हरि डी सूजा, कृष्ण कुमार, शिवशंकर, बासप्पा, एमसी रामलिंगया, बासवगौड़ा, श्री एडवेशप्पा, श्री जयकुमार, शिवशंकर, एम मदियाह, एके बसु, श्रीमती सहित विभिन्न राज्यों के लोगएस सुजता, श्री श्रीनिवास राव, अलोक कुमार, अनिरुद्ध मिश्रा, मृटिश कुमार, संतोष पाट्रा, प्रसंता पट्रा, सुशांत पट्रो, नारायण गोलोरी और अन्य ने राष्ट्रीय संयोजक मेहताब खान चंद, नेशनल कोस्टिनेटर मिस्टर सत्यानर की देखरेख में चुनावों में भाग लियाऔर आयोजन सचिव श्री सुशील कुमार शर्मा इस अवसर पर, सभी निर्वाचित अधिकारियों को माला, गुलदस्ते और चुनाव प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

अंत में, पाहलगाम में घटना में मारे गए सभी लोगों की आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करने के लिए दो मिनट की चुप्पी देखी गई। इसे देखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## अध्ययन काल में माता जी के निधन हो जाने पर भी हिम्मत नहीं हारी मानसी



**पलारी** 13 मई (देशबन्धु)विकास खंड पलारी निवासी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में पदस्थ व्याख्याता विजय कुर्रे की सूपूत्री सुश्री मानसी कुर्रे ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 93त्नअंक अर्जित कर सफलता हासिल की है मानसी शास्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में अध्ययन रत थी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने बताया कि अध्ययन काल में परीक्षा से ठीक पहले उनकी माता श्रीमती धनेश्वरी कुर्रे की अल्पायु में असामयिक निधन हो गया उनके जाने के बाद घर का कामकाज करती हुई लगन के साथ और धैर्य पूर्वक अध्ययन करती रही और अच्छी सफलता हासिल की है वास्तव में उनकी मजबूत हौसला प्रशंसनीय है। उनकी सफलता पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव विक्रम राय महेश बार्ले टेकराम कुर्रे नेमु सोनवानी जयनारायण गायकवाड़ देवेंद्र लहरे लोचन बांधे डेमन चंद्र कोसले कमलनारायण कुर्रे मनोज वर्मा टीआर ध्रुव पीके साहू ललित वर्मा रश्मि ठाकुर महेश्वरी वर्मा योगेश्वरी धुरंधर गीता श्रेय कविता साहू आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## धनसीर समाधान शिविर में भी किसान को मिला ट्रैक्टर

**बिलाईगढ़,** 13 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार अंतर्गत बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत धनसीर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जनपद पंचायत अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद साहू, जिला पंचायत सभापति युवराज शरण सिंह, सुशीला साहू, जनपद सदस्य अन्य जनपद सदस्यों, डॉ. वर्षा बंसल एसडीएम, सीईओ प्रतीक प्रधान, तहसीलदार बिलाईगढ़ कमलेश सिदार सहित जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।



शिविर में समस्त विभागों के द्वारा सुशासन तिहार में आये आवेदनों का निराकरण (मांग, शिकायत) को हितग्राहियों, आम जनमानस तथा जन प्रतिनिधियों के समक्ष जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दिया गया। शिविर में शामिल कुल 16 ग्राम पंचायतों में से मांग व शिकायत के 3071आवेदन प्राप्त हुये, जिसका समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक निराकरण किया गया। आवेदनों में सर्वाधिक मांग प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के (947), मनरेगा के (429). स्वच्छ भारत मिशन (271), निर्माण के (216), पेंशन के (145) तथा राशनकार्ड के (175) आये थे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सुभाष जालान, पवनी नगर पंचायत अध्यक्ष कुलदीपक साहू आदि के द्वारा सभी स्टालों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने विभागीय योजनाओ की जानकारी दिए। डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक द्वारा जन संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनप्रतिनिधियों एवं आम जनसमूहों को जल संरक्षण के विषय में जागरुक किया। वृक्षारोपण के कार्य, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य में प्रोत्साहित किया गया। शिविर में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन को जल संरक्षण हेतु सामूहिक रूप में शपथ दिलाया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न सामग्री एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जैसे महिला एवं बाल विकास द्वारा गोद भराई जन्म उत्सव कार्यक्रम कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राई सायकल प्रदाय किया गया। राजस्व विभाग ने किसान किताब, नक्शा वन विभाग द्वारा 80 पौधा, कृषि विभाग द्वारा एक किसान को अनुदान के साथ नया ट्रेक्टर और 10 हितग्राहियों को कीटनाशक, 08 हितग्राहियों को उद्यानिकी विभाग द्वारा 50 फलदार पौधे, मनरेगा से 19 हितग्राही को जॉब कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास के 20 हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किए गए।

## पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन

**वार्ड क्र. 2 सासाहोली में एक करोड़ की लागत से बनेगा पानी टंकी**



**तिल्दा नेवरा,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका तिल्दा नेवरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 सासाहोली मे एक करोड़ की लागत से बनने वाली पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति चंद्रकला वर्मा भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद , मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनिस ठाकुर ,एवं समस्त पार्षद गण ईश्वर यदु , रानी सौरभ जैन, राजकुमार गेंड्रे , विनोद नेताम , संतोष यादव , धर्मेंद्र डहरिया, ग्वालीन बाई कोसले, जयेश पैकरा व भाजपा महामंत्री सौरभ , डाक्टर खुमान वर्मा , विजय ठाकुर जी प्रियंक सोनी, राजू कुरैशी, अमरजीत पासवान, डाक्टर एलपी साहू , श्री मति किरण वर्मा , गायकवन बंजारे, पवन सेन, दुर्गेश पटेल, लक्ष्मीनारायण सोनवानी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बसना विधायक का आज सरकड़ा में नागरिक अभिनंदन



**पिथौरा,** 13 मई। समीपस्थ ग्राम सरकड़ा में आज संध्या 5 बजे शिव मंदिर प्रांगण में बसना विधानसभा के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का ग्राम वासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन का आयोजन किया गया है । सरकड़ा के ग्राम सरपंच प्रियंका सिन्हा ने जानकारी में बताया कि क्षेत्र के सक्रिय जन नेता डॉ. संपत अग्रवाल विधायक होने के पूर्व भी सरकड़ा के जनता से जुड़े रहकर नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक रहते अनेक जन कल्याणकारी कार्य कर ग्राम की सेवा की है इस हेतु ग्राम वासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जा रहा है अभिनंदन समारोह के दौरान दसवीं व बारहवीं के उत्तीर्ण दर्जनों विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजक ग्राम वासियों द्वारा इस अवसर पर ग्राम वासियों को अधिक अधिक उपस्थिति की अपील की है।

## मुफ्त बिजली योजना से चार लोग लाभान्वित हुए




**लवन,** 13 मई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लवन नगर में श्यामा सोलर एनर्जी द्वारा सोलर पावर प्लांट लगाया गया।शासन द्वारा 78000 की अनुदान के साथ हितग्राहियों के छत में 1. योगेश कुमार पाण्डेय 5 किलोवॉट , 2. महेश्वर प्रसाद साहू 5 किलोवॉट 3. धर्मेंद्र साहू 4 किलोवॉट, रमाकांत अवस्थी 10 किलोवॉट का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का नेटमीटरिंग का कार्य सीसीपीडीएल लवन के टीम द्वारा पूर्ण किया गया जिसमें लवन विद्युत वितरण कार्यालय से असिस्टेंट इंजीनियर तुषार विश्वाश , सजन कुमार रजक , जितेंद्र साहू , दुर्गा प्रसाद बर्मन , व वेंडर श्यामा सोलर एनर्जी प्रो. योगेश कुमार पाण्डेय व टीम मुकेश कुर्रे , सूर्यकांत लोधी व सभी हितग्राही उपस्थित रहे । असिस्टेंट इंजीनियर तुषार विश्वाश द्वारा लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के लिए अपील कि आप इस योजना में शामिल होकर अपने घर को सौर ऊर्जा से सशक्त बनाएं और बिजली के बिल में बचत करें।

## चाकू बाजी करने वाले भेजे गए जेल

**नेवरा शराब दुकान के पास किए थे चाकूबाजी**



**तिल्दा नेवरा,** 13 मई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सत्यम सिंह श्याम से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान यादव निवासी बैजनाथ लेबर कॉलोनी गैतरा का अपने साथी हमीद अली के साथ सामान लेने तिल्दा आया था तथा दोनो सामान खरीदकर नेवरा शराब दुकान गये थे जहाँ पर हमीद अली का तीन युवको के साथ वाद विवाद हुआ जिसमें तीनो युवको के द्वारा हमीद अली को गंदी गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये उसकी हत्या करने की नियत से अपने पास रखे लोहे के चाकू से पेट में जोरदार वारकर प्राणघातक चोट पहुँचाकर भाग गये जिसकी रिपोर्ट दर्ज किया जाकर मुखबिर की सूचना पर संदेही/आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सभी ने अपना अपना जुर्म स्वीकार किये जिनसे घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू व लोहे का कडा को जप्त किया तीनो आरोपियों राज सेंदरे, विक्रांत लाहोरे ,समीर श्रवण उर्फ करिया सभी निवासी बुधवारी बाजार वार्ड क्र. 6 नेवरा, थाना तिल्दा नेवरा को धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड हेतु माननीय न्यायालयपेश किया गया जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## नपा अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री साव से निर्माण कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ की मांग रखी



**बागबाहरा,** 13 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी बघेल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से गांडा समाज के लिए सामुदायिक भवन, बाउण्ड्रीवाल, विद्युतीकरण, पाथवे एवं गार्डनिंग कार्य के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की मांग की है। नपाध्यक्ष ने बताया कि समाज के अधिकांश लोग निम्न आय वर्ग परिवार से आते हैं। ऐसे में उनके लिए किराए पर भवन लेना बड़ा आर्थिक बोझ के रूप में होता है। इसका वहन करने में समाज के लोग पूरी तरह असमर्थ होते हैं। सामुदायिक भवन होने से समाज के लोगों को समारोह का आयोजन करने में सुविधा होगी। खिलेश्वरी बघेल नपाध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री को सामाजिक भवन के लिए मांग पत्र सौपतें हुए कहा कि कई समाज का अपना सामुदायिक भवन है, जिससे वे आसानी से अपना कोई भी कार्यक्रम वहां करते हैं। उन्होंने सरकार से गांडा समाज के लिए सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग की। इसके निर्माण से गांडा समाज बड़ी राहत महसूस करेंगे। उन्होंने सरकार से इस मामले को लेकर जल्द स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। ज्ञात हो कि गांडा समाज के लिए वार्ड क्रमांक 12 में चंडी माता मंदिर मार्ग में एक एकड़ भूमि आरक्षित किया गया है।

## मड़ई मेला के आयोजन से ग्रामीणों में भाईचारा की भावना बनी रहती है : भीखम ठाकुर



**बागबाहरा,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 के ग्राम पंचायत टेका में बैशाखी पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ग्राम के पहाड़ा वाली चंडी माता मंदिर परिसर में मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर सम्मिलित हुए। उन्होंने सबसे पहले समस्त ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति को बैशाखी पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि मड़ई मेला के आयोजन से ग्रामीणों में आपसी भाईचारा एवं मित्रता की भावना बनी रहती है। जो छत्तीसगढ़ में प्राचीनकाल से चली आ रही है। मड़ई मेला के इस परम्परा को ग्रामीणों ने आज भी बनाए हुए हैं। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा एवं समाज प्रमुख तुलाराम ठाकुर, ग्राम पंचायत टेका की सरपंच श्रीमती गौरी मुकेश ठाकुर, उपसरपंच नकुल मरकाम,पंचायत सचिव महेश्वर साहू, पूर्व सरपंच टेंगराही नेहरूलाल चक्रधारी, सामाजिक कार्यकर्ता अजय ध्रुव, ओम प्रकाश ध्रुव, पूर्व पंच श्रीमती पूजा मरकाम, वार्ड पंच राजू मरकाम सहित मेला आयोजन समिति के समस्त सदस्यगण एवं ग्रामीणजन तथा युवा साथीगण उपस्थित थें। मेला के आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा दर्शकों के मनोरंजन हेतु रात्रि में जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुसमी, साल्हेभांठा का कार्यक्रम रखा गया था।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नगर की विभिन्न समस्याओं...

में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे सहित प्रमुख रूप से छ.ग. कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष-राकेश वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष-रूपेश सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष-विक्रय पटेल, राजा तिवारी, संदीप पाण्डये, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र वर्मा, सुभाष राव, प्रभाकर मिश्रा, शैलेन्द्र बंजारे, सुरेन्द्र जयसवाल, पदमेश्वरी साहू, पार्षदगण-सलमान शेख, शेखर गुप्ता, सुरेश घृतलहरे, रविन्द्र नामदेव, गोविंद पात्रे, मानस पाण्डेय, अनिल साहू, लखेश साहू, मनोज प्रजापति, सुखदेव साहू, गोल्डी मैय्या, सूर्यकांत वर्मा, अविनाश मिश्रा, आयुष भतपहरी, प्रवीण सेन, हेमंत वर्मा, दिगंबर साहू, गेवेन्द्र साहू, जय ठाकुर, जय नायक सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### आज से शुरू होगा...

मुलाकात ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को हुई थी। इसलिए इस माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस माह में हनुमान जी और भगवान राम की पूजा-अर्चना करने से विशेष लाभ होता है और जीवन में सुख-शांति आती है। साथ ही, इस दिन दान-पुण्य करने से भी बहुत पुण्य मिलता है। कई स्थानों पर इस दिन हनुमान मंदिरों में भंडारे और जल सेवा भी आयोजित की जाती है।

### दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष को...

मुख्यालय आने वाले दिव्यांगों को एक सर्व सुविधा युक्त ठहरने की जगह मिल सके। अत: समस्त दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष श्री साहू को ज्ञापन सौंपकर इस विषय पर सकारात्मक पहल की मांग की। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लक्ष्वंतीं साहू, बोधराम साहू, संजय परमार, सूरजों यादव, प्रतिम बंजारे, रानू पटेल, पद्मा जांगड़े आदि उपस्थित थे।

## गरियाबंद के बाद छुरा विखं में पीएम आवास में लापरवाही पर 22 कर्मचारियों को नोटिस

**गरियाबंद,** 13 मई (देशबन्धु)। जिले के छूरा विकासखंड में वर्ष 2024-25 के लिए 6 हजार 379 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 1 हजार 459 आवास पूरे हो चुके हैं। लगभग 5 हजार आवास प्रगतिरत हैं। निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और अपूर्णता को लेकर कलेक्टर बीएस उइके ने नाराजगी जताई है। कलेक्टर ने सख्त रवैया अपनाते हुए ब्लॉक के 22 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। इनमें 13 ग्राम पंचायत सचिव, 5 तकनीकी सहायक, 3 रोजगार सहायक और 1 विकासखंड समन्वयक शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक दिन पहले कलेक्टर ने गरियाबंद विकासखंड के भी 11 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे।



सोमवार को कलेक्टर बीएस उइके ने छुरा ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पंचायतवार स्वीकृत, प्रगतिरत, किश्त आबंटन और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। कार्यों की धीमी प्रगति और अपूर्णता पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अप्रारंभ कार्य जल्द शुरू करे ओर तय समय में पूरा करें। उन्होंने कहा जिओ टैगिंग या किश्त के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। यदि शिकायत मिली तो संबंधितों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान कलेक्टर ने इसमें ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी, गायडबरी, कसेकेरा, नवापारा भ, कोसमी, मेढ़कीडबरी, भरवामुड़ा, रसेला, कनेसर, द्वारतरा, मुड़ागांव, पंडरीपानी गोंड और मुरमुरा के सचिव तथा तकनीकी सहायक लक्ष्मीकांत साहू, पवन ध्रुव, प्रियेश वर्मा, दिव्या साहू और विनय वर्मा को नोटिस जारी किया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रसेला, द्वारतरा और मेढ़कीडबरी के रोजगार सहायक और विकासखंड समन्वयक हर्षा वर्मा को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम नेहा भेड़िया, जनपद सीईओ सतीश चंद्रवंशी सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्राम राखी समाधान शिविर में शामिल हुए सांसद बृजमोहन व विधायक गुरु खुशवंत साहेब



**आरंग,** 13 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज आरंग ब्लॉक के नवा रायपुर स्थित ग्राम राखी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

समाधान शिविर में किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका), दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, आमजनों को राशन कार्ड, मजदूरों को श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने पेयजल की समस्या से आमजनों को राहत दिलाने पर जोर दिया। सासंद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों के छोटे-छोटे काम हो रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अब शासकीय कार्यालयों में चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। आपके घर तक सरकार पहुंच रही है, तुरंत आवेदन दो और प्रमाण पत्र बनवाओं, इस पद्धति से कार्य किया जा रहा है। विधायक श्री गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। आपके हर आवेदन को गंभीरता से लेकर हमारे अधिकारी कर्मचारी का उनका समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है।

## झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**प्रतिभावान छात्र-छात्रों का हुआ सम्मान**



**पलारी**, 13 मई (देशबन्धु)। झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम राधा कृष्णा की आरती पश्चात मुख्य अतिथियों,समाज के पदाधिकारियों, पार प्रमुखो का स्वागत किया गया !तत्पश्चात 10वी 12वी के प्रतिभावन छात्र/छात्रों को सम्मानित किया गया !10वी में पूजा यादव,पायल, नीतू,किशोर, खेमलता, रोशनी एवं 12 वी में खिलेश्वरी, रानी, दीपांजलि,नीमा, नीलम को 75त्न से अधिक अंक लाने पर समाज की ओर से 1-1हजार रूपये और शील्ड एवं स्व. गौरव यादव की स्मृति में डॉ. दिलेश्वर यादव व विद्या यादव द्वारा प्रत्येक छात्र/छात्रों को 1-1 हजार प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया! इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव,प्रदेश संरक्षक सुकालू यदु,संगठन मंत्री संजय यादव, मेघनाथ यादव, रामस्वरूप (कसडोल),मंगलू राम(लवन),मन्नू लाल(तरेंगा),राकेश यादव जिला के पदाधिकारी तीजराम, फत्तू लाल,नारंतक, रामाधार, नंदकुमार पलारी के अध्यक्ष व पार प्रमुख उपस्थित थे !परिक्षेत्र के सचिव कमलेश यदु द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत किया !कार्यक्रम में पलरी परिक्षेत्र के संरक्षक धन्नू, लखन, दया राम, उपाध्यक्ष घासु राम,शंकर, कोषाध्यक्ष नंदकुमार, सहसचिव ओंकार, प्रवक्ता श्रवण कुमार,संगठन मंत्री गंगाप्रसाद,राजाराम,संचालक दिलेश्वर,मिडिया प्रभारी मोहन यादव,सहकोषाध्यक्ष कुम्भकरण, गोविन्द यादव,पुनाराम, नीलकंठ(सुहेला),पार प्रमुख,पंच गण,राजचपरासी, ग्रामीण अध्यक्ष,और सभी सदस्य गण उपस्थित थे !कार्यक्रम का संचालन कमलेश यदु व मेघनाथ यादव द्वारा किया गया!

# उत्कृष्टता की उड़ान-डीएवी टिकुलिया भाटापारा का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**भाटापारा,** 13 मई (देशबन्धु)। डीएवी टिकुलिया भाटापारा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि अनुशासन, समर्पण और श्रेष्ठ शिक्षा पद्धति के साथ किसी भी मंज़िल को प्राप्त किया जा सकता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही विद्यालय ने सफलता की एक और बुलंदी को छुआ। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जिसे लेकर विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों में भारी उत्साह देखा गया।

विद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक शिक्षा और संस्कारों पर विशेष बल देता है। इसी का परिणाम है कि लगातार नौ वर्षों से डीएवी टिकुलिया भाटापारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की श्रृंखला को बनाए रखने में सफल रहा है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।




कक्षा 12वीं (साइंस स्ट्रीम) में रवि वर्मा ने 72त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रांजलि गुप्ता ने 67.8त्न अंकों के साथ द्वितीय और तृतीय स्थान पर पूर्णांक ध्रुव 64त्न अंकों के साथ रहा।

कॉमर्स स्ट्रीम में शिशुपाल रजक ने 61त्न अंकों के साथ प्रथम, कीर्ति ध्रुव 60.2त्न के साथ द्वितीय तथा निखिल साहू 55.2त्न अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 10वीं में पुष्कर चक्रधारी ने सर्वाधिक 79.8त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नवीन यदू ने 79त्न के साथ द्वितीय तथा यदेश देवांगन ने 76.6त्न के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इन शानदार उपलब्धियों से विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और पालकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई हैं।

संस्था प्रमुख श्री एस. के. सिंह ने परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, च्च्आत्मविश्वास वह शक्ति है जो हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जो विद्यार्थी नियमितता और निष्ठा के साथ अध्ययन करते हैं, सफलता उन्हें अवश्य प्राप्त होती है। यही लगन उन्हें जीवन में ऊँचाइयों तक ले जाती है।ज्ज उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिपं में वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव पारित



**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा के सभाकक्ष में जिला पंचायत के सम्मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्थायी समितियों के गठन एवं सभापति के निर्वाचन उपरांत वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को प्रदान की गई जिस आधार पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव लाया गया, जिसे सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

जन प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि वन नेशन वन इलेक्शन भारत की चुनावी प्रक्रिया में एक क्रांतिकारी बदलाव की नींव रखी है। संवैधानिक संशोधनों के साथ-साथ एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित चरणबद्ध दृष्टिकोण भारत में अधिक कुशल और स्थिर चुनावी माहौल का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। व्यापक सार्वजनिक और राजनीतिक समर्थन के साथ एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और शासन की दक्षता को बढ़ाने के लिए तैयार है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू एवं समस्त सदस्य गण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री गोपाल गौशाला नवापारा द्वारा निकाली गई ग्राम जन जागरण यात्रा

**नवापारा राजिम,** 13 मई (देशबन्धु)। आज दिनांक 13 मार्च 2025 दिन मंगलवार को नगर के प्राचीन श्री गोपाल गौशाला नवापारा के तत्वावधान में गौ ग्राम जन जागरण अभियान यात्रा के तहत गौ माता की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्रीमहंत उमेशानंद गिरि जी महाराज, डॉ. राजेंद्र गदिया, गोपाल यादव, अध्यक्ष , सचिव राजू काबरा , उपाध्यक्ष चंदू कंसारी, सहसचिव रूपेन्द्र चंद्राकर, होरीलाल साहू, मेघनाथ साहू, श्रीमती योगिता सिन्हा मायाराम साहू , जीवन सेन ,डॉ. वर्मा, डॉ. ओगरे, डॉ. अग्रहरि , सुंदर सिंह ठाकुर,पूरन साहू ,डॉ. चौहान,



**शामिल हुए महामंडलेश्वर श्री महंत उमेशानंद गिरि**

संतोष माखीजा ,मोहन गोविंद, अग्रवाल ,उगम राज कोठारी, पुनारद साहू,महेश निषाद ,सिंटू सौरभ जैन,. प्रतीक शर्मा ,गणेश साहू ,डहरू साहू, डोमन विप्रे ,.मंगल सेन ,.प्रफुल्ल दुबे, मुन्ना यादव ,श्रीकृष्ण सारडा, ललित गंडेचा ,नागेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष, श्रीमती ओम कुमारी संजय साहू नपाध्यक्ष, भूपेंद्र बल्लू सोनी उपाध्यक्ष, प्रकाश प्रजापति, गोवर्धन कंसारी, सहित काफी संख्या में गौ भक्त उपस्थित थे. गौ ग्राम जनजागरण की यह शोभायात्रा नवापारा गौशाला से प्रारंभ कर नगर के प्रमुख मार्गों सदर रोड ,बस स्टैंड. गंज रोड गांधी चौक होते हुए गौशाला में जाकर समापन किया गया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर जिला प्रशासन की त्वरित अमल

**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की घोषणा पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित अमल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जल संसाधन एवं क्रेड़ा विभाग के एसडीओ और सब इंजीनियर आज

**बल्दाकछार में विभागों ने शुरू की कार्यवाही**

विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार पहुंचे और सर्वे का काम शुरू किया।

मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप नदी तट को कटाव से बचाने के लिए महानदी में तटबंध निर्माण हेतु मंगलवार को जल संसाधन विभाग के इंजिनीयर द्वारा सर्वे किया गया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि महानदी के बाढ़ से प्रति वर्ष तेजी से



हो रहे कटाव से ग्राम बल्दाकछार को सुरक्षित रखने हेतु नदी के दाएं तट में पक्का तटबंध बनाना आवश्यक है। इसके लिए सर्वे का कार्य जारी है।महानदी के तट में लगभग डेढ़ किलोमीटर की लम्बाई में हो रहे कटाव को रोकने के लिए लगभग 5 मीटर स्लांट हाईट में सीमेंट कांक्रिट की संरचना बनाकर कटाव को रोका जाएगा। इस कार्य की निर्माण लागत 888.00 लाख अनुमानित है। तटबंध निर्माण से महानदी के बाढ़ के पानी से हो रहे कटाव को रोका जा सकता है। इसी तरह मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप ग्राम बल्दाकछार में हाई मास्ट लाइट लगाने हेतु क्रेड़ा विभाग के इंजीनियर ने सरपंच व ग्रामीणों के साथ सर्वे किया। क्रेड़ा के इंजीनियर ने बताया कि ग्राम बल्दाकछार में हाई मास्ट सयंत्र स्थापना हेतु गुड़ी चौक एवं कमारपारा का चयन सरपंच एवं ग्रामवासियों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। स्वीकृति हेतु प्राक्कलन प्रस्तुत किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई 2025 को आकस्मिक निरीक्षण में ग्राम बल्दाकछार पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर कई घोषणाएं की और अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये थे।

# राजपूत समाज ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**महासमुंद,** 13 मई (देशबन्धु)। राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद द्वारा 9 मई को स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संध्या 05 बजे सामाजिक भवन नयापारा महासमुंद में महाराणा प्रताप की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समाज के संरक्षक भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराणा प्रताप के चेतक घोड़ा के साथ ही उनके हाथी रामप्रसाद के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जी की देश भक्ति जिसमें उन्होंने पराधीन होना स्वीकार नहीं किया तथा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उसी प्रकार रामप्रसाद हाथी ने अपने स्वामी भक्ति के साथ दुश्मनों के द्वारा बंदी बनाने पर उसने भी खाना पीना



त्याग कर अपने प्राण त्याग दिये। उन्होंने महाराणा प्रताप के आदर्शों का अनुसरण करने की बात कही। समाज के अध्यक्ष उदय पाल सिंह भदौरिया ने महाराणा प्रताप कहा कि आज देश जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। उसमे हमारे आदर्श महाराणा प्रताप के विचारों को पूरे देश को अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कु लावन्या राजपूत, कु बबली ठाकुर, कु रिया ठाकुर ने प्रस्तुति दी। बच्चो को पुरस्कृत किया गया। संचालन महिला इकाई के अध्यक्ष श्रीमती राजश्री ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ संपत सिंह गौतम ने किया। इस अवसर पर विजय सिंह वर्मा, गुमान सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, श्रीमती उत्तरा ठाकुर, श्रीमती माहेश्वरी ठाकुर, सुश्री उपमा ठाकुर, श्रीमती श्याम कुमारी राजपूत, महक राजपूत, मेघा ठाकुर, प्रिया ठाकुर, आकांक्षा ठाकुर, तानिया ठाकुर, परी ठाकुर, दिब्यांसी ठाकुर, टीया ठाकुर, कांति ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने मनोविकास केंद्र का किया अवलोकन

**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने मनोविकास केंद्र में उपचाररत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बात की।



न्यायमूर्ति पाण्डेय ने मनोविकास केंद्र के शिक्षण हॉल, फिजियोथिरेपी कक्ष, विजिटिंग कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के ईलाज, प्रशिक्षण आदि की जानकरक ली।इसके साथ ही उपस्थित अभिभावकों से भी बात की और इस केंद्र में भर्ती होने के बाद बच्चे की स्थिति में सुधार की भी जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में मिल रही सुविधा की तारीफकी। बच्चों ने न्यायमूर्ति को अपने हाथों से बनाए ग्रीटिंग्स भेंट किये। उन्होंने बच्चों के साथ फोटो भी खिचवाई। बताया गया कि बलौदा बाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र रवान के सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएँ प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पानी पाउच और जार डबल काम के घंटे बढ़ाने की योजना

**भाटापारा,** 13 मई (देशबन्धु)।1 लाख पाउच हर रोज के करीब पहुंचता देख पानी का कारोबार बेहद खुश हैं। पहली बार, जार में भी डिमांड दोगुनी के करीब जा पहुंची है।



पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर इस बार बिक्री का नया कीर्तिमान बना सकता है क्योंकि हर पैकिंग भरपूर डिमांड में है। तेज धूप और गर्मी से आमजनमानस भले ही हलाकान हो लेकिन मौसम का यह तेवर पानी के कारोबार को प्रसन्न किए हुए है। हालांकि अनुमान तो था बहुत का लेकिन डबल डिमांड की धारणा नहीं थी। इसलिए अब काम के घंटे बढ़ाए जा रहें हैं।

**डिमांड डबल, पाउच में**

बीती गर्मी में हर रोज लगभग 40 से 45 हजार पानी पाउच की डिमांड निकल रही थी ? लेकिन इस बार यह 1 लाख पाउच के करीब पहुंच रही है। और भी आगे जा सकती है मांग पाउच में क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र की खरीददारी शहरी क्षेत्र से आगे बढ़ रही हैं। बताते चलें कि पैक्ड पानी के कुल बाजार में लगभग 75 फ़ीसदी हिस्सेदारी पानी पाउच की ही है।

**नया बदलाव जार में**

व्यावसायिक संस्थानों और कार्यालयों तक सीमित रहने वाले जार ने अब दस्तक दे दी है घरेलू उपभोक्ताओं के द्वार पर। ऐसे में करीब 5 हजार के आसपास रहने वाला जार, अब हजार जार रोज के आसपास पहुंचता नजर आ रहा है। बढ़त की संभावनाओं को बल इसलिए मिल रहा है क्योंकि मांग के अनुरूप पेयजल की उपलब्धता नहीं हो पा रही है।

**बढ़ा रहे काम के घंटे**

जिले में दर्जन भर के करीब पैक्ड ड्रिंकिंग वॉटर के कारोबार से जुड़ी इकाइयां संचालित हो रहीं हैं। मांग के अनुरूप उपलब्धता में कमी आती देख यह इकाइयां अब काम के घंटे बढ़ा रहीं हैं। इसके अलावा अग्रिम भंडारण जैसे उपाय की भी किए जाने लगे हैं। इस पर सीजन के अंत तक अमल की योजना है। बाद के महीनों के लिए मौसम के अनुसार कार्य योजना पर मंथन चल रहा है।

# सुशासन तिहार में विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा को मिला नौकरी की सौगात

**बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार की रोशनी प्रदेश के कोने-कोने में फैल रही है लेकिन ग्राम बल्दाकछार के बेरोजगार आदिवासी युवा टिकेश्वर के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। सुशासन तिहार से विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा टिकेश्वर प्रसाद के जीवन में नई रोशनी आई है। विगत 9 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर जब अचानक विकासखण्ड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार में उतरा तो ग्रामवासियों के लिए यह किसी कौतूहल से कम नहीं था। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने अपने स्नेह और आत्मीयता से ग्रामीणों का दिल जीत लिया। इसी बीच जब विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार युवा ने मुख्यमंत्री जी से परिवार चलाने नौकरी करने की इच्छा जताई तो उन्होंने तत्काल कलेक्टर दीपक सोनी को इस प्रकरण में



आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। श्री सोनी ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए कसडोल के शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में चतुर्थ श्रेणी में रिक्त पद पर कलेक्टर दर पर टिकेश्वर को नियुक्ति दी। कलेक्टर दीपक सोनी ने टिकेश्वर प्रसाद को मंगलवार को नियुक्ति आदेश प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि टिकेश्वर प्रसाद का परिवार बाँस की टोकनी, सूपा, पर्रा इत्यादि निर्माण का पारंपरिक व्यवसाय करता है जिसमें बहुत कम आमदनी होती है। टिकेश्वर 12 वीं तक की पढ़ाई करने के बाद इस काम में माता पिता का हाथ बंटा रहा था। किसी तरह परिवार की गुजर बसर हो रही थी। जब मुख्यमंत्री जी ने उससे बातचीत की तो उसने नौकरी करने की इच्छा व्यक्त की ताकि वह अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने टिकेश्वर की सिर्फइच्छा पूरी नहीं की बल्कि उसके जीवन में नई उम्मीद भी जगाई है। टिकेश्वर ने इस उपहार के लिए मुख्यमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त किया है और खुशी जाहिर की है कि अब वो अपने अपने माता पिता का सहारा बन पाया है।

## करमदा स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**रवान/बलौदाबाजार,** 13 मई (देशबन्धु)।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमदा मे कक्षा 10 वी कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12वीं का परिणाम 94.82 प्रतिशत रहा। वेदिका वर्मा 89.7 प्रतिश के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 92.85 प्रतिशत रहा, उर्वशी निषाद 87.16 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में सफल होने वाले सभी बच्चो को संस्था के प्राचार्य नागेश्वर पटेल, शिक्षक शिक्षिकाएं सरपंच सरस्वती वर्मा, रामनाथ सोनी, शेष नारायण वर्मा, राजनरायन सोनी ग्रामीणजन मानस बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बधाई शुभकामनाएं दी।

# 'दिव्य मुस्कान' समर कैम्प का आयोजन

**भाटापारा,** 13 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंह विहार कॉलोनी भाटापारा के तत्वाधान में दिनांक 4 मई से 11 मई 2025 क्लास पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए समग्र विकास हेतु बाल व्यक्तित्व विकास शिविर च्च्दिव्य मुस्कानज्ज समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ द्वीप प्रज्जविलत एवं स्वागत नृत्य द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 1. शशांक सिंह ठाकुर ङ्कशहरी थाना प्रभारी (टी.आई.) भाटापारा 2. सविता अनंतङ्कजनपद पंचायत अध्यक्ष भाटापारा जी पहुंचे। मंच संचालक बी.के.प्रभा दीदी ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा की झलकियां सबको दिखाते हुए बताया कि प्रत्येक दिन अलगङ्कअलग टॉपिक्स जैसे समय बड़ा मूल्यवान, डर के आगे जीत है,एकाग्रता की शक्ति, प्रभावशाली व्यक्तित्व, आओ बने मास्टर सर्वशक्तिमान, खुशी जैसे खुराक नहीं, अपने आप में विश्वास में वृद्धि कैसे करें,स्वच्छता ही प्रभुता है पर बहुत ही सुंदर तरीके से सिखाया गया वैल्यू पर आधारित हर दिन शक्ति, पवित्रता,सुख,शांति,प्रेम,नम्रता पर कहानी एवं मेडिटेशन द्वारा शिक्षाएं दी गई। साथ ही साथ बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम, विविध प्रतियोगिताएं, ड्राइंग,डांस,मोनो एकिटंग, विविध खेल,शिक्षाप्रद कहानी, विडियोज द्वारा भी उनका उत्साहवर्धक कर अपने जीवन की लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया गया। आगे समय की महत्ता के बारे में बताया गया कि वर्तमान समय सब के लिए प्रभु का अनमोल उपहार हैं बताते हुए जीवन में समय को सदुपयोग करते हुए समय को दोस्त बनाएं उसकी कद्र कर हर कार्य को आजङ्ककल नहीं करें जो भी करना है वर्तमान में किया जाएं इस बात पर जोर दिया। फिर सेंटर इंचार्ज मंजू दीदी अपने वक्तव्य में शांति विषय पर विचार व्यक्त करते हुए शांति को अंदर की स्थिति का नाम बताया। आगे कहा कि मन एवं बुद्धि से श्रेष्ठ कार्य करना शांति की स्थिति में ही संभव है। अत: हमें हमारे मन को प्रतिदिन अभ्यास देवें कि मैं शांत स्वरूप आत्मा हूं। इस प्रकार हमारा हर कार्य अच्छा से अच्छा और समय पर होगा, साथ ही साथ आज मातृ दिवस भी मनाया गया जिसमें दीदी ने मां को प्रथम गुरु का दर्जा देते हुए त्याग की मूरत बताई, मां बिना अपने बारे में सोचें अपने बच्चों को सारे सुख देने के बारे में सोचते है मां एक ऐसी हस्ती है जो बच्चों को अनकंडीशनल लव करती हैं कोई अपेक्षा नहीं रखती और हमेशा अपने बच्चों



को सफल होते देखना चाहती है, जन्म देने वाली मान के साथङ्कसाथ हमारी धरती मां, प्रकृति मां,और जिस देश में हमने जन्म लिया वह भारत मां इन सभी का जब भी हमें ऋण चुकाने का सौभाग्य मिले तो हमें पीछे नहीं हटना चाहिए ऐसी सबसे अपनी बातें रखी। फिर हमारे बीच पधारे हमारे मुख्य अतिथि शशांक सिंह ठाकुर ङ्कशहरी थाना प्रभारी (टी.आई.) भाटापारा ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मां-बाप और गुरुओं का सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है। ये तीनों ही आपको सदैव अच्छे मार्ग पर चलने में प्रशस्त करेंगे एवं कोई भी परिस्थिति हो हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे उन्होंने कहा कि यह समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महतवपूर्ण भूमिका निभाएगा। टी.आई. सर ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी और उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में हमारे बीच पधारे दूसरी अतिथि सविता बहन जी ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय समर कैंप का समापन एवं मातृत्व दिवस पर अपने उद्बोधन में सभी को मातृ शक्तियों को प्रणाम करते हुए मातृत्व दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस कैंप से बच्चों को जीवन में अच्छी शिक्षाएं मिलेंगी। एवं उनका सर्वांगीण विकास होगा, यही बच्चे आने वाले समय में अच्छे समाज और देश प्रेम की भावना से सारे जगत में अच्छा व्यक्तित्व की छाप लेकर देश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने ब्रह्माकुमारी परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। जो कैंप में बच्चों को व्यक्तित्व विकास, एकाग्रता, स्वच्छता ,प्रभावशाली व्यक्तित्व जैसे अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। जिससे निश्चित ही जो इस कैंप में भाग लिए बच्चे है वह आगे बढ़ते हुए सफलता को प्राप्त करेंगे। फिर अंत में इस समर कैंप में जितने बच्चे भाग लिए थे उन सभी को ब्रह्माकुमारी संस्थान की शिक्षा प्रभाव द्वारा सार्टिफिकेट एवं उपहार देते हुए इस कार्यक्रम का समापन किया गया।